वर्ष के दौरान भारत को कमजोर निवेश और उपभोग मांग के कारण अर्थव्यवस्था में मंदी का सामना करना पड़ा. यह चुनौती और ज्यादा विकराल हो गई क्योंकि बैंकिंग क्षेत्र आस्ति गुणवत्ता संबंधी समस्याओं से जूझ रहा था जिसके कारण उसकी उधार देने की क्षमताएँ सीमित हो गईं. इसके बावजूद बैंकों ने बैंकिंग क्षेत्र को मजबूती प्रदान करने के लिए भारत सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए प्रमुख नीतिगत सुधारों, जिनमें विनियामकीय/विधिक सुधार आदि शामिल थे, से लाभ उठाते हुए स्थिर विकास दर हासिल की और ऐसा करते हुए उच्च आर्थिक विकास पथ पर आगे बढ़ने में अपना सहयोग देते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. इन सुधारों के समय ही तकनीकी विकासों, बैंकिंग क्षेत्र में गैर-परंपरागत खिलाड़ियों के प्रवेश और साथ ही तकनीकी रूप से दक्ष ग्राहक वर्ग के उदय ने बैंकों के समक्ष अलग तरह की चुनौतियाँ और अवसर उपस्थित किए हैं. न केवल बैंकिंग व्यवहार में उल्लेखनीय बदलाव आया है जिससे आकांक्षाओं से जुड़ी मांग में वृद्धि हुई है बल्कि बैंकिंग कार्य के पारंपरिक स्वरूप में भी बदलाव आया है और यह अब और अधिक डिजिटल आधारित लेनदेन व्यवहार में बदल गया है.

तथापि, वर्ष 2019-20 विश्व के सबसे बड़े स्वास्थ्य संबंधी खतरों में से एक का साक्षी बना जिसने हमारे देश की आर्थिक सेहत पर ही नहीं बल्कि आम लोगों के स्वास्थ्य पर भी गहरा प्रभाव डाला है. कोरोना वायरस प्रकोप के चलते दुनिया भर में बड़ी संख्या में लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है और आने वाले समय में असामान्य चिकित्सकीय और आर्थिक चुनौतियों के साथ-साथ हमारे कारोबार करने के तरीकों को प्रभावित करेगा. भारत में भी इस महामारी के व्यापक प्रकोप को फैलने से रोकने के लिए कई चरणों में राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन घोषित किया गया. तथापि, इस लॉकडाउन के चलते जो पूर्ण ठहराव की स्थिति बनी उससे अधिकांश आर्थिक कार्यकलापों पर कई गुना प्रतिकूल प्रभाव पड़ा और आय की हानि हुई.

यह गौर करने योग्य बात है कि इस प्रकार की असामान्य स्थिति द्वारा उत्पन्न चुनौतियों के प्रति हमारे नीति निर्माता और विनियामक संवेदनशील रहे हैं और उन्होंने प्रभावित आर्थिक क्षेत्रों और साथ ही समाज के विभिन्न वर्गों को सहायता देने के लिए अनेक उपायों की घोषणा की है. भारत सरकार ने *'आत्मनिर्भर भारत अभियान'* नामक व्यापक प्रोत्साहन पैकेज की भी घोषणा की है जिसके तहत व्यापक सुधार घोषित किए गए हैं ताकि भारत आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था के रूप में उभर सके. नीति निर्माताओं द्वारा घोषित कुल ₹20 लाख करोड़ से अधिक के विभिन्न प्रोत्साहन उपायों से एमएसएमई जैसे क्षेत्रों, छोटे व्यापारियों, कृषि और उससे जुड़े कार्यकलापों आदि में लगे लोगों को सहायता प्रदान कर मौजूदा चुनौतियों से निपटती हुई अर्थव्यवस्था को मदद मिलने की आशा है.

यद्यपि भारतीय बैंकिंग क्षेत्र पर तात्कालिक रूप से कोई प्रभाव नहीं पड़ा है फिर भी यह अनुमान है कि समय बीतने के साथ कोविद-19 प्रकोप के कारण आर्थिक कार्यकलापों में आनेवाली बाधाओं से बैंकिंग क्षेत्र पर इस

Dear Shareholders,

I am glad to connect with all of you through your Bank's Annual Report for 2019-20. It has been around a year since I assumed the position of Chairman of the Bank in May 2019. The year 2019-20 was a challenging one on several fronts that has brought about changes not just in the way banking is conducted but also the way we conduct ourselves in our daily lives.

During the year, India was confronted with the challenge of a slowing economy on the back of weak investment and consumption demand. The challenge was compounded by the fact that the banking sector was combating asset quality issues which constrained their lending capabilities. However, there was steady progress being made by the banks with Government of India embarking on major policy reforms comprising regulatory/ legal reforms, etc. to strengthen the banking sector and thereby be instrumental in supporting a higher economic growth trajectory. In the midst of these reforms, technological developments, entry of non-traditional players in the banking space as well as emergence of tech-savvy clientele brought about its own set of challenges as also opportunities for the banks. There was a significant shift in not just the banking behaviour that saw growth in aspirational demand but also in the way banking was conducted to a more digital-oriented transactional behaviour.

However, the year 2019-20 also saw one of the world's greatest health threats that has profoundly impacted the economic health of the nation as well as of the people. The coronavirus outbreak has overtaken many lives across the world, presenting an unprecedented medical and economic challenge and will impact how we conduct business going forward. In India too, a nation-wide lockdown was announced in successive phases to contain the risk of widespread outbreak. However, this lockdown has had manifold impact in terms of absolute standstill in most economic activities resulting into loss of income.

It is noteworthy that the policymakers and the regulators have been responsive to the challenges posed by such an unprecedented situation and have announced several measures to support the affected economic sectors as well as segments of the society. The Government has also unveiled a comprehensive stimulus package, christened as *'Atmanirbhar Bharat Abhiyan',* under which wide-ranging reforms have been announced to enable India to emerge as a self-reliant economy. The various stimulus measures announced by the policymakers aggregating over ₹20 lakh crore are expected to help the economy in addressing the present challenges by helping sectors such as MSMEs, small traders, persons engaged in agriculture and allied activities etc.

While there has been no immediate impact on the Indian banking sector, it is anticipated that, going forward, the disruption in economic activities due to the Covid-19 outbreak will affect the banking sector due to its exposure to affected industries and sectors. In this challenging

आपदा से प्रभावित उद्योगों और क्षेत्रों पर इसके एक्सपोजर के कारण प्रभाव पड़ेगा. इस चुनौतीपूर्ण वातावरण में आपका बैंक अपनी वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ बनाने की दिशा में प्रयास करता रहा है. बैंक द्वारा किए गए प्रयासों की झलक इसके वित्तीय कार्य-निष्पादन, विशेष रूप से वित्तीय वर्ष 2019-20 की चौथी तिमाही के परिणामों में देखी जा सकती है. लगातार तेरह तिमाहियों में निवल हानियाँ दर्ज करने के बाद आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 2019-20 की चौथी तिमाही में ₹135 करोड़ का निवल लाभ दर्ज किया है, जो लंबे समय से प्रतीक्षित रूपांतरण की स्थिति के साकार होने का संकेत है. आपके बैंक ने कई अन्य मानदंडों जैसे, पूंजी स्थिति में सुधार, उच्चतर कासा अनुपात, आस्ति बही में रिटेल ऋणों के बढ़ते हिस्से आदि में सुधार दर्शाया है.

नोवल कोरोना वायरस के प्रकोप के चलते सामने आई चुनौतियों को देखते हुए आपके बैंक ने कई पहल कार्य किए हैं तथा यह अपने हितधारकों की सहायता के लिए ऐसे कई उपाय करना जारी रखेगा. मैं आपका ध्यान आपके बैंक द्वारा शुरू किए गए उपायों की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ. विनियामकीय दिशानिर्देशों के अनुसार आपके बैंक ने विभिन्न श्रेणियों के ऐसे उधारकर्ताओं के लिए 1 मार्च 2020 से 31 अगस्त 2020 के दौरान देय होने वाली सभी किस्तों की अदायगी पर ऋण-स्थगन प्रदान किया है, जिन्होंने इसका विकल्प चुना है. एमएसएमई के सामने आ रही चलनिधि संबंधी समस्याओं को देखते हुए आपके बैंक ने कोविद-19 से प्रभावित एमएसएमई इकाइयों की व्यवहार्यता का सावधानीपूर्वक आकलन करते हुए अतिरिक्त ऋण सीमा प्रदान की है. अपने ग्राहकों को निर्बाध सेवाएं प्रदान करने के लिए आपके बैंक ने वैकल्पिक व्यवस्थाएँ भी की हैं ताकि ग्राहक के अनुरोध पर निरंतर और समयबद्ध कार्रवाई हो सके. आपके बैंक ने अपनी शाखाएँ खुली रखी हैं तथा जो ग्राहक शाखाओं में आकर सेवा प्राप्त करना चाहते हैं, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशानिर्देशों का अनुपालन किया जा रहा है. इसके अलावा आपके बैंक ने अपने एटीएम को कार्यरत रखते हुए उनमें पर्याप्त स्टॉक रखा है ताकि ग्राहकों को नकदी आहरण जैसी बुनियादी सेवाएँ मिल सकें. साथ ही, बैंक अपने ग्राहकों को बैंकिंग लेन-देन करने के लिए डिजिटल चैनल का उपयोग करने के लिए भी प्रोत्साहित कर रहा है. आपका बैंक महामारी में 'क्या करें और क्या न करें' के बारे में जागरूकता लाने के लिए अपने सोशल मीडिया चैनलों का भी प्रयोग कर रहा है. आपके बैंक के स्टाफ सदस्यों ने इस महामारी के विरुद्ध देश की लड़ाई में अपनी प्रतिबद्धता दर्शाते हुए 'आपात स्थिति में प्रधानमंत्री नागरिक सहायता और राहत कोष (पीएम केयर्स फंड)' में ₹5.12 करोड़ का अभिदान दिया है. आपका बैंक नीति निर्माताओं और विनियामकों को प्रोत्साहन पैकेज कार्यान्वित करने में सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि जरूरतमंद तबके की सहायता करते हुए देश के पुनर्निर्माण में सहयोग दिया जा सके. आपका बैंक अपनी तरफ से हर संभव यह प्रयास कर रहा है कि अपेक्षित लाभार्थियों को समय पर और किफ़ायती तरीके से सरकारी सहायता पहुँचती रहे. चुनौतियां इतनी महत्वपूर्ण हैं कि इस महामारी का मुकाबला सभी एक साथ मिलकर ही कर सकते हैं.

कोरोना वायरस के प्रकोप ने बैंकिंग क्षेत्र, विशेष रूप से रिटेल बैंकिंग क्षेत्र सहित कारोबार के कामकाज में एक बड़ा परिवर्तन ला दिया है. जैसे-जैसे प्रकोप का व्यापक आर्थिक प्रभाव बहुविध क्षेत्रों में फैल रहा है, बैंक अपनी रणनीतिक प्राथमिकताओं की समीक्षा करने और नए सिरे से भावी रणनीति तैयार करने के लिए विवश हो गए हैं.

सोशल डिस्टेन्सिंग और लॉकडाउन उपायों के कारण डिजिटल चैनल लेन-देनों में वृद्धि हुई है. साथ ही बैंक परंपरागत बैंकिंग कार्य करने

environment, your Bank persevered in its efforts towards strengthening its financial health. The efforts undertaken by the Bank is also reflected in its financial performance, especially in Q4 FY 2019-20. After posting thirteen consecutive quarters of net losses, your Bank posted a net profit of ₹135 crore in Q4 FY 2019-20, marking a much-awaited turnaround. Your Bank has also showed improvement on several other fronts such as improvement in capital position, higher CASA ratio, increasing share of retail loans in the asset book, among other parameters.

Taking cognisance of the challenges posed in the midst of the novel coronavirus outbreak, your Bank has undertaken various initiatives and will continue to implement such measures to help its stakeholders. I would like to draw your attention to some of these measures undertaken by your Bank. In line with the regulatory guidelines, your Bank has extended a moratorium on payment of all instalments falling due between March 1, 2020 and August 31, 2020 for various categories of loans to the borrowers who opted for it. Recognising the liquidity constraints confronting MSMEs, your Bank has also extended additional credit limit to MSMEs affected by Covid-19 after careful assessment of the underlying viability. To support its customers in availing seamless services, your Bank has been implementing alternative work arrangements to allow for uninterrupted and time-bound processing of customer requests. Your Bank has kept its branches open and is following the necessary guidelines to ensure safety of its customers who need to avail services at the branches. In addition, your Bank has kept its ATMs well-stocked and functional to provide basic banking services such as cash withdrawal to its customers. Your Bank has simultaneously been encouraging customers to use digital channels to carry out their banking transactions. Your Bank has also been using its social media channels to spread awareness about do's and don'ts during the pandemic. Your Bank's workforce has shown commitment towards the nation in this fight against the pandemic by contributing ₹5.12 crore towards the Prime Minister's Citizen Assistance and Relief in Emergency Situations Fund (PM CARES Fund). Your Bank is committed to support the policymakers and regulators in implementing stimulus package benefits to help the nation to rebuild itself by helping out the sections in need. Your Bank intends to do everything in its control to ensure that the government support is reaching the intended beneficiaries in a timely and cost-effective manner. The challenges are significant enough to be addressed by coming together of all to fight against the pandemic.

The coronavirus outbreak has affected a sea-change in the way businesses function, including the banking sector, especially in the retail banking space. As the economic ramifications of the outbreak spread, the banks are compelled to relook at their strategic priorities while also recalibrating the future strategies.

The social distancing and lockdown measures have resulted in a surge in digital channel transactions. At the same time, banks are working out ways to manage traditional banking functions which were typically never

के उपाय भी तलाश रहे हैं, क्योंकि ये रिमोट कार्य के लिए तो बने ही नहीं थे. आस्ति गुणवत्ता में अब नई चिंताएँ उभर रही हैं, क्योंकि कुछ समय से कई उद्योगों का कामकाज बंद हो गया है, जिसके चलते उनके ऋण-चुकौती सामर्थ्य पर विपरीत असर पड़ा है. जहां आस्ति गुणवत्ता में कमी आने से बैंकों के बैलेंस शीट पर दबाव पड़ रहा है, वहीं हाल ही में बैंकों को अपने रिटेल और कॉरपोरेट ऋणों में स्थगन अवधि उपलब्ध कराने संबंधी भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) की पहल से इस प्रभाव को कुछ कम करने में सहायता मिलेगी. इसके अलावा उपभोक्ता के व्यवहार में बहुत बड़ा बदलाव आया है और वह मितव्ययी हो रहा है, जिससे आगे चल कर रिटेल क्षेत्रों में मांग में और भी कमी आ सकती है. इस स्थिति में बैंकों को ऐसी रणनीति बनानी होगी जो इस चुनौतीपूर्ण समय के साथ-साथ कोरोना वायरस संकट के फलस्वरूप ग्राहक की बदलती प्राथमिकताओं को भी संभाल सके.

बैंकिंग क्षेत्र में सबसे पहला और महत्वपूर्ण परिवर्तन सुपुर्दगी चैनलों के संदर्भ में देखा जा सकता है. डिजिटल लेन-देन अथवा कॉल सेंटर जैसे अन्य वैकल्पिक चैनलों के माध्यम से किए जाने वाले लेन-देनों में कई गुना वृद्धि हो सकती है. इसी के साथ शाखाओं में आने वाले व्यक्तियों की संख्या में कमी आ सकती है. अपने दैनंदिन परिचालनों में होने वाले इस परिवर्तन के कारण बैंक अपनी रणनीति बदलते हुए अपने फ्रंट-लाइन स्टाफ का लक्ष्यित बिक्री में उपयोग कर और कुछ रुटीन कामकाज का विकेंद्रीकरण कर उन्हें बैक ऑफिस को दे सकते हैं. इसके अलावा कुछ प्रक्रियाओं के ऑटोमेशन में भी पर्याप्त निवेश करने की जरूरत है ताकि बैंक अपने स्टाफ का अधिक उत्पादक कार्यों में पुनर्नियोजन कर सकें, लागत को कम किया जा सके, बेहतर परिचालन योग्यता प्राप्त हो सके और कार्रवाई समय में सुधार हो सके. इसी के साथ बैंकों को मानव संसाधन रणनीति का विकास करते हुए कर्मचारियों में उपयुक्त कंप्यूटर कौशल तैयार करना होगा तथा यूजर इंटरफेस को इस प्रकार निर्मित करना होगा कि ग्राहक को निर्बाध सेवा मिल सके.

आरबीआई के नीतिगत प्रोत्साहन के बाद बैंकों के पास ऋण की मांग बढ़ सकती है, क्योंकि कारोबार, विशेष रूप से छोटे कारोबारों को अपने परिचालन फिर से शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता की आवश्यकता होगी. बैंकों को अपनी जोखिम वहन क्षमता और बदलते परिदृश्य को देखते हुए अपने पूंजी आबंटन पर पुनर्विचार करना होगा.

इस अप्रत्याशित स्थिति ने बैंक जमाराशियों की लिक्विडिटी और सुरक्षा के प्रति भी लोगों की प्राथमिकता बढ़ा दी है. इससे बैंकों के सामने अल्प-लागत वाली जमाराशियाँ जुटाने व वेल्थ मैनेजमेंट सॉल्युशन उपलब्ध कराते हुए अपना वॉलेट अंश बढ़ाने का अवसर निर्मित हो गया है. जो बैंक इस अवसर का लाभ उठा पाएंगे, वे कम मार्जिन के इस दौर में अपने कारोबार में अच्छी संवृद्धि कर सकेंगे.

बदलते परिवेश में बैंक भी इन चुनौतियों से बाहर आने और उभरते अवसरों का लाभ उठाने के लिए अपनी रणनीति बनाएगा. आपका बैंक डेटा एनालिटिक्स और प्रौद्योगिकी उन्नयन के आधार पर एक रिटेल-केंद्रित मॉडल की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है. मुझे विश्वास है कि आने वाले समय में यह रणनीति बैंक के लिए काफी फायदेमंद साबित होगी. यही नहीं, आपका बैंक अपने शेयरधारकों, ग्राहकों, कर्मचारियों सहित अपने सभी हितधारकों के साथ-साथ वृहत्तर समाज को सहयोग देने के लिए सशक्त और परिवर्तनशील बना रहेगा.

designed for remote work. There are looming concerns over asset quality as several industries, being non-operational for a while, would be adversely impacted in their debt servicing capabilities. While the balance sheets of banks may come under pressure due to deterioration in asset quality, recent initiatives by the Reserve Bank of India (RBI) at enabling banks to provide moratorium on retail and corporate loans would help in moderating the impact. Furthermore, there has been a transformative change in consumer behaviour towards more frugality, which implies that the demand from the retail segments may remain dented, going forward. In such a situation, banks need to devise a strategy that addresses the challenging times as well as the change in customer preferences in the aftermath of the coronavirus crisis.

The first and foremost impact on banking can be seen in terms of delivery channels. It may be that digital transactions or transactions through other alternate channels like call centres may witness a manifold growth. Simultaneously, there may be a decline in the footfall in the branches. Such a change in its day-to-day operations may be used strategically by banks to utilise front-line staff for targeted sales and decentralise certain routine activities to back offices. Furthermore, there may be a need to invest heavily in automation of certain processes, which can be beneficial for the banks in terms of redeployment of workforce to more productive avenues, economising cost, driving higher operational efficiencies as well as improving turnaround time. At the same time, banks will also need to develop human resources strategies to on-board executives with appropriate computer skills as well as designers to ideate about user interface to ensure seamless customer experience.

Banks may witness a surge in demand for credit as business, especially small business, seek financial assistance to revive their operations with enabling policy impetus from the RBI. Banks would need to rethink their capital allocation plans in response to their own risk appetite and the changing environment.

The unprecedented situation has also led to growing preference among individuals for the liquidity and safety offered by bank deposits. This presents an emerging opportunity for banks to raise low-cost deposits as well as enhance wallet share by providing wealth management solutions. Banks, which are able to tap this opportunity, would be able to fuel their business growth in an era defined by low margins.

Given the changing environment, the Bank would also accordingly strategise to overcome the challenges and tap the emerging opportunities. Your Bank has been progressively moving towards a retail-oriented model backed by data analytics and technological upgradations. I am confident that this strategy will serve your Bank well in the times ahead. Furthermore, your Bank will strive to remain strong and resilient to support all its stakeholders, including its shareholders, customers, employees as also the community at large.

अपने वर्षों पुराने सफर के दौरान आपके बैंक ने अतीत में कई अप्रत्याशित चुनौतियों का डट कर सामना किया है और हमेशा ही उन पर विजय प्राप्त करता रहा है. मुझे विश्वास है कि आपका बैंक मौजूदा चुनौतियों का भी उसी सफलता के साथ मुकाबला करते हुए उन पर विजय प्राप्त कर सकेगा. मेरा आपके बैंक के सभी हितधारकों से यह अनुरोध है कि वे इसके सभी प्रयासों में अपना सहयोग बनाए रखें. हम सब इस असामान्य स्थिति से उबर कर पहले से कहीं अधिक सशक्त रूप में उभरेंगे.

शुभकामनाओं सहित,

एम. आर. कुमार
अध्यक्ष

Looking back at its journey over the years, your Bank has weathered unprecedented challenges in the past and has always managed to surmount them. I am confident that your Bank would similarly confront and overcome the current challenges with similar success. I request all the stakeholders of your Bank to continue supporting it in all its endeavours. Together, all of us will get through this unprecedented situation and will even emerge stronger than before.

With best wishes,

M. R. Kumar
Chairman

प्रबंध निदेशक एवं सीईओ का संदेश
Message from the Managing Director & CEO

प्रबंध निदेशक एवं सीईओ का संदेश
Message from the Managing Director & CEO



राकेश शर्मा - प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

Rakesh Sharma - Managing Director & CEO

प्रिय शेयरधारको,

मैं आईडीबीआई बैंक के निदेशक मंडल और प्रबंधन टीम की ओर से आपके समक्ष वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान बैंक के कार्य निष्पादन की प्रमुख विशेषताएँ प्रस्तुत कर रहा हूँ. मैंने इसकी शुरुआत वर्ष 2019-20 के दौरान अर्थव्यवस्था की स्थिति पर संक्षिप्त उल्लेख के साथ की है ताकि आपको अपने बैंक की रणनीति और परिचालनगत कार्य निष्पादन को उचित परिप्रेक्ष्य में समझने में मदद मिले.

वर्ष 2019-20 के दौरान अर्थव्यवस्था की स्थिति

वर्ष 2019-20 अप्रत्याशित रूप से चुनौतीपूर्ण रहा जिसमें वित्तीय वर्ष के अधिकांश समय में निजी व्यय की खपत तथा निवेश की मांग उत्तरोत्तर कमजोर होती रही और यह वित्तीय वर्ष की चौथी तिमाही के दौरान कोविद-19 महामारी के कारण और भी ज्यादा कमजोर हो गई. परिणामस्वरूप, कृषि एवं इससे संबद्ध कार्यकलापों और सार्वजनिक क्षेत्र को छोड़ कर, अन्य सभी क्षेत्रों और विशेष कर उद्योग और सेवा क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों में सुस्ती छायी रही. चौथी तिमाही कारोबार के लिए विशेष रूप से व्यस्ततम समय रहता है और इसमें पूरे वर्ष के लक्ष्य को पूरा करने का प्रयास किया जाता है, लेकिन भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 3.1% की तीव्र गिरावट होने से वित्तीय वर्ष 2019-20 की वृद्धि घटकर 4.2% रह गई.

कारोबार रणनीति

परिचालन परिवेश में चुनौतियों के बावजूद आपका बैंक अपनी रणनीतिक प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए दृढ़तापूर्वक आगे बढ़ता रहा. रिटेल-केंद्रित बैंक के रूप में अपनी अपेक्षित स्थिति मजबूत करने के लिए आपका बैंक रणनीतिक रूप से अपने रिटेल, कृषि और एमएसएमई (आरएएम) क्षेत्र में सुधार करता रहा और साथ ही विविध और छोटे-छोटे आस्ति संमिश्र लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अपने कॉरपोरेट एक्सपोजर को सीमित करता रहा. साथ ही, देयता स्तर पर आपके बैंक ने अपनी कुल जमाराशियों में कम लागत वाले जमाराशि आधार अर्थात् कासा जमाराशियों और रिटेल मीयादी जमाराशियों के हिस्से को बढ़ाना जारी रखा.

आपके बैंक ने नए उत्पादों को शुरू कर न सिर्फ अपनी पेशकशों को बढ़ाया, बल्कि ग्राहकों की बदलती हुई आवश्यकताओं और बढ़ती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उत्पादों की विभिन्न मौजूदा श्रृंखलाओं में संशोधन भी किये. इसके अतिरिक्त, आपके बैंक ने निर्बाध अनुभव तथा शिकायतों का समयबद्ध और त्वरित निपटान सुनिश्चित करते हुए सभी डिलीवरी चैनलों में उत्तम ग्राहक सेवा प्रदान करने का हमेशा प्रयास किया है. साथ ही, आपके बैंक ने अपने ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उन्हें उपयुक्त उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए डेटा एनालिटिक्स का भी प्रयोग किया.

आपका बैंक भविष्य के एक सुस्थिर और लाभकारी संवृद्धि पथ पर अग्रसर होने के लिए भी कार्यरत है. इसके लिए आपके बैंक ने कॉरपोरेट और रिटेल पोर्टफोलियो में वसूली के लिए एक समर्पित टीम का गठन कर अपने आस्ति पोर्टफोलियो में वर्तमान दबाव को कम करने के लिए संकेंद्रित दृष्टिकोण अपनाया है. इसके अतिरिक्त बैंक ने बेहतर आस्ति गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अपनी ऋण निगरानी प्रक्रिया को मजबूत करते हुए सुधार हेतु सक्रिय उपाय भी किए हैं.

अपनी कारोबार रणनीति के व्यापक ढांचे के अंतर्गत आपके बैंक द्वारा की गई पहल के विवरण वार्षिक रिपोर्ट के 'निदेशकों की रिपोर्ट' और 'प्रबंध विवेचना एवं विश्लेषण' खंड में दिए गए हैं. मुझे यह बताते हुए खुशी है कि आपके बैंक द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए गए सामूहिक प्रयासों के सकारात्मक परिणाम मिले हैं. मैं आपके के लिए कुछ पैरामीटर यहाँ विशेष रूप से प्रस्तुत करना चाहूँगा.

Dear Shareholders,

On behalf of the Board of Directors and the Management Team of IDBI Bank, I place before you the highlights of your Bank's performance for the financial year 2019-20. I have prefaced it with a short narrative on the state of the economy in 2019-20 to help you appreciate the strategy and operational performance of your Bank in the proper contextual perspective.

State of the Economy during 2019-20

The year 2019-20 was a year of unprecedented challenges, with progressively weakening private consumption expenditure and investment demand for most part of the financial year and significantly worsening in Q4 due to the lockdown on account of the Covid-19 pandemic. Consequently, barring agriculture & allied activities and the public sector, the pace of economic activity remained muted across all other sectors, particularly in industry and services. The steep deceleration in growth in India's Real Gross Domestic Product (GDP) in Q4, typically the busiest quarter with businesses trying to meet year-end targets, to 3.1% pulled down growth to 4.2% for the Financial Year (FY) 2019-20.

Business Strategy

Despite the challenges in the operating environment, your Bank continued to steadfastly work on its strategic priorities. Building on its desired positioning as a retail-focussed bank, your Bank continued to strategically scale up its Retail, Agri and MSME (RAM) asset book while simultaneously limiting its corporate exposure, to help in achieving a diversified and granular asset mix. At the same time, on the liability side, your Bank continued to augment the share of low-cost deposit base, i.e. CASA Deposits and Retail Term Deposits in its Total Deposits.

Your Bank not only expanded its offerings by introducing new products but also revamped the existing gamut of products to reflect the changing as well as emerging needs of its customers. Additionally, your Bank has always strived to ensure excellence in customer service across all its delivery channels by providing hassle-free experience as well as time-bound and expeditious grievance redressal. Simultaneously, your Bank has deployed data analytics to drive targeted sales to its customers based on their customised requirements.

Your Bank has also been working towards securing a stable and profitable future growth path. In doing so, your Bank adopted a focussed approach to resolve the existing stress in its asset portfolio by setting up dedicated teams for driving recovery in corporate and retail portfolio. Apart from this, the Bank has also taken proactive measures to step up its credit monitoring process to ensure better asset quality, going forward.

The initiatives taken by your Bank under the broad contours of its business strategy have been detailed in the Directors' Report and Management Discussion & Analysis sections of the Annual Report. I am pleased to state that the concerted efforts taken by your Bank yielded positive results on several fronts. I would like to highlight some of these parameters for your benefit.

वित्तीय और परिचालनगत विशेषताएँ

समकालीन कारोबार और परिचालनगत वातावरण में अपनी कारोबारी रणनीति के संदर्भ में संगत बने रहने के लिए बैंक ने वर्ष के दौरान अपनी प्राथमिकताओं और परिचालन में परिवर्तन और पुनर्निर्धारण का कार्य जारी रखा ताकि यह एक पसंदीदा रिटेल बैंक के रूप में उभर सके. आपके बैंक का परिचालनगत और वित्तीय कार्य निष्पादन इन पहल कार्यों की सफलता को प्रमाणित करता है. बैंक का कम लागत वाला कासा जमाराशि आधार, मार्च 2019 के अंत के ₹96,730 करोड़ की तुलना में मार्च 2020 के अंत में 10% बढ़ कर ₹1.06 लाख करोड़ हो गया. परिणामस्वरूप, कुल जमाराशियों में कासा जमाराशियों का हिस्सा मार्च 2019 के अंत के 42.54% की तुलना में मार्च 2020 के अंत में उल्लेखनीय रूप से बढ़ कर 47.74% हो गया. साथ ही, रिटेल मीयादी जमा बही मार्च 2019 के अंत के ₹72,923 करोड़ की तुलना में मार्च 2020 के अंत में 5.58% बढ़ कर लगभग ₹76,993 करोड़ हो गई. इसी प्रकार बैंक ने उच्च लागत वाली संस्थागत जमाराशियों पर अपनी निर्भरता को कम किया तथा कुल जमाराशियों में इसका हिस्सा मार्च 2019 के अंत के 25.4% से घटकर मार्च 2020 के अंत में 17.6% रह गया. इससे बैंक को जमाराशियों की लागत वित्तीय वर्ष 2018-19 के 5.44% से घटाकर वित्तीय वर्ष 2019-20 में 5.08% करने तथा निधियों की लागत वित्तीय वर्ष 2018-19 के 5.78% से घटाकर वित्तीय वर्ष 2019-20 में 5.44% करने में मदद मिली.

अपने पोर्टफोलियो संमिश्र को रिटेल के पक्ष में पुनर्निर्धारित करने की रणनीति जारी रखते हुए आपके बैंक के रिटेल की ऋण बही संरचना, कॉरपोरेट अग्रिम की तुलना में मार्च 2019 के अंत के 51:49 की तुलना में मार्च 2020 के अंत में सुधर कर 56:44 हो गई. कुल अग्रिमों में संरचित रिटेल आस्ति (एसआरए) का हिस्सा कुल अग्रिम का 34.44% था तथा इसके अंतर्गत आवास और वैयक्तिक ऋणों में हुई दो अंकीय वृद्धि ने रिटेल बही को बढ़ाने में अपनी भूमिका निभाई. प्राथमिकता प्राप्त उधार के क्षेत्र में बैंक ने ₹77,586 करोड़ प्राथमिकता प्राप्त अग्रिम के साथ 40% के विनियामकीय पीएसएल लक्ष्य को पार किया जोकि समायोजित निवल बैंक ऋण (एएनबीसी) का 41.69% है.

अधिक रिटेल उन्मुख पोर्टफोलियो संमिश्र की दिशा में बढ़ने के साथ-साथ कुछ रणनीतिक पूंजी संरक्षण उपायों ने आपके बैंक को अपनी जोखिम भारित आस्तियों को मार्च 2019 के अंत के ₹1.83 लाख करोड़ से कम कर मार्च 2020 के अंत में ₹1.59 लाख करोड़ तक करने में मदद की. आपके बैंक की पूंजी स्थिति में सुधार हुआ और जोखिम भारित आस्तियों की तुलना में पूंजी अनुपात (सीआरएआर) और टीयर 1 पूंजी मार्च 2019 की समाप्ति के क्रमशः 11.58% और 9.14% की तुलना में मार्च 2020 की तिमाही में क्रमशः 13.31% और 10.57% हो गई. इस प्रकार दोनों ही अनुपात भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित क्रमशः 10.875% और 8.875% के न्यूनतम स्तरों से अधिक रहे.

आपका बैंक अपनी आस्ति गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए कड़े कदम उठाता रहा है जिसका यहाँ भी सकारात्मक असर पड़ा है. जहां बैंक की सकल अनर्जक आस्तियां (जीएनपीए) मार्च 2019 के अंत के 27.47% की तुलना में मार्च 2020 के अंत में 27.53% रहीं, वहीं तुलन पत्र के आकार में कमी के कारण विभाजक के घटने से निवल अनर्जक आस्तियां (एनएनपीए) मार्च 2019 के अंत के 10.11% की तुलना में सुधर कर मार्च 2020 के अंत में 4.19% हो गईं जो पहली बार एनपीए (एफटीएनपीए) की कड़ी निगरानी और विवेकपूर्ण प्रावधानीकरण के साथ-साथ गहन वसूली उपायों के कारण हो सकीं. आपके बैंक का प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) मार्च 2019 के अंत के 82.88% की तुलना में मार्च 2020 के अंत में सुधर कर 93.74% हो गया जो निर्विवाद रूप से उद्योग के उच्चतम पीसीआर में से एक है. खातों की गहन निगरानी ने प्रथम

Financial and Operational Highlights

In consonance with its business strategy of staying relevant in the contemporary business and operating environment, the Bank continued to reinvent and redefine its priorities and operations during the year to emerge as the retail bank of choice. Your Bank's operational and financial performance attests to the success of these initiatives. The low-cost CASA deposit base of the Bank grew by 10% to ₹1.06 lakh crore as at end-March 2020 from ₹96,730 crore as at end-March 2019. Consequently, the share of CASA deposits to total deposits improved significantly to 47.74% as at end-March 2020 from 42.54% as at end-March 2019. At the same time, retail term deposits book was consciously grown by 5.58% to nearly ₹76,993 crore as at end-March 2020 from ₹72,923 crore as at end-March 2019. Simultaneously, the Bank reduced its reliance on high-cost institutional deposits with its share in total deposits declining to 17.6% as at end-March 2020 from 25.4% as at end-March 2019. These developments helped the Bank in reducing its Cost of Deposits to 5.08% for FY 2019-20 from 5.44% for FY 2018-19 and Cost of Funds to 5.44% for FY 2019-20 from 5.78% for FY 2018-19.

Continuing with its strategy of realigning its portfolio mix in favour of retail, your Bank's loan book composition of retail to corporate advances improved to 56:44 as at end-March 2020 as compared to 51:49 as at end-March 2019. Out of the total advances, Structured Retail Assets (SRA) comprised 34.44% of the total advances and within it, double digit growth in home loan and personal loan facilitated the ramping up of the retail book. On the Priority Sector Lending (PSL) front, the Bank exceeded the regulatory PSL target of 40% with the priority sector advances amounting to ₹ 77,586 crore, aggregating to 41.69% of Adjusted Net Bank Credit (ANBC).

The transition towards a more retail-oriented portfolio mix as well as certain strategic capital conservation measures helped your Bank in reducing its Risk Weighted Assets (RWA) to ₹1.59 lakh crore as at end-March 2020 from ₹1.83 lakh crore as at end-March 2019. The capital position of your Bank has improved with the Capital to Risk (Weighted) Assets Ratio (CRAR) and Tier 1 capital at 13.31% and 10.57%, respectively, as at end-March 2020 as compared to 11.58% and 9.14% as at end-March 2019. At these levels, both were above the RBI prescribed minimum of 10.875% and 8.875% respectively.

Your Bank has been taking stringent measures to improve its asset quality which has led to positive developments even on this front. While the Gross Non-Performing Assets (GNPAs) of the Bank remained elevated at 27.53% as at end-March 2020 as compared to 27.47% as at end-March 2019 due to reduction in the denominator on account of shrinkage in the balance sheet size, the Net Non-Performing Assets (NNPA) improved to 4.19% as at end-March 2020 as compared to 10.11% as at end-March 2019 as a result of strict monitoring of First Time NPAs (FTNPAs) and robust recovery efforts along with prudential provisioning. Your Bank's Provision Coverage Ratio (PCR) improved to 93.74% as at end-March 2020 from 82.88% as at end-March 2019,

बार एनपीए (एफटीएनपीए) को वित्तीय वर्ष 2018-19 के ₹15,281 करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2019-20 में कम कर ₹8,384 करोड़ तक लाने में मदद की. एफटीएनपीए/वसूली और अपग्रेडशन अनुपात वित्तीय वर्ष 2018-19 के 184% की तुलना में वित्तीय वर्ष 2019-20 में लगभग आधा होकर 97% हो गया, जिसका अर्थ यह रहा कि एफटीएनपीए के बिल्ड-अप को वसूलियों और अपग्रेड ने कवर कर लिया. बट्टे खाते डाले गए मामलों में वसूली वित्तीय वर्ष 2018-19 के ₹468 करोड़ से सुधर कर वित्तीय वर्ष 2019-20 में ₹827 करोड़ हो गई.

एनपीए के ऊंचे स्तर के बावजूद आपका बैंक अपनी निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) को वित्तीय वर्ष 2018-19 के 2.03% की तुलना में वित्तीय वर्ष 2019-20 में सुधार कर 2.61% करने में समर्थ रहा. अग्रिमों पर आय भी वित्तीय वर्ष 2018-19 के 8.82% की तुलना में वित्तीय वर्ष 2019-20 में बढ़कर 9.56% रही.

आपके बैंक द्वारा अपनाए गए रणनीतिक उपायों के परिणामस्वरूप परिचालन लाभ वित्तीय वर्ष 2018-19 के ₹4,052 करोड़ की तुलना में 26% वृद्धि दर्ज कर वित्तीय वर्ष 2019-20 में ₹5,112 करोड़ हो गया. जहां बैंक ने वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए ₹12,887 करोड़ की निवल हानि दर्ज की, यह प्रावधान आवश्यकताओं में कटौती के चलते वित्तीय वर्ष 2018-19 में हुई ₹15,116 करोड़ की निवल हानि की तुलना में कम ही रही. तथापि यह हर्ष की बात है कि आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 2019-20 की चौथी तिमाही में ₹135 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज करते हुए विगत 13 तिमाहियों से दर्ज की गई निवल हानि के मुकाबले एक बहुप्रतीक्षित रूपांतरण दर्शाया है.

त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई (पीसीए) रूपरेखा के अंतर्गत प्रगति

आपके बैंक के रणनीतिक प्रयासों में सबसे ज्यादा जोर इस बात पर दिया गया कि अपने कार्य-निष्पादन के बल पर मई 2017 में लगाई गई त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई (पीसीए) रूपरेखा से शीघ्र बाहर निकला जाए. आपका बैंक वित्तीय वर्ष 2019-20 की चौथी तिमाही में हासिल की गई उपलब्धि के आधार पर वित्तीय वर्ष 2020-21 में पीसीए रूपरेखा से जल्द ही बाहर निकलने के प्रति सचेत रूप से आशावान है ताकि यह समग्र बहुविध बैंकिंग गतिविधियों के जरिए अपने हितधारक का अधिकतम मूल्यवर्धन कर सके.

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के साथ तालमेल

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) जनवरी 2019 में आपके बैंक की बहुलांश हिस्सेदारी अर्जित करते हुए इसका प्रवर्तक बन गया. इसी के साथ अपनी तरह के ऐसे पहले वित्तीय समूह का गठन हुआ, जो अपने सभी हितधारकों के लाभ के लिए बैंकिंग और बीमा उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला को एक छत के नीचे ले कर आया. दोनों संस्थाओं के बीच आपसी तालमेल के कई क्षेत्रों की परिकल्पना की गई और वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान परस्पर लाभ के कई अभिनिर्धारित क्षेत्रों में कार्रवाई की गई. आपका बैंक बैंकाश्योरेंस चैनल के तहत एलआईसी के लिए एक कॉरपोरेट एजेंट के रूप में कार्य करते हुए एलआईसी के उत्पाद वितरित करने और प्रीमियम संग्रहण के लिए अपने संपर्क बिन्दुओं का लाभ उठा रहा है. आपका बैंक एलआईसी और उसके सैटेलाइट कार्यालयों को नकदी प्रबंधन सेवाएं प्रदान कर रहा है. आपका बैंक एलआईसी के कर्मचारियों और एजेंटों के साथ-साथ उसकी सहायक कंपनियों को भी चालू और बचत खातों के साथ-साथ रिटेल ऋण उत्पादों की पेशकश कर रहा है. इन तालमेलों ने आपके बैंक को कारोबार जुटाने में सहायता करते हुए अपने रिटेल व्यापार और शुल्क आय को बढ़ाने में मदद की है.

which is arguably one of the highest in the industry. Close monitoring of accounts helped in reducing FTNPAs to ₹ 8,384 crore in FY 2019-20 as compared to ₹ 15,281 crore in FY 2018-19. The FTNPA / Recovery plus Upgradation Ratio nearly halved to 97% for FY 2019-20 from 184% for FY 2018-19, implying that recoveries and upgrades more than covered the build-up in FTNPAs. Recovery from written-off cases improved to ₹ 827 crore in FY 2019-20 from ₹ 468 crore in FY 2018-19.

Notwithstanding the elevated level of NPAs, your Bank was able to improve its Net Interest Margin (NIM) to 2.61% for FY 2019-20 as compared to 2.03% for FY 2018-19. The Yield on Advances was also higher at 9.56% for FY 2019-20 as compared to 8.82% for FY 2018-19.

The strategic measures adopted by your Bank helped it in posting a 26% growth in operating profit to ₹ 5,112 crore for FY 2019-20 as compared to ₹ 4,052 crore during FY 2018-19. While the Bank posted a net loss of ₹ 12,887 crore for FY 2019-20, it tapered from a net loss of ₹ 15,116 crore for FY 2018-19, aided by reduction in provisioning requirements. However, it is heartening to note that your Bank has posted a net profit of ₹ 135 crore in Q4 FY 2019-20, marking a much-awaited turnaround from the net loss reported during the last 13 quarters.

Progress under the Prompt Corrective Action (PCA) framework

One of the thrust areas of your Bank's strategic endeavours has been to expeditiously exit the Prompt Corrective Action (PCA) framework, imposed on it since May 2017, by dint of its performance. Your Bank is cautiously optimistic of an early exit from the PCA framework in FY 2020-21 as it builds on the gains made in FY 2019-20 so that your Bank can optimise stakeholder value by undertaking the entire gamut of banking activities.

Synergy with Life Insurance Corporation of India (LIC)

Life Insurance Corporation of India (LIC) acquired majority stake in your Bank in January 2019, becoming its promoter. With this, a first-of-its-kind financial conglomerate was created that brought one-stop solution for a wide gamut of banking and insurance products for the benefit of all its stakeholders. A multitude of areas of synergies has been envisaged between the two entities and FY 2019-20 saw many of the identified areas being tapped for mutual benefit. Your Bank, as a Corporate Agent for LIC under bancassurance channel, has been leveraging its touchpoints to distribute LIC's products as also facilitating premium collection. Your Bank is extending cash management services to LIC and its satellite offices. Your Bank is also offering current and saving accounts as well as retail loan products to the employees and agents of LIC as also its subsidiaries. These synergies have aided in sourcing business for your Bank and helped in augmenting its retail business and fee income.

2020-21 के लिए आर्थिक परिदृश्य

उपलब्ध आंकड़ों और विभिन्न अभिमतों के अनुसार महामारी का व्यापक प्रभाव प्रारंभिक अनुमान से कहीं अधिक विनाशकारी हुआ है. यह प्रभाव आपूर्ति में व्यवधान और मांग में दबाव के दोहरे नकारात्मक प्रभाव से और भी बढ़ गया है. लॉकडाउन सख्ती में 1 जून 2020 से भौगोलिक रूप से अलग-अलग क्षेत्रों में क्रमिक रूप से छूट दिए जाने के बावजूद लॉकडाउन की अवधि बढ़ाए जाने से वित्तीय वर्ष 2020-21 की पहली तिमाही में कृषि के अलावा अन्य आर्थिक गतिविधियों में मंदी रहने की आशंका है. अर्थव्यवस्था में छाई यह मंदी सोशल डिस्टेन्सिंग और श्रमिकों की अस्थायी कमी के चलते वित्तीय वर्ष 2020-21 दूसरी तिमाही में भी जारी रहने की संभावना है. फिर भी आपूर्ति व्यवस्था सामान्य होने व मांग में क्रमिक रूप से पुनरुत्थान होने से आर्थिक गतिविधियों की रफ्तार वित्तीय वर्ष 2020-21 तीसरी तिमाही से बढ़ने की आशा है. समग्र रूप में वर्ष को देखें तो महामारी और सोशल डिस्टेन्सिंग उपाय कब तक जारी रहेंगे, सामान्य स्थिति कब बहाल होगी, इस बारे में काफी अनिश्चितता है. परिणामस्वरूप, देशीय संवृद्धि में नकारात्मक जोखिम बने हुए हैं.

आगे की राह

यह बात भलीभांति स्वीकार करनी होगी कि कोविद-19 प्रकोप के कारण वर्तमान में भारत सहित समूचा विश्व बड़े पैमाने पर अनदेखी चुनौती से जूझ रहा है. यह कोई सामान्य घटना नहीं है, इसमें बहुत तनाव और अनिश्चितता है. एक सतर्क प्रयास के रूप में देश मार्च अंत की लॉकडाउन वाली स्थिति से निकलकर 1 जून 2020 से अनलॉक के प्रथम चरण में पहुँच कर यह संकेत दे रहा है कि लॉकडाउन के दौरान इस बीमारी कोदेश भर में फैलने से बचाने के लिए अपनाए गए सोशल डिस्टेन्सिंग, प्रोटेक्टिव फेस गियर पहनने, हाथ साफ रखने जैसे बुनियादी उपायों का ध्यान रखते हुए और इस बारे में कोई समझौता न करते हुए हमें देशीय अर्थव्यवस्था को नया जीवन प्रदान करने के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान करना है. इस दिशा में भारत सरकार और आरबीआई ने अर्थव्यवस्था पर इस महामारी के प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए किफायती दरों पर निधि के प्रवाह को सुकर करने व निवेश में पुनः जोश लाने के लिए वित्तीय शर्तों को सरल करने के अलावा एमएसएमई पर विशेष जोर देते हुए कई कदम उठाकर आर्थिक पुनरुत्थान प्रक्रिया तेजी से चालू की है. चूंकि बैंकिंग प्रणाली विनियामक हस्तक्षेप से विभिन्न क्षेत्रों में होने वाली संवृद्धि को ऊर्जा प्रदान करती है, आपका बैंक भी इस अवसर पर देश की आवश्यकता को समझते हुए एक रोड मैप तैयार कर रहा है, जोकि इसके जोखिम उठाने की क्षमता के अनुरूप है तथा यह वित्तीय वर्ष 2019-20 की चौथी तिमाही में प्राप्त की गई उपलब्धि का लाभ उठाते हुए अपने परिचालन में निरंतर व्यवहार्यता सुनिश्चित करेगा.

इस दिशा में बैंक ने वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान कार्यान्वयन के लिए प्राथमिकताओं का एक वरीयता क्रम तैयार किया है. कुल मिलाकर बैंक अपने व्यापार मिश्र में झुकाव जारी रखते हुए स्वयं को एक रिटेल-केंद्रित बैंक के रूप में स्थापित करेगा ताकि आगे चलकर निरंतर और लाभदायक संवृद्धि सुनिश्चित की जा सके. जैसा कि मैंने पहले उल्लेख किया है, बैंक वित्तीय वर्ष 2019-20 की चौथी तिमाही की ही तरह आने वाली तिमाहियों में भी सभी पीसीए मापदंडों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए काम करेगा ताकि पीसीए से जल्दी बाहर निकलकर संपूर्ण बैंकिंग गतिविधियों में वापसी हो सके. पूर्व में इस संबंध में हुई कमी ने आपके बैंक की आय और लाभप्रदता को प्रतिकूल रूप से प्रभावित किया है, इसलिए पीसीए से बाहर आने के बाद कड़े

Economic Outlook for 2020-21

According to available data and informed opinion, the macroeconomic impact of the pandemic is turning out to be more disruptive than initially anticipated. The impact of the shock has been compounded by the twin negatives of supply disruptions and demand compression. Despite phased but geographically differentiated easing of restrictions from the lockdown rigour from June 1, 2020, on current reckoning, economic activity other than agriculture is likely to remain depressed in Q1 FY 2020-21 in view of the extended lockdown. The muted state of the economy is expected to linger even through Q2 FY 2020-21 due to social distancing measures and temporary labour shortage. Resurgence in economic activity is expected with increasing momentum from Q3 FY 2020-21 as supply lines are gradually normalised and demand gradually revives. For the year as a whole, there is considerable uncertainty about the duration of the pandemic and social distancing measures which would impede return to normalcy; consequently, downside risks to domestic growth remain significant.

Way Forward

It is widely acknowledged that the world at large, including India, is currently confronted with unprecedented challenges due to the Covid-19 outbreak. It is not business as usual and is marked by great stress and uncertainty. As a calibrated response, the country, after iterative phases of LOCKDOWN mode since end-March 2020, moved to the UNLOCK phase from June 1, 2020, signalling the need to provide necessary enablers to revitalise the domestic economy without compromising on the lessons learnt during the lockdown phases, such as social distancing, basic hygiene factors such as protective face gear, hand sanitisation, etc. which have helped control the spread of the disease pan-India. The Government and the RBI, working in tandem, have already initiated various measures to mitigate the adverse implications of the pandemic on the economy, with particular emphasis on MSME, and kickstart the economic revival process, apart from easing financial conditions to facilitate flow of funds at affordable rates and rekindle investment. As the banking system is a major conduit for energising the growth impulses in varied sectors arising from regulatory intervention, your Bank is drawing up a road-map to rise to the country's requirement at this juncture, which is also consistent with its risk appetite and would ensure sustained viability in its operations to leverage upon the gains achieved in Q4 FY 2019-20.

Towards this end, the Bank has drawn up a hierarchy of priorities for measured implementation during FY 2020-21. Overall, the Bank would continue its pursuit of a further skew in its business mix to evolve into a retail-centric bank so as to ensure sustained and profitable growth in the long run. As I have mentioned earlier, the Bank would work to ensure compliance with all PCA parameters in the coming quarters as it did in Q4 FY 2019-20 to provide an enabling platform for an early exit from PCA and a return to full-fledged banking activities. As severe delinquency dented your Bank's income and profitability in the past,

क्रेडिट मानकों और विवेकपूर्ण तरीके से कारोबार आगे बढ़ाने पर निरंतर जोर दिया जाएगा ताकि भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न हो. इसके साथ ही आपका बैंक तीव्र वसूली/अपग्रेड करने और पोर्टफोलियो की सचेत निगरानी पर ध्यान केंद्रित करेगा ताकि आस्ति गुणवत्ता में किसी भी तरह की गिरावट को रोका जा सके. आपके बैंक के उधार कारोबार के लिए परिचालन वातावरण वर्ष में अधिकांश समय सुस्त रहने की संभावना है इसलिए शुल्क आय को अधिक से अधिक बढ़ाने और निधि/जमा की औसत लागत कम करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा. रिटेल और कॉरपोरेट वर्टिकल के सभी देयता और आस्ति ग्राहकों को क्रॉस-सेलिंग करने पर फोकस किया जाएगा. हम एक बिक्री-संचालित संस्था बनने के लिए प्रतिबद्ध हैं ताकि ग्राहक संबंधों को और अधिक व्यापक किया जा सके. एलआईसी से तालमेल करना, हमारे लिए एक सहज लक्ष्य रहा है. पिछला साल हमने इसे समझने और ग्राउंड वर्क तैयार करने में लगाया. बैंक इस साल इसका लाभ उठाते हुए शुल्क आय में तीव्र बढ़ोत्तरी और तालमेल संबंधी अन्य कारोबार संपर्क बढ़ाने का इरादा रखता है. बैंक अपनी सभी शाखाओं में परिचालन व्यय में वृद्धि और उत्पादकता (प्रति कर्मचारी कारोबार) बढ़ाने की दिशा में भी काम करेगा. साथ ही, बैंक कुल जमाराशियों में अपनी कम लागत वाली कासा और रिटेल जमाराशियों की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए पहल करना जारी रखेगा.

साथ ही, बैंक भविष्य के लिए तत्पर बैंक के रूप में उभरने हेतु अपनी क्षमताओं को उन्नत करने की दिशा में कार्यरत है. इन पहल कार्यों को रेखांकित करते हुए बैंक अपने जोखिम प्रबंधन, कॉरपोरेट अभिशासन और नियामक अनुपालन ढांचे को मजबूत करने पर समुचित जोर दे रहा है. मैं यह बताना चाहता हूँ कि बैंक, भविष्य के बैंक के रूप में खुद को ढालने की स्थिति में लाने के लिए विशेषज्ञ सहयोग के साथ अपने संगठनात्मक ढांचे, परिचालन और कारोबार पद्धतियों पर पुनर्विचार कर रहा है. इस उद्देश्य के लिए बैंक आज के डिजिटल बैंकिंग युग को ध्यान में रखते हुए बड़े पैमाने पर अपनी आंतरिक प्रक्रियाओं के साथ-साथ ग्राहक-उन्मुख एप्लिकेशनों के डिजिटलीकरण की ओर बढ़ रहा है. बैंक के परिचालनों को एक नए तरीके से करने का उद्देश्य अपने ग्राहकों की जरूरतों को समझते हुए उनके लिए सहज बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित करते हुए उन्हें बेहतर सेवा प्रदान करना और ग्राहक को तुष्ट करना है.

आभार

मैं भारत सरकार, एलआईसी और सभी सांविधिक तथा विनियामकीय प्राधिकारियों को उनके बहुमूल्य सहयोग और सहकार्य के लिए धन्यवाद देता हूँ. मैं बैंक के निदेशकों, प्रबंधन टीम और बैंक में मेरे अन्य सहयोगियों के प्रति आभारी हूँ, जिन्होंने अत्यंत संघर्षपूर्ण माहौल में संस्था के रूपांतरण की रणनीति को सफल बनाने की दिशा में एकनिष्ठ समर्पण और प्रतिबद्धता दर्शायी. मैं सभी ग्राहकों और शेयरधारकों का भी तहे दिल से आभारी हूँ कि उन्होंने पिछले कई वर्षों में बैंक पर अपना भरोसा बनाए रखा और हर समय हमारा साथ दिया.

शुभकामनाओं सहित,

राकेश शर्मा

प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

there would be relentless emphasis on stringent credit standards and pursuit of business in a prudent manner, post the PCA exit, so that there is no recurrence of the same in future. Simultaneously, your Bank will focus on robust recovery/ upgrade and close monitoring of portfolio to prevent any slippages in its asset quality. As the operating environment for your Bank's lending business is likely to be muted for most part of the year, there will be a pronounced focus on maximising fee income and reducing the average cost of funds/ deposits. Cross-selling to all liability and asset customers in both the retail and corporate verticals would be a core focus area. We are committed to become a sales-driven organisation so as to deepen and widen the customer relationships. Another low-hanging fruit is the LIC synergy where your Bank has invested last year in familiarisation and ground work. The Bank intends to leverage the benefits of the same this year through a spike in fee income and other synergistic business liaison. The Bank would also work towards reining in operating expenses and increase productivity (business per employee) at all its branches. At the same time, the Bank will continue to take initiatives to ramp up the share of its low-cost CASA and Retail Deposits in Total Deposits.

Simultaneously, your Bank is investing in upgrading its capabilities to emerge as a future-ready bank. Underpinning these initiatives, the Bank is laying due emphasis on strengthening its risk management, corporate governance and regulatory compliance framework. I am pleased to convey that the Bank is revisiting its organisation structure, operations and business practices with specialist support to position itself as the bank of the future. Towards this end, the Bank has been increasingly moving towards a greater degree of digitalisation of its internal processes as well as customer-facing applications, in keeping with today's digital banking era. The intent behind reinventing the Bank's operations is to help in serving its customers better by understanding their needs and ensuring a seamless banking experience and eliciting customer delight.

Acknowledgement

I would like to thank the Government of India, LIC and all statutory and regulatory authorities for their valuable support and co-operation. I am also thankful to the Board of Directors, the Management Team and my other colleagues in the Bank for their single-minded dedication and commitment towards delivering on the organisation's turnaround strategy in an extremely trying environment. I am also deeply grateful to all the customers and shareholders for reposing their trust in the Bank over the years and standing by us at all times.

With best wishes,

Rakesh Sharma

Managing Director & CEO

कुछ प्रमुख गतिविधियां
Some Major Events



श्री राकेश शर्मा,एमडी एवं सीईओ ने श्री एम. आर. कुमार,अध्यक्ष तथा श्री विपिन आनंद एवं श्री टी. सी. सुशील कुमार,भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रबंध निदेशक द्वय को श्री देवाशीष पांडा, तत्कालीन अपर सचिव (वित्तीय समावेशन), भारत सरकार की उपस्थिति में प्रथम तीन कैश कार्ड सुपुर्द किए.

Shri Rakesh Sharma, MD & CEO, handed over the first three Cash Cards to Shri M.R. Kumar, Chairman and Shri Vipin Anand and Shri T.C. Suseel Kumar, Managing Directors, Life Insurance Corporation of India (LIC) in the presence of Shri Debasish Panda, the then Additional Secretary (Financial Inclusion), GoI.



श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ ने बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में केंद्रीकृत व्यापार प्रसंस्करण केंद्र (सीटीपीसी), मुंबई का उद्घाटन किया.

Shri Rakesh Sharma, MD & CEO, inaugurated the Centralised Trade Processing Centre (CTPC), Mumbai in presence of other senior officials of the Bank.



श्री सुरेश खटनहार, उप प्रबंध निदेशक ने बैंक के 23 वें करेंसी चेस्ट का इंदौर, मध्य प्रदेश में उद्घाटन किया.

Shri Suresh Khatanhar, DMD, inaugurated Bank's 23rd currency chest at Indore, Madhya Pradesh.



बैंक की ओर से एस एच जी बैंक लिंकेजेस (निजी क्षेत्र के बैंकों की श्रेणी) में 'उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार' प्राप्त करते हुए श्री शलील आवले, मुख्य महाप्रबंधक (एकदम बाएं).

Shri Shalil Awale, CGM (extreme left) receiving the 'National Award for Outstanding Performance' in SHG Bank Linkages (Private Sector Banks Category) on behalf of the Bank.



आईडीबीआई बैंक के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में नगरपालिका स्कूल, मुंबई को कंप्यूटर प्रदान करते हुए श्री सैम्युअल जोसेफ जेबराज, उप प्रबंध निदेशक.

Donation of computers to a Municipal School in Mumbai by Shri Samuel Joseph Jebaraj, DMD, on the occasion of IDBI Bank's Foundation Day.



आईडीबीआई बैंक में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्घाटन किया गया तथा इस अवसर पर एक विशेष पत्रिका जारी की गई.

Inauguration of Vigilance Awareness Week at IDBI Bank and release of a Special Journal to mark the occasion.



आईडीबीआई बैंक ने पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा आयोजित एपीवाई प्राइम चैंपियनशिप कप एवं एपीवाई फॉर्मेशन डे के अंतर्गत प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किए.

IDBI Bank received prestigious awards under APY Prime Championship Cup & APY Formation Day organised by Pension Fund Regulatory & Development Authority (PFRDA).

श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ ने चेन्नई में बैंक क्वार्टर्स का उद्घाटन किया.

Shri Rakesh Sharma, MD & CEO, inaugurated Bank's quarters at Chennai.





श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ ने जेएनआईबीएफ, हैदराबाद में बैंक अधिकारी आवास का उद्घाटन किया.

Shri Rakesh Sharma, MD & CEO, inaugurated Bank's Officers quarters at JNIBF Annexe, Hyderabad.



श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ काशिद में बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए आयोजित मिशन उत्कर्ष सम्मेलन में दीप प्रज्ज्वलन करते हुए.

Shri Rakesh Sharma, MD & CEO, lighting the lamp during Mission Utkarsh conclave organised for senior management of the Bank at Kashid, Maharashtra.



श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ ने डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की.

Shri Rakesh Sharma, MD & CEO, paying homage to Dr. Babasaheb Ambedkar on his death anniversary.



जेएनआईबीएफ हैदराबाद में बिजनेस ऑफसाइट में बैंक का वरिष्ठ प्रबंधन.

Top Management of the Bank at Business Offsite at JNIBF, Hyderabad.

पुरस्कार एवं सम्मान
Awards and Accolades

इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार की रिपोर्ट के अनुसार डिजिटल बैंकिंग में की गई प्रगति के संबंध में 51 बैंकों/ वित्तीय संस्थाओं के बीच 13 वां स्थान प्राप्त हुआ.

Ranked 13th amongst 51 banks/ financial institutions, with respect to progress made under digital banking, as per a report by the Ministry of Electronics and Information Technology (MeitY), GoI.

मुंबई में आयोजित एनएसडीएल की 34 वीं डीपी कॉन्फ्रेंस में पीएसयू-बैंक श्रेणी के अंतर्गत नए डीमैट खाते खोलने के लिए 'एनएसडीएल स्टार परफ़ॉर्मर अवॉर्ड 2019' में 3 रा स्थान प्राप्त हुआ.

Ranked 3rd in the NSDL Star Performer Awards – 2019 in New Demat Accounts opened under the PSU-Bank Category at NSDL's 34th DP Conference held in Mumbai.

मुंबई में आयोजित 4 थी 'इंडिया बैंकिंग रिफॉर्म कॉनक्लेव' में दूरस्थ क्षेत्रों में डिजिटल वित्तीय समावेशन की दिशा में उत्कृष्ट कदम उठाने के लिए डिजिटल वित्तीय समावेशन श्रेणी में बीएफएसआई पुरस्कार प्राप्त हुआ.

Conferred BFSI Award under Digital Financial Inclusion category at 4th India Banking Reforms Conclave held at Mumbai for undertaking excellent steps to spread digital financial inclusion in remote areas.

'दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन' (डीएवाय-एनआरएलएम) के अंतर्गत एसएचजी बैंक लिंकेजेस 2018-19 (निजी क्षेत्र के बैंक श्रेणी) में उत्कृष्ट कार्य-निष्पादन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किया.

Awarded National Award for its outstanding performance in SHG Bank Linkages 2018-19 (Private Sector Banks Category) under Deendayal Antyodaya Yojana – National Rural Livelihoods Mission (DAY – NRLM).

बैंक के दिल्ली अंचल कार्यालय और लुधियाना क्षेत्रीय कार्यालय को राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए संबंधित 'नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति' (टॉलिक) द्वारा राजभाषा पुरस्कार प्रदान किए गए.

Rajbhasha Award conferred on the Bank's Zonal Office, New Delhi and Regional Office, Ludhiana by the respective Town Official Language Implementation Committee (TOLIC) for commendable performance in Rajbhasha implementation.

बैंक की त्रैमासिक हिंदी गृह पत्रिका 'विकास प्रभा' को प्रतिष्ठित साहित्यिक और सांस्कृतिक संस्था 'आशीर्वाद' द्वारा श्रेष्ठ गृह पत्रिका का पुरस्कार प्रदान किया गया.

The Bank's in-house Hindi Magazine 'Vikas Prabha' conferred the Best In-House Magazine citation from 'Ashirvad' - a renowned literary and cultural organisation.

गृह मंत्रालय, भारत सरकार के राजभाषा विभाग के अधिकारियों ने अपने निरीक्षण के दौरान आपके बैंक में हिंदी के समावेशी कार्यान्वयन की सराहना की.

Officials from the Department of Official Language, Ministry of Home Affairs, GoI, appreciated the inclusive implementation of Hindi in your Bank's working during their inspections.

निदेशकों की रिपोर्ट
Directors' Report

निदेशकों की रिपोर्ट

आपके बैंक के निदेशक मंडल को 31 मार्च 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए आपके बैंक के कारोबार तथा परिचालनों पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है.

वर्ष 2019-20 में भारतीय अर्थव्यवस्था को व्यापक स्तर पर मंदी का सामना करना पड़ा. जहां मांग के क्षेत्र में निजी उपभोग की गति धीमी रही, वहीं आपूर्ति क्षेत्र में उद्योग और सेवा, दोनों ही क्षेत्रों में संवृद्धि की गति कमजोर रही. जहां कृषि और सहबद्ध गतिविधियों की स्थिति सुखद रही, वहीं विनिर्माण गतिविधि, बिजली, गैस, जल आपूर्ति और अन्य जनोपयोगी सेवाओं तथा निर्माण कार्य के अत्यधिक धीमे होने से औद्योगिक गतिविधियों में मंदी रही और व्यापार, होटल, परिवहन, संचार तथा प्रसारण से संबंधित सेवाओं और वित्तीय सेवाएं, स्थावर संपदा और व्यावसायिक सेवाओं में न के बराबर संवृद्धि होने से सेवा क्षेत्र में प्रगति साधारण ही रही. कोरोना वायरस (कोविद-19) महामारी को रोकने के लिए मार्च 2020 में घोषित लॉकडाउन के चलते पहले से ही सुस्त देसी आर्थिक गतिविधियों पर और भी असर पड़ा. अर्थव्यवस्था का प्रमुख अंग होने के नाते बैंकों पर भारतीय अर्थव्यवस्था में छाई मंदी और वित्तीय वर्ष के अंत में कोविद-19 महामारी का असर पड़ा. यद्यपि कोविद-19 महामारी का अर्थव्यवस्था पर असर कम हो, इसके लिए व्यापक नीतिगत उपाय किए गए, फिर भी इन उपायों का समग्र प्रभाव एक अंतराल के बाद ही दिख सकेगा. अतः यह जरूरी है कि आपके बैंक के कार्य-निष्पादन को इस संदर्भ में देखा जाए.

वित्तीय विशेषताएं

यथा 31 मार्च 2020 को आपके बैंक की कुल जमाराशियां और अग्रिम क्रमशः ₹ 2,22,424 करोड़ तथा ₹ 1,29,842 करोड़ रहे. समीक्षाधीन अवधि के दौरान आपके बैंक के कार्य-निष्पादन की प्रमुख विशेषताएं तालिका 1 में दी गई हैं:

तालिका 1 : प्रमुख वित्तीय विशेषताएं

(₹ करोड़ में)

	यथा 31 मार्च 2019 की स्थिति	यथा 31 मार्च 2020 की स्थिति
पूंजी	7,736	10,381
रिज़र्व और अधिशेष	29,875	23,644
जमाराशियां	2,27,372	2,22,424
उधार राशियां	45,288	36,749
अन्य देयताएं और प्रावधान	10,013	6,745
कुल देयताएं	**3,20,284**	**2,99,942**
नकदी और रिज़र्व बैंक के पास शेष	12,730	10,539
बैंकों के पास शेष और मांग एवं अल्प सूचना पर देय राशि	8,503	19,892
निवेश	93,073	81,780
अग्रिम	1,46,790	1,29,842
अचल और अन्य आस्तियां	59,188	57,890
कुल आस्तियां	**3,20,284**	**2,99,942**
इस अवधि में	**2018-19**	**2019-20**
कुल आय	25,372	25,295
कुल व्यय (प्रावधान को छोड़कर)	21,319	20,183
प्रावधान (कर छोड़कर)	26,879	14,079
कर पूर्व लाभ/ (हानि)	(22,827)	(8,967)
कर के लिए प्रावधान	(7,711)	3,920
कर पश्चात् लाभ/ (हानि)	(15,116)	(12,887)

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक की कुल आय ₹ 25,295 करोड़ रही जिसमें ₹ 20,825 करोड़ की ब्याज आय और ₹ 4,470 करोड़ की अन्य आय शामिल है. ₹ 20,183 करोड़ के कुल व्यय (प्रावधानों एवं आकस्मिकताओं को छोड़कर) में ब्याज व्यय ₹ 13,847 करोड़ और परिचालनगत व्यय ₹ 6,336 करोड़ रहा.

अनर्जक आस्तियों (एनपीए) के लिए कम प्रावधान किए जाने के कारण वर्ष के दौरान आपके बैंक का कुल प्रावधान घट गया. प्रावधानों में अनर्जक आस्तियों (एनपीए), बट्टे खाते डाले गए अशोध्य ऋणों तथा निवेशों के लिए प्रावधान के प्रति ₹ 13,920 करोड़ की राशि शामिल है. पर्याप्त प्रावधान करने के कारण आपके बैंक को वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान ₹ 12,887 करोड़ की निवल हानि हुई.

यद्यपि हानि के कारण वर्ष के दौरान प्रति शेयर उपार्जन (ईपीएस) नकारात्मक रहा, मार्च 2020 के अंत में प्रति शेयर बही मूल्य (अमूर्त आस्तियों को छोड़कर) ₹ 11.21 रहा.

यथा 31 मार्च 2020 को समेकित वित्तीय विवरण में शामिल सहायक संस्थाओं और संयुक्त उद्यम के कार्य-निष्पादन और वित्तीय स्थिति पर रिपोर्ट

संस्था का नाम	निवल आस्तियां अर्थात् कुल आस्तियों में से कुल देयताएं घटाकर		लाभ या हानि में हिस्सा	
	समेकित निवल आस्तियों के % के रूप में	(₹ करोड़ में)	समेकित लाभ या (हानि) के % के रूप में	(₹ करोड़ में)
1	2	3	4	5
मूल: आईडीबीआई बैंक लि.	97.67%	34,024.37	100.41%	(12,887.33)
सहायक संस्थाएं:				
भारतीय:				
1. आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सर्विसेज लि.	0.88%	305.25	0.08%	(9.66)
2. आईडीबीआई इंटेक लि.	0.18%	63.04	(0.07)%	9.07
3. आईडीबीआई असेट मैनजमेंट कंपनी लि.	0.31%	108.85	(0.01)%	0.75
4. आईडीबीआई एमएफ ट्रस्टी कंपनी लि.	0.00%	1.57	0.00%	0.10
5. आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज लि.	0.64%	224.40	(0.27)%	35.18
विदेशी:	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
सभी सहायक संस्थाओं में अल्पसंख्यक हित	0.30%	103.58	(0.12)%	15.94
सहायक कंपनियां (इक्विटी पद्धति के अनुसार निवेश)				
भारतीय:				
1. बायोटेक कंसोर्शियम इंडिया लि.	लागू नहीं	लागू नहीं	0.00%	0.35
2. नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉज़िटरी लि.	लागू नहीं	लागू नहीं	(0.16)%	21.03
3. एनएसडीएल ई-गवर्नेंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लि.	लागू नहीं	लागू नहीं	(0.05)%	6.72
4. पूर्वोत्तर विकास वित्त निगम लि.	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
विदेशी:	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
संयुक्त उद्यम (आनुपातिक समेकन के अनुसार/ इक्विटी पद्धति के अनुसार निवेश)				
भारतीय:				
1. आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	1.27%	441.20	(0.55)%	70.96
विदेशी:	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
कुल	100.96%	35,168.66	99.48%	(12,768.76)
विलोपन	(0.96)%	(332.94)	0.52%	(66.48)
निवल कुल	100.00%	34,835.72	100.00%	(12,835.24)

टिप्पणी: उपर्युक्त किसी भी सहायक संस्था की कोई सहायक संस्था नहीं है.

**- पांडिचेरी इंडस्ट्रियल प्रमोशन डेवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन लि. (पीआईपीडीआईसीएल) के संदर्भ में बैंक को कंपनी से कोई वित्तीय विवरण और संव्यवहार ब्योरे प्राप्त नहीं हुए हैं अत: जानकारी को उपर्युक्त में समेकित नहीं किया गया है. बैंक ने पीआईपीडीआईसीएल में निवेश को एक रुपए में अवलिखित कर दिया है.*

आईडीबीआई बैंक की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाले कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन और वचनबद्धताएं यदि कोई हों, जो वित्तीय वर्ष के अंत और बोर्ड की रिपोर्ट की तारीख के दौरान उत्पन्न हुई हों

बैंक के वित्तीय वर्ष के अंत में अर्थात् 31 मार्च 2020 को और निदेशकों की रिपोर्ट की तारीख के बीच आईडीबीआई बैंक की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाले कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन और वचनबद्धताएं नहीं थीं.

वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की पर्याप्तता से संबंधित विवरण

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 143 (3) (i) के अनुसार वित्तीय वर्ष 2015-16 से सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में यह दर्शाया जाना चाहिए कि वित्तीय विवरणों के संदर्भ में क्या बैंक के पास समुचित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण (आईएफसी) प्रणालियां उपलब्ध हैं तथा क्या ऐसे नियंत्रण की परिचालनात्मक प्रभावशीलता है. कंपनी अधिनियम की धारा 143 (3) (i) में संदर्भित आईएफसी से आशय वित्तीय रिपोर्टिंग में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण (आईएफसीओ-एफआर) से है. आपके बैंक का प्रबंधन वित्तीय रिपोर्टिंग में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के बारे में बैंक में स्थापित उन मानदंडों के अनुसार आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित करने व बनाए रखने के लिए जिम्मेदार है, जो दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा जारी आईएफसीओ-एफआर के लेखापरीक्षण पर वर्णित आंतरिक नियंत्रण के अनिवार्य घटकों पर विचार करते हुए बनाए गए हैं. इन जिम्मेदारियों में समुचित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की रूपरेखा, कार्यान्वयन व निर्वहन शामिल है, जो बैंक की नीतियों के अनुपालन, आस्तियों की सुरक्षा, धोखाधड़ी और त्रुटियों की रोकथाम व पता लगाने, लेखांकन रिकॉर्ड की शुद्धता और सक्षमता तथा कंपनी अधिनियम, 2013, बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 और रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार विश्वसनीय वित्तीय सूचना की सामयिक तैयारी करने सहित अपने कारोबार के नियमानुसार व प्रभावी संचालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रूप से प्रचलित थे.

आपके बैंक ने मौजूदा आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली के मूल्यांकन के लिए आईएफसीओ-एफआर रूपरेखा तैयार की है और सभी कारोबार वर्टिकलों/विभागों के नियंत्रण की रिपोर्टिंग प्रक्रिया, प्रमाणन, दस्तावेजीकरण के अनुपालन के वैधीकरण और वित्तीय रिपोर्टिंग के संबंध में सभी महत्वपूर्ण संदर्भों में बैंक में नियंत्रणों की पर्याप्तता और प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए सलाहकार को नियुक्त किया है.

वर्ष 2019-20 के दौरान, बैंक के आईएफसीओ-एफआर रूपरेखा के अनुसार सभी अंतर्निहित प्रक्रियाओं के परीक्षण और वैधीकरण के पश्चात् सलाहकार ने जून 2019 से दिसंबर 2019 तक की तिमाहियों के लिए आंतरिक अनुपालन प्रमाणपत्र प्रस्तुत कर दिया है. सलाहकार ने 31 दिसंबर 2019 की तिमाही रिपोर्ट में आगे लाये गए विचाराधीन मुद्दों पर की गई कार्रवाई की स्थिति की समीक्षा की और 15 मई 2020 तक के अनुपालन की स्थिति अद्यतित की तथा यह सूचना दी कि यथा 31 दिसंबर 2019 को विचाराधीन 13 मुद्दों में से 5 का ठीक से समाधान कर उन्हें सुधारात्मक उपाय करते हुए बंद कर दिया गया है. संबंधित विभाग शेष विचाराधीन मुद्दों का समाधान करने के लिए ध्यानपूर्वक कार्य कर रहे हैं.

प्रमुख वित्तीय अनुपातों में महत्वपूर्ण परिवर्तनों के विवरण (अर्थात् गत वर्ष की तुलना में 25% या अधिक बदलाव)* तथा उन पर विस्तृत स्पष्टीकरण:

विवरण	2018-19	2019-20	टिप्पणियां
निवल ब्याज मार्जिन (%)	2.03	2.61	ब्याज व्यय में ₹ 2,319 करोड़ और ब्याज आय में ₹ 1,247 करोड़ की कमी के कारण निवल ब्याज आय में ₹ 1,072 करोड़ की वृद्धि हुई.
निवल अग्रिमों की तुलना में निवल एनपीए का %	10.11	4.19	निवल एनपीए में ₹ 9,398 करोड़ की कमी आई.
प्रावधान कवरेज अनुपात (तकनीकी बट्टे खाते में डालने (टीडबल्यूओ) सहित)	82.88%	93.74%	निवल एनपीए 31 मार्च 2019 के ₹ 14,837 के स्थान पर 31 मार्च 2020 को ₹ 5,439 करोड़ रहा. यथा 31 मार्च 2020 को कुल प्रावधान (टीडबल्यूओ सहित) में ₹ 9,273 की वृद्धि हुई.
कुल जमाराशियों की तुलना में कासा अनुपात	42.54%	47.74%	कासा शेष 31 मार्च 2019 के ₹ 96,730 करोड़ रुपये की तुलना में बढ़कर यथा 31 मार्च 2020 को ₹ 1,06,188 करोड़ हो गया और कुल जमाराशियां 31 मार्च 2019 के ₹ 2,27,372 करोड़ की तुलना में घटकर यथा 31 मार्च 2020 को ₹ 2,22,424 करोड़ रह गयीं.

** पीसीआर एवं कासा के मामले में 25% से कम परिवर्तन सहित*

पूंजी पर्याप्तता

आपका बैंक बासेल-III ढांचे के अंतर्गत पिलर-I दिशानिर्देशों के अनुसार ऋण, बाजार और परिचालनगत जोखिमों के लिए विनियामक पूंजी आवश्यकता की तिमाही आधार पर गणना करता है. बासेल दिशानिर्देशों के अनुसार भारत में बैंकों के लिए 31 मार्च 2016 से चरणबद्ध तरीके से पूंजी संरक्षण बफर (सीसीबी) बनाए रखना अनिवार्य है. रिज़र्व बैंक की दिनांक 27 मार्च 2020 की अधिसूचना के अनुसार बासेल-III पूंजी विनियमनों की परिवर्ती व्यवस्थाओं की समीक्षा कर 31 मार्च 2020 को प्रयोज्य सीसीबी 1.875% विनिर्दिष्ट किया गया. तद्नुसार यथा 31 मार्च 2020 को आपके बैंक की *'कुल पूंजी + पूंजी संरक्षण बफर (सीसीबी)'* की न्यूनतम विनियामक अपेक्षा 10.875% थी. 31 मार्च 2020 को आपके बैंक का *'कुल पूंजी+सीसीबी'* अनुपात 13.31% रहा. इसी प्रकार आपके बैंक का *'सामान्य इक्विटी टियर 1 (सीईटी1) + सीसीबी'* अनुपात 7.375% की विनियामक अपेक्षा की तुलना में 10.54% रहा. यथा 31 मार्च 2020 को आपके बैंक का 'टियर 1 + सीसीबी' अनुपात 8.875% की विनियामक अपेक्षा की तुलना में 10.57% रहा. यथा 31 मार्च 2020 को आपके बैंक का लीवरेज अनुपात 3.50% की न्यूनतम विनियामक अपेक्षा की तुलना में 4.97% रहा.

आपके बैंक के पास बासेल III ढांचे के पिलर 2 मानदंडों के अनुरूप आंतरिक पूंजी पर्याप्तता अभिनिर्धारण प्रक्रिया (आईसीएएपी) के लिए निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित नीति है. यह बैंक को पिलर-I में शामिल नहीं किए गए जोखिमों का आंतरिक रूप से आकलन करने और उनका परिमाण निर्धारित करने और साथ ही सामान्य तथा दबावग्रस्त स्थितियों में जोखिमों का प्रबंध करने और उन्हें कम करने के लिए उपयुक्त रणनीतियां तैयार करने में समर्थ बनाती है.

आपके बैंक ने रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, एक व्यापक दबाव परीक्षण की रूपरेखा तैयार की है. यह दबाव परीक्षण रूपरेखा आपके बैंक को असाधारण लेकिन संभाव्य घटनाक्रमों में अपने कार्यनिष्पादन का मूल्यांकन करने और अप्रत्याशित आकस्मिकताओं का सामना करने के लिए उपयुक्त अग्रसक्रिय रणनीति बनाने में सक्षम बनाती है. इस रूपरेखा में परिस्थिति विश्लेषण और प्रतिवर्ती दबाव परीक्षण को भी शामिल किया गया है. परिस्थिति विश्लेषण में सकल एनपीए में और वृद्धि के प्रभाव, एनपीए तथा तकनीकी रूप से बट्टे खाते डाले गए खातों (टीडबल्यूओ) में गैर-निधि सुविधाओं का सूक्ष्मीकरण और बैंक की पूंजी तथा लाभप्रदता पर अतरल प्रतिभूतियों के प्रभाव पर अध्ययन शामिल है. आपके बैंक ने अपनी ऋण सहायता के विभिन्न क्षेत्रों पर कोविद -19 महामारी के कारण पड़ने वाले उन हानिकारक प्रभावों का आरंभिक आकलन करने के लिए भी अलग से परिदृश्य तैयार किया है, जो बैंक की लाभप्रदता पर प्रतिकूल असर डाल सकते हों. इस रूपरेखा में प्रतिवर्ती दबाव परीक्षण प्रणाली शामिल की गई है ताकि पूंजी पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले दबाव का स्तर जान कर इसे पूर्व-निर्धारित स्तर पर लाया जा सके.

आपके बैंक ने बासेल मानदंड की पिलर 3 अपेक्षाओं के अनुसार एक प्रकटन नीति अपनाई है. तदनुसार प्रत्येक तिमाही की समाप्ति पर प्रकटन को आपके बैंक की वेबसाइट पर रखा जाता है, जिससे उच्च स्तरीय पारदर्शिता का पता चलता है.

आपका बैंक पूंजी प्रभार की गणना के लिए ऋण जोखिम के अंतर्गत मानकीकृत दृष्टिकोण अपनाता है. आपका बैंक परिचालनगत जोखिम के लिए विनियामक पूंजी प्रभार की गणना हेतु मूलभूत सांकेतिक दृष्टिकोण (बीआईए) अपनाता है. प्रभावी नियंत्रण प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न कारोबार खंडों में प्रमुख जोखिम संकेतक (केआरआई) और जोखिम व नियंत्रण स्व-आकलन (आरसीएसए) की व्यापक रूपरेखा लागू की गई है. आपका बैंक बाजार जोखिम के लिए विनियामक पूंजी अपेक्षाओं की गणना हेतु मानकीकृत मापन पद्धति (एसएमएम) अपनाता है.

कारोबार रणनीति

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने अपने कारोबार मिश्र का पुनः संतुलन करते हुए स्वयं को खुदरा- केंद्रित बैंक के रूप में स्थापित करने के लिए रणनीतिक पहल जारी रखी. आस्ति मोर्चे पर आपके बैंक ने खुदरा आस्तियों में लक्ष्यित संवृद्धि के जरिए अपने पोर्टफोलियो मिश्र को व्यापक रूप देने हेतु संगठित प्रयास किए. इस संबंध में आपके बैंक ने रिटेल, कृषि और एमएसएमई (आरएएम) खंडों के अग्रिमों में वृद्धि पर जोर दिया, जिससे जोखिम-भारित आस्तियों (आरडबल्यूए) को कम करने में सहायता मिली. देयता के मोर्चे पर, कासा और खुदरा जमाराशि आधार को बढ़ाते हुए कुल जमाराशियों में कम-लागत वाली जमाराशियां बढ़ाने के उपाय किए गए, जिनसे बैंक को अपनी जमाराशियों की समग्र लागत को घटाने में मदद मिली. आपके बैंक ने अपनी कारोबार रणनीति के अनुरूप अपनी कॉरपोरेट ऋण बही को सजगता के साथ सीमित किया है जिससे इसे अपने कारोबार फोर्टफोलियो संमिश्र में जोखिम को और कम करने के साथ-साथ कम पूंजी आधारित मॉडल की तरफ जाने में मदद मिली है.

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा बहुलांश शेयरों के अधिग्रहण के कारण आपके बैंक के लिए समन्वित कारोबार के, विशेष रूप से खुदरा कारोबार के कई मार्ग खुल गए हैं. इस कारोबारी समन्वय का पूरा लाभ उठाने के लिए बैंक व इसकी सहयोगी कंपनियों के लिए भावी रूपरेखा तय करने हेतु एक टास्क फोर्स का गठन किया गया है, जिसमें बैंक व एलआईसी के शीर्ष प्रबंधन को सदस्य बनाया गया है. इस टास्क फोर्स ने बैंक की शाखाओं के माध्यम से एलआईसी की पॉलिसियाँ बेचने, बैंक की शाखाओं द्वारा एलआईसी की नकद व अन्य प्रीमियम प्राप्तियों का प्रबंधन तथा एलआईसी के पॉलिसी धारकों और बैंक के ग्राहकों के लिए डिजिटल समाधान उपलब्ध कराने के लिए बैंक और एलआईसी, दोनों में ही उपलब्ध तकनीकी साधनों को समर्थ बनाने आदि जैसे कारोबारी समन्वय के कुछ क्षेत्र निर्धारित कर दिए हैं. इस कारोबारी समन्वय का परस्पर लाभ उठाने के लिए एक कार्य दल का भी गठन किया गया है जो टास्क फोर्स द्वारा समन्वय हेतु तय किए गए पहल कार्यों को आगे बढ़ाएगा और प्रबंधन स्तर पर लिये गए निर्णयों को प्रभावी रूप से कार्यान्वित करेगा.

आपका बैंक अपने हितधारकों का सबसे पसंदीदा और विश्वसनीय बैंक बनने के अपने संकल्प के प्रति प्रतिबद्ध है. तदनुसार आपके बैंक ने ग्राहक के आह्लाद पर ध्यान देते हुए ग्राहक-केंद्रित रणनीति अपनायी है. बैंक ने डेटा एनालिटिक्स और ग्राहक संबंध प्रबंधन (सीआरएम) बिक्री मॉड्यूल आरंभ किए हैं, जिनसे बैंक को अपने ग्राहक को सही समय पर सही उत्पाद मुहैया कराने का दृष्टिकोण अपनाने में मदद मिलेगी. इसके अलावा आपके बैंक ने प्रौद्योगिकीय नवोन्मेषण और उन्नयन में निवेश करना जारी रखा ताकि ग्राहक को बेहतर सेवा व अनुभव मिल सकें. आपका बैंक भारत सरकार के 'संवर्धित पहुँच और सेवा उत्कृष्टता' (ईएएसई) सिद्धांत के प्रति भी प्रतिबद्ध है.

अपने कारोबार कार्य-निष्पादन को बढ़ाने के लिए विभिन्न उपाय करने के अलावा आपका बैंक अपनी आस्ति गुणवत्ता को बेहतर करते हुए अपनी वित्तीय सेहत मजबूत करने के लिए प्रयासरत रहा. आपके बैंक ने नई गैर-निष्पादक आस्तियां (एनपीए) रोकने और मौजूदा ह्रासित आस्तियों से अधिकतम वसूली करने के प्रयासों पर बल दिया. आपके बैंक में समाधान और वसूली पर केंद्रित और आक्रामक दृष्टिकोण अपनाने के लिए एनपीए प्रबंधन समूह (एनएमजी) नामक समर्पित वर्टिकल है. आपके बैंक ने कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) के अंतर्गत मामले देखने के लिए एक समर्पित डेस्क का गठन किया है. इसके अलावा आपके बैंक ने खुदरा खंड में वसूली पर विशेष ध्यान देने के लिए एक समर्पित टीम बनाई है. इन उपायों के अलावा बैंक के पोर्टफोलियो में किसी भी दबाव की शुरुआत से ही निगरानी रखने के लिए बैंक में एक ऋण निगरानी समूह (सीएमजी) भी है. आपके बैंक ने पूरे बैंक में एक स्व-चालित और व्यापक समय-पूर्व चेतावनी संकेत (ईडबल्यूएस) प्रणाली भी सफलतापूर्वक लागू की है, जिससे बैंक के उच्च जोखिम वाले खातों तथा ऐसे पूर्व-विशेष उल्लेखित खातों (एसएमए) की पहचान करने की क्षमता में वृद्धि हुई है, जिनमें दबाव के प्रारंभिक संकेत दिखाई पड़ने लगे हैं. इन पहल कार्यों से दबाव को आरंभिक स्थिति में ही कम करने, किसी भी गिरावट को रोकने और बैंक की ऋण गुणवत्ता सुधारने में मदद मिली है.

आपका बैंक अपनी निर्णय प्रक्रिया में प्रभावी जोखिम संरचना के महत्व को समझते हुए और कारोबार निरंतरता को जारी रखने के लिए अपनी जोखिम प्रबंध प्रणाली को पहले से ही सशक्त करता रहा है. इसके अलावा आपका बैंक प्रमुख कानूनों, नियमों, विनियमों व विभिन्न आचार संहिताओं का पालन करते हुए एक सशक्त अनुपालन संस्कृति को बढ़ावा देता है ताकि अपनी साख कायम रखते हुए ग्राहकों, निवेशकों और विनियामकों का विश्वास जीता जा सके.

मुख्य कारोबारी पहल-कार्य

अपनी रणनीतिक आवश्यकताओं को देखते हुए आपके बैंक ने अपने समग्र उत्पादों और सेवाओं के संबंध में कई पहल कार्य किए हैं ताकि अपने रिटेल व कॉरपोरेट ग्राहकों की बैंकिंग जरूरतों और वित्तीय लक्ष्यों को पूरा किया जा सके. नए उत्पाद व सेवाएँ शुरू करने के अलावा आपके बैंक ने अपने मौजूदा उत्पादों और सेवाओं को आधुनिक रूप दिया है ताकि ग्राहकों की सामने आ रही पसंदीदा जरूरतों और उभरते बैंकिंग व विनियामक परिदृश्य की अपेक्षाएँ पूरी की जा सकें.

एलआईसी द्वारा बहुलांश हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने के बाद उभरे समन्वय का लाभ उठाते हुए आपके बैंक ने एलआईसी के कर्मचारियों, एजेंटों और सहायक कंपनियों को उनकी बैंकिंग व निवेश संबंधी जरूरतें पूरी करने के लिए अपनी कई नवोन्मेषी, विशेष और अनुकूल उत्पाद व सेवाओं की पेशकश की.

आपका बैंक अपनी 1,892 शाखाओं, 3,683 एटीएम और 58 ई-लाउंज के भौगोलिक नेटवर्क का प्रभावी तरीके से लाभ उठाते हुए ग्राहकों की सेवा कर रहा है. अपनी भौतिक रूप में उपस्थित शाखाओं के अलावा आपका बैंक अपने ग्राहकों को निर्बाध, सुविधाजनक, सुरक्षित, कभी भी, कहीं भी बैंकिंग प्रदान करने के लिए अपनी डिजिटल संरचना को भी आधुनिक स्वरूप दे रहा है. इसके अलावा आपके बैंक ने प्रौद्योगिकीय उन्नति का लाभ अपने ग्राहकों को देने के लिए कई नए और नवोन्मेषी एप्लीकेशन भी शुरू किए हैं. समाज के प्रत्येक वर्ग द्वारा डिजिटल भुगतान के अधिक से अधिक उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार के *'दिग्गीधन मिशन'* के अनुरूप आपके बैंक ने सभी डिजिटल उत्पाद संबंधी पूछताछ के लिए संपर्क हेतु एकल केंद्र के रूप में कार्य करने के लिए प्रत्येक शाखा में एक अधिकारी को *'डिजिटल गुरु'* के रूप में पदनामित किया है.

आपका बैंक प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों के प्रोत्साहन के महत्व को समझते हुए प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र (पीएसएल) को ऋण देने में सक्रियता के साथ योगदान करता रहा है तथा ऐसा करते हुए बैंक आरबीआई के अधिदेश का अनुपालन करता है. आपका बैंक उचित, पारदर्शी तरीके और वहन करने योग्य लागत पर समाज के कमजोर वर्गों को वित्तीय उत्पाद और सेवाओं तक पहुँच सुनिश्चित कराते हुए समावेशी विकास के उद्देश्य को सक्रियता से आगे बढ़ाता रहा है. आपके बैंक ने अपने कारोबार प्रतिनिधि (बीसी)/ कारोबार सुलभकर्ता (बीएफ) नेटवर्क का लाभ उठाकर अपने कारोबार को ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में फैलाने का भी प्रयास किया ताकि वित्तीय समावेशन के साथ-साथ बैंक के पीएसएल कारोबार को और भी बल मिल सके. चूंकि वित्तीय साक्षरता प्रभावी वित्तीय समावेशन के लिए एक पूर्व-आवश्यकता है, इसलिए आपके बैंक ने लाभार्थियों की वित्तीय साक्षरता सुधारने हेतु अनेक पहल कार्य किए ताकि उन्हें दी जाने वाली वित्तीय सेवाओं का सर्वोत्तम उपयोग किया जा सके.

आपका बैंक अपने श्रेणी बी के अधिकृत डीलर टीएफ केंद्रों और अभिनिर्धारित खुदरा टीएफ शाखाओं के माध्यम से अपने ग्राहकों को व्यापार वित्त (टीएफ) उत्पादों और सेवाओं की सम्पूर्ण श्रृंखला प्रदान करता है. आपके बैंक ने द्विपक्षीय रुपया भुगतान प्रणाली के अंतर्गत भारतीय रुपए में तेल और गैर-तेल भारत-ईरान व्यापार सौदों का संचालन करने के लिए मार्च 2019 में भारत सरकार से अधिदेश भी प्राप्त किया.

आपका बैंक केंद्र और राज्य सरकारों की प्राप्तियों और भुगतानों के प्रबंधन के लिए उनके एजेंट के रूप में भी कार्य करता है. आपका बैंक चुनिंदा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में केंद्र सरकार के करों और राज्य प्राप्तियों का संग्रहण करने, अपनी शाखाओं के माध्यम से लघु बचत योजनाओं की पेशकश करने तथा केंद्रीय नागरिक, रक्षा और रेलवे पेंशन वितरित करने हेतु प्राधिकृत किया गया है. आपका बैंक कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) और कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) की देय राशियों के ऑनलाइन संग्रहण का कार्य भी करता है.

आपका बैंक संग्रहण और भुगतान समाधानों की एक व्यापक श्रृंखला के जरिए प्रभावी नकदी प्रबंधन सेवाएं (सीएमएस) प्रदान करता है. आपका बैंक प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन, प्रधानमंत्री किसान मान-धन और प्रधानमंत्री लघु व्यापारी सम्मान जैसी भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के लिए एकमात्र प्रायोजक बैंक के रूप में सूचीबद्ध किया गया है. आपका बैंक भारतीय रेलवे की ई-किराया भुगतान प्रणाली में भाग लेने के लिए प्राधिकृत है और चुनिंदा अंचलों में ई-किराए का संग्रहण कर रहा है. आपका बैंक भारत बिल भुगतान (बीबीपीएस) के माध्यम से उपयोगिता बिल भुगतान की सुविधा प्रदान करने के लिए भी प्राधिकृत है.

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने ग्राहक सेवा और अनुभवों पर अपना ध्यान जारी रखते हुए कारोबार बढ़ाने हेतु प्रौद्योगिकीय नवोन्मेषण में निवेश करना जारी रखा. आपके बैंक ने अपनी कई महत्वपूर्ण आईटी हार्डवेयर प्रणालियों के उन्नयन तथा मरम्मत पर विशेष बल दिया है तथा बैंक अपनी आईटी परिसंपत्तियों के संवर्धन में दीर्घकालिक निवेश के लिए प्रतिबद्ध है.

डेटा-संचालित बिक्रियों को बढ़ाने के लिए, आपके बैंक ने सही समय पर सही उत्पाद प्रदान करके बेहतर ग्राहक वॉलेट शेयर प्राप्त करने के उद्देश्य के साथ डेटा एनालिटिक्स के लिए उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) की स्थापना की है.

वर्ष के दौरान बैंक द्वारा किए गए पहल कार्यों के विस्तृत ब्योरे वार्षिक रिपोर्ट के प्रबंध विवेचना एवं विश्लेषण खंड में दिए गए हैं.

बैंक के कारोबार पर कोविद -19 महामारी का प्रभाव

सार्स-कोव 2 वायरस के चलते कोविद-19 भारत सहित दुनिया भर में फैलता जा रहा है. इससे वैश्विक और भारतीय बाजारों और आर्थिक गतिविधियों में महत्वपूर्ण अस्थिरता और प्रतिकूलता आई है. लॉकडाउन के कार्यान्वयन और इसकी अवधि बढ़ाने से व्यवसाय और आम जीवन में व्यवधान उत्पन्न हुआ है. मौजूदा हालात को देखने के बाद यह अनुमान लगाना मुश्किल है कि अंततः इसका असर कब तक रहेगा. विभिन्न उद्योग क्षेत्रों में बैंक के उधारकर्ताओं के सामने प्रमुख चुनौतियां नकदी प्रवाह में कमी होना और कार्यशील पूंजी चक्र का लंबा चलना होगी. बैंक इन चुनौतियों का सामना करने के लिए सभी मोर्चों पर अपनी तैयारी कर रहा है. इन घटनाओं और स्थितियों के बावजूद, भविष्य में बैंक के परिणामों के महत्वपूर्ण रूप से प्रतिकूल अथवा संबंधित आकलन पर प्रभाव पड़ने की उम्मीद नहीं है.

बैंक के लिए तरलता की स्थिति, ऋण या किसी अन्य प्रतिबद्धता की चुकौती, पूंजी या लाभप्रदता पर महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं पड़ेगा. तथापि बैंक उपरोक्त मापदंडों की स्थिति की लगातार निगरानी कर रहा है और सुधारात्मक कार्रवाइयां कर रहा है.

निदेशक मंडल

आपके बैंक के निदेशक मंडल का आधार व्यापक है और इसका गठन बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949, कंपनी अधिनियम, 2013, बैंक के संस्था अंतर्नियम के प्रावधानों और सेबी भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड [सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ] विनियम, 2015 (एलओडीआर विनियम) में उल्लिखित कॉरपोरेट अभिशासन की अपेक्षाओं द्वारा अभिशासित है. बोर्ड, बैंक के महत्वपूर्ण कार्यात्मक क्षेत्रों में सकेंद्रित

अभिशासन प्रदान करने के लिए प्रत्यक्ष रूप से और साथ ही बोर्ड की विभिन्न गठित समितियों के माध्यम से कार्य करता है. निदेशक मंडल में बैंक के गैर-कार्यपालक अध्यक्ष के रूप में एलआईसी के अध्यक्ष के साथ 15 सदस्य जिनमें एमडी एवं सीईओ और दो डीएमडी, एलआईसी के एक आधिकारिक नामिती निदेशक, भारत सरकार के दो नामिती निदेशक और एक महिला स्वतंत्र निदेशक सहित आठ स्वतंत्र निदेशक शामिल हैं.

31 मार्च 2020 को बोर्ड में चौदह निदेशक शामिल थे अर्थात् श्री एम. आर. कुमार, गैर-कार्यपालक अध्यक्ष, श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ, श्री सैम्युअल जोसेफ जेबराज और श्री सुरेश खटनहार, डीएमडी, पूर्णकालिक निदेशक के रूप में; सुश्री मीरा स्वरूप और श्री सुधीर श्याम, भारत सरकार के नामिती निदेशक तथा श्री राजेश कंडवाल, एलआईसी के नामिती निदेशक, गैर-कार्यपालक निदेशकों के रूप में; श्री ज्ञान प्रकाश जोशी, डॉ. आशिमा गोयल, श्री भुवनचंद्र बी. जोशी, श्री समरेश परिदा, श्री एन. जम्बुनाथन, श्री दीपक सिंघल और श्री संजय गोकुलदास कल्लापुर स्वतंत्र निदेशकों के रूप में. बोर्ड में शामिल 14 (चौदह) निदेशकों की वर्तमान संख्या संस्था के अंतर्नियम के अनुच्छेद 114 (ए) के अंतर्गत निर्दिष्ट अपेक्षाओं को पूरा करती है.

शीर्ष समितियां

आपके बैंक कारोबार और परिचालन के विभिन्न कार्य पहलुओं की देख-रेख करने के लिए बोर्ड की कुल चौदह समितियां हैं. बोर्ड की समितियों में बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति, कार्यपालक समिति, नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति, हितधारक संबंध समिति, मानव संसाधन संचालन समिति, धोखाधड़ी निगरानी समिति, वसूली समीक्षा समिति, जोखिम प्रबंध समिति, स्वतंत्र निदेशक समिति, कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति, असहयोगी उधारकर्ता समीक्षा समिति, ग्राहक सेवा समिति, इरादतन चूककर्ता समीक्षा समिति, सूचना प्रौद्योगिकी कार्यनीति समिति शामिल हैं.

कॉरपोरेट अभिशासन

आपका बैंक कॉरपोरेट अभिशासन की बेहतर पद्धतियां अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है. बैंक की मान्यता है कि प्रभावी कॉरपोरेट अभिशासन सिर्फ विनियामक अनुपालन की आवश्यकता मात्र नहीं है बल्कि हितधारकों के मूल्य में वृद्धि के लिए एक सुसाध्यकारक भी है. आपके बैंक में अपनाई जा रही कॉरपोरेट अभिशासन पद्धतियों का विस्तृत विवरण इस वार्षिक रिपोर्ट में कॉरपोरेट अभिशासन रिपोर्ट के अंतर्गत एक अलग खंड के रूप में दिया गया है.

कारोबार दायित्व रिपोर्ट

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने दिनांक 26 दिसंबर 2019 को सेबी [सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ] विनियम, 2015 में संशोधन किया. संशोधन के अनुसार, बाजार पूंजीकरण पर आधारित शीर्ष एक हजार सूचीबद्ध संस्थाओं की वार्षिक रिपोर्ट में कारोबार दायित्व रिपोर्ट (बीआरआर) शामिल होनी चाहिए. कारोबार दायित्व रिपोर्ट में सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा पर्यावरण, सामाजिक और अभिशासन परिप्रेक्ष्य में आरंभ किए गए पहल-कार्यों का वर्णन होना चाहिए. बैंक की कारोबार दायित्व रिपोर्ट बैंक की वेबसाइट - (https://www.idbibank.in/business-responsibility-report.asp) पर प्रदर्शित की गई है.

कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के नियम 5 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 के अंतर्गत कथन

समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान आपके बैंक की सेवा में ऐसा कोई कार्मिक नहीं था जिसे ₹ 1.02 करोड़ से अधिक का वार्षिक पारिश्रमिक प्राप्त हुआ हो. इसके अतिरिक्त, बैंक की सेवा में वर्ष के किसी हिस्से के लिए ऐसा कोई कार्मिक नहीं था जिसे प्रतिमाह ₹ 8.50 लाख से अधिक पारिश्रमिक प्राप्त हुआ हो. इसके अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष अथवा उसके किसी हिस्से के दौरान ऐसा कोई कार्मिक नियुक्त नहीं किया गया जिसे बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ अथवा उप प्रबंध निदेशक द्वारा आहरित कुल पारिश्रमिक की दर से अधिक पारिश्रमिक प्राप्त हुआ हो और जिसके पास स्वयं अथवा जिसके पति/पत्नी और आश्रित बच्चों के साथ मिलाकर बैंक के 2% इक्विटी शेयर से कम शेयर धारित हों.

31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के नियम 5(2) के अंतर्गत कथन - शीर्ष 10 कर्मचारियों का ब्योरा

वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान प्राप्त पारिश्रमिक के अनुसार बैंक के शीर्ष दस कर्मचारियों का ब्योरा दर्शाने वाला विवरण निम्नानुसार है:

क्रम संख्या	नाम	पदनाम	प्राप्त वार्षिक पारिश्रमिक (₹)	नियोजन की प्रकृति, यह संविदागत है अथवा अन्य प्रकार का है.	कर्मचारी की अर्हता और अनुभव	नियोजन शुरू करने की तारीख	कंपनी में आने से पूर्व ऐसे कर्मचारी द्वारा धारित पिछला नियोजन	ऐसे कर्मचारी की आयु
1.	श्री अशोक कुमार गौतम	कार्यपालक निदेशक	6067840.67	संविदागत	बीएससी और सीएआईआईबी (सीएआईआईबी - भारतीय बैंकर संस्थान के सर्टिफाइड असोसिएट) आईडीबीआई बैंक में अनुभव - 11 माह	24 जून 2019	एक्सिस बैंक	57 वर्ष 5 माह
2.	श्री सुरेश खटनहार	उप प्रबंध निदेशक	5406776.95	पूर्व में कार्यपालक निदेशक और अब डीएमडी	एम कॉम (कॉमर्स पोस्ट ग्रेजुएट), आई.सी.डबल्यू.ए (लागत लेखाकार), सीएआईआईबी (सीएआईआईबी - भारतीय बैंकर संस्थान के सर्टिफाइड असोसिएट), आईटी में सर्टिफिकेशन प्रोग्राम और वरिष्ठ प्रबंधन के लिए साइबर सुरक्षा (प्रमाणन - अन्य) आईडीबीआई बैंक में अनुभव - 22 वर्ष 11 माह	15 जनवरी 2020 (डीएमडी के रूप में)	देना बैंक	56 वर्ष 9 माह

क्रम संख्या	नाम	पदनाम	प्राप्त वार्षिक पारिश्रमिक (₹)	नियोजन की प्रकृति, यह संविदागत है अथवा अन्य प्रकार का है.	कर्मचारी की अर्हता और अनुभव	नियोजन शुरू करने की तारीख	कंपनी में आने से पूर्व ऐसे कर्मचारी द्वारा धारित पिछला नियोजन	ऐसे कर्मचारी की आयु
3.	श्री शैलेंद्र गोविंद नाडकर्णी	कार्य पालक निदेशक	4571304.44	स्थायी कर्मचारी	बीई (इंजीनियरिंग ग्रेजुएट), एमई(इंजीनियरिंग पोस्ट ग्रेजुएट), आईटी में सर्टिफिकेशन प्रोग्राम और वरिष्ठ प्रबंधन के लिए साइबर सुरक्षा (सर्टिफिकेशन - अन्य), सीएआईआईबी (सीएआईआईबी- भारतीय बैंकर संस्थान के सर्टिफाइड एसोसिएट) अनुभव - 26 वर्ष 7 महीने	01 नवंबर 1993	बॉम्बे पोर्ट ट्रस्ट	55 वर्ष, 5 माह
4.	श्री अरुण कुमार अग्रवाल	मुख्य महा प्रबंधक	4456558.46	स्थायी कर्मचारी	बीएससी (साइंस ग्रेज्युएट), एमबीए (मैनेजमेंट ग्रेज्युएट), सीएआईआईबी (सीएआईआईबी- भारतीय बैंकर संस्थान के सर्टिफाइड एसोसिएट), कोबोल में डिप्लोमा (डिप्लोमा) अनुभव - 33 वर्ष 5 माह	22 दिसंबर 1986	जेके इंडस्ट्रीज़ लि.	58 वर्ष 7 माह
5.	श्री सुब्रतो गुप्ता*	सलाहकार	4437579.75	पूर्व में कार्यपालक निदेशक और अब सलाहकार	बीटेक (इंजीनियरिंग ग्रेजुएट), आई.सी.डबल्यू.ए (लागत लेखाकार), आईटी और साइबर सुरक्षा में सर्टिफिकेशन प्रोग्राम (सर्टिफिकेशन - अन्य) अनुभव - 31 साल 11 महीने	18 नवंबर 2019 (सलाहकार के रूप में)	वेस्ट बंगाल कंसल्टेंसी ऑर्गेनाइजेशन लि.	60 वर्ष 8 माह
6.	श्री सुनित सरकार	मुख्य महा प्रबंधक	4399904.36	स्थायी कर्मचारी	बी.टेक. (इंजीनियरिंग ग्रेजुएट), बिजनेस मैनेजमेंट में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा(मैनेजमेंट ग्रेजुएट) आई. सी. डब्ल्यू. ए (लागत लेखाकार), सीएआईआईबी (भारतीय बैंकर संस्थान के सर्टिफाइड एसोसिएट), अनुभव 26 वर्ष 9 माह	1 सितंबर 1993	ईएसएबी (इंडिया) लिमिटेड	53 वर्ष 10 माह
7.	श्री मोहम्मद अफजल खान	मुख्य महा प्रबंधक	4386950.01	स्थायी कर्मचारी	बीएससी (साइंस ग्रेज्युएट), आईटी और साइबर सुरक्षा में सर्टिफिकेशन प्रोग्राम (सर्टिफिकेशन - अन्य), कम्प्युटर प्रोग्रामिंग, सिस्टम एनालिसिस और डिज़ाइन में डिप्लोमा, अनुभव-31 वर्ष 6 माह	21 नवंबर 1988	राइट बिजनेस प्रा. लि.	57 वर्ष 9 माह
8.	श्री अनिल राज	मुख्य महा प्रबंधक	4378086.59	स्थायी कर्मचारी	बीएससी (साइंस ग्रेज्युएट),एलएलएम (लॉ पोस्ट ग्रेज्युएट) अनुभव-30 वर्ष 4 माह	01 फरवरी 1990	प्रैक्टीसिंग एडवोकेट	57 वर्ष 10 माह
9.	श्री सुधीर शरद कुलकर्णी	मुख्य महा प्रबंधक	4346025.8	स्थायी कर्मचारी	बीई (इंजीनियरिंग ग्रेजुएट),जेएआईआईबी (जेएआईआईबी - भारतीय बैंकर संस्थान के जूनियर असोसिएट) अनुभव- 29 वर्ष 8 माह	26 सितंबर 1990	हिंदुस्तान फ्लोरो कार्बन लि.	55 वर्ष 10 माह
10.	श्रीमती बलजिंदर कौर मंडल	मुख्य महा प्रबंधक	4338429.97	स्थायी कर्मचारी	बीई (इंजीनियरिंग ग्रेजुएट), पीजीडीएम (प्रबंधन में पीजीडी), जेएआईआईबी (जेएआईआईबी - भारतीय बैंकर संस्थान के जूनियर असोसिएट) अनुभव- 32 वर्ष	01 जून 1988	आईडीबीआई बैंक लि.	54 वर्ष, 8 माह

* इसमें 30 सितंबर 2019 तक कार्यपालक निदेशक के रूप में और बाद में 18 नवंबर 2019 से सलाहकार के रूप में पारिश्रमिक शामिल है.

ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी समावेशन, विदेशी मुद्रा का अर्जन तथा व्यय

क) ऊर्जा संरक्षण

आपके बैंक द्वारा ऊर्जा संरक्षण की दिशा में शुरू किए गए विभिन्न पहल कार्य निम्नानुसार हैं :

- बैंक के प्रधान कार्यालय, मुंबई सहित बैंक के अन्य कार्यालयों और बैंक आवासीय भवनों में ऊर्जा की खपत कम करने के लिए पारंपरिक बिजली के फिक्सचर के स्थान पर ऊर्जा दक्ष एलईडी लाइट फिक्सचर / लैम्प/ ट्यूब लगाए गए हैं.
- बैंक की शाखाओं में नए साइनेज को पारंपरिक ऊर्जा की खपत वाले लाइट फिक्सचर के स्थान पर नई एलईडी रोशनी वाली लाइटों से सुसज्जित किया जा रहा है.
- सभी नई अथवा नवीकृत शाखाओं में पारंपरिक फ्लोरोसेंट / पीएल लैंप के स्थान पर एलईडी रोशनी का प्रयोग किया जा रहा है.
- एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड द्वारा विकसित बैंक के नए कार्यालय भवन सहित नई दिल्ली के आवासीय भवनों तथा केंद्रीय सार्वजनिक निर्माण विभाग, भारत (सीपीडब्ल्यूडी) द्वारा

हैदराबाद में जवाहरलाल नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस (जेएनआईबीएफ) में विकसित नए आवासीय भवनों में कॉमन बिजली/ पंपों आदि के लिए सौर पैनल लगाए गए हैं.

- जेएनआईबीएफ ऐनेक्स, हैदराबाद में निर्मित नए आवासीय भवनों में जल संचयन की सुविधा भी प्रदान की गई है.

ख) प्रौद्योगिकी समावेशन

आपका बैंक ऐसे आधुनिकतम प्रौद्योगिकी-आधारित नवोन्मेषी कार्यों की पूरी सक्रियता के साथ संवीक्षा कर उनका समावेशन कर रहा है, जिनसे कारोबारी कामकाज को सशक्त बनाने, अपने ग्राहकों को सुखकर अनुभव देने तथा भावी अवसरों और चुनौतियों का सामना करने के लिए तत्परता बरतने में मदद मिलेगी. आपके बैंक द्वारा हाल ही में शुरू किए गए प्रौद्योगिकी-आधारित सुधार कार्यों में बैंक के कोर बैंकिंग समाधान का 7.x से 10.x में सफल व सुचारू माइग्रेशन, बैंक के इंटरनेट बैंकिंग सिस्टम का मौजूदा ई-बैंकिंग (ईबी) वर्जन से नवीनतम फिनेकल ई-बैंकिंग आर्किटेक्चर (फेबा) में अपग्रेडेशन, समय-पूर्व चेतावनी सिग्नल (ईडबल्यूएस) समाधान का कार्यान्वयन, एनालिटिक्स एवं सीआरएम सेल्स मॉड्यूल की सफल शुरुआत, उद्यम-व्यापी डेटा वेयरहाउस (ईडीडबल्यू) का निर्माण, उद्यम-व्यापी धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन समाधान (ईएफआरएमएस) के मोबाइल एप्लिकेशन के साथ ऑफसाइट मॉड्यूल और ऑनलाइन मॉड्यूल की सफल शुरुआत जैसे कार्य शामिल हैं. ईडीडबल्यू परियोजना के अंतर्गत आपके बैंक ने विभिन्न ऋण उत्पाद संबंधी एनपीए भविष्यवाणी, कृषि/ एमएसएमई पोर्टफोलियो के लिए नियमित भविष्यवाणी, चालू/ बचत खाते, क्रॉस-सेलिंग अप-सेलिंग मॉडल, ग्राहक प्रोफाइलिंग व खंड आदि के लिए कई विश्लेषणात्मक/ भविष्यसूचक मॉडल बनाए हैं. आपके बैंक ने स्वचालित प्रक्रिया के तहत रिटर्न तैयार करने व इन्हें रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत करने के लिए क्रमशः ऑटोमेटेड डेटा फ्लो (एडीएफ) एप्लिकेशन व केंद्रीकृत सूचना प्रबंध प्रणाली (सीआईएमएस) का सफलतापूर्वक कार्यान्वयन किया. आपके बैंक के अद्यतित इंटरनेट बैंकिंग एप्लिकेशन में यूपीआई-आधारित भुगतान; रिटेल व कॉरपोरेट नेट बैंकिंग के लिए लॉगिन करते समय केप्चा, इमेज, फ्रेज जैसे अतिरिक्त सुरक्षा फीचर; डैशबोर्ड पर कस्टमाइज्ड विजेट; रिटेल व कॉरपोरेट नेट बैंकिंग के लिए व्यक्तिगत डैशबोर्ड; भारत बिल भुगतान प्रणाली (बीबीपीएस) एकीकरण जैसे कई फीचर हैं. आपके बैंक के मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन में वास्तविक अनुकूलन प्राधिकरण अर्थात् लॉगिन में असामान्य परिवर्तन के विश्लेषण के लिए ईएफआरएमएस) को जोड़ा है, साथ ही मोबाइल बैंकिंग में यूपीआई के माध्यम से अन्य बैंकों के खाते जोड़ने की सुविधा और शेड्यूल इंटर बैंक निधि अंतरण (एनईएफटी) का विकल्प जैसे फीचर दिए गए हैं.

आपके बैंक ने अपने सुरक्षा संचालन केंद्र (एसओसी) की क्षमता को पहले ही अद्यतन कर लिया है. आपका बैंक अपने सुरक्षा पहलुओं को और सुदृढ़ करने; भावी कारोबार संवृद्धि के लिए निजी क्लाउड आर्किटेक्चर के तहत क्षमता में वृद्धि करने, माइक्रो सेवाओं के लिए एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (एपीआई) गेटवे तैयार कर लागू करने, वर्चुअल डेस्कटॉप इंटरफेस (वीडीआई) शुरू करने, क्लाउड पर चैटबोट रखने, कोग्निटिव चैट बोट जैसे उभरते क्षेत्रों के लिए आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एआई) व मशीन लर्निंग (एमएल) स्थापित करने, नेक्स्ट जनरेशन फायर वाल्स जैसे कई कार्य कर रहा है. जहां आपके बैंक ने उधार से जुड़ी प्रक्रियाओं के ऑटोमेशन के लिए ऑनलाइन ऋण समीक्षा प्रणाली जैसे विभिन्न दूरगामी समाधानों का कार्यान्वयन पहले ही शुरू कर दिया है, वहीं बैंक उद्यमी डेटा खोने की रोकथाम (डीएलपी) व डेटा वर्गीकरण समाधान, एंडपॉइंट और एनक्रिप्शन के लिए बैकअप समाधान जैसे सुरक्षा संबंधी कई पहल कार्य लागू कर रहा है. सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में किए गए अन्य पहल कार्यों का ब्योरा वार्षिक रिपोर्ट के प्रबंध विवेचना एवं विश्लेषण खंड में दिया गया है.

ग) विदेशी मुद्रा विनिमय अर्जन एवं व्यय

वर्ष के दौरान, बैंक द्वारा अर्जित कुल विदेशी मुद्रा 9,284.35 लाख रुपये (डेरिवेटिव और विदेशी मुद्रा विनिमय लेनदेन में विदेशी मुद्रा नकदी प्रवाह को छोड़कर) थी और परिचालन और पूंजीगत व्यय आवश्यकताओं के लिए कुल विदेशी मुद्रा व्यय रुपये 15,147.09 लाख रुपए था.

भारतीय रिज़र्व बैंक की त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई (पीसीए)

आपके बैंक की उच्च निवल अनर्जक आस्तियों (एनपीए) और आस्तियों पर नकारात्मक प्रतिलाभ (आरओए) को देखते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक ने 5 मई 2017 के अपने पत्र के ज़रिए आपके बैंक के लिए त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई (पीसीए) शुरू की. बैंक इस संबंध में रिज़र्व बैंक के निदेशों का अनुपालन करने के लिए आवश्यक कार्रवाई कर रहा है. बैंक ने अपनी वित्तीय स्थिति को सुधारने के लिए रूपांतरण की एक व्यापक रणनीति भी बनाई है. इसके साथ-साथ, रिज़र्व बैंक द्वारा नये कॉरपोरेट एक्सपोजर देने पर प्रतिबंध के संबंध में जारी निदेशों के अनुपालन के क्रम में बैंक ने अपनी आंतरिक क्रेडिट नीति की समीक्षा की है और यह अपने कॉरपोरेट एक्सपोजर को सीमित करने की दिशा में काम कर रहा है.

निदेशकों की जिम्मेदारी के संबंध में कथन

निदेशक मंडल एतद्द्वारा घोषणा और पुष्टि करता है कि:

क. वार्षिक लेखों को तैयार करने में लागू लेखांकन मानकों का पालन किया गया है. साथ ही तात्विक रूप से अनुसरण न किये गये मामलों में उचित स्पष्टीकरण दिया गया है;

ख. निदेशकों ने ऐसी लेखांकन नीतियों का चयन किया है और उनका निरंतर प्रयोग किया है तथा ऐसे निर्णय लिए हैं एवं अनुमान लगाए हैं जो लेखा वर्ष के अंत में आपके बैंक की स्थिति और इसी अवधि में आपके बैंक के लाभ अथवा हानि की सही एवं उचित तस्वीर प्रस्तुत करने के लिए यथोचित तथा विवेकपूर्ण हैं;

ग. निदेशकों ने आपके बैंक की आस्तियों की सुरक्षा तथा धोखाधड़ी एवं अन्य अनियमितताओं को रोकने और उनका पता लगाने के लिए इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखा रिकार्डों के रख-रखाव के लिए उचित और पर्याप्त सावधानी बरती है;

घ. निदेशकों ने चालू समुत्थान के आधार पर वार्षिक लेखे तैयार किए हैं.

ङ. निदेशक मंडल ने बैंक द्वारा अनुसरण किए जाने के लिए आंतरिक वित्तीय नियंत्रण निर्धारित किए हैं तथा कि ये आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त हैं और प्रभावी ढंग से काम कर रहे हैं; और

च. निदेशक मंडल ने लागू सभी नियमों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणालियाँ तैयार की हैं तथा कि ये प्रणालियाँ पर्याप्त हैं और प्रभावी ढंग से काम कर रही हैं.

आभार

आपके बैंक का निदेशक मंडल भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक (रिज़र्व बैंक), अन्य सभी सांविधिक/ विनियामक प्राधिकरणों तथा भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का उनके बहुमूल्य सहयोग और मार्गदर्शन के लिए हृदय से आभारी है. निदेशक मंडल विभिन्न राज्य सरकारों और अन्य बैंकों / वित्तीय संस्थाओं का भी उनके द्वारा दिये गये सहयोग और सहायता के लिए आभार मानता है. निदेशक मंडल विभिन्न बहुपक्षीय संस्थाओं और अंतर्राष्ट्रीय बैंकों/ संस्थाओं से मिले सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद देता है. बोर्ड अपने सभी निष्ठावान शेयरधारकों और ग्राहकों का वर्ष के दौरान उनके द्वारा दिये गये सहयोग के लिए हृदय से आभार प्रकट करता है और भविष्य में भी उनसे सतत् सहयोग की अपेक्षा करता है. निदेशक मंडल अपने समस्त स्टाफ की निष्ठापूर्ण और समर्पित सेवाओं की सराहना करता है और बैंक के प्रति उनकी वचनबद्धता का अत्यधिक सम्मान करता है.

[सैम्युअल जोसेफ जेबराज]
उप प्रबंध निदेशक

[राकेश शर्मा]
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

स्थान : मुंबई
दिनांक: 30 मई 2020

Directors' Report

Your Bank's Board of Directors is pleased to present the Report on its Business and Operations for the financial year ended March 31, 2020.

In the year 2019-20, the Indian economy experienced a broad-based deceleration with a slowdown in private consumption on the demand side and the weakening of growth momentum in both industry and services on the supply side. While agriculture and allied activities remained buoyant, industrial activities decelerated on the back of sharp slowdown in manufacturing activity, electricity, gas, water supply & other utility services as well as construction and growth in services sector moderated due to slowdown in trade, hotels, transport, communication and services related to broadcasting and financial services, real estate and professional services. The subdued domestic economic activities, during the year, was further impacted by the nation-wide lockdown announced in March 2020 to contain spread of coronavirus (Covid-19) pandemic. Banks, being an integral part of the economy, were consequently impacted due to India's economic slowdown and towards the end of the fiscal, due to the effect of Covid-19 pandemic. While comprehensive policy measures were initiated to minimise the impact of Covid-19 on the economy, the overall impact of these measures is expected to be observed with a lag. It is, therefore, crucial to view the performance of your Bank in this context.

Financial Highlights

As on March 31, 2020, your Bank's aggregate deposits and advances touched ₹ 2,22,424 crore and ₹ 1,29,842 crore, respectively. Your Bank's business highlights for the period under review are presented in Table 1.

Table 1: Key Financials

(In ₹ crore)

	As on March 31, 2019	As on March 31, 2020
Capital	7,736	10,381
Reserves & Surplus	29,875	23,644
Deposits	2,27,372	2,22,424
Borrowings	45,288	36,749
Other Liabilities & Provisions	10,013	6,745
Total Liabilities	**3,20,284**	**2,99,942**
Cash & Balances with RBI	12,730	10,539
Balances with Banks & Money at Call & Short Notice	8,503	19,892
Investments	93,073	81,780
Advances	1,46,790	1,29,842
Fixed & Other Assets	59,188	57,890
Total Assets	**3,20,284**	**2,99,942**
For the period	**2018-19**	**2019-20**
Total Income	25,372	25,295
Total Expenses (other than provisions)	21,319	20,183
Provisions (other than tax)	26,879	14,079
Profit/ (Loss) Before Tax	(22,827)	(8,967)
Provision for Tax	(7,711)	3,920
Profit/ (Loss) After Tax	(15,116)	(12,887)

During the year under review, your Bank's total income amounted to ₹ 25,295 crore, comprising interest income of ₹ 20,825 crore and other income of ₹ 4,470 crore. Interest expenses stood at ₹ 13,847 crore and operational expenses at ₹ 6,336 crore, accounting for total expenditure (excluding provisions and contingencies) of ₹ 20,183 crore.

Total provisioning of your Bank declined for the year due to lower provisioning for Non-Performing Assets (NPAs). The provisions include ₹ 13,920 crore towards provision for Non-Performing Assets (NPAs), bad debts written-off and investments. As the provisioning remained substantial, your Bank incurred a net loss of ₹ 12,887 crore during FY 2019-20.

While the Earnings per Share (EPS) during the year was negative due to the losses, the Book Value per Share (excluding intangible assets) stood at ₹ 11.21 as at end-March 2020.

Report on the Performance and Financial Position of Subsidiaries and Joint Venture included in the Consolidated Financial Statement as on March 31, 2020

Name of the entity	Net Assets, i.e., total assets minus total liabilities		Share in profit or loss	
	As % of consolidated net assets	(In ₹ Crore)	As % of consolidated profit or loss	(In ₹ Crore)
1	2	3	4	5
Parent : IDBI Bank Ltd.	97.67%	34,024.37	100.41%	(12,887.33)
Subsidiaries:				
Indian:				
1. IDBI Capital Markets & Securities Ltd.	0.88%	305.25	0.08%	(9.66)
2. IDBI Intech Ltd.	0.18%	63.04	(0.07)%	9.07
3. IDBI Asset Management Company Ltd.	0.31%	108.85	(0.01)%	0.75
4. IDBI MF Trustee Company Ltd.	0.00%	1.57	0.00%	0.10
5. IDBI Trusteeship Services Ltd.	0.64%	224.40	(0.27)%	35.18
Foreign:	NA	NA	NA	NA
Minority Interests in all subsidiaries	0.30%	103.58	(0.12)%	15.94
Associates (Investment as per the equity method)				
Indian				
1. Biotech Consortium India Ltd.	NA	NA	0.00%	0.35
2. National Securities Depository Ltd.	NA	NA	(0.16)%	21.03
3. NSDL e-Governance Infrastructure Ltd.	NA	NA	(0.05)%	6.72
4. North Eastern Development Finance Corporation Ltd.	NA	NA	NA	NA
Foreign:	NA	NA	NA	NA
Joint Ventures (as per proportionate consolidation/ investment as per the equity method)				
Indian				
1. IDBI Federal Life Insurance Company Ltd.	1.27%	441.20	(0.55)%	70.96
Foreign	NA	NA	NA	NA
Total	100.96%	35,168.66	99.48%	(12,768.76)
Elimination	(0.96)%	(332.94)	0.52%	(66.48)
Net Total	100.00%	34,835.72	100.00%	(12,835.24)

Note: None of the above subsidiaries have any subsidiary.

** - In respect of Pondicherry Industrial Promotion Development and Investment Corporation Ltd. (PIPDICL), the Bank has not received any financial statements & transactions details from the company. Hence, information is not consolidated in the above table. The Bank has written down investment in PIPDICL to Rupee one.*

Material changes and commitments, if any, affecting financial position of IDBI Bank which have occurred during the end of financial year and the date of Board Report

There were no material changes and commitments affecting the financial position of the Bank, which occurred between the end of the financial year of the Bank, i.e. March 31, 2020 and the date of the Directors' Report.

The details in respect of adequacy of internal financial controls with reference to the financial statements

According to Section 143(3)(i) of the Companies Act 2013, w.e.f. FY 2015-16, the report of the Statutory Auditors shall state whether the Bank has adequate Internal Financial Control (IFC) systems in place and the operating effectiveness of such controls, in the context of the financial statements. IFCs, as referred to in Section 143(3)(i) of the Companies Act, relate to Internal Financial Controls Over Financial Reporting (IFCO-FR). Your Bank's Management is responsible for establishing and maintaining internal financial controls based on the internal control over financial reporting criteria established by the Bank considering the essential components of internal control stated in the Guidance Note on Audit of IFCO-FR issued by the Institute of Chartered Accountants of India (ICAI). These responsibilities include the design, implementation and maintenance of adequate internal financial controls that were operating effectively for ensuring the orderly and efficient conduct of its business, including adherence to the Bank's policies, safeguarding of its assets, prevention & detection of frauds & errors, accuracy & completeness of the accounting records, and timely preparation of reliable financial information, as required under the Companies Act, 2013, the Banking Regulation Act, 1949 and the guidelines issued by the RBI.

Your Bank has put in place an IFCO-FR Framework for evaluation of the existing internal financial controls system and appointed a Consultant for validating the compliances with respect to the documentation, certification, reporting process of the controls across all business verticals/ departments and ascertaining the adequacy and effectiveness of the controls in the Bank in all material aspects with respect to financial reporting.

During 2019-20, the Consultant submitted the Internal Compliance Certificate for the quarters ended June 2019 to December 2019 after carrying out the testing and validation of all the underlying processes as per the Bank's IFCO-FR framework. The Consultant reviewed the status of action taken on the open issues carried forward in the quarterly report as on December 31, 2019, the updated status of compliance as on May 15, 2020 and reported that 5 out of the 13 open issues reported as on December 31, 2019 were adequately addressed and closed with the implementation of remedial measures. The concerned departments are working closely for addressing the remaining open issues.

Details of Significant changes (i.e. change of 25% or more as compared to the immediate previous financial year)* in key financial ratios, along with a detailed explanation thereof, including:

Particulars	2018-19	2019-20	Comments
Net Interest Margin (%)	2.03	2.61	Interest expenses decreased by ₹ 2,319 crore and interest income decreased by ₹ 1,247 crore resulting in an increase in Net Interest Income by ₹ 1,072 crore.
Net NPA% to Net Advances	10.11	4.19	Net NPA has decreased by ₹ 9,398 crore.
जनवरी 2019 में एलआईसी द्वारा बैंक में बहुलांश हिस्सेदारी अर्जित किए जाने के साथ-साथ आपका बैंक एलआईसी के साथ तालमेल का लाभ उठाने के लिए सक्रियतापूर्वक कई पहल कार्य करता रहा है. आपके बैंक ने विशिष्ट कार्रवाई योग्य बिंदुओं की पहचान की है और अपने चालू खाता तथा बचत खाता आधार तथा अपने आस्ति पोर्टफोलियो को बढ़ाने के संदर्भ में व्यवसाय संभावनाओं का लाभ उठाने के लिए नए सर्वोत्कृष्ट उत्पाद और सेवाएं डिजाइन की हैं. आपका बैंक बैंकाश्यूरेंस चैनल के अंतर्गत एलआईसी के कॉरपोरेट एजेंट के रूप में व्यवसाय प्राप्त करने के लिए अपने वितरण चैनल/ संपर्क केंद्रों का भी उपयोग कर रहा है. आपका बैंक और एलआईसी इन अल्पकालिक तालमेलों से पारस्परिक रूप से लाभान्वित हुए हैं.

आपके बैंक ने संस्थागत ग्राहक के रूप में एलआईसी की भुगतान और वसूली संबंधी आवश्यकताओं को सुविधाजनक बनाने के लिए उत्पादों और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला डिजाइन कर प्रारंभ की है. इसने एलआईसी व्यवसाय की बदौलत बैंक की चालू खाता बही को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. वर्तमान में एलआईसी के पास 28 करोड़ से अधिक पॉलिसीधारक हैं, जिनसे बैंक आगे और अधिक लाभ उठा सकता है. रिटेल खंड में ग्राहकों तक पहुंच और पैठ बढ़ाने के उद्देश्य से आपके बैंक ने एलआईसी के स्टाफ और इसकी सहायक संस्थाओं, एजेंटों तथा पॉलिसीधारकों की बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए व्यक्तिगत बैंकिंग उत्पादों को डिजाइन और आरंभ किया है.

आपके बैंक ने अपनी सभी शाखाओं और डिजिटल चैनलों में विविध माध्यमों के जरिए एलआईसी पॉलिसीधारकों को नवीकरण प्रीमियम वसूली सेवाएं प्रदान करने के लिए *'एलआईसी प्रीमियम पे'* सुविधा भी शुरू की है. वर्ष के दौरान आपके बैंक ने सभी खंडों के अंतर्गत व्यवसाय बढ़ाने के लिए एलआईसी व्यवसाय विशिष्ट लक्ष्य-उन्मुख अभियान शुरू किए हैं.

वित्तीय समावेशन

आपका बैंक समाज के कमजोर वर्गों के लोगों को किफायती लागत पर निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए वित्तीय समावेशन के उद्देश्यों को पूरा करने की दिशा में नीति-निर्माताओं के साथ भागीदारी करने में तत्पर रहा है. वित्तीय समावेशन योजना (एफआईपी) शीर्ष स्तर पर प्रतिबद्धता के साथ वित्तीय समावेशन के लिए संरचित और योजनाबद्ध नजरिया प्रदान करती है. आपका बैंक प्रमुख क्षेत्रों में यथा - उपयुक्त वित्तीय उत्पाद उपलब्ध करना, प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग करना तथा वित्तीय साक्षरता को बढ़ाना, में मध्यवर्ती की भूमिका निभाते हुए वित्तीय समावेशन के अजेंडे को सक्रियतापूर्वक बढ़ावा देता रहा है.

प्रधान मंत्री जन धन योजना तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाएं

आपके बैंक ने भारत सरकार के वित्तीय समावेशन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री जनधन योजना (पीएमजेडीवाई) और भारत सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं अर्थात् दुर्घटना बीमा सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई), जीवन बीमा सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) तथा वृद्धावस्था में पेंशन के लिए अटल पेंशन योजना (एपीवाई) में सक्रिय रूप से भागीदारी की है.

कारोबार प्रतिनिधि (बीसी)/ कारोबार सुलभकर्ता (बीएफ)

आपके बैंक ने ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में अपनी पहुँच बढ़ाने के प्रयासों में बेहतर वित्तीय समावेशन कारोबार प्रतिनिधियों (बीसी)/ कारोबार सुलभकर्ताओं (बीएफ) के अपने नेटवर्क का लाभ उठाया है और इससे बेहतर वित्तीय समावेशन सुनिश्चित हुआ है और साथ ही बैंक के प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र उधार (पीएसएफ) व्यवसाय को भी अतिरिक्त प्रोत्साहन मिला है. बीसी (जिन्हें बैंक मित्र भी कहा जाता है) के माध्यम से भुगतान की सुविधा प्रदान करने के लिए उन्हें हैंड-हेल्ड डिवाइस उपलब्ध कराए गए हैं जिनमें रुपे कार्ड स्वीकार करने तथा आधार-आधारित लेनदेन करने की सुविधाएं उपलब्ध करायी गई हैं. इसके साथ ही, कारोबार प्रतिनिधियों/ कारोबार सुलभकर्ताओं के कौशल को बढ़ाने

और इस प्रकार से उन्हें आत्मविश्वासी, आत्मनिर्भर और अर्थक्षम बनने के लिए तैयार करने हेतु आपके बैंक ने देश भर में विभिन्न स्थानों पर सभी बीसी/ बीएफ के लिए गहन प्रशिक्षण सत्रों/ कार्यशालाओं का आयोजन किया है. इसके अलावा, आपके बैंक ने कारोबार प्रतिनिधियों/ कारोबार सुलभकर्ताओं को बैंकिंग लेनदेन करने हेतु प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्मों पर कार्य करने के लिए उनके तकनीकी कौशल को विकसित करने के लिए काम के दौरान प्रशिक्षण भी प्रदान किया.

वित्तीय साक्षरता

वित्तीय साक्षरता को प्रभावी वित्तीय समावेशन के लिए और साथ ही पीएमजेडीवाई के अभिन्न अंग के रूप में भी, पूर्व-आवश्यकता के रूप में अभिनिर्धारित किया गया है, क्योंकि यह लाभार्थियों को उन्हें उपलब्ध करायी जा रही वित्तीय सेवाओं का सर्वोत्तम उपयोग करने में सक्षम बनाती है. आपके बैंक ने अपनी ग्रामीण शाखाओं में *'वित्तीय साक्षरता जानकारी केंद्र'* नामक डेस्क स्थापित किए हैं जिन्हें शाखा से बाहर आयोजित साक्षरता कैम्पों के ज़रिए आयोजन के विभिन्न बैंकिंग उत्पादों तथा भारत सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में आम लोगों के बीच जागरूकता फैलाने की जिम्मेदारी दी गई है. आपके बैंक ने दूरदराज़ के क्षेत्रों में ग्रामीण आबादी के बीच विभिन्न बैंकिंग सेवाओं के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए नुक्कड़ नाटक भी आयोजित किए हैं. आपके बैंक का महाराष्ट्र के सातारा जिले में स्थित आईडीबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आईडीबीआई-आरएसईटीआई) भी ग्रामीण बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम अर्थात् डेयरी फार्मिंग और जैविक खाद बनाना, पापड़, अचार एवं मसाला पाउडर बनाना, पेपर कवर, लिफाफे एवं फाइल बनाना, मोमबत्ती बनाना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के लाभार्थियों के लिए उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी), ब्यूटी पार्लर प्रबंधन आदि के लिए निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण आयोजित करता है ताकि वे स्व-रोजगार हेतु सक्षम हो सकें.

अन्य पहल कार्य

आपका बैंक भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के साथ आधार नामांकन के लिए पंजीयक के रूप में पंजीकृत है. आपके बैंक ने केंद्रीय/राज्य सरकारों की प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना में सक्रियता से सहभागिता की है. इसके अलावा आपका बैंक अपने बीसी चैनल के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा पेंशन का वितरण भी कर रहा है.

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र बैंकिंग

आपका बैंक आरबीआई के अधिदेश के अनुसार प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र (पीएसएल) को उधार देने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है. विनियामकीय अपेक्षाओं के अनुसार बैंक ने समीक्षाधीन वर्ष के दौरान सूक्ष्म उद्यमियों, प्रत्यक्ष कृषि गैर-कॉरपोरेट (डीएएनसी) तथा लघु व सीमांत कृषकों (एसएफएमएफ) के वित्तपोषण पर विशेष रूप से ध्यान दिया. बैंक ने कॉरपोरेट कारोबार प्रतिनिधि (बीसी)/ कारोबार सुलभकर्ता (बीएफ) चैनल के माध्यम से अपनी पहुँच को बढ़ाने के प्रयास जारी रखे हैं और अब तक लगभग 39 कॉरपोरेट कारोबार प्रतिनिधि (बीसी)/ कारोबार सुलभकर्ता (बीएफ) के साथ गठजोड़ किया है.

उपर्युक्त पहल कार्य तथा प्रतिभूतीकरण लेनदेन करते हुए बैंक ने वर्ष 2019-20 के दौरान औसत आधार पर उप-क्षेत्रों सहित पीएसएल के लिए अपने सभी विनियामकीय लक्ष्यों को हासिल किया है.

भारत सरकार की योजनाओं/ निर्देशों के अनुसार आपका बैंक अनुसूचित जाति (अजा) अनुसूचित जनजाति (अजजा) सहित अल्पसंख्यक समुदायों एवं कमजोर वर्गों को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई), स्टैंड-अप इंडिया, आदि के तहत ऋण प्रदान करता रहा है.

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए मुख्य पहल कार्य

वर्ष 2019-20 के दौरान पीएसएल को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित प्रमुख पहल की गई हैं :

- शाखा चैनल के माध्यम से कारोबार को बढ़ाने के लिए आवधिक रूप से उत्पाद विशेष अभियान अर्थात् सूक्ष्म, लघु, एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) एक्सप्रेस, गोल्ड लोन थंडर, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के लिए संतृप्ति अभियान, किसान संपन्न, एमएसएमई बिग बैंग, वेयर हाउस रिसीट (डब्ल्यूएचआर) स्प्रिंट 100, एमएसएमई स्पलेंडिड स्प्रिंग, ग्लिटरिंग गोल्ड आदि आरंभ किए गए.
- आपके बैंक ने सभी तीनों एक्सचेंजों अर्थात् आरएक्सआईएल (रिसीवेबल एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि.), मायंड ऑनलाइन नेशनल एक्सचेंज (एम1 एक्सचेंज) और ए. ट्रेड्स लि. (इन्वॉइसमार्ट) के द्वारा परिचालित टीआरईडीएस प्लेटफॉर्मों के माध्यम से बिलों की भुनाई प्रारंभ की है.
- आपके बैंक ने जीएसटी पंजीकृत एमएसएमई उधारकर्ताओं के लिए ₹ 5 करोड़ तक कार्यशील पूंजी प्रदान करने के लिए नया उत्पाद अर्थात् *59 मिनट में आईडीबीआई एक्सप्रेस लोन* आरंभ किया.
- आपके बैंक ने विनिर्माण, व्यापारिक और सेवा क्षेत्र में आय सृजित करने वाले क्रियाकलापों को शुरूकरने के लिए असम के युवाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु असम सरकार के अग्रणी कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद असम युवा सशक्तिकरण योजना में सहभागिता की.
- आपके बैंक ने एमएसएमई ऋण प्रदान करने की कार्रवाई में लगने वाले समय में तेजी लाने के लिए मौजूदा आवेदन फॉर्मों और मूल्यांकन फॉर्मेटों को सरल बनाया है.
- रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक ने सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए बाह्य बैंचमार्क दर अर्थात् रेपो संबद्ध ब्याज दर की सुविधा प्रदान की है.
- बैंक ने 27 जून 2019 को *'अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस'* मनाया जिसमें विशेषीकृत शाखाओं ने विभिन्न वर्गों के उधारकर्ताओं को आमंत्रित कर ग्राहक सम्मेलन आयोजित किए. उधारकर्ताओं ने बैंक द्वारा उपलब्ध करायी जा रही सेवाओं और सुविधाओं के संबंध में अपने अनुभव साझा किए.
- बैंक ने 1 जुलाई 2019 को महान चिकित्सक डॉ. बिधान चंद्र रॉय के सम्मान में तथा समाज के लिए मूल्यवान सेवाएं दे रहे चिकित्सकों की स्मृति में *'चिकित्सक दिवस'* मनाया. आपके बैंक के अंचल कार्यालयों, क्षेत्रीय कार्यालयों और शाखाओं ने डॉक्टर सम्मेलन आयोजित किए और बैंक के उत्पादों और सेवाओं के बारे में प्रतिभागियों को अवगत कराया.
- आपके बैंक ने संपूर्ण भारत में 57 क्षेत्रों के 157 स्थानों पर 23 दिसंबर 2019 को किसान गौरव मेलों (केजीएम) का आयोजन कर किसान दिवस (कृषक दिवस) मनाया.
- ग्राहक लोक संपर्क पहल के भाग के रूप में बैंक ने 3 अक्तूबर 2019 से 7 अक्तूबर 2019 तक और 21 अक्तूबर 2019 से 25 अक्तूबर 2019 तक की अवधि के दौरान अभिनिर्धारित जिलों में ग्राहक मेले आयोजित किए.

कॉरपोरेट बैंकिंग

आपके बैंक के कॉरपोरेट बैंकिंग पोर्टफोलियो में बिजली, तेल एवं गैस, वस्त्र, दूरसंचार, सीमेंट, इस्पात, इंजीनियरिंग, निर्माण, कागज और कागज उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं बिजली उपकरण, चीनी, रसायन, ऑटोमोबाइल, गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों के एक्सपोजर शामिल हैं.

कॉरपोरेट ग्राहकों के लिए आपके बैंक के आस्ति उत्पाद समूह में मीयादी ऋण, अल्पावधि ऋण, कार्यशील पूंजी (निधि-आधारित एवं गैर निधि-आधारित दोनों), निर्यातकों को पैकिंग ऋण, प्राप्य राशियों की खरीद, बिल भुनाई, आदि शामिल हैं. कॉरपोरेट बैंकिंग के अंतर्गत आपका बैंक कॉरपोरेट के डीलरों/वेंडरों आदि के लिए चैनल वित्तपोषण एवं वेंडर वित्तपोषण जैसे उत्पादों को उपलब्ध कराते हुए प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र उधार (पीएसएल) पर भी पर्याप्त जोर देता है. आपके बैंक की कॉरपोरेट बैंकिंग टीम उपयुक्त उत्पाद तैयार करने तथा उपयुक्त समाधान तैयार करने के लिए रिटेल बैंकिंग, संव्यवहार बैंकिंग, ट्रेजरी आदि जैसी अन्य विशेषीकृत टीमों के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ कर कार्य करती है ताकि कॉरपोरेट ग्राहकों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके.

अपनी रूपांतरण योजना के अनुरूप आपका बैंक सोच-विचार कर अपनी कॉरपोरेट ऋण बही में वृद्धि को सीमित कर रहा है जिससे इसे कम पूंजी वाले कारोबार मॉडल में परिवर्तित होने में मदद मिलेगी तथा साथ ही, इसके कारोबार पोर्टफोलियो में जोखिम कम हो सकेगा.

आस्ति गुणवत्ता

आपके बैंक ने नई अनर्जक आस्तियों (एनपीए) की रोकथाम पर और मौजूदा ह्रासित आस्तियों से अधिकतम वसूली पर जोर देना जारी रखा. मार्च 2020 के अंत में आपके बैंक की कुल आस्तियों में 72.47% अर्जक आस्तियां, जबकि 27.53% अनर्जक आस्तियां थीं. बैंक द्वारा किए गए केंद्रित प्रयासों से 2018-19 के 10.67% की तुलना में एनपीए में नई बढ़ोत्तरी / गिरावट अनुपात को सीमित रखने में सहायता मिली है और यह 2019-20 में मानक अग्रिमों का केवल 6.35% रहे.

वर्ष के दौरान ह्रासित आस्तियों से वसूली और अनर्जक आस्तियों के अर्जक आस्तियों के रूप में अपग्रेड राशि ₹ 7,842 करोड़ की रही, जिससे 31 मार्च 2020 तक बैंक को अंतिम स्तर पर एनपीए को ₹ 47,272 करोड़ तक कम करने में सहूलियत हुई.

मौजूदा विनियामकीय दिशानिर्देशों के अनुसार पर्याप्त प्रावधान किए गए और विवेकपूर्ण दृष्टिकोण के रूप में आपके बैंक ने प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) को 31 मार्च 2019 के 82.88% से बढ़ाकर 31 मार्च 2020 में 93.74% कर दिया.

आपके बैंक के पास खाता-विशेष आधारित समाधान रणनीतियों और कॉरपोरेट एनपीए की गहन निगरानी के लिए संकेंद्रित और आक्रामक दृष्टिकोण अपनाने के लिए समर्पित वर्टिकल अर्थात् एनपीए प्रबंधन समूह है.

आपके बैंक ने कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) के अधीन आने वाले मामलों के लिए समर्पित केंद्रित डेस्क की स्थापना की है. यह समर्पित डेस्क विभिन्न टीमों के फील्ड से जुड़े तथा विभिन्न जटिलताओं का सामना करने में आए अनुभवों से सबक लेते हुए एक समग्र दृष्टिकोण के साथ बैंक को इन मामलों को सफलतापूर्वक संभालने में सक्षम बनाने हेतु सक्रिय भूमिका निभा रही है.

यथा 31 मार्च 2020 को कुल मिला कर ₹ 46,113 करोड़ (अनर्जक आस्तियों/तकनीकी रूप से बट्टे खाते में डाली गई (टीडब्ल्यूओ) आस्तियों सहित) मूलधन बकायों के साथ कुल 228 मामले दिवाला एवं शोधन अक्षमता कोड, 2016 के अधीन कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) के अंतर्गत थे. आपका बैंक इनमें से कुछ मामलों को निपटाने में सफल रहा और वर्ष 2019-20 के दौरान कुल ₹ 2949 करोड़ की वसूली की गई. इसके अतिरिक्त, कुछ अन्य मामलों के 2020-21 में समाधान होने की संभावना है.

रिटेल खंड में वसूली पर ध्यान केंद्रित करने के लिए एक पृथक दल का गठन किया गया है. इस दल पर एक अलग वार रूम संबंधी व्यवस्था सहित नियमित आधार पर वसूली कार्रवाइयों की निगरानी करने, पर्यवेक्षण करने और वसूली अभियान चलाने की जिम्मेदारी है. आपका बैंक अपने कॉल सेंटरों के माध्यम से दैनिक आधार पर एनपीए उधारकर्ताओं के साथ संपर्क बनाए रखने हेतु प्रयासरत रहा है. नियमित ई-बोली के अतिरिक्त, आपके बैंक ने वर्ष के दौरान संपत्तियों की नीलामी के लिए प्रत्येक तिमाही में महा ई-नीलामी का भी आयोजन किया.

आपके बैंक के पास एक बेहतरीन *'एकमुश्त निपटान (ओटीएस) प्रबंधन प्रणाली'* उपलब्ध है जो बैंक वेबसाइट के माध्यम से वसूली की निगरानी करने सहित ओटीएस प्रस्ताव की प्रोसेसिंग को शुरू से अंत तक सक्षम बनाने के साथ ही ओटीएस आवेदन प्रस्तुत करने की सुविधा भी प्रदान करती है. आपके बैंक ने आईबीए मॉडल के आधार पर एनपीए/टीडब्ल्यूओ खाते से वसूली हेतु भेदभाव-रहित और गैर- विवेकाधीन ओटीएस योजना शुरू की है.

वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने ₹ 210 करोड़ की वसूली के लिए आस्ति पुनर्निर्माण कंपनियों (एआरसी) को भी एनपीए बिक्री की. वर्ष के दौरान टीडब्ल्यूओ खातों से कुल ₹ 826 करोड़ की वसूली की गई.

आपके बैंक ने लागू कानूनों के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्रचना एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन (सरफेसी) के अधीन प्रवर्तन कार्रवाई, ऋण वसूली न्यायाधिकरणों / न्यायालयों के साथ निरंतर फॉलो-अप को भी बनाए रखा जिसके लिए समर्पित विधि अधिकारियों की नोडल अधिकारी के रूप में तैनाती शामिल है ताकि बिना किसी विलंब के वसूली प्रमाणपत्र/डिक्री प्राप्त की जा सके और उसका निष्पादन हो सके.

आपके बैंक ने 230 मामलों का वर्गीकरण इरादतन चूककर्ता के रूप में किया है तथा ऐसे उधारकर्ताओं/प्रवर्तकों/निदेशकों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की पहल की है. 31 मार्च 2020 के अनुसार बैंक ने नौ मामलों में असहयोगी उधारकर्ताओं की घोषणा की है.

ऋण निगरानी समूह

आपके बैंक द्वारा एक पूर्ण समर्पित ऋण निगरानी समूह (सीएमजी) की स्थापना दबाव के आरंभ होने की निगरानी, ऋण प्रशासन मानदंडों की निगरानी और संरचित ऋण की समीक्षा जैसे मुख्य उद्देश्यों के साथ मई 2017 में की गई थी.

सीएमजी विशेष उल्लिखित खातों (एसएमए), संभावित अनर्जक खातों (एनपीए) और नियमित खातों की पहचान करता है जो दबाव के संबंध में आरंभिक चेतावनी संकेत दर्शाते हैं. इन खातों में एनपीए के रूप में गिरावट को रोकने के लिए गहन अनुवर्ती कार्रवाई और निगरानी की गई है. सीएमजी के पास अतिरिक्त विशेषताओं सहित आस्ति निगरानी टूल *'सजग'* और *'एसएमए ऐक्शन ट्रैकर'* हैं जो वास्तविक समय आधार पर शाखाओं को एसएमए, संभावित एनपीए, ईडब्ल्यूएस खातों, अत्यंत जोखिम वाले खातों तथा विचाराधीन ऋण प्रशासन मानदंडों (सीएपी) के विवरण प्रदान करते हैं.

फील्ड स्टाफ द्वारा वसूली कार्रवाइयां एसएमए ऐक्शन ट्रैकर द्वारा कैप्चर की जाती हैं तथा सीएपी अद्यतन कार्रवाइयां *'सजग'* द्वारा कैप्चर की जाती हैं जो वास्तविक समय के आधार पर इन खातों की निगरानी को सक्षम बनाते हैं.

आपके बैंक ने दिसंबर 2019 में एक बैंक-व्यापी पूर्ण स्वचालित और व्यापक समय-पूर्व चेतावनी संकेत (ईडब्ल्यूएस) प्रणाली सफलतापूर्वक लागू की है जिसमें बैंक की आंतरिक प्रणालियों और बाह्य फीड से फीड डेटा हासिल करने का सामर्थ्य है. सभी कॉरपोरेट और रिटेल खातों के मामले में प्रारंभिक सीमा के साथ उच्च/मध्यम/कम जोखिम के अधीन जोखिम बकेटिंग की गई है जिससे उच्च जोखिम वाले खातों और एसएमए पूर्व स्थिति में आरंभिक दबाव के लक्षण दर्शाने वाले खातों को पहचानने में बैंक की क्षमता में वृद्धि हुई है. ईडब्ल्यूएस प्रणाली के माध्यम से नियमित अंतराल पर रिटेल पोर्टफोलियो का आवश्यक बाजार विश्लेषण और अंतर-बैंक तुलना की जाती है.

आपका बैंक ऋण मंजूरी की प्रभावकारिता के संबंध में समय पर फीडबैक और पोर्टफोलियो गुणवत्ता में आरंभिक गिरावट की पहचान के संबंध में अनुवर्ती कार्रवाई, पूर्व चेतावनी संकेतों का पता लगाने और ऋण प्रशासन मानदंडों के अनुपालन के संबंध में संरचित ऋण समीक्षा कार्यप्रणाली(एलआरएम) प्रयोग में लाता है. प्रणाली से सीधे आंकड़े ग्रहण करने की सुविधा के लिए एलआरएम प्रणाली में संशोधन किए गए हैं.

इन पहलों के परिणामस्वरूप आरंभिक दबाव में कमी और वर्ष-दर-वर्ष गिरावट में नियंत्रण, ऋण अभिशासन पैरामीटर और बैंक की ऋण गुणवत्ता में सुधार देखने को मिला है.

व्यापार वित्त

आपके बैंक के वित्त व्यापार (टीएफ) उत्पादों और सेवाओं को इसके 39 श्रेणी बी प्राधिकृत डीलर टीएफ केंद्रों और 177 अभिनिर्धारित रिटेल टीएफ शाखाओं के माध्यम से ग्राहकों को उपलब्ध कराया जाता है. टीएफ उत्पादों और सेवाओं में विभिन्न निधि और निर्यात ऋण, बिल पुनर्भुनाई, साख-पत्र, बैंक गारंटी, विप्रेषण आदि जैसी गैर-निधि आधारित सुविधाएं आदि शामिल हैं. निर्धारित समय सीमा के भीतर टीएफ परिचालन करते समय विनियामकीय और अन्य संबंधित दिशानिर्देशों का अनुपालन विधिवत सुनिश्चित किया जाता है. कार्रवाई समय में और अधिक सुधार करने, प्रोसेसिंग और अनुपालन में और अधिक क्षमता बढ़ाने और साथ ही ग्राहकों तक पहुँच बढ़ाने के लिए आपके बैंक ने मुंबई और चेन्नई में केंद्रीकृत व्यापार प्रोसेसिंग केंद्र (सीटीपीसी) की स्थापना कर अपने टीएफ परिचालन को केंद्रीकृत किया है.

आपके बैंक को द्विपक्षीय रुपया भुगतान व्यवस्था के अंतर्गत भारतीय रुपये (आईएनआर) में तेल और गैर-तेल इंडो-ईरान व्यापार निपटान हेतु मार्च 2019 में भारत सरकार से अधिदेश प्राप्त हुआ था. सरकार के उपर्युक्त अधिदेश के अनुसरण में आपके बैंक ने ₹ 11,000 करोड़ से अधिक मूल्य के 2,400 से अधिक आयात-निर्यात लेनदेनों का सफलतापूर्वक संचालन किया है. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपका बैंक निर्यात से जुड़े कारोबारियों की बेहतर सेवा के उद्देश्य से विभिन्न निर्यात निकायों के साथ अग्र सक्रिय रूप में जुड़ा रहा.

आपके बैंक का स्विफ्ट परिचालन एक केंद्रीकृत स्विफ्ट सेल (सीएससी) द्वारा परिचालित किया जाता है जो बेलापुर, नवी मुंबई में स्थित है. महत्वपूर्ण स्विफ्ट परिचालन सुरक्षित आईटी प्लेटफॉर्म के अंतर्गत अधिकतम सावधानी और बहु प्रमाणीकरण प्रक्रिया के साथ परिचालित किए जाते हैं ताकि निर्बाध और सुगम परिचालन सुनिश्चित किया जा सके.

रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने और ग्राहक सेवा बढ़ाने के उद्देश्य से आईटी प्रणालियों और प्रक्रियाओं में लगातार विभिन्न संवर्द्धन किए जा रहे हैं. इस दिशा में एक उल्लेखनीय पहल एक केंद्रीकृत निर्यात डेटा प्रोसेसिंग प्रबंधन प्रणाली (ईडीपीएमएस) /आयात डेटा प्रोसेसिंग प्रबंधन प्रणाली (आईडीपीएमएस) सेल की स्थापना है जो प्रणाली में सुधारों का ध्यान रखती है तथा अंतिम उपयोगकर्ताओं अर्थात् टीएफ लोकेशनों और शाखाओं को बेहतर निगरानी तथा फॉलो-अप टूल एवं सेवाएं उपलब्ध कराती है.

आपके बैंक ने 1,100 से भी अधिक प्रमुख विदेशी बैंकों के साथ मिलकर संबंध प्रबंधन की व्यवस्था (आरएमए) स्थापित की है. आपके बैंक के ग्राहकों को पर्याप्त सुविधाएं प्रदान करने के लिए आरएमए व्यवस्था की नियमित रूप से समीक्षा की जाती है ताकि दुनिया भर के प्रमुख भौगोलिक स्थानों में द्विपक्षीय व्यापारिक लेनदेन को सुचारू बनाया जा सके.

सरकारी कारोबार

आपका बैंक केंद्र सरकार तथा राज्य सरकारों की प्राप्तियों और भुगतानों का प्रबंध करने हेतु उनके लिए एजेंट के रूप में कार्य करता है. आपका बैंक केंद्र सरकार के करों जैसे कि प्रत्यक्ष करों, सीमा शुल्क और साथ ही वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की वसूली के लिए प्राधिकृत है. आपका बैंक 18 राज्यों और दो केंद्र-शासित प्रदेशों में राज्य प्राप्तियों की वसूली के लिए भी सक्रिय है. आपका बैंक कर भुगतानों के लिए 24x7 इंटरनेट बैंकिंग सुविधा प्रदान करता है.

आपके बैंक ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) और कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) से संबंधित ऑनलाइन वसूली करने के लिए परिचालन शुरू किया है. आपका बैंक अपनी शाखाओं के माध्यम से भारत सरकार द्वारा छोटी बचत योजनाओं अर्थात् लोक भविष्य निधि (पीपीएफ), वरिष्ठ नागरिक बचत योजना (एससीएसएस) और सुकन्या समृद्धि खाता योजना (एसएसए) ऑफर करने के लिए भी प्राधिकृत है. आपका बैंक सेंट्रल, सिविल, डिफेंस और रेलवे पेंशन के संवितरण करने के लिए भी प्राधिकृत है.

नकदी प्रबंधन सेवाएं

आपका बैंक निगमों को उनके संग्रहण में तेजी लाने, उनके थोक भुगतानों को दक्षता के साथ संभालने और उनके निधि-प्रवाह को सुचारू बनाए रखने हेतु प्रभावी नकदी प्रबंधन सेवाएँ (सीएमएस) प्रदान करने की दिशा में प्रतिबद्ध है. निगमों की आवश्यकताओं के अनुरूप यह संग्रहण और भुगतान समाधानों की व्यापक श्रृंखला प्रदान करता है तथा उन्हें उनकी नकदी स्थिति का पूर्ण नियंत्रण करने में सक्षम रखता है. आपका बैंक विविध समाधान जैसे राष्ट्रीय स्वचालित समाशोधन गृह (एनएसीएच), वर्चुअल खाता सुविधा, उपयोगिता भुगतान, प्रत्यक्ष नामे सुविधा और अन्य ग्राहकोनुकूल ई-समाधान प्रदान करता है जिन्हें ग्राहक प्रणालियों के साथ तकनीकी रूप से एकीकृत (होस्ट-टू-होस्ट) किया गया है. आपका बैंक भी भारतीय रेलवे की ई-भाड़ा भुगतान प्रणाली में भाग लेने के लिए अधिकृत है और 12 अंचलों में ई-भाड़े की वसूली कर रहा है.

वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने अपने ग्राहकों को दिए जा रहे ऑफर में और अधिक वृद्धि करते हुए नए सीएमएस उत्पादों जैसे ई- राष्ट्रीय स्वचालित समाशोधन गृह (एनएसीएच) वसूली, बी-एनएसीएच (भौतिक एनएसीएच संग्रहण का थोक संचालन) और फास्टैग (टोल प्रभारों का इलेक्ट्रॉनिक संग्रहण और भुगतान) और एलआईसी प्रीमियम भुगतान सुविधाओं को बढ़ाया है. वर्ष के दौरान आपके बैंक को भारत सरकार की प्रधानमंत्री श्रमयोगी मान-धन (पीएम-

एसवाईएम) योजना, प्रधानमंत्री किसान मान-धन योजना (पीएम-केएमवाई) और प्रधानमंत्री-लघु व्यापारी सम्मान (पीएम-एनपीएस / पीएम-एलवीएम) योजना के लिए मूल प्रायोजक बैंक के रूप में भी सूचीबद्ध किया गया जिसके अंतर्गत आपके बैंक ने ₹ 334.57 करोड़ के संग्रहण के साथ 55 लाख से अधिक अधिदेशों को पंजीकृत किया है जो सीएमएस कारोबार में बैंक की परिचालन क्षमता को दर्शाता है.

आपका बैंक, भारत बिल पेमेंट सिस्टम (बीबीपीएस) के माध्यम से उपयोगिता बिल के भुगतान की सुविधा प्रदान करने के लिए भी प्राधिकृत है.

ट्रेजरी परिचालन

आपके बैंक के प्रधान कार्यालय में एकीकृत ट्रेजरी है जिसमें मुद्रा बाजार, नियत आय, विदेशी मुद्रा-विनिमय, डेरिवेटिव और इक्विटी से संबंधित कार्य किए जाते हैं. आपके बैंक ने नियमित रूप से विभिन्न बाजार खंडों को ट्रैक किया तथा व्यापार लाभों के लिए स्वीकार्य स्थितियों के स्तर को अपनाया.

चलनिधि प्रबंध

आपके बैंक की ट्रेजरी, आरक्षित नकदी निधि अनुपात के संबंध में विनियामकीय अपेक्षाओं के अनुपालन के लिए जिम्मेदार है. चलनिधि के सक्रिय प्रबंधन के लिए ट्रेजरी ने रिज़र्व बैंक की चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ), सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ), दीर्घावधि पुनर्वित्त रेपो परिचालन (एलटीआरओ) सहित मीयादी रेपो और खुले बाजार के परिचालन (ओएमओ) जैसे विभिन्न लिखतों और साथ ही त्रिपक्षीय रेपो डीलिंग प्रणाली (टीआरईपीएस), क्लीयरक्रॉप रेपो ऑर्डर मैचिंग सिस्टम (सीआरओएमएस) तथा मांग एवं सूचना पर देय अन्य बाजार लिखतों/ प्लेटफॉर्म का प्रयोग किया है. उल्लेखनीय है कि 28 मार्च 2020 से सीआरआर 4% से घट कर 3% हो गया है. ग्राहकों के लिए 24X7 राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक निधि अंतरण (एनईएफटी) की सुविधा के अनुसरण में आपके बैंक ने प्रभावी चलनिधि प्रबंधन के लिए उचित कदम उठाए हैं.

अधिशेष चलनिधि का जमा प्रमाणपत्र और चलनिधि म्युचुअल फंड जैसे विभिन्न अल्पावधि लिखतों में नियोजन किया जाता है.

रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, आपके बैंक ने चलनिधि कवरेज अनुपात (एलसीआर) के संबंध में बासेल III ढांचे का अनुपालन किया है तथा उच्च गुणवत्ता वाली चलनिधि आस्तियों (एचक्यूएलए) की पहचान के लिए बिक्री योग्यता परीक्षण किया है.

भारत सरकार और एलआईसी द्वारा और अधिक पूंजी निवेश और समीक्षाधीन वर्ष के दौरान सामान्य ऋण उठाव को देखते हुए बैंक ने उच्च लागत वाली थोक जमाराशियों पर अपनी निर्भरता को कम करने का प्रबुद्ध प्रयास किया है. आपके बैंक ने ऐसी जमाराशियों से संबंधित ग्राहक आधार में विशाखन और सूक्ष्म वर्गीकरण को सुनिश्चित किया है.

आपके बैंक ने कॉरपोरेट बॉण्ड में गैर-एसएलआर निवेश के साथ-साथ भारत सरकार द्वारा जारी पुनर्पूंजीकरण बॉण्ड में निवेश किया है.

सांविधिक चलनिधि अनुपात

आपके बैंक ने केंद्र सरकार, राज्य सरकारों के राज्य विकास ऋण (एसडीएल) तथा टी बिलों/नकदी प्रबंधन बिलों (सीएमबी) जैसी संमिश्र अनुमोदित प्रतिभूतियों के माध्यम से सांविधिक चलनिधि अनुपात (एसएलआर) बही का सक्रिय रूप से प्रबंधन किया है. एसएलआर में निवेश को परिपक्वता तक धारित (एचटीएम), बिक्री के लिए उपलब्ध (एएफएस) और ट्रेडिंग के लिए धारित (एचएफटी) श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है. वर्ष 2019-20 के दौरान विनियामकीय एसएलआर आवश्यकता यथा 31 मार्च 2019 के 19.25% की तुलना में धीरे-धीरे कम होकर यथा 31 मार्च 2020 को 18.25% हो गयी. आपके बैंक द्वारा एसएलआर रखरखाव विनियामकीय आवश्यकताओं के अनुरूप है. जोखिम को रोकने के लिए एसएलआर बही के ब्याज दर जोखिम का सक्रिय रूप से प्रबंधन किया गया है तथा साथ ही पूंजी प्रतिलाभ बुक करने के लिए बाजार में उतार-चढ़ाव से लाभ उठाने पर ध्यान दिया गया है.

प्राथमिक डीलर

रिज़र्व बैंक से लाइसेंस-प्राप्त प्राथमिक डीलर (पीडी) होने के कारण आपके बैंक ने भारत सरकार द्वारा जुटाए गए गए विभिन्न अवधि के ऋणों के लिए विनियामकीय रूप से अपेक्षित राशियों की हामीदारी दी जिसमें टी-बिल सेगमेंट भी शामिल है. आपके बैंक ने विनियामकीय अपेक्षाओं के अनुसार, टी-बिल/सीएमबी नीलामी में बोली प्रतिबद्धता का न्यूनतम 40% सफलता अनुपात प्राप्त किया.

पीडी कार्यकलापों के एक भाग के रूप में आपका बैंक अतरल/ अर्ध-तरल सरकारी प्रतिभूतियों के मामले में बाजार तैयार करने संबंधी गतिविधियों में शामिल था. बैंक की ट्रेजरी ने बैंक के पास खाताधारी गिल्ट खाताधारकों को ग्राहकों की सहायक खाताबही (सीएसजीएल) सेवा भी उपलब्ध कराई. ट्रेजरी ने सीएसजीएल एवं गैर सीएसजीएल ग्राहकों की तरफ से भारत सरकार/ एसडीएल की प्राथमिक नीलामी में सक्रिय रूप से भाग लिया. रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार आपका बैंक द्वितीयक बाजार में सरकारी प्रतिभूतियों की ऑनलाइन ट्रेडिंग के लिए गिल्ट खाताधारकों को वेब आधारित तयशुदा लेनदेन प्रणाली-ऑर्डर मिलान सेगमेंट (एनडीएस-ओएम) मॉड्यूल की सुविधा प्रदान करता है. बैंक का *'आईडीबीआई समृद्धि जी-सेक'* पोर्टल रिटेल निवेशकों को सरकारी प्रतिभूतियों को ऑनलाइन और एटीएम के माध्यम से खरीदने की सुविधा प्रदान करता है.

फॉरेक्स इंटरबैंक और डेरिवेटिव

आपके बैंक की ट्रेजरी के पास एक सक्रिय फॉरेक्स इंटरबैंक और डेरिवेटिव डेस्क है. फॉरेक्स इंटरबैंक डेस्क ने अपने ग्राहकों को अधिकतम संभव बेहतर फॉरेक्स दर उपलब्ध कराईं. डेरिवेटिव डेस्क ने ग्राहकों की हेजिंग संबंधी आवश्यकताएँ पूरी करने के लिए नवोन्मेषी समाधान प्रदान किए. डेस्क ने ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करने तथा बैंक की उपयुक्तता और सटीक नीति को ध्यान में रख कर तैयार किए गए डेरिवेटिव उत्पादों के व्यापक प्रचार और पहुँच के लिए *'टैंगो विद डेरिवेटिव'* अभियान भी चलाया.

ट्रेजरी बिक्री

आपके बैंक की ट्रेजरी देश भर के 15 केंद्रों पर विदेशी मुद्रा, निश्चित आय और डेरिवेटिव उत्पादों के प्रभावी विपणन के लिए एक सेल्स टीम द्वारा समर्थित है. बिक्री टीम अपने कॉरपोरेट और खुदरा ग्राहकों की विभिन्न जरूरतों को पूरा करती है तथा मुद्राओं और दरों में उनके एक्सपोजर का प्रभावी ढंग से प्रबंध करने हेतु समाधान प्रदान करने के लिए उनके साथ लगातार संपर्क करती है.

आपके बैंक ने विदेशी मुद्रा व्यापार को बढ़ाने और मौजूदा संबंधों में प्रगाढ़ता लाने के लिए कई अभियान चलाए हैं. आंतरिक हितधारकों और ग्राहकों के बीच ट्रेजरी और विदेशी मुद्रा उत्पादों के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए आपके बैंक ने *'आईडीबीआई फॉरेक्स फेस्ट'* जैसी विभिन्न पहलें भी की हैं.

आपके बैंक के आंतरिक पोर्टल 'आईडीबीआई एफएक्स' को नए बेहतर रूप में प्रस्तुत किया गया ताकि शाखाओं को तत्कालीन बाजार विदेशी मुद्रा दर प्राप्त करने में सक्षम बनाया जा सके.

कारोबार निरंतरता योजना

आपका बैंक सीबीडी बेलापुर, मुंबई में ट्रेजरी कारोबार निरंतरता केंद्र का संचालन करता है. केंद्र के पास एकीकृत परिचालन की सुविधा है जिसमें विविध बाजार खंड शामिल हैं जो ट्रेजरी के सभी महत्वपूर्ण कार्यों को सुचारू रूप से संचालित कर सकते हैं.

बेंचमार्क्स का प्रस्तुतीकरण

ट्रेजरी परिचालन में सक्रिय खिलाड़ी होने के कारण, आपका बैंक एफबीआईएल पोल्ड टर्म माईबोर एवं एफबीआईएल पोल्ड एफसी-रुपी ऑप्शन वोलेटिलिटी के संबंध में फाईनेंशियल बेंचमार्क इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एफबीआईएल) के लिए वित्तीय बेंचमार्क हेतु एक प्रस्तुतकर्ता बना रहा.

सीमा-पार शाखाएँ

आपके बैंक की दो अंतरराष्ट्रीय शाखाएं हैं जिसमें एक दुबई इंटरनेशनल फाइनेंशियल सेंटर (डीआईएफसी), दुबई में है और दूसरी गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट), गांधीनगर में है.

डीआईएफसी, दुबई में स्थित आपके बैंक की विदेश शाखा ने जनवरी 2010 से अपने परिचालन आरंभ किए. डीआईएफसी शाखा कॉरपोरेट बैंकिंग सेवाओं और व्यापार वित्त उत्पादों की श्रृंखला प्रदान करने के लिए प्राधिकृत है. इसके अतिरिक्त डीआईएफसी शाखा, यूनाइटेड अरब अमीरात (यूएई) से बाहर और अन्य गल्फ को-ऑपरेशन काउंसिल (जीसीसी) देशों से परिचालन करने वाले स्थानीय उद्यमियों को कॉरपोरेट बैंकिंग सेवाएं प्रदान करती है. बैंक की समग्र रूपांतरण रणनीति के साथ, डीआईएफसी शाखा की गतिविधियों को विदेश में और अपतटीय कारोबार के लिए बैंक के समग्र उद्देश्यों के अनुरूप उपयुक्तता को ध्यान में रख कर, कार्य-योजना के कार्यान्वयन के साथ जोड़ा गया है.

गिफ्ट, गांधीनगर में स्थित भारत के पहले और एकमात्र अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (जेएफएससी) में स्थित आपके बैंक की आईएफएससी बैंकिंग इकाई (जेबीवी) ने 6 मई 2016 से अपने परिचालन आरंभ किए. आईबीयू, जीआईएफटी के विशेष आर्थिक जोन (एसईज़ेड) के अंतर्गत आता है और इसका कामकाज समय-समय पर रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार संचालित होता है. विदेश में परिचालन के संबंध में भारत सरकार के युक्ति संगतिकरण संबंधी निर्देशों और बैंक की रूपांतरण रणनीति को ध्यान में रख कर विदेश में परिचालन को युक्तिसंगत बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं.

ऋण रेटिंग

आपका बैंक देशी तथा विदेशी मुद्रा उधार दोनों के लिए ऋण की रेटिंग प्राप्त करता है. वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान रेटिंग संबंधी कार्रवाई यथा 31 मार्च 2020 को रुपया संसाधनों के लिए वर्तमान रेटिंग के साथ निम्नानुसार है:

रुपया उधार के लिए रेटिंग

श्रेणी निर्धारित लिखत	क्रिसिल	इक्रा	इंडिया रेटिंग	केयर@
रेटिंग संबंधी कार्रवाई	दिसंबर 2019	सितंबर 2019	जुलाई 2019	दिसंबर 2019
सावधि जमाराशियाँ	एफएए / स्टेबल	एमएए- / निगेटिव	इंड टीए/ निगेटिव	---
अल्पावधि उधारराशियाँ (जमा प्रमाणपत्र)	क्रिसिल ए1+	[इक्रा] ए1	इंड ए1	केयर ए1+
दीर्घावधि रुपया बांड (सीनियर एवं लोअर टियर II बांड)	क्रिसिल ए+/स्टेबल	[इक्रा] ए/ निगेटिव	इंड ए/ निगेटिव	---
हाइब्रिड अपर टियर II	क्रिसिल ए- / स्टेबल	[इक्रा] बीबीबी+/ निगेटिव	वापस लिया पूर्णतः प्रदत्त	---
हाइब्रिड - आईपीडीआई (बासेल II)	क्रिसिल ए- / स्टेबल	[इक्रा] बीबीबी+/ निगेटिव	---	---
टियर II बांड (बासेल III)	क्रिसिल ए+/ स्टेबल#	[इक्रा] ए(हाइब्रिड)/ निगेटिव	इंड ए/ निगेटिव	केयर ए+/स्टेबल

टिप्पणी: *# - अतिरिक्त टीयर II बॉण्ड के लिए प्राप्त रेटिंग - ₹ 2,000 करोड़ @ - ₹ 2,000 करोड़ के टीयर II बॉण्डों और ₹ 10,000 करोड़ के जमा प्रमाणपत्र के संबंध में दिसंबर 2019 में प्राप्त नई रेटिंग .*

आपके बैंक की विदेशी मुद्रा उधार राशियों की रेटिंग दो अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसियों अर्थात् फिच रेटिंग्स (फिच) तथा स्टैंडर्ड एंड पूअर्स (एस एंड पी) द्वारा की जाती है. वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान दीर्घावधि विदेशी मुद्रा रेटिंग और आधारभूत क्रेडिट मूल्यांकन (बीसीए)/ अर्थक्षमता रेटिंग (वीआर) तथा स्टैंड-अलोन क्रेडिट प्रोफाइल (एसएसीपी) में परिवर्तन और यथा 31 मार्च 2020 को वर्तमान रेटिंग निम्नानुसार हैं :

विदेशी मुद्रा उधार राशियों के लिए रेटिंग

श्रेणी निर्धारित लिखत	फिच रेटिंग
	मई 2019 में रेटिंग संबंधी कार्रवाई
दीर्घावधि निर्गमकर्ता चूक रेटिंग	बीबी+/ स्टेबल^
अर्थक्षमता रेटिंग (वीआर)	सीसीसी

टिप्पणी: ^ - 01 अप्रैल 2020 को आउटलुक संशोधित कर निगेटिव कर दिया है.

श्रेणी निर्धारित लिखत	एस एंड पी ग्लोबल रेटिंग - रेटिंग संबंध कार्रवाई		
	जून 2019	अगस्त 2019	अक्तूबर 2019
निर्गमकर्ता क्रेडिट रेटिंग (सीआर)	बीबी/स्टेबल	बीबी/नकारात्मक जटिलताओं के साथ क्रेडिट वॉच	बीबी/ निगेटिव
स्टैंड-अलोन क्रेडिट प्रोफाइल (एसएसीपी)	बी-	बी-	बी-

दीर्घावधि रुपया उधार राशियाँ

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक ने बासेल III अनुपालन युक्त अपर टियर II बांड जारी किये तथा 3 फरवरी 2020 को घरेलू बाजार से ₹ 745 करोड़ जुटाए. वर्ष के दौरान आपके बैंक ने सात ऋण पूंजी लिखतों के संबंध में कुल ₹ 2,917.90 करोड़ तक के क्रय विकल्प का प्रयोग किया और संबंधित परिपक्वता तारीखों को कुल ₹ 921.89 करोड़ के तीन ऋण पूंजी लिखतों के मोचन किए.

विदेशी मुद्रा उधार

वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने अल्पावधि चलनिधि और निधीयन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विदेशी मुद्रा (एफसी) में सफलतापूर्वक अल्पावधि उधार राशियों को जुटाया.

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने 370 मिलियन यूएस डॉलर की दीर्घावधि विदेशी मुद्रा उधार राशियों का सफल मोचन किया जिसमें 70 मिलियन यूएस डॉलर के द्विपक्षीय ऋण और 300 मिलियन यूएस डॉलर के एमटीएन बॉण्ड शामिल हैं.

31 मार्च 2020 के अनुसार एमटीएन कार्यक्रम के अंतर्गत आपके बैंक का कुल बकाया 700 मिलियन यूएस डॉलर था.

जोखिम प्रबंध

पूंजी के समुचित उपयोग को सुनिश्चित करने और उसके द्वारा स्थायित्व को मजबूत करने के लिए आपके बैंक की जोखिम प्रबंध रणनीति तीन बुनियादी बातों अर्थात् पहचान, मापन और निगरानी पर अनिवार्य रूप से ध्यान केंद्रित करती है. यह रणनीतिक दृष्टिकोण उपलब्ध जोखिम प्रबंधन टूल के माध्यम से बैंक को बेहतर निर्णय लेने में सक्षम बनाता है तथा उसमें विश्वास पैदा करता है. उचित सीमाओं और प्रक्रियागत पहलुओं को दर्शानेवाली एक सुपरिभाषित नीति की रूपरेखा बैंक की समग्र रूप से जोखिम वहन करने की क्षमता के अंतर्गत बैंक को जोखिम कम करने और इसका प्रबंधन करने में मदद करती है. कारोबार सक्रियता के मूल तत्वों, बैंकिंग नवोन्मेष और विनियामकीय परिवर्तनों को समझते हुए जोखिम प्रबंधन प्रणालियों में और अधिक सुधार को सुनिश्चित करने के लिए नीति को आवधिक रूप से अद्यतन किया जाता है. आपका बैंक सभी वर्टिकलों में जोखिम के प्रति जागरूकता फैला कर और निर्णय लेने में इसे एक अत्यावश्यक मानदंड बना कर अपनी जोखिम प्रबंध संस्कृति में लगातार सुधार का प्रयास करता है. जहां निदेशक मंडल की जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसी) पर समग्र जोखिम प्रबंधन की जिम्मेदारी है, वहीं दिन-प्रति-दिन की गतिविधियों का संचालन जोखिम अभिशासन संरचना के आधार पर विभिन्न स्तरों पर किया जाता है. एक वृद्धिशील जटिल वित्तीय प्रणाली की चुनौतियों का सामना करने के लिए विनियामकीय आवश्यकताओं के अनुसार जोखिम प्रबंधन प्रणाली और इसकी प्रक्रियाओं को लगातार अद्यतित किया जाता है. एक सुदृढ़ और तकनीकी रूप से उन्नत जोखिम प्रबंधन प्रणाली के लिए आपके बैंक ने एकीकृत जोखिम प्रबंधन आर्किटेक्चर (आईआरएमए) लागू किया है जिसमें सॉफ्टवेयर समाधान, अर्थात् जोखिम मूल्यांकन मॉड्यूल (आरएएम), पूंजी मूल्यांकन मॉडल (सीएएम) और व्यापक परिचालनगत जोखिम मूल्यांकक (सीओआरई) शामिल हैं. आईआरएमए ऋण और परिचालनगत जोखिमों की पहचान और मापन में मदद करता है जिससे उपयुक्त जोखिम प्रबंधन रणनीति तैयार करने में मदद मिलती है.

बासेल मानकों का कार्यान्वयन

आपका बैंक बासेल III मानदंडों के अंतर्गत पिलर 1 दिशानिर्देशों के अनुपालन में तिमाही आधार पर ऋण, बाजार और परिचालनगत जोखिम हेतु विनियामकीय पूंजी आवश्यकता की गणना करता है. बासेल दिशानिर्देशों के अनुसार बैंकों को 31 मार्च 2016 से चरणबद्ध आधार पर पूंजी संरक्षण बफर (सीसीबी) बनाए रखना अनिवार्य है. दिनांक 27 मार्च 2020 की आरबीआई की अधिसूचना, जिसके द्वारा बासेल III पूंजी विनियमों की संक्रमणकालीन व्यवस्थाओं की व्यवस्था की गई थी, के अनुसार 31 मार्च 2020 के लिए लागू सीसीबी 1.875% थी. तदनुसार यथा 31 मार्च 2020 को *'कुल पूंजी + सीसीबी'* की न्यूनतम विनियामकीय अपेक्षा 10.875% थी. यथा 31 मार्च 2020 को आपके बैंक का *'कुल पूंजी + सीसीबी'* अनुपात 13.31% था. इसी प्रकार आपके बैंक का 'कॉमन इक्विटी टियर I (सीईटी 1) + सीसीबी' अनुपात 10.54% था, जबकि विनियामकीय अपेक्षा 7.375% है.यथा 31 मार्च 2020 को आपके बैंक का *'टियर I + सीसीबी'* अनुपात 10.57% हो गया जबकि विनियामकीय अपेक्षा 8.875% है. यथा 31 मार्च 2020 को आपके बैंक का लीवरेज अनुपात 4.97% रहा, जबकि न्यूनतम विनियामकीय अपेक्षा 3.50 है.

आपके बैंक के पास बासेल III ढांचे के पिलर2 मानदंडों के अनुरूप निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित आंतरिक पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया (आईसीएएपी) संबंधी नीति है. यह नीति आपके बैंक को पिलर1 के अंतर्गत न आने वाले जोखिमों का आंतरिक रूप से आकलन और गणना करने तथा सामान्य और दबावग्रस्त स्थितियों में ऐसे जोखिमों का प्रबंध करने और उन्हें कम करने के लिए उपयुक्त रणनीतियाँ विकसित करने में समर्थ बनाती है.

आपके बैंक ने रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप एक व्यापक दबाव परीक्षण ढांचा भी कार्यान्वित किया है. दबाव परीक्षण ढांचा आपके बैंक को असाधारण किन्तु तर्कयुक्त घटनाओं की स्थिति में क्षमता का आकलन करने में और अप्रत्याशित आकस्मिकताओं को पूरा करने के लिए उपयुक्त सक्रिय रणनीतियाँ लागू करने में सहायता करता है. इस ढांचे में परिस्थिति विश्लेषण और विपरीत दबाव परीक्षण का भी समावेश है. परिस्थिति विश्लेषण में सकल एनपीए में और वृद्धि के प्रभाव, एनपीए तथा तकनीकी रूप से बट्टे खाते डाले गए खातों (टीडबल्यूओ) में गैर-निधि सुविधाओं का सूक्ष्मीकरण और बैंक की पूंजी तथा लाभप्रदता पर अतरल प्रतिभूतियों के प्रभाव पर अध्ययन शामिल है. आपके बैंक ने अपने एक्सपोजर वाले विभिन्न क्षेत्रों पर कोविद-19 महामारी के पड़ने वाले प्रतिकूल असर के प्रारंभिक मूल्यांकन की व्यवस्था भी की है, जो बैंक की लाभप्रदता पर प्रतिकूल असर डाल सकते हैं. विपरीत दबाव परीक्षण की कार्यप्रणाली को दबाव के स्तर, जो पूर्वनिर्धारित न्यूनतम स्तर तक लाने के लिए पूंजी को विपरीत रूप से प्रभावित कर सकता है, का पता लगाने के लिए ढांचे में जोड़ा गया.

आपके बैंक ने बासेल मानदंडों के तहत पिलर 3 आवश्यकताओं के अनुसार एक प्रकटन नीति अपनाई है. तदनुसार, प्रत्येक तिमाही के अंत में आपके बैंक की वेबसाइट पर प्रकटन प्रदर्शित किए जाते हैं जो उच्च-स्तरीय पारदर्शिता दर्शाते हैं.

आपका बैंक पूंजी प्रभार की गणना के लिए ऋण जोखिम के अंतर्गत मानकीकृत दृष्टिकोण अपनाता है. आपका बैंक परिचालनगत जोखिम हेतु विनियामक पूंजी प्रभार गणना के लिए मूल संकेतक दृष्टिकोण (बीआईए) का अनुसरण करता है. प्रभावी नियंत्रण व्यवस्था के लिए विभिन्न कारोबारी खंडों में मुख्य जोखिम संकेतकों (केआरआई) का व्यापक सेट तथा जोखिम एवं नियंत्रण स्व-मूल्यांकन रूपरेखा (आरसीएसए) उपलब्ध कराई गई. बाजार जोखिम के लिए, आपका बैंक विनियामक पूंजी आवश्यकताओं की गणना करने हेतु मानकीकृत मापन पद्धति (एसएमएम) अपनाता है.

ऋण जोखिम

आपके बैंक की ऋण जोखिम प्रबंधन प्रणाली में ऋण प्रस्तावों की क्रेडिट रेटिंग के लिए जोखिम आकलन मॉडल (आरएएम) और पूंजी निर्धारण के स्वचालन के लिए पूंजी निर्धारण मॉडल (सीएएम) शामिल है. आरएएम/अंक आधारित आंतरिक रेटिंग के अतिरिक्त, बैंक ने उच्च मूल्य वाले कॉरपोरेट और एमएसएमई ऋणों के जोखिम वर्गीकरण के लिए मात्रात्मक जोखिम स्कोरिंग मैट्रिक्स विकसित किया है. ऋण नीति दस्तावेज की बदलते कारोबारी उद्देश्यों तथा आर्थिक परिदृश्य के अनुरूप समीक्षा की जाती है. यह कारोबारी वर्टिकलों के लिए मार्गदर्शक साधन है.

बाजार जोखिम

कार्य तथा कारोबार स्थितियों के संदर्भ में आपके बैंक में बाजार जोखिम, प्रबंधन बाजार जोखिम एवं डेरिवेटिव नीति तथा निवेश नीति में परिभाषित नीतिगत ढांचे के अनुरूप परिचालित होता है. सामान्यतः ये नीतियां जोखिम वहन क्षमता के उपयुक्त स्तरों की रूपरेखा प्रस्तुत करती हैं तथा जोखिमों व अपवादों के मापन, रिपोर्टिंग तथा वृद्धि के आकलन के लिए प्रक्रिया लागू करती हैं. बाजार जोखिमों का प्रबंधन करने के उद्देश्य से आपके बैंक ने निगरानी और रिपोर्टिंग टूल सहित उपयुक्त जोखिम प्रबंधन प्रणालियाँ कार्यान्वित की हैं. विभिन्न जोखिमों और एक्सपोजर सीमाओं की निगरानी को लागू करने के उद्देश्य से आपका बैंक ट्रेजरी फ्रंट ऑफिस, मिड ऑफिस और बैक ऑफिस कार्यकलापों को सम्पूर्ण रूप से एकीकृत करने का प्रयास करता है ताकि इसके द्वारा मूल्य जोखिम और संकेंद्रित जोखिम पर एक साथ नियंत्रण किया जा सके. सभी निर्धारित सीमाओं तथा सभी प्रक्रियाओं की गहन निगरानी ट्रेजरी के मिड ऑफिस द्वारा की जाती है जो ट्रेजरी के फ्रंट ऑफिस और बैक ऑफिस से स्वतंत्र है.

चलनिधि प्रबंध

बैंक के पास निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित आस्ति देयता प्रबंध (एएलएम) नीति में किए गए उल्लेख के अनुसार सुसंगठित चलनिधि जोखिम प्रबंध ढाँचा है. बैंक की आस्ति-देयता प्रबंध समिति (आल्को) व्यवसाय रणनीति के अनुरूप चलनिधि और ब्याज दर जोखिम की निगरानी और प्रबंध करती है. चलनिधि विश्लेषण और प्रबंध सहित आस्ति-देयता प्रबंध कार्यकलाप तुलन-पत्र प्रबंध के कार्यात्मक क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले विभिन्न आल्को सहयोग समूहों, ट्रेजरी फ्रंट कार्यालय, बजट एवं आयोजना आदि के बीच समन्वय के जरिए संपन्न किए जाते हैं. आल्को निर्देश तथा एएलएम कार्रवाइयाँ व्यवसाय समूहों और वर्टिकलों द्वारा कार्यान्वित की जाती हैं. विनियामिकीय दिशानिर्देशों के अनुसार 1 जनवरी 2017 से बैंक के चलनिधि कवरेज अनुपात की गणना दैनिक आधार पर की जाती है. 2019-20 के दौरान दैनिक अवलोकनों के आधार पर बैंक का औसत एलसीआर 127.73% था.

परिचालनगत जोखिम

आपके बैंक के पास एक सुदृढ़ परिचालनगत जोखिम प्रबंधन ढांचा (ओआरएमएफ) है जिसमें एक समर्थकारी संगठनात्मक व्यवस्था के तहत निदेशक मंडल, बोर्ड की परिचालनगत जोखिम प्रबंधन समिति (ओआरएमसी) तथा विभिन्न कार्यों/विभागों के नोडल अधिकारी शामिल हैं. इस ढांचे के अंतर्गत बैंक ने तीन-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था निर्धारित की है. इसमें पहली कारोबार व्यवस्था में प्रबंधक हैं जो दैनिक आधार पर प्रबंधन और जोखिम को कम करते हैं. दूसरी व्यवस्था में परिचालनगत जोखिम प्रबंधन (ओआरएम) अनुभाग है और तीसरी व्यवस्था में बैंक का लेखापरीक्षा कार्य है जिसके अंतर्गत बैंक के भीतर अभिशासन की प्रभावकारिता, जोखिम प्रबंधन और आंतरिक नियंत्रण की समीक्षा की जाती है.

परिचालनगत जोखिम की परिचालन प्रक्रिया बोर्ड-अनुमोदित परिचालनगत जोखिम प्रबंधन नीति द्वारा निर्देशित है जिसका लक्ष्य बैंकिंग कार्यकलापों से जुड़े परिचालनगत जोखिमों की पहचान, निगरानी, आकलन तथा प्रबंधन करना है. आपके बैंक में विभिन्न व्यावसायिक कार्यकलापों/परिचालनों में अंतर्निहित जोखिमों को कम करने के लिए प्रभावी आंतरिक प्रणालियाँ और प्रक्रियाएं हैं.

बैंक के आंतरिक नियंत्रण की पर्याप्तता और प्रभावकारिता के मूल्यांकन के लिए ओआरएम अनुभाग नीतियों, प्रक्रियाओं, टूल्स और तकनीक को विकसित और कार्यान्वित करता है. यह मुख्य जोखिम संकेतकों (केआरआई) तथा जोखिम नियंत्रण स्व-मूल्यांकन (आरसीएसए) अभ्यासों के ज़रिए परिचालनगत जोखिमों का प्रबंधन करता है और इस संबंध में हुई प्रगति से निदेशक मंडल की ओआरएमसी और आरएमसी को आवधिक रूप से अवगत कराता है. महत्वपूर्ण कार्यों के लिए मुख्य जोखिम संकेतक (केआरआई) बनाए गए हैं और शाखाओं / इकाइयों की व्यापक परिचालनगत जोखिम मूल्यांकन (कोर) प्रणाली के ज़रिए जोखिम रेटिंग की जाती है. इसके अतिरिक्त, ओआरएम अनुभाग भी परिचालनगत जोखिम की दृष्टि से अंतर्निहित जोखिमों के मूल्यांकन के लिए आवधिक समीक्षा के समय बैंक द्वारा शुरू किए जा रहे नए उत्पादों और साथ ही वर्तमान उत्पादों की समीक्षा करता है. ओआरएम अनुभाग द्वारा परिचालनगत जोखिम हानि संबंधी घटनाओं की जानकारी एकत्रित की जाती है, जिस पर ओआरएमसी द्वारा विचार-विमर्श किया जाता है और संबंधित परिचालन/डीलिंग समूहों को मूल कारणों का विश्लेषण कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई के लिए सूचित किया जाता है. ऐसी घटनाओं की रिपोर्टिंग आरबीआई को तिमाही आधार पर की जाती है. आपका बैंक उपार्जन और पूंजी पर दबावग्रस्त परिचालनगत जोखिम संबंधी हानियों के मूल्यांकन के लिए अर्ध वार्षिक आधार पर दबावग्रस्त परीक्षण कार्रवाई भी करता है. इसके साथ ही परिचालनगत जोखिम के लिए बोर्ड अनुमोदित जोखिम वहन सीमा में किसी उल्लंघन का मापन और रिपोर्टिंग भी की जाती है. वर्तमान में परिचालनगत जोखिम विनियामकीय पूंजी और परिचालनगत जोखिम भारित आस्तियों की संगणना के लिए बैंक ने मूल संकेतक दृष्टिकोण (बीआईए) को अपनाया है. आपके बैंक ने आरबीआई के निर्देशों के अनुसार, मूल संकेतक दृष्टिकोण की तुलना में परिचालनगत जोखिम विनियामकीय पूंजी पर नए मानकीकृत दृष्टिकोण (बासेल III एसए) के संबंध में प्रभावकारिता मूल्यांकन अध्ययन का संचालन भी किया है जो भविष्य में कार्यान्वयन के लिए तैयार है.

कुछ मुख्य परिचालनगत जोखिम हानि दुर्घटनाओं के मूल कारणों के विश्लेषण को सभी कर्मचारियों के साथ उनमें जागरूकता बढ़ाने और निवारक उपाय के लिए मामले के अध्ययन के रूप में साझा भी किया जाता है. परिचालनगत स्तर पर कार्य करने वाले अधिकारियों को संवेदनशील बनाने के लिए परिचालनगत जोखिम प्रबंधन पर प्रशिक्षण नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं.

कारोबार निरंतरता प्रबंधन

आपके बैंक के पास कारोबारी व्यवधानों तथा जीवन संबंधी जोखिमपूर्ण स्थितियों को कम करने के लिए एक सुदृढ़ कारोबार निरंतरता प्रबंधन (बीसीएम) प्रक्रिया है. आपके बैंक को कारोबार निरंतरता प्रबंधन के बैंक-व्यापी कवरेज के लिए के प्रमाणन आईएसओ 22301:2012 से सम्मानित किया गया है.

आपके बैंक ने बीसीएम के एक भाग के रूप में मूल तथा सहायता कार्यों के लिए सुपरिभाषित कारोबार निरंतरता योजना (बीसीपी) कार्यान्वित की है. इस योजना का उद्देश्य कारोबार व्यवधान/आपदा के बावजूद ग्राहकों को निर्बाध सेवाएं प्रदान करना है. इसके अलावा आपदा के दौरान मानव जीवन की रक्षा करने और मूल्यवान आस्तियों का नुकसान कम करने के लिए अपनी प्रमुख स्थापनाओं के लिए एक व्यापक आपदा प्रबंधन योजना (डीएमपी) भी लागू की गई है. इन बीसीपी तथा डीएमपी की क्रियाशीलता का बीसीपी परीक्षण अभ्यास, संपूर्ण ड्रिल और मॉक इवैक्यूएशन ड्रिलों सहित आपदा बहाली के माध्यम से आवधिक परीक्षण किया जाता है. बैंक की कारोबार निरंतरता प्रबंधन प्रणाली एक स्वचालित घटना रिपोर्टिंग टूल अर्थात् एकीकृत आपदा और कारोबार निरंतरता प्रबंधन प्रणाली (आई-डीएबी) से भी सुसज्जित है.

सूचना प्रौद्योगिकी जोखिम

आपके बैंक ने अपने आईटी जोखिम प्रबंधन तथा नियंत्रण को सुधारने के लिए कई कदम उठाए हैं. आपके बैंक ने अपने डेटा केंद्र, नवी मुंबई में एक अत्याधुनिक सुरक्षा परिचालन केंद्र (एसओसी) की स्थापना की है. 24X7 कार्यरत रहने वाला एसओसी, बैंक के सम्मानित ग्राहकों को सुरक्षित बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के बैंक के उद्देश्य को पूरा करने के अलावा साइबर अपराधों से निपटने के लिए और बैंक की सूचना सुरक्षा नीति का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एक कमान केंद्र के रूप में कार्य करता है. इसके अलावा, एसओसी के माध्यम से आपका बैंक केंद्रीकृत रूप से सुरक्षा साधनों/समाधानों जैसे फायरवाल्स, राऊटर्स, इंट्रूज़न डिटेक्शन सिस्टम (आईडीएस) डिवाइस/ इंट्रूज़न प्रिवेंशन सिस्टम (आईपीएस) डिवाइस, विशेषाधिकारकृत पहचान प्रबंध (पीआईएम), एंटीवायरस, फिशिंग/मालवेयर प्रयासों आदि की निगरानी करता है और सुधारात्मक उपाय करता है. आपका बैंक बाह्योन्मुख एप्लीकेशनों अर्थात् इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, मेल मैसेजिंग आदि के लिए नियमित रूप से भेद्यता मूल्यांकन एवं प्रवेश परीक्षण (वीएपीटी) करता है.

आपके बैंक ने सूचना सुरक्षा, इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग, तकनीकी जोखिम प्रबंधन तथा साइबर धोखाधड़ियों के संबंध में रिज़र्व बैंक की सिफ़ारिशों और बैंक के लिए रिज़र्व बैंक के साइबर सुरक्षा ढांचे को कार्यान्वित करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है. आपके बैंक ने दिशानिर्देशों में अनुशंसित रूप में उपयुक्त संगठनात्मक ढांचा स्थापित किया है जिसमें मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी (सीआईएसओ), जो बैंक के मुख्य जोखिम अधिकारी (सीआरओ) को रिपोर्ट करते हैं, के नेतृत्व में एक विशेष सूचना सुरक्षा समूह शामिल है.

ग्राहक डेटा की सुरक्षा करने, बाह्य आक्रमणों को रोकने तथा आंतरिक नियंत्रणों को मजबूत बनाने के लिए कई सूचना सुरक्षा समाधान जैसे विशेषाधिकार प्राप्त पहचान एक्सेस प्रबंधन, पैच प्रबंधन समाधान, सक्रिय डायरेक्टरी, वेब/ मेल गेटवे, एंड पॉइंट एवं यूएसबी एनक्रिप्शन, डेटा लीकेज प्रिवेंशन (डीएलपी) सॉल्यूशन, एडवांस्ड परसिस्टेंट थ्रेट (एपीटी), नेटवर्क एक्सेस कंट्रोल (एनएसी), वेब-एप्लिकेशन फायरवाल (डब्ल्यूएएफ) आदि कार्यान्वित किए गए हैं.

आपके बैंक ने एक सुस्पष्ट साइबर सुरक्षा नीति और साइबर संकट प्रबंधन योजना लागू की है जो साइबर सुरक्षा से जुड़े जोखिमों का समाधान करने के लिए प्रबंधन के इरादे तथा दिशा को स्पष्ट करती है. इसके साथ ही, आपका बैंक अपने सूचना सुरक्षा ढाँचे की जाँच करने और उसे प्रभावी बनाए रखने के लिए विभिन्न एजेंसियों द्वारा संचालित की जाने वाली साइबर ड्रिलों में भी सहभागिता करता है. सूचना सुरक्षा जागरूकता को बैंक में कार्यग्रहण करने वाले सभी कर्मचारियों के लिए प्रवेश कार्यक्रम में अनिवार्य सत्र के रूप में शामिल किया गया है. बैंक में वरिष्ठ प्रबंधन के सदस्य इंस्टीट्यूट फॉर डेवलपमेंट एंड रिसर्च इन बैंकिंग टेक्नोलॉजी (आईडीआरबीटी) के आईटी जोखिम कार्यक्रम में शामिल हुए. कर्मचारियों के लिए नियमित रूप से सूचना सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करने के अलावा, सुरक्षा सेंध के प्रयासों को कम/विफल करने के लिए ग्राहकों को मेलर, एसएमएस, एटीएम तथा पोस्टर के माध्यम से विभिन्न सूचना सुरक्षा संबंधी सावधानियों की जानकारी दी जाती है. आपके बैंक का आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर तथा प्रणालियाँ पेरिमीटर और एंडपॉइंट्स दोनों पर समाधान सहित एक सुदृढ़ सूचना सुरक्षा ढांचे के अंतर्गत कार्यान्वित की गई हैं. आपके बैंक के डेटा केंद्र, आपदा बहाली केंद्र और नियर डीआर केंद्र को नवीनतम आईएसओ 27001:2013 सूचना सुरक्षा मानदंडों का प्रमाणन प्राप्त है. आपके बैंक का नीयर डीआर महत्वपूर्ण लेनदेन प्रणालियों के लिए शून्य डेटा नुकसान सुनिश्चित करता है. बैंक की सूचना सुरक्षा संचालन समिति (आईएसएससी) सूचना प्रणालियों में परिचालनगत जोखिम कम करने के लिए दिशानिर्देश और मार्गदर्शन उपलब्ध कराती है. सुरक्षा घटनाएँ तथा नीतियाँ आवश्यक दिशानिर्देश के लिए बोर्ड की सूचना प्रौद्योगिकी समिति (आईटीएससीबी) के समक्ष प्रस्तुत की जाती हैं. आईटीएससीबी अनुमोदन के लिए बोर्ड को नीतियों की सिफ़ारिश करती है.

धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन

आपके बैंक ने जोखिम प्रबंधन विभाग (आरएमडी) के अधीन धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन समूह (एफआरएमजी) का गठन किया है जो विभिन्न प्रणालियों में किए गए लेनदेन की निगरानी के लिए उद्योग-व्यापी धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन समाधान (ईएफआरएमएस) के कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित करता है. आपके बैंक ने ईएफआरएमएस के माध्यम से नियम बना कर बैंक के विभिन्न कार्यों सहित लेनदेन की निगरानी शुरू की है. मोबाइल बैंकिंग के लिए अनुकूलित अधिप्रमाणित समाधान लाइव हो चुका है और बैंक नेट बैंकिंग संबंधी समाधान के कार्यान्वयन के अंतिम चरण में है. आपका बैंक विभिन्न नेटवर्क द्वारा उपलब्ध कराए गए टूल्स का उपयोग करते हुए कार्ड/मर्चेंट एस्टेबलिशमेंट (एमई) लेनदेनों की निगरानी भी कर रहा है.

प्रबंधन, नियंत्रण एवं प्रणालियां

मानव संसाधन

ज्ञानार्जन एवं विकास

आपका बैंक अपने कर्मचारियों को सतत प्रशिक्षण एवं विकास अवसर उपलब्ध कराने पर जोर देता है ताकि संगठनात्मक लक्ष्य हासिल किए जा सकें और साथ ही कर्मचारियों के समग्र विकास में सहायता मिल सके.

वर्ष 2019-20 के दौरान आपके बैंक ने अपने शीर्ष प्रशिक्षण संस्थान जवाहरलाल नेहरू बैंकिंग एवं वित्त संस्थान (जेएनआईबीएफ), हैदराबाद और अंचल प्रशिक्षण केंद्रों में 818 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए. वर्ष के दौरान नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अलावा, जेएनआईबीएफ में लेखापरीक्षा रेटिंग में सुधार, नए शाखा प्रमुखों की ग्रूमिंग, रिटेल आस्ति केंद्र में परिचालनगत भूमिका में कार्य करने वाले अधिकारियों के लिए कार्यक्रम और बैंक के कार्यपालक निदेशकों एवं मुख्य महाप्रबंधकों के लिए नेतृत्व उत्कृष्टता जैसे चुनिंदा विषयों पर आवश्यकतानुरूप कार्यक्रम तैयार और आयोजित किए गए. पारस्परिक ज्ञानार्जन वातावरण को उत्साहित करने के लिए दिवाला औए दिवालियापन संहिता (आईबीसी), एमएसएमई वित्तपोषण, सतर्कता, अनुशासनिक कार्यवाही आदि जैसे विषयों पर भी कार्यशालाएँ आयोजित की गईं.

आपके बैंक ने 162 बाह्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए अपने अधिकारियों को नामित किया है ताकि उन्हें अपने संबंधित कार्यक्षेत्र के लिए आवश्यक एक्सपोजर प्रदान किया जा सके. प्रतिष्ठित संस्थानों के जरिए प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र उधार (पीएसएल), एसएमई, ऋण, एनपीए प्रबंधन, जोखिम आदि पर प्रशिक्षण उपलब्ध कराए गए. बैंक में साइबर सुरक्षा से जुड़े मुद्दों के प्रति प्रबंधन की जागरूकता में वृद्धि संबंधी रिज़र्व बैंक के निर्देश के अनुपालन में बोर्ड के

निदेशकों सहित कई वरिष्ठ प्रबंधकीय अधिकारियों को आईडीआरबीटी द्वारा संचालित *'आईटी एवं साइबर सुरक्षा'* पर बाह्य प्रमाणन प्रशिक्षण प्रदान किया गया.

बैंकाश्योरेंस कारोबार पर ध्यान केंद्रित करते हुए मणिपाल ग्लोबल एजुकेशन सर्विसेस के माध्यम से एक्जिक्यूटिव के लिए विशेष रूप से तैयार प्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया गया. आपके बैंक ने अपनी कोर बैंकिंग प्रणाली को फिनेकल 10एक्स में अद्यतन किया है तथा क्लास रूम प्रशिक्षण एवं फिनेकल 10एक्स पर ई-लर्निंग मॉड्यूल असाइनमेंट के माध्यम से प्रशिक्षण दिया है.

बैंक ज्ञानार्जन संस्कृति के भाग के तौर पर अपनी ऑनलाइन शिक्षण प्रबंधन प्रणाली - ओजस - के माध्यम से ऑनलाइन प्रशिक्षण को भी बढ़ावा दे रहा है ताकि कर्मचारियों को शिक्षण के लिए अतिरिक्त चैनल उपलब्ध कराए जा सकें. ओजस में विभिन्न प्रकार के बैंकिंग संबंधी विषयों को शामिल करते हुए 300 से अधिक अद्यदित ई-लर्निंग मॉड्यूल रखे गए हैं जिसमें व्यवहार-कौशल संबंधी विषय और हिंदी में कार्यात्मक मॉड्यूल शामिल हैं. इस वर्ष आपके बैंक ने ई-लर्निंग में मुख्य महा प्रबंधकों तथा श्रेणी III कर्मचारियों को भी शामिल किया है. नए भर्ती होने वालों के लिए ई-लर्निंग को कार्यग्रहण पूर्व कार्यक्रम के रूप में शामिल किया गया.

भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार ग्राहक सेवा, महिला अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण और भर्ती पूर्व तथा पदोन्नति पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम (अनुसूचित जाति(अजा)/अनुसूचित जनजाति (अजजा)/दिव्यांग (पीडब्ल्यूडी) कर्मचारियों के लिए भी आयोजित किए गए हैं.

जेएनआईबीएफ को उत्कृष्ट और बहुमुखी केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए बाहरी सहभागियों के लिए भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. वर्ष के दौरान चार अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम, अर्थात् (i) सार्क राष्ट्रों के लिए एसएमई परियोजना वित्तपोषण कार्यक्रम (ii) बैंक ऑफ सिलोन, श्रीलंका के लिए विशेष कार्यक्रम (iii) एक्ज़िम बैंक के सहयोग से बैंक ऑफ नेपाल के लिए परियोजना वित्त पर कार्यक्रम और (iv) बैंक ऑफ नेपाल के लिए बिक्री और विपणन पर कार्यक्रम आयोजित किए गए.

अधिकारियों की तैनाती और नियोजन

अधिकारियों का नियोजन और उनकी तैनाती बैंक की वर्तमान अधिकारी तैनाती और स्थानांतरण नीति पर आधारित है. इसके अतिरिक्त, संवेदनशील पदों पर कार्यरत अधिकारियों की तैनाती केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के दिशानिर्देशों के अनुसार की जाती है. अधिकारियों के स्थानांतरण के मामले में बैंक सामान्यतः भारत सरकार द्वारा निर्धारित समयसीमा का पालन करता है. पदोन्नति पर स्थानांतरण, जिसे नियत होने पर जून के बाद किया जाता है, को छोड़ कर, जहां तक संभव होता है, सभी स्थानांतरण आदेश प्रत्येक वर्ष की 30 जून तक जारी कर दिए जाते हैं. अधिकारियों की तैनाती उनके कौशल के आधार पर अंचलों एवं विभिन्न वर्टिकलों/विभागों की आवश्यकता को ध्यान में रख कर की जाती है.

क्षमता निर्माण नीति (आई-कैपबिल्ड नीति)

आपके बैंक ने विशेषज्ञ अधिकारियों की कैरियर आकांक्षाओं को पूरा करने तथा विशेषज्ञ अधिकारियों के कार्यनिष्पादन एवं उनकी संभावना के बीच बेहतर संतुलन बनाने के लिए क्षमता निर्माण नीति (आई-कैपबिल्ड नीति) तैयार की है. नीति में विशेषज्ञ अधिकारियों की तैनाती निर्धारित विशेषीकृत क्षेत्रों में करने पर भी ध्यान रखा गया है.

औद्योगिक संबंध

आपके बैंक में वर्ष के दौरान औद्योगिक संबंध का वातावरण सामान्यतः मैत्रीपूर्ण रहा तथा अधिकांश समस्याओं का समाधान सौहार्दपूर्ण रूप से कर लिया गया है. अधिकारियों / कर्मचारियों की शिकायतों को समझने और उनका समाधान करने हेतु रचनात्मक संवाद स्थापित करने के अपने प्रयासों के तौर पर बैंक संघों और यूनियनों के साथ बैठकें करता रहा है. यूनियन / संघ भी विभिन्न मुद्दों के समाधान के लिए सक्रिय और तत्पर रहे हैं.

समूह जीवन बीमा योजना (जीएलआईएस)

कर्मचारी कल्याणकारी उपाय के रूप में आपका बैंक 2015 से अपने सभी स्थायी कर्मचारियों के लिए 70 वर्ष की आयु तक समूह जीवन बीमा पॉलिसी की सुविधा दे रहा है. इस योजना के तहत प्रीमियम राशि का आधा व्यय बैंक द्वारा और आधा व्यय कर्मचारियों द्वारा वहन किया जाता है. अधिवर्षिता आयु प्राप्त करने के पश्चात सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों को पूरी प्रीमियम राशि का भुगतान कर योजना को जारी रखने का विकल्प उपलब्ध है.

कर्मचारियों को विधिक तथा वित्तीय सहायता प्रदान करना

बैंक के कामकाज को सद्भावपूर्वक निष्पादित करने से उत्पन्न मामलों पर बाहरी व्यक्तियों/निजी पक्षों द्वारा कर्मचारियों के खिलाफ जानबूझकर की गई झूठी शिकायतों से कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने के उद्देश्य से आपके बैंक ने उक्त योजना लागू की है जो निदेशकों/अधिकारियों/ कर्मचारियों को वित्तीय और विधिक सहायता उपलब्ध कराती है.

निदेशक एवं अधिकारी देयता बीमा पॉलिसी (डी एंड ओ पॉलिसी)

आपके बैंक ने निदेशक एवं अधिकारी देयता बीमा पॉलिसी (डी एंड ओ पॉलिसी) खरीदी है जिसका उद्देश्य वास्तविक या तथाकथित *'गलत कार्य'*, जो सद्भावपूर्वक कर्तव्य निर्वहन के दौरान निर्णयों और कार्रवाई से हुआ हो, के परिणाम के प्रति निदेशकों और अधिकारियों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है.

कार्य के दौरान जिन कर्मचारियों की मृत्यु हो गई हो उनके आश्रितों को वित्तीय सहायता के लिए योजना

आपके बैंक ने अनुकंपा उपदान योजना की समीक्षा की है तथा इसको *'कार्य के दौरान जिन कर्मचारियों की मृत्यु हो गई हो उनके आश्रितों को वित्तीय सहायता के लिए योजना'* के रूप में पुनर्नामित किया है. इस योजना के अंतर्गत जिस कर्मचारी की कार्य के दौरान मृत्यु हो गई हो उसके आश्रितों को तत्काल ₹ 1 लाख दिए जाते हैं.

कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम (पीओएसएच)

आपके बैंक ने अवांछनीय घटना के घटित होने पर पीड़ित महिला को तुरंत सहायता के उद्देश्य से बैंक के कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न झेलनेवाली महिला की शिकायत सीधे समिति के सदस्यों के पास दर्ज कराने के लिए एसएमएस/ई-मेल आधारित शिकायत प्रणाली कार्यान्वित की है.

कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (निवारण, निषेध एवं निदान) अधिनियम, 2013 के तहत प्रकटन

आपके बैंक ने सुरक्षित और मैत्रीपूर्ण कार्य वातावरण निर्मित करने के उद्देश्य से और कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के निवारण को सुनिश्चित करने हेतु कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (निवारण, निषेध एवं निदान) अधिनियम, 2013

की अपेक्षाओं के अनुसार महिलाओं के यौन उत्पीड़न के संबंध में मिलने वाली शिकायतों के निपटान के लिए दो आंतरिक शिकायत समितियां बनाई हैं. वर्ष के दौरान आपके बैंक को इस संबंध में 12 (बारह) शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 7 (सात) शिकायतों का विधिवत छानबीन के पश्चात् समाधान कर दिया गया है. यथा 31 मार्च 2020 को 5 (पांच) शिकायतों पर निर्णय लंबित थे, जिनमें से 1 (एक) शिकायत 2019-20 से पहले प्राप्त हुई थी.

आई-पेस- नई कार्य-निष्पादन प्रबंध प्रणाली

आपके बैंक ने कार्य-निष्पादन प्रबंध प्रणाली आरंभ की तथा इसे और अधिक विशिष्ट, मापनीय, हासिल करने योग्य, सुसंगत एवं समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से इसे आईडीबीआई बैंक-कार्य निष्पादन निर्धारण एवं सतत मूल्यांकन (आई-पेस) जैसा सटीक नाम दिया गया. आई-पेस में समान भूमिकाओं के लिए मानकीकृत मुख्य परिणाम क्षेत्र (केआरए), मानकीकृत केआरए के लिए समान महत्व देना तथा अधिकांश मापनीय केआरए के लिए सिस्टम/ डैशबोर्ड से सीधी सहबद्धता शामिल है. अन्य बातों के अलावा आई-पेस में कारोबार इनसाइट टूल की भी व्यवस्था है, जो प्रत्येक केआरए पर कार्य निष्पादन को नियमित रूप से रेखांकित करेगा और प्रभावी कार्य निष्पादन फीडबैक प्रणाली प्राप्त करने हेतु सुपरवाइज़र को अधिकारी के केआरए-वार कार्य निष्पादन की गहराई से जांच करने का अवसर प्रदान करेगा. यही नहीं, आई-पेस एक समान समूह (अर्थात् सिर्फ समान भूमिका वालों के बीच तुलना) के बीच कार्य निष्पादन की सापेक्षिक ग्रेडिंग तय करता है. आई-पेस का उद्देश्य अधिकारी के कार्य निष्पादन को संस्था के लक्ष्यों के अनुरूप रखते हुए सभी स्तरों पर कार्य निष्पादन आधारित संस्कृति को बढ़ावा देना है. यह बैंक के रणनीतिक कारोबार उद्देश्यों पर ध्यान केंद्रित करते हुए दिशा देगा तथा सामान्य समझ को बढ़ावा देगा.

भर्ती और स्टाफिंग

यथा 31 मार्च 2020 को आपके बैंक के पास कुल स्टाफ संख्या 17,723 रही. कर्मचारियों का श्रेणीवार अलग-अलग विवरण नीचे दिया गया है:

श्रेणी	कुल
अधिकारी	15,487
लिपिकीय स्टाफ	582
अधीनस्थ स्टाफ	613
एक्जीक्यूटिव	1,041
कुल	**17,723**

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने विभिन्न श्रेणियों में 1,954 व्यक्तियों की भर्ती की जिसका विवरण नीचे दिया गया है:

ग्रेड	कुल
अधिकारी	1,212
लिपिकीय $	5
अधीनस्थ स्टाफ $	2
एक्जीक्यूटिव	735
कुल	**1,954**

नोट: $ लिपिकीय और अधीनस्थ स्टाफ संवर्ग में भर्ती अनुकंपा नियुक्ति के रूप में की गई है.

आरक्षण नीति

यथा 31 मार्च 2020 को बैंक की कुल जनशक्ति में अनुसूचित जाति (अजा)/ अनुसूचित जनजाति (अजजा)/अन्य पिछड़े वर्गों (अपिव)/आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (आरुक) का प्रतिनिधित्व निम्नानुसार है:

श्रेणी	अपिव	अजा	अजजा	आरुक
लिपिक	55	78	28	-
एक्जीक्यूटिव	404	148	68	40
अधिकारी	3,947	2,217	974	39
अधीनस्थ स्टाफ	124	144	52	-
कुल	**4,530**	**2,587**	**1,122**	**79**

आपका बैंक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की सेवाओं पर लागू होने वाली भारत सरकार की वर्तमान आरक्षण नीति का पूरी तरह से पालन करता है.

आपके बैंक ने अजा/अजजा/अपिव तथा दिव्यांगों (पीडबल्यूडी) के लिए महाप्रबंधक तथा उप महा प्रबंधक स्तर के मुख्य संपर्क अधिकारियों (सीएलओ) तथा अंचल संपर्क अधिकारियों (जेडएलओ) की नियुक्ति की है. सीएलओ और जेडएलओ आरक्षित श्रेणी के कर्मचारियों के संबंध में विभिन्न दिशानिर्देशों का अनुपालन तथा उनकी शिकायतों का प्रभावी निवारण सुनिश्चित करते हैं.

आपका बैंक अजा/अजज/अपिव के कर्मचारियों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने हेतु अजा/ अजजा/अपिव कल्याण संघ के प्रतिनिधियों के साथ तिमाही बैठकें आयोजित करता है.

आपके बैंक ने अजा/अजजा/अपिव वर्ग के कर्मचारियों से प्राप्त होनेवाली शिकायतों को दर्ज करने के लिए पृथक् शिकायत रजिस्टर भी बनाया है और समुचित कार्रवाई की जाती है.

आपके बैंक ने आरक्षण संबंधी दिशानिर्देशों के उचित कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए आरक्षण रजिस्टर/रोस्टर बनाया है. बैंक ने भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार दिव्यांग कर्मचारियों के लिए अलग आरक्षण रोस्टर भी बनाया है.

बुनियादी संरचना प्रबंधन

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक ने अनेक सिविल परियोजनाएं हाथ में लीं. जवाहरलाल नेहरू बैंकिंग एवं वित्त संस्थान (जेएनआईबीएफ), हैदराबाद स्थित प्रशिक्षण संस्थान में अधिकारियों के लिए आवासीय फ्लैटों का निर्माण कार्य फरवरी 2020 में समाप्त हुआ और बैंक अधिकारियों को फ्लैट के आबंटन की प्रक्रिया मार्च 2020 से आरंभ की गई.

आपके बैंक ने केके नगर, चेन्नई स्थित अपने 48 फ्लैटों के निर्माण की पुनर्विकास प्रक्रिया भी अक्तूबर 2019 में पूरी कर ली और इन फ्लैटों को पात्र अधिकारियों को आबंटित किया गया.

आपके बैंक ने एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड से ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली में उनकी निर्माणाधीन परियोजना में 60,972 वर्ग फुट क्षेत्रफल के 36 आवासीय फ्लैटों के साथ 1,22,088 वर्ग फुट क्षेत्रफल के वाणिज्यिक परिसर का अर्जन किया है. हालांकि इसका निर्माण कार्य पूरा हो चुका है लेकिन कुछ विशिष्ट जनहित याचिका (पीआईएल) मुद्दों के कारण इस वाणिज्यिक स्थान को सौंपे जाने के कार्य को 'रोक कर' रखा गया है. तथापि 36 आवासीय फ्लैटों में से 15 फ्लैट बैंक को सौंप दिये गए हैं.

समीक्षाधीन अवधि के दौरान आपके बैंक ने लखनऊ में एक नया अंचल खोला. लखनऊ में नये अंचल कार्यालय के लिए पट्टे पर परिसर को अंतिम रूप दिया जा चुका है और इसका इंटीरियर फर्नीशिंग (आईएफ) का कार्य प्रगति पर है. बैंक 2020-21 में अपने मौजूदा 12 अंचलों की संख्या में वृद्धि करते हुए पटना और भोपाल में दो नए अंचल शामिल करने की भी योजना बना रहा है, जिनके लिए वर्तमान में पट्टे पर परिसर के चयन की प्रक्रिया चल रही है.

आंतरिक लेखापरीक्षा

आपके बैंक का आंतरिक लेखापरीक्षा कार्य आंतरिक नीतियों, प्रक्रियाओं और विनियामक दिशा-निर्देशों के अनुपालन का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करता है. बैंक का सुसंपन्न आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग (आईएडी) है जो विभिन्न कारोबार एवं सपोर्ट वर्टिकलों, अंचल कार्यालयों (अंका), क्षेत्रीय कार्यालयों (क्षेका), शाखाओं और गैर-शाखा खंडों द्वारा की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की नियमित लेखापरीक्षा करता है. आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग (आईएडी), बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति (एसीबी) के दिशानिर्देशों तथा देख-रेख में कार्य करता है. आईएडी के कार्य (i) जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा नीति; (ii) समवर्ती लेखापरीक्षा नीति; (iii) सूचना प्रणाली (आईएस) लेखापरीक्षा नीति द्वारा अभिशासित हैं. ये नीतियाँ वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस), भारत सरकार और रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार तैयार की गईं हैं. इस प्रकार से आईएडी के कार्य और विस्तार क्षेत्र समय-समय पर आशोधित की जानेवाली उपर्युक्त नीतियों के अनुसार निर्धारित और निष्पादित होते हैं. आईएडी लेखापरीक्षा के तीन प्रमुख प्रकारों अर्थात् आंतरिक लेखापरीक्षा, समवर्ती लेखापरीक्षा, और सूचना प्रणाली (आईएस) लेखापरीक्षा का संचालन/पर्यवेक्षण करता है. आईएडी (i) धोखाधड़ी निगरानी समूह (ii) सतर्कता प्रणाली (iii) स्टाफ जवाबदेही समिति सचिवालय के जरिए स्टाफ जवाबदेही (एसए) नीति का कार्यान्वयन (iv) लॉन्ग फॉर्म लेखापरीक्षा रिपोर्ट और वित्तीय रिपोर्ट पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण संबंधी कार्य का भी प्रबंध करता है. आंतरिक लेखापरीक्षा के कार्यों में शाखाओं/गैर-शाखा खंडों की नियमित लेखापरीक्षा करना, अंचल कार्यालयों और क्षेत्रीय कार्यालयों तथा प्रधान कार्यालय, मुंबई के विभागों की प्रबंध लेखापरीक्षा करना; अकस्मात् लेखापरीक्षा (विशेष रूप से नई खुली आरबीजी शाखाओं); विशेष लेखापरीक्षा (ऑफ साइट जोखिम मूल्यांकन, नियंत्रक विभागों/वर्टिकलों, अन्य लेखापरीक्षाओं के दौरान ध्यान में आए गंभीर मुद्दों/ कुप्रथाओं/ धोखाधड़ियों से प्राप्त होने वाले विभिन्न संकेतक) और ऋण लेखापरीक्षा शामिल हैं. लेखापरीक्षा विभाग नियत कार्यों को करते समय अपनी स्वतंत्रता तथा वस्तुनिष्ठता को बनाए रखता है. शाखाओं की लेखापरीक्षा पर गहराई से ध्यान केंद्रित करने और अनुवर्तन कार्यों को पर्याप्त और प्रभावी रूप से पूरा करना सुनिश्चित करने हेतु आपके बैंक में अपने सभी अंचलों में अंचल लेखापरीक्षा कार्यालय (जेडएओ) बनाए गए हैं. जेडएओ शाखाओं, गैर-शाखा खंडों और क्षेत्रीय कार्यालयों की लेखापरीक्षा करते हैं और बैंक की वार्षिक लेखापरीक्षा योजनाओं तथा जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा (आरबीआईए) नीति के अनुसार लेखापरीक्षा रिपोर्टों को बंद करते हैं. लेखापरीक्षा विभाग परिचालनगत जोखिमों को कम करने के लिए परिचालनगत प्रक्रियाओं और सेवा गुणवत्ता में सुधारों के लिए सिफ़ारिशें भी करता है. बैंक ने सभी लागू विनियामक दिशानिर्देशों के अनुरूप निर्धारित नीतियों और प्रक्रियाओं के अनुपालन में लेखापरीक्षा ट्रेल, फ्रंट और बैक ऑफिस परिचालनों के समुचित विभाजन सहित व्यापक आंतरिक नियंत्रण व्यवस्था लागू की है. लेखापरीक्षा गतिविधियों को एक वेब-आधारित एप्लिकेशन-लेखापरीक्षा प्रबंधन प्रणाली के जरिये संपन्न किया जाता है, जिसे लेखापरीक्षा इकाइयों के संबंधित अधिकारियों द्वारा अनुपालनों की निगरानी हेतु तत्काल आधार पर एक्सेस किया जाता है.

जोखिम-आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा (आरबीआईए)

आपके बैंक ने जोखिम-आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा (आरबीआईए) की नीति अपनाई है जिसके अंतर्गत इसकी जोखिम प्रबंध प्रक्रियाओं तथा आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों की पर्याप्तता और प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया जाता है. जोखिम रोकने, प्रभावी नियंत्रण प्रणाली रखने और परिचालनों की क्षमता में सुधार लाने के लिए बैंक की सभी शाखाओं की जोखिम-आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा (आरबीआईए) की जाती है. रिटेल और कॉरपोरेट शाखाओं की आंतरिक लेखापरीक्षा की आवृत्ति समग्र जोखिम स्तर अर्थात् नियंत्रण जोखिम और अंतर्निहित व्यवसाय जोखिमों (आईबीआर) के संयोजन के आधार पर तय की जाती है. आरबीआईए उपयुक्त जोखिम पहचान और मूल्यांकन, प्रभावी जोखिम रोकथाम उपायों और आंतरिक नियंत्रणों/प्रक्रियाओं की पर्याप्तता पर जोर देता है. आपके बैंक का आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार जोखिम-आधारित पर्यवेक्षण के सहायक आरबीआईए के जरिए लेखापरीक्षित इकाइयों के समग्र परिचालनों की विवेचनात्मक समीक्षा करता है.

जोखिम-आधारित प्रबंधन लेखापरीक्षा (आरबीएमए)

प्रबंधन लेखापरीक्षा के अंतर्गत प्रधान कार्यालय के सभी विभाग, अंचल कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय, प्रशिक्षण संस्थान अर्थात् जवाहरलाल नेहरू बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थान (जेएनआईबीएफ) और सहायक संस्थाएं शामिल है. सभी अंचल कार्यालय और क्षेत्रीय कार्यालय जोखिम-आधारित प्रबंधन लेखापरीक्षा (आरबीएमए) के अधीन हैं जो नियमों और विनियमों के अनुपालन, आंतरिक नियंत्रण तंत्र की पर्याप्तता और प्रभावशीलता, नीतियों और प्रक्रियाओं के अनुपालन पर ध्यान देती है और विभिन्न जोखिमों को दूर करने के लिए नियंत्रण को मजबूत और कारगर बनाने के उपायों पर सुझाव देती है.

गुणवत्ता आश्वासन लेखापरीक्षा (क्यूएए)

आपके बैंक ने अपने आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग को और सुदृढ़ एवं बेहतर बनाने के लिए और इसे प्रचलित सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप बनाने हेतु प्रतिष्ठित बाहरी परामर्शदाता के जरिए अप्रैल 2018 से व्यापक गुणवत्ता आश्वासन लेखापरीक्षा (क्यूएए) शुरू की थी. प्रारंभिक क्यूएए सिफ़ारिशों के आधार पर अतिरिक्त सुधार वर्ष 2019-20 के दौरान जारी रहा और खुदरा आस्ति केंद्रों (आरएसी), व्यापार वित्त केंद्र आदि के लिए अंतर्निहित व्यवसाय जोखिम मानदंड तथा प्रबंधन लेखापरीक्षा की प्रक्रिया को सुदृढ़ करने का अतिरिक्त कार्य परामर्शदाता को सौंपा गया. इन उपायों का उद्देश्य लेखापरीक्षा प्रणाली और प्रक्रिया को और अधिक बेहतर बनाना था.

प्रारंभिक सिफ़ारिशों के आधार पर, आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग (आईएडी) ने अन्य बातों के साथ-साथ i) कारोबार पोर्टफोलियो में भावी जोखिम अर्थात् अंतर्निहित व्यवसाय जोखिम (आईबीआर) में भावी जोखिमों के मूल्यांकन तथा नियंत्रण जोखिम मूल्यांकन हेतु कारोबार मानदंडों की समीक्षा द्वारा शाखाओं की जोखिम मूल्यांकन पद्धति को बेहतर बनाया ii) उच्च जोखिम वाली गतिविधियां संचालित करने वाले गैर-शाखा खंडों की आंतरिक लेखापरीक्षा आवधिकता में परिवर्तन कर इन्हें वार्षिक किया गया तथा इन्हें समवर्ती लेखापरीक्षा के दायरे में भी शामिल किया गया iii) समय-समय पर समवर्ती लेखापरीक्षकों के कार्यनिष्पादन की समीक्षा आरंभ की गई.

वर्ष के दौरान, संशोधित नियंत्रण जोखिम मानदंडों को कार्यान्वित करने के लिए संशोधित प्रणाली को अंतिम रूप दिया गया और शाखा लेखापरीक्षाओं के लिए इसका उपयोग किया गया. उपर्युक्त व्यावसायिक जोखिम संकेतकों और

पुनः-परिभाषित नियंत्रण जोखिम मानदंडों के कार्यान्वयन से आईएडी के लिए चिंता के विशिष्ट क्षेत्रों को रेखांकित करने और तद्नुसार शाखाओं एवं नियंत्रण कार्यालयों को ऐसे क्षेत्रों, जहां ध्यान देने की आवश्यकता है, के बारे में सतर्क करना आसान हो जाता है. इसके अतिरिक्त, इन जोखिमों के मूल्यांकन के लिए डेटा प्रवाह के स्वचालन के साथ-साथ नियम-आधारित नमूना प्रक्रिया, नमूने के चयन में विवेक जैसे कार्य लेखापरीक्षकों से ले लिए गए. इसके अतिरिक्त, लेखापरीक्षकों को उत्पाद-वार जांचसूचियां उपलब्ध करायी गईं जो उन्हें दिये गए अधिदेश को व्यावसायिक और प्रभावी रूप से पूर्ण करने के लिए आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराती हैं.

उपरोक्त सुधारों और एक सुदृढ़ संशोधित लेखापरीक्षा प्रबंधन प्रणाली के कार्यान्वयन ने नियामक संबंधी चिंताओं को दूर करने में बैंक की सहायता की.

लॉन्ग फॉर्म लेखापरीक्षा रिपोर्ट (एलएफएआर)

आपका बैंक भी सांविधिक शाखा लेखापरीक्षा (एसबीए) और बैंक की शाखाओं के सांविधिक केंद्रीय लेखापरीक्षकों (एससीए) द्वारा प्रस्तुत की गई जानकारी को लॉन्ग फॉर्म लेखापरीक्षा रिपोर्ट (एलएफएआर) को अंतिम रूप देने के लिए संकलित और साझा कर रहा है. शाखाओं द्वारा जानकारी/डेटा इनपुट करने और प्रधान कार्यालय में एससीए द्वारा उपयोग के लिए समेकित रिपोर्ट जेनरेट करने हेतु आईएडी द्वारा एक ऑनलाइन प्रणाली विकसित कर लागू की गई है.

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण (इफको-एफआर)

आपका बैंक (i) आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणालियों की पर्याप्तता; और (ii) ऐसे नियंत्रणों की परिचालनगत प्रभावशीलता तथा सभी सक्रिय मुद्दों को समय पर और प्रभावी रूप से बंद करने की सुनिश्चितता सत्यापित करने के प्रयोजन से नियुक्त किए गए बाहरी परामर्शदाता द्वारा चिन्हित किए गए जोखिम नियंत्रण मैट्रिक्स के परीक्षण के लिए समन्वय व पर्यवेक्षण कर रहा है. संबंधित विभागों को नियमित आधार पर सुग्राही बनाया जा रहा है ताकि वे यह सुनिश्चित कर सकें कि सभी सक्रिय मुद्दों को बंद करने के प्रयास में नियंत्रणों के लिए पर्याप्त जांच की गई है. लंबे समय से लंबित सभी मुद्दे जिन्हें बंद करने में समय लगेगा, उन पर संबंधित विभाग/वर्टिकल के साथ आगे की कार्रवाई पर नज़र रखी जाती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पर्याप्त क्षतिपूर्ति नियंत्रणों को कार्यान्वित किया गया है तथा इन मुद्दों को इफको-एफआर परामर्शदाता द्वारा सत्यापित किया गया है.

सूचना प्रणाली लेखापरीक्षा

सूचना प्रणाली (आईएस) लेखापरीक्षा कार्य की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए नए पहल कार्य/ कार्यकलाप शुरूकिए गए हैं जैसे- (i) यह सुनिश्चित करने के लिए कि बैंक में कार्यान्वित साइबर सुरक्षा नियंत्रण उपयुक्त हैं और आईटी प्रणालियों में जोखिमों का पर्याप्त रूप से समाधान किया गया है, आरबीआई के साइबर सुरक्षा ढांचे की समीक्षा की गयी; (ii) बैंक के परिचालनगत जोखिम का पता लगाने में आईएस लेखापरीक्षा की लंबित टिप्पणियों को एक मापदण्ड के रूप में शामिल किया गया ताकि प्रबंधन को आईएस जोखिम की लंबित टिप्पणियों के कारण शेष जोखिम की जानकारी दी जा सके; (iii) आईएस लेखापरीक्षा यूनिवर्स को सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग के परामर्श के साथ अद्यतित किया गया ताकि इसे और भी केंद्रित और व्यापक बनाया जा सके; (iv) आईएस लेखापरीक्षा फिनेकल 10.x माइग्रेशन की लेखापरीक्षा हेतु सूचीबद्ध सूचना सुरक्षा सेवा प्रदाताओं (आईएसएसपी) की सेवाएँ लेता है. आईएस लेखापरीक्षा के दौरान टिप्पणियों/सिफ़ारिशों संबंधी सुझावों ने आईटी प्रणालीगत नियंत्रणों की प्रभावोत्पादकता और सक्षमता को बढ़ाया है ताकि वे प्रबंधन को इस संबंध में उपयुक्त आश्वासन दे सकें कि बैंक में कारोबारी/परिचालनगत प्रक्रियाओं सहित नियोजित आईटी इनफ्रास्ट्रक्चर सूचना प्रणाली के *'उपलब्धता, सत्य-निष्ठा और गोपनीयता'* के ध्येय को प्रभावी रूप से पूरा करते हैं तथा आईटी प्रणालियों में जोखिमों का पूर्ण समाधान कर लिया गया था अथवा वे स्वीकार्य सीमाओं के भीतर थे.

ऑफसाइट निगरानी प्रणाली

ऑफसाइट निगरानी प्रणाली (ओएमएस) शाखाओं और नियंत्रणाधीन कार्यालयों को दैनंदिन परिचालनों में वर्तमान नीतियों/प्रक्रियाओं से विचलन होने पर सावधान करने तथा उनमें तत्काल सुधार/अनुपालन करने का एक महत्वपूर्ण साधन है. ऑफसाइट निगरानी प्रणाली की गुणवत्ता में सुधार हेतु किए गए नए पहल कार्यों/ गतिविधियों के भाग के रूप में संबंधित वर्टिकलों के साथ मौजूदा ओएमएस अपवाद नियमों की सूची, नियम की श्रेणी, जोखिम तीव्रता, सृजन होने की बारंबारिता और सृजित अलर्टों की संख्या और उनमें निहित तर्कों सहित विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की गयी ताकि उनसे इन बातों के लिए बहुमूल्य विचार/ सुझाव लिए जा सकें: (i) अधिक नियंत्रण बिन्दु आरंभ करने के लिए नए नियमों की सिफारिश करना; (ii) वर्तमान नियमों में संशोधन करना; और (iii) पुराने/निरर्थक हो चले वर्तमान ओएमएस नियमों को हटाना. प्राप्त फीडबैक/सुझावों और आंतरिक समीक्षा के आधार पर ऑफसाइट निगरानी प्रणाली को मजबूत करने हेतु विभिन्न श्रेणियों में आठ नए नियम शामिल किए गए, 15 वर्तमान नियमों में संशोधन किए गए और एक वर्तमान नियम को हटाया गया.

समवर्ती लेखापरीक्षा

समवर्ती लेखापरीक्षा (सीए) प्रणाली अनियमितताओं/चूकों का पता लगाने के लिए बैंक की प्रारंभिक चेतावनी संकेत (ईडब्ल्यूएस) प्रणाली का भाग है जो जोखिमों को नियंत्रित रखने में आंतरिक और विनियामकीय दिशानिर्देशों के उल्लंघनों की रोकथाम करने और धोखाधड़ी वाले लेनदेनों को रोकने में सहायता करती है. समवर्ती लेखापरीक्षा प्रणाली दरअसल एक नियंत्रण प्रक्रिया है जो मजबूत आंतरिक लेखांकन प्रणालियों और प्रभावी नियंत्रणों की स्थापना हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण है. भारतीय रिज़र्व बैंक के सम्बद्ध दिशानिर्देशों के अनुसार समवर्ती लेखापरीक्षा शाखाओं/ अन्य गैर-शाखा इकाइयों जैसे ट्रेज़री, केंद्रीय प्रोसेसिंग इकाई (सीपीयू) और खुदरा आस्ति केन्द्रों (आरएसी) में की जाती है, जिनकी पहचान जोखिम बोध और कारोबार की मात्रा के आधार पर होती है. इसके अलावा, प्रधान कार्यालय के अभिनिर्धारित कार्यपरक प्रभागों की भी समवर्ती लेखापरीक्षा होती है तथा सभी व्यापार वित्त केंद्रों को समवर्ती लेखापरीक्षा के अंतर्गत शामिल किया गया है. बैंक की बोर्ड द्वारा अनुमोदित समवर्ती लेखापरीक्षा नीति के अनुसार समवर्ती लेखापरीक्षा को रिज़र्व बैंक द्वारा जमाराशियों के न्यूनतम 50% और अग्रिमों के न्यूनतम 50% को कवर करने संबंधी मानदंड की तुलना में बैंक की ज़मारशियों के 70% और अग्रिमों के 70% भाग को कवर करना आवश्यक है. वर्ष 2019-20 के लिए सीए के अंतर्गत कुल जमा राशियों का हिस्सा 88.52% और कुल अग्रिमों का 84.71% रहा जिसमें कुल 708 लेखापरीक्षित इकाइयां कवर की गईं और इसके लिए बाहरी सनदी लेखाकार फर्मों की सेवाएं ली गई थीं. रिपोर्ट की गुणवत्ता तथा समय पर प्रस्तुति हेतु समवर्ती लेखा परीक्षकों के कार्यनिष्पादन पर अंचल लेखापरीक्षा कार्यालय (जेडएओ) और आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग लगातार गहन निगरानी रखते हैं.

ऋण लेखापरीक्षा

आपके बैंक ने वार्षिक आधार पर चुनिंदा खातों की विस्तृत समीक्षा के लिए ऋण लेखापरीक्षा प्रणाली कार्यान्वित की है. निम्नलिखित परिभाषित मानदंडों के आधार पर समीक्षाधीन अवधि के दौरान मंजूर किए गए नए प्रस्तावों में से

उधारकर्ता खाते ऋण लेखापरीक्षा के लिए अभिनिर्धारित किए जाते हैं: (i) कार्यकलाप के आकार के आधार पर निर्दिष्ट सीमा के बराबर अथवा उससे अधिक की मंजूरी सीमा वाले सभी नए प्रस्ताव (संवितरण की तारीख से 3-6 महीने के अंदर) और सीमाओं के नवीकरण/नवीकरण-सह-वृद्धि के प्रस्ताव; (ii) बचे हुए प्रस्तावों में से बिना किसी क्रम से चुने गए (5%) प्रस्ताव; (iii) निवेश ग्रेड से नीचे के प्रस्ताव (यदि वित्तीय वर्ष के दौरान निवेश ग्रेड से परिवर्तित हुए हों); और (iv) कार्यकलाप के आकार के आधार पर निर्दिष्ट सीमा के बराबर अथवा उससे अधिक की मंजूरी सीमा वाले अधिग्रहण संबंधी मामले.

रिटेल शाखाओं के लिए धोखाधड़ी जोखिम संकेतक (एफआरआई)

शाखा द्वारा प्रदान किए गए अग्रिमों में धोखाधड़ी की संभाव्यता के स्तर का आकलन करने के लिए आपके बैंक ने रिटेल शाखाओं के लिए मौजूदा आरबीआईए टेम्पलेट के अंतर्गत धोखाधड़ी जोखिम संकेतक (एफआरआई) व्यवस्था लागू की है. 24 कार्यात्मक क्षेत्रों को धोखाधड़ी के लिए अति संवेदनशील क्षेत्र के रूप में अभिनिर्धारित किया गया है और धोखाधड़ी जोखिम संकेतक (एफआरआई) के रूप में चुना गया है.

छानबीनपरक लेखापरीक्षा अथवा विशेष छानबीनपरक लेखापरीक्षा (आईए/एसआईए)

वर्ष 2019-20 के दौरान आंतरिक लेखापरीक्षा द्वारा विभिन्न शाखाओं/ आरएसी में कुल 56 छानबीनपरक लेखापरीक्षा अथवा विशेष छानबीनपरक लेखा परीक्षाएं की गईं. यह एसआईए विभिन्न संकेतकों जैसे कि वर्टिकलों के अनुरोध, कार्यपालक निदेशकों, उप प्रबंध निदेशकों और एमडी एवं सीईओ के निदेशों, अन्य पक्ष की शिकायतों, सतर्कता विभाग के संदर्भों आदि के आधार पर की जाती हैं. इन एसआईए से प्राप्त महत्वपूर्ण टिप्पणियों, आईएडी की परामर्शी सूचनाओं और उन पर किए गए सुधारात्मक उपायों की रिपोर्टिंग कार्यपालकों की लेखापरीक्षा समिति (एसीई) और बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति (एसीबी) को की गई. आईएडी द्वारा की गई जांच, नीतियों, उत्पाद संबंधी दिशानिर्देशों, कार्य प्रणालियों और प्रक्रियाओं में प्रणालीगत सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और नियंत्रणों की बहाली तथा शाखाओं की बेहतर समग्र निगरानी सुनिश्चित करने में सहायता करती हैं. आईए/एसआईए द्वारा उपलब्ध कराये गए प्रारंभिक संकेतकों ने अंचल कार्यालयों को समय पर वसूली/कानूनी कार्रवाई आरंभ करने में तथा खातों को एनपीए बनने से रोकने में सहायता की. जहां कहीं भी कोई लिखित प्रक्रिया नहीं थी वहाँ मानक परिचालनगत प्रक्रियाओं (एसओपी) को आरंभ किया गया और इसके लिए तीव्रता मैट्रिक्स बनाये गये. आईए/एसआईए ने बैंक को निगरानी में अंतर, नए जोखिम क्षेत्रों, नियंत्रणों में चूक की पहचान करने में मदद की और बैंक को नियंत्रण कार्यकलाप बढ़ाने और सक्रियतापूर्वक कार्रवाई करते हुये विभिन्न जोखिमों को कम करने में सहायता की. इससे कार्य प्रणालियों, प्रक्रियाओं, नीतियों और उत्पादों में समग्र रूप से सुधार आया.

धोखाधड़ी निगरानी

आपके बैंक ने आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग (आईएडी) के अंतर्गत एक समर्पित धोखाधड़ी निगरानी समूह (एफएमजी) के माध्यम से धोखाधड़ी निगरानी व्यवस्था कार्यान्वित की है. धोखाधड़ी निगरानी समूह धोखाधड़ियों की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए उपराचारात्मक कार्रवाईयों की प्रभावोत्पादकता की भी समीक्षा करता है साथ ही इस संबंध में समय-समय पर आवश्यक परामर्श देता / परिपत्र भी जारी करता है. इस प्रकार की कार्रवाई में आंतरिक नियंत्रणों को मजबूत बनाना और आवश्यकता-आधारित उपचारात्मक उपाय लागू करना शामिल है. धोखाधड़ियों का समयपूर्व पता लगाने, उनकी रोकथाम करने, रिपोर्टिंग, निगरानी और उन पर अनुवर्ती कार्रवाई के लिए एक विस्तृत धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन नीति कार्यान्वित की गई है. धोखाधड़ी की त्वरित रिपोर्टिंग और धोखाधड़ी के मामलों की समय सीमा के अंतर्गत रिपोर्टिंग हेतु विभिन्न आंतरिक परिपत्र जारी किए गए जिनमें रिज़र्व बैंक को धोखाधड़ी की समय पर रिपोर्टिंग करने के महत्व को दोहराया गया. धोखाधड़ी के मामलों को कम करने के लिए ₹ 1 करोड़ और उससे ऊपर के सभी ऋण और बंधक संबंधी दस्तावेजों के लिए विधिक लेखा-परीक्षा करने का तंत्र बनाया गया है. आपके बैंक ने धोखाधड़ी की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए धोखाधड़ी के मामलों के मूल कारणों का विश्लेषण और इसमें व्यवस्थित सुधार किए हैं.

सतर्कता तंत्र

आपके बैंक के प्रधान कार्यालय, मुंबई में पूर्ण रूप से गठित सतर्कता विभाग परिचालनरत है जिसके विभागाध्यक्ष मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) हैं. आपके बैंक ने अंचल स्तर पर सतर्कता गतिविधियों की निगरानी सुनिश्चित करने और बेहतर नियंत्रण प्राप्त करने उद्देश्य से अंचल सतर्कता ढांचे को गठित किया है.

आपके बैंक के सीवीओ द्वारा निष्पादित किये जाने वाले कार्यकलापों का व्यापक कार्यक्षेत्र/ दायरा है तथा इसमें बैंक के कर्मचारियों द्वारा किए गये अथवा संभवतः किए जाने वाले भ्रष्ट कार्यों के संबंध में खुफिया जानकारी एकत्रित करना शामिल है. सीवीओ, बैंक के सतर्कता मामलों से संबंधित सभी कार्यों को करते/ देखते हैं जिनमें (i) सतर्कता मामलों पर कार्यवाही करना, सतर्कता इंगित करने वाली और सत्यापन किए जाने लायक आरोपों से संबद्ध शिकायतों की जांच करना (ii) छानबीन रिपोर्टों पर कार्यवाही करना जिन्हें आगे अनुशासनात्मक प्राधिकारी के विचारार्थ भेजा जाए, (iii) जहां कहीं भी आवश्यकता हो मामलों को केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीओ) को उनके विचारार्थ/ सूचना हेतु भेजना (iv) भ्रष्टाचार/ कदाचार रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाना और (v) विभिन्न विधि प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय और संपर्क करना शामिल हैं.

आपके बैंक के इंट्रानेट पर सतर्कता विभाग का समर्पित वेबपेज है जिस पर विभाग के कार्यों की जानकारी, बैंक की सभी शाखाओं / कार्यालयों में प्रदर्शित किए जाने वाले सीवीसी के मानक नोटिस के प्रारूप; सीवीसी व सीवीसी के मुख्य तकनीकी निरीक्षक संगठन (सीटीईओ) द्वारा तथा आपके बैंक द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले महत्वपूर्ण परिपत्र / दिशानिर्देशों और निवारक सतर्कता के लिए *'क्या करें और क्या न करें'* जैसी जानकारी दी गई है. इससे आपके बैंक को अपने अधिकारियों के बीच सतर्कता जागरूकता के स्तर को बढ़ाने में मदद मिली है.

आपके बैंक द्वारा अपनाए गए कुछ सतर्कता निवारक उपायों में विभिन्न शाखाओं में अनाचार, यदि कोई हो, का पता लगाने और स्थापित प्रणालियों और प्रक्रियाओं के गैर-अनुपालन की जांच हेतु औचक सतर्कता दौरे तथा स्वतः संज्ञान आधार पर निरीक्षण (एसवीवी) करना शामिल है. इसके अलावा सतर्कता विभाग द्वारा एक बारीय निपटान/ पहली बार एनपीए (ओटीएस/एफटीएनपीए) मामलों की जांच, बैंक अधिकारियों की आस्ति व देयताओं में असामान्य भिन्नता/ बेमेल पाए जाने अथवा गैर-आनुपातिक आस्तियों के मामले का पता लगाने के लिए बैंक अधिकारियों की वार्षिक आस्ति व देयताओं की विवरणियों (एआरएएल) की जांच, बैंक की लेखापरीक्षा रिपोर्टों की जांच के कार्य भी किए जाते हैं.

भ्रष्टाचार से निपटने के प्रयासों के तहत साथ ही साथ सीवीसी द्वारा निर्देशित जन जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए आपके बैंक ने 28 अक्टूबर 2019 से 02

नवंबर 2019 तक *'सतर्कता जागरूकता सप्ताह (वीएडब्ल्यू) 2019'* मनाया जिसका विषय था *'ईमानदारी: जीने का एक तरीका'*. इस अवसर पर, आपके बैंक ने स्टाफ सदस्यों के लिए एक विशेष जर्नल जारी किया और स्टाफ सदस्यों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता, क्विज, आदि का आयोजन भी किया. बैंक के प्रधान कार्यालय/ अंचल कार्यालय/ क्षेत्रीय कार्यालय और शाखाओं के कर्मचारियों और अन्य हितधारकों को सुग्राही बनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों / सेमिनारों / वार्ताओं का आयोजन किया गया. आम जनता/नागरिकों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए, आपके बैंक ने, सतर्कता जागरूकता सप्ताह (वीएडब्लू) 2019 के एक भाग के रूप में, अपने अंचल कार्यालयों, क्षेत्रीय कार्यालयों, शाखाओं और अन्य ग्राहक-संपर्क प्लेटफॉर्मों के प्रमुख स्थानों पर बैनर और पोस्टर प्रदर्शित किए. बैंक की अर्ध-शहरी और ग्रामीण शाखाओं में जागरूकता ग्राम सभाओं का आयोजन भी किया गया.

विनियामक अनुपालन

आपका बैंक आंतरिक नियंत्रणों की संरचित प्रणाली और विभिन्न स्तरीय समीक्षा के ज़रिए भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई), भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) तथा अन्य विनियामक/ सांविधिक निकायों द्वारा निर्दिष्ट विभिन्न सांविधिक एवं विनियामक दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करता है. मुख्य अनुपालन अधिकारी (सीसीओ) के रूप में नामित एक वरिष्ठ अधिकारी की देख-रेख में आपके बैंक के प्रधान कार्यालय में स्थित अनुपालन विभाग सभी वैधानिक और विनियामक दिशानिर्देशों के प्रसार और आंतरिकीकरण का समन्वय करता है. आपके बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप बोर्ड द्वारा अनुमोदित व्यापक अनुपालन नीति लागू की है जिसकी वार्षिक आधार पर समीक्षा की जाती है. आपके बैंक में अनुपालन कार्य के संबंध में प्रत्येक टियर के लिए भूमिका व जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से परिभाषित की गई है. बोर्ड को भारतीय रिज़र्व बैंक और अन्य विनियामकों / एजेंसियों से प्राप्त महत्वपूर्ण सूचनाओं / दिशानिर्देशों के संबंध में मासिक अंतराल से अवगत कराया जाता है. समीक्षाधीन अवधि के दौरान आपके बैंक ने Cermo+ ('सर्मो+') नामक उन्नत तकनीकी एप्लिकेशन के कार्यान्वयन द्वारा निचले स्तर तक आंतरिक अनुपालन पद्धति को मजबूत बनाया. आपके बैंक ने रिज़र्व बैंक को रिपोर्ट की जाने वाली अनुपालन रिपोर्टिंग प्रणाली को भी स्वचालित कर दिया है जिससे समय पर अनुपालन प्रस्तुति और उपयुक्त डेटा प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके.

सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम

आपके बैंक ने कार्य के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित जानकारी के लिए प्राप्त होने वाले अनुरोधों का त्वरित उत्तर देने के लिए केंद्रीय जन सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) नामित किए हैं. इसके अलावा, सभी शाखा प्रमुखों को आरटीआई अधिनियम के अंतर्गत आवेदनों को प्राप्त करने और उन्हें नामित सीपीआईओ के पास भेजने के लिए केंद्रीय सहायक जन सूचना अधिकारी (सीएपीआईओ) के रूप में नामित किया गया है. आपके बैंक ने असंतुष्ट आवेदकों की अपीलों पर कार्रवाई करने के लिए मुख्य महाप्रबंधक श्रेणी के एक वरिष्ठ अधिकारी (एफएए) को प्रथम अपील प्राधिकारी के रूप में नामित किया है. आरटीआई अधिनियम की धारा 4 के प्रावधानों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए कार्यपालक निदेशक श्रेणी का एक पारदर्शिता अधिकारी नियुक्त किया गया है. बैंक की वेबसाइट (www.idbibank.in) पर सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम पर एक अलग लिंक उपलब्ध कराया गया है. आपके बैंक ने भारत सरकार के ऑनलाइन पोर्टल (https://rtionline.gov.in) के साथ भी संबद्धता स्थापित की है जिसके ज़रिए नागरिक आरटीआई अधिनियम के तहत जानकारी मांग सकते हैं और अपील दायर कर सकते हैं.

हिंदी का प्रगामी प्रयोग

समीक्षाधीन अवधि के दौरान आपके बैंक ने भारत सरकार के निदेशों के अनुसार राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने और राजभाषा अधिनियम व नियमों के विभिन्न प्रावधानों के अनुपालन को सुनिश्चित करने हेतु संगठित प्रयास किए. भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी किए गए वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आपके बैंक के सभी कार्यालयों और शाखाओं द्वारा नियमित रूप से विशेष प्रयास किए गए. आपके बैंक ने अपनी वेबसाइट पर बैंक के उत्पादों एवं सेवाओं के बारे में हिंदी में विस्तृत सूचना उपलब्ध कराने के अपने प्रयास जारी रखे. बैंक के अभय, पेएप्ट और एमपासबुक जैसे मोबाइल एप्लिकेशन हिंदी सुविधा के साथ उपलब्ध कराए गए. आपका बैंक रिटेल बैंकिंग लेन-देनों में हिंदी सहित 12 भारतीय भाषाओं में एसएमएस की सुविधा प्रारम्भ करने के लिए कार्य कर रहा है. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) तथा डिजिटल बैंकिंग से संबंधित विभिन्न अभियान हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित किए गए. ग्राहकों को सूचना देने के लिए विभिन्न प्रकार के पोस्टर, बैनर तथा अन्य तथ्यपरक सामग्रियों को हिंदी के साथ-साथ अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में भी प्रदर्शित किया गया. सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत आने वाली योजनाओं जैसे - अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना आदि से संबंधित प्रचार अभियानों में हिंदी तथा क्षेत्रीय भाषाओं का प्रयोग किया गया.

आपके बैंक ने दैनंदिन कार्यालयीन कार्यों में हिंदी का प्रयोग बढ़ाने के लिए अपने इंट्रानेट पर द्विभाषी रूप में टेम्पलेट पत्र, फॉर्म, शब्दकोश, नोटिंग और अन्य प्रासंगिक संदर्भ सामग्री अपलोड की है. कार्यालयीन कार्य हिंदी में करने हेतु स्टाफ सदस्यों को प्रोत्साहित करने हेतु प्रोत्साहन योजनाएँ लागू की गईं और विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. आपके बैंक के विभिन्न कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सभी क्षेत्रों में राजभाषा कार्यशालाएं आयोजित की गईं जिनमें राजभाषा कार्यान्वयन की विभिन्न अपेक्षाओं और हिंदी यूनिकोड के प्रयोग से स्टाफ सदस्यों को परिचित कराया गया. आपके बैंक ने सितंबर 2019 में राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन भी किया.

आपके बैंक द्वारा दैनंदिन कार्यों और अपने कारोबार में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के प्रयासों की विभिन्न मंचों पर प्रशंसा हुई है जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं:

i) आपके बैंक के नई दिल्ली अंचल कार्यालय और लुधियाना क्षेत्रीय कार्यालय को उनकी संबंधित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन में श्रेष्ठ कार्य-निष्पादन हेतु राजभाषा पुरस्कार प्रदान किया गया;

ii) आपके बैंक की तिमाही हिंदी पत्रिका *'विकास प्रभा'* को प्रतिष्ठित साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था - *'आशीर्वाद'* द्वारा श्रेष्ठ हिंदी गृह पत्रिका पुरस्कार से सम्मानित किया गया.

iii) भारत सरकार के राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय ने अपने निरीक्षणों के दौरान आपके बैंक में राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन की सराहना की.

ग्राहक सेवा और शिकायत प्रबंधन

अपने सभी हितधारकों के लिए सर्वाधिक पसंदीदा और विश्वसनीय बैंक बनने के ध्येय को पूरा करने के लिए आपके बैंक ने ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण अपनाया है जिसमें सर्वोत्तम वित्तीय समाधानों के व्यापक समूह द्वारा उत्कृष्ट ग्राहक सेवा पर विशेष जोर दिया गया है.

आपके बैंक में विभिन्न संपर्क बिन्दुओं से प्राप्त ग्राहक शिकायतों का निवारण करने के लिए केंद्रीकृत तथा समर्पित ग्राहक सेवा केंद्र (सीसीसी) है जिसका सीसीसी आईएसओ 9001 : 2015 प्रमाणन किया गया है. आपका बैंक ग्राहक सेवा, शिकायत निवारण तथा ग्राहक अधिकार नीति के अनुरूप नवीनतम घटनाक्रमों के अनुसार नीतियों की नियमित रूप से समीक्षा करता है. ग्राहकों की शिकायतों का समय पर निवारण और ग्राहक आह्लाद तथा अपने ग्राहकों का हर समय खयाल रखने के प्रति प्रतिबद्धता ही बैंक का मूल ध्येय है. ग्राहक शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए बैंक ने बोर्ड अनुमोदित अद्यतित शिकायत निवारण नीति (दिसंबर 2019) कार्यान्वित की है जो शिकायत समाधान और ग्राहक सेवा सुपुर्दगी के प्रति इसके दृष्टिकोण को दर्शाती है. सभी चैनलों से प्राप्त शिकायतों पर इस नीति के अनुसार ही कार्रवाई की जाती है जिसमें समय-आधारित एस्केलेशन मैट्रिक्स शामिल है, जिसके तहत यदि शिकायत का समाधान एक तय समय सीमा के भीतर नहीं किया जाता तो उसे अगले उच्च अधिकारी के पास प्रेषित कर दिया जाता है. इस उद्देश्य के लिए बैंक ने अपने 12 अंचल कार्यालयों में से प्रत्येक में शिकायत निवारण अधिकारी (जीआरओ) और प्रधान कार्यालय मुंबई में मुख्य नोडल अधिकारी (पीएनओ) को पदनामित किया है. इसके अलावा आंतरिक लोकपाल योजना 2018 के अनुसार ऐसी शिकायतें जिन्हें बैंक अस्वीकार करने / आंशिक रूप से समाधान करने का प्रस्ताव करता है, उन्हें ग्राहक को जवाब देने से पहले आंतरिक लोकपाल के पास भेज दिया जाता है. बैंक की अपनी मानकीकृत सार्वजनिक शिकायत निवारण प्रणाली (एसपीजीआरएस) है, जो प्राप्त शिकायतों को दर्ज करने, निगरानी रखने और उनका समय पर समाधान करने मे सहायता करती हैं. विभिन्न ग्राहक संपर्क बिन्दुओं और नियामकों से प्राप्त शिकायतों की प्रविष्टि इस सिस्टम में की जाती है. इस सिस्टम में पूर्व-निर्धारित कार्रवाई समय (टीएटी) के अनुसार ऑटो अलर्ट तंत्र सहित इनबिल्ट एस्केलेशन मैट्रिक्स है. बैंक का ग्राहक बैंक की वेबसाइट के माध्यम से अपनी शिकायत की स्थिति को ट्रैक कर सकता है. शिकायत समाधान में विलंब के मामले में बैंक एसएमएस अलर्ट के जरिये ग्राहक को इसकी सूचना देता है. इसके अलावा अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेन-देनों को रोकने/कम करने के लिए आपके बैंक के पास ऐसे कई विभिन्न माध्यम हैं जिनके द्वारा ग्राहक ऐसे लेन-देनों की रिपोर्ट 24x7 आधार पर कर सकता है. सुविधाजनक बैंकिंग के अपने प्रयासों और ग्रीन पहल के अंतर्गत बैंक ने विभिन्न चैनलों जैसे एटीएम, इंटरनेट बैंकिंग और इंटरैक्टिव वॉइस रेस्पोंस (आईवीआर) के जरिए डेबिट कार्ड पिन सृजन आदि की सुविधा दी है ताकि इससे ग्राहकों को बेहतर सहूलियत हो सके.

आपका बैंक नियमित आधार पर ग्राहक से फीडबैक प्राप्त करता है तथा ग्राहकों की खुशी के लिए प्रक्रियाओं में सुधार हेतु इसका प्रयोग करता है. यह अखिल भारतीय स्तर पर ग्राहक बैठकों का भी आयोजन करता है जिसमें बैंक का वरिष्ठ प्रबंधन ग्राहकों से बातचीत करता है. बैंक वार्षिक आधार पर जमाकर्ता संतुष्टि सर्वेक्षण भी करता है और इससे प्राप्त जानकारी का उपयोग उत्पाद/प्रक्रिया/सिस्टम में सुधार के लिए करता है. इसके अलावा, ग्राहकों को दी गयी ग्राहक सेवा की गुणवत्ता का मूल्यांकन करने के उद्देश्य से आपका बैंक सभी शाखाओं में गुप्त खरीददारी कार्यकलाप भी आयोजित करता है.

बैंक का संपर्क केंद्र दो स्थानों अर्थात् सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई तथा हैदराबाद से 24x7 आधार पर अपने परिचालन करता है. संपर्क केंद्र हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 10 क्षेत्रीय भाषाओं में भी सेवाएँ प्रदान करता है. विभिन्न सेवाओं जैसे पूछताछ/अनुरोध और शिकायतों का समाधान करने के अलावा संपर्क केंद्र कारोबार जनरेशन और वसूली कॉल भी संचालित करता है.

आपके बैंक ने ग्राहक सेवा पर स्थायी समिति (एससीसीएस) एवं बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति (सीएससीबी) जैसी वरिष्ठ स्तर की दो समितियां स्थापित की हैं, जो हर तिमाही में बैठकें आयोजित करती हैं. यह समितियां बैंक के विभिन्न चैनलों द्वारा ग्राहकों को मुहैया कराई जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता के फीडबैक की समीक्षा करती हैं. यह समितियां ग्राहकों से प्राप्त शिकायतों की भी समीक्षा करती हैं और इनके समाधान में तत्परता के लिए आवश्यक निर्देश भी प्रदान करती हैं.

कॉरपोरेट संप्रेषण

वर्ष 2019-20 के दौरान आपके बैंक द्वारा प्रचार-प्रसार के लिए किए गए प्रयासों का ध्येय बैंक के उत्पादों और सेवाओं की रिकॉल वैल्यू बढ़ाना और बैंक की सकारात्मक छवि को बनाए रखना तथा उसमें वृद्धि करना था.

आपके बैंक द्वारा विज्ञापनों और प्रचार-प्रसार के संबंध में किए गए पहल कार्यों में बैंक के अग्रणी रिटेल उत्पादों की विशेषताओं संबंधी अभियानों पर ध्यान केंद्रित किया गया. बैंक के किफ़ायती अभियानों जैसे आवास ऋण, मीयादी जमा, स्वर्ण ऋण, अधिमान्य बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग को प्रिंट, आउटडोर(ओओएच) रेडियो और डिजिटल प्लेटफार्मो पर प्रसारित किया गया. इन अभियानों में उत्पादों की विशिष्ट विशेषताओं पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित किया गया.

विज्ञापन क्षेत्र की ही तरह आपके बैंक ने जनसंपर्क (पीआर) क्षेत्र में भी कई पहल कार्य किए. आपके बैंक के जन संपर्क अभियानों का उद्देश्य समाचारों के सकारात्मक पहलू को बनाए रखना और मीडिया में बैंक की छवि को बढ़ाने के साथ ही साथ हितधारकों की अनुभूति को सुदृढ़ करना भी था. आपके बैंक को प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया में अपने पहल कार्यों के लिए सकारात्मक प्रतिसाद मिला.

बैंक ने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों में अपने कार्यकलाप जारी रखे और अपने आधिकारिक फेसबुक पेज और ट्विटर हैंडल के जरिये अपने संप्रेषणों को बनाये रखा. वर्ष के दौरान विशेष ट्विटर हैंडल - *@IDBIBankCares* भी आरंभ किया गया जो पूर्ण रूप से ग्राहकों की शिकायतों के समाधान के लिए समर्पित है.

आंतरिक संप्रेषण

आपके बैंक के आंतरिक संप्रेषण का उद्देश्य बैंकिंग सहित अन्य क्षेत्रों की गतिविधियों पर महत्वपूर्ण विचारों का प्रभावी आदान-प्रदान करना था. इससे बैंक के विभिन्न विभागों और शाखाओं के बीच पारस्परिक सहयोग सुनिश्चित किया गया और कर्मचारियों के बीच समन्वय भावना को जागृत करने और एक सामूहिक लक्ष्य के रूप में कार्य करने के उद्देश्य से संबंधों को विकसित करने में मदद मिली.

कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न पहल कार्य किए गए. इसमें, अन्य बातों के साथ-साथ, डिजिटल समाचार पत्र *'अभ्युदय'* का प्रसारण जिसके माध्यम से कर्मचारियों को बैंक की विभिन्न गतिविधियों के बारे में अद्यतन जानकारी दी गई, कर्मचारियों के लिए शीर्ष प्रबंधन विडियो संदेश, कामकाजी शनिवार को ऑनलाइन क्विज के जरिए कर्मचारियों से जुड़ना, आदि शामिल है.

आपके बैंक ने अपनी तिमाही गृह पत्रिका *'श्री वयम्'* को डिजिटल अवतार में पुनः आरंभ किया. श्री वयम् बैंक के वर्तमान कर्मचारियों और साथ ही सेवानिवृत्त कर्मचारियों को विभिन्न विषयों पर उनके अनुभवों और विचारों को साझा करने का अवसर प्रदान करता है. इसके अलावा अपने कर्मचारियों के समग्र कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बैंक ने *'स्टेप-ए-टन'* नामक अखिल भारतीय गतिविधि का आयोजन किया, जो लोगों के मन मस्तिष्क में हमारे ब्रांड और प्रमुख उत्पादों की छवि गढ़ने में मदद करेगी.

सूचना प्रौद्योगिकी

वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने अपनी ग्राहक सेवा पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपने कारोबार को बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकीय नवोन्मेषण पर और इसके उन्नयन पर निवेश करना जारी रखा. आपके बैंक द्वारा वर्ष के दौरान किए गए महत्वपूर्ण कार्यों में बैंक के कोर बैंकिंग समाधान का 7.x से 10.x में सफल व सहज माइग्रेशन, नेट बैंकिंग सिस्टम का नवीनतम फिनेकल ई-बैंकिंग आर्किटेक्चर (फेबा) में अपग्रेडेशन, समय-पूर्व चेतावनी संकेत (ईडबल्यूएस) समाधान का कार्यान्वयन, एनालिटिक्स एवं ग्राहक संबंध प्रबंधन (सीआरएम) सेल्स मॉड्यूल की सफल शुरुआत, उद्यम-व्यापी डेटा वेयरहाउस (ईडीडबल्यू) का निर्माण, उद्यम-व्यापी धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन समाधान (ईएफआरएमएस) के मोबाइल एप्लिकेशन के साथ ऑफसाइट मॉड्यूल और ऑनलाइन मॉड्यूल की सफल शुरुआत जैसे कार्य शामिल हैं. उद्यम-व्यापी डेटा वेयरहाउस (ईडीडबल्यू) प्रोजेक्ट के अंतर्गत विभिन्न ऋण उत्पादों के लिए एनपीए भविष्यवाणी हेतु, कृषि/ एमएसएमई पोर्टफोलियो के लिए उत्पाद छोड़ देने संबंधी (चर्न) भविष्यवाणी, चालू/ बचत खाते, क्रॉस सेल, अप सेल मॉडल, ग्राहक प्रोफाइलिंग व खंड आदि के लिए कई विश्लेषणात्मक / भविष्यसूचक मॉडल बनाए हैं. इसके अलावा उपयोगकर्ताओं के लिए विभिन्न कारोबारी कार्यकलाप हेतु डेटा-सेट तैयार किए गए ताकि ग्राहक आसानी से अपेक्षित रिपोर्ट सृजित कर सकें. इन परियोजनाओं के साथ ही आपके बैंक ने अपने कई महत्वपूर्ण आईटी हार्डवेयर सिस्टमों के उन्नयन और उनके पूर्ण रख-रखाव पर विशेष जोर दिया है और नेटवर्क उपकरणों, स्विचों और सर्वरों जैसी अपनी आस्तियों के संवर्धन में दीर्घकालिक निवेश किये हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि नियोजित हार्डवेयर पर्याप्त और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी युक्त है. विनियामकीय और संवैधानिक महत्व की परियोजनाओं के सफल निष्पादन के अलावा, आपके बैंक ने विभिन्न उत्कृष्ट सुरक्षा समाधानों को प्रारंभ करते हुए जिसका कार्यान्वयन उन्नत चरण में है, उद्योग-वार सूचना सुरक्षा मसलों का भी समाधान किया है.

आपके बैंक ने सही समय पर सही उत्पाद उपलब्ध कराते हुए उच्च ग्राहक वॉलेट शेयर प्राप्त करने के उद्देश्य से डेटा एनालिटिक्स के लिए एक उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) का भी गठन किया है जिसका पूरा ध्यान ग्राहकों के संवर्गीकरण, उन्हें लक्ष्यित करने, उन्हें हासिल करने और उन्हें अपने पास बनाए रखने पर केंद्रित था. इसके अतिरिक्त बैंक अपने लाभकर ग्राहक आधार को और भी बढ़ाने और बनाए रखने के लिए अपने जोखिम प्रबंधन और ग्राहक संबंधी समझ में सुधार कर रहा है. डेटा विश्लेषणात्मक टीम द्वारा तैयार किए गए विभिन्न उपयुक्त मॉडलों की मदद से आपके बैंक ने संरचनात्मक रिटेल आस्तियों, जीवन बीमा पॉलिसियों, म्युचुअल फंडों, डीमैट आदि के लिए कई सफल अभियान आयोजित किए. डेटा विश्लेषणात्मक टीम द्वारा उद्योगों के संबंध में दी गयी जानकारी की मदद से आपके बैंक ने संरचनात्मक रिटेल आस्तियों और प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र उधार (पीएसएल) को ऋण हेतु केंद्रित और लक्ष्यित दृष्टिकोण अपनाया है. डेटा विश्लेषणात्मक टीम डिजिटल बैंकिंग टीम के सहयोग से डिजिटल बैंकिंग में अपनी पहुँच और उसकी मात्रा को बढ़ाने के लिए विभिन्न मॉडल तैयार कर रही है.

आपके बैंक ने स्वचालित प्रक्रिया के माध्यम से विवरणियों के सृजन और उन्हें रिज़र्व बैंक को प्रेषित करने हेतु क्रमशः स्वचालित डेटा फ्लो (एडीएफ) एप्लिकेशन और केंद्रीकृत सूचना प्रबंधन प्रणाली (सीआईएमएस) का सफलतापूर्वक कार्यान्वयन किया. आरबीआई सीआईएमएस परियोजना के अंतर्गत प्रायोगिक रन के दौरान आपका बैंक विवरणियों के नमूना सेट हेतु विवरणियों के आरंभ से अंत तक का संपूर्ण फ्लो प्राप्त करने वाला पहला बैंक बना. आपके बैंक ने स्वचालित एक्सपोज़र गणना प्रणाली (एईसीएस) का भी कार्यान्वयन किया जो आवश्यकता आधारित उधारकर्ता-वार एक्सपोज़र और एक्सपोज़र संबंधी रिपोर्ट तैयार कर उसे साझा करती है. आपके बैंक ने 1 मई 2019 से 14 अगस्त 2019 की अवधि के दौरान *'मेरी शाखा शुचि शाखा'* नामक अभियान आरंभ कर *'प्रोजेक्ट शुचि'* में डेटा क्लीनसिंग में और प्रगति की है.

आपके बैंक ने 24x7 आधार पर एनईएफटी प्रणाली भी उपलब्ध कराई है. आपके बैंक ने आधार अधिप्रमाणन प्लेटफॉर्म के बेहतर वर्जन का प्रयोग आरंभ कर दिया है तथा ई-केवाईसी आधार अधिप्रमाणन सॉफ्टवेयर में अनिवार्य परिवर्तन भी किए हैं. ईकेवाईसी एप्लिकेशन केवल उन ग्राहकों पर लागू होगा जो आधार अधिनियम 2016 (2016 का 18) की धारा 7 के अंतर्गत अधिसूचित किसी योजना के अधीन कोई सुविधा या सब्सिडी प्राप्त करने के इच्छुक हैं. आपके बैंक ने अपने वेबसाइट डोमेन को भारत-आधारित डोमेन (www.idbibank.in) में परिवर्तित कर लिया है.

आपके बैंक ने भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा बहुलांश हिस्सेदारी के अर्जन से उत्पन्न सहयोग से लाभ उठाना जारी रखा. इसने एलआईसी प्रीमियम पे मॉड्यूल के जरिये एलआईसी एजेंटों /मर्चेंटों से एलआईसी प्रीमियम भुगतान स्वीकारना आरंभ कर दिया है.

केंद्रीकृत परिचालन

आपके बैंक के पास अत्याधुनिक केंद्रीय प्रसंस्करण इकाई (सीपीयू) है जहां विभिन्न परिचालनगत कार्यकलाप जैसे मीयादी जमाराशियों के ब्याज पर स्रोत पर कर की कटौती (टीडीएस), डेबिट कार्ड/ प्रीपेड कार्ड, चेक बुक, खाता विवरण तथा ग्राहकों को सुपुर्द की जाने वाली अन्य प्रदेय वस्तुओं के निर्माण तथा सुपुर्दगी, डीमैट खाता खोलने, अवरुद्ध राशि द्वारा समर्थित आवेदन (अस्बा), सिंडीकेट अस्बा और प्रतिभूति पर ऋण (एलएएस) आदि का केंद्रीकरण किया गया है. इससे इन कार्यों के लिए लगने वाले समय (टीएटी) में कमी लाने, बैंक की लागत में बचत करने और बिना किसी रुकावट के सेवाएं प्रदान करने में मदद मिली है.

इसी प्रकार आपके बैंक के पास बचत खाता, चालू खाता और मीयादी जमा खाता खोलने के लिए 6 अत्याधुनिक क्षेत्रीय प्रसंस्करण इकाई (आरपीयू) मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई, पुणे और अहमदाबाद में कार्यरत हैं.

शाखा परिचालन सहायता एवं नीति

आपका बैंक कर्मचारियों को बैंकिंग परिचालनों, सेवाओं आदि की नवीनतम जानकारी उपलब्ध कराते हुए उनके दैनंदिन परिचालनों के लिए ज्ञान प्रदान करने में सबसे आगे है. यह सुनिश्चित करता है कि आपका बैंक अपने सभी हितधारकों को उत्पादों, परिचालनों और सेवाओं पर अद्यतन जानकारी सहित सेवा प्रदान करने में सक्षम है.

आपका बैंक रिज़र्व बैंक की स्वच्छ नोट नीति का अनुपालन करता है तथा इसने अपनी शाखाओं में नोट छँटाई / नोट अधिप्रमाणन करने वाली मशीनें लगाई हैं. वर्ष के दौरान, बैंक ने देहरादून और इंदौर में दो नए करेंसी चेस्ट (सीसी) खोले हैं. इसी के साथ देश भर में बैंक के 23 सीसी हो गए हैं. ये सीसी सभी संबद्ध शाखाओं से प्राप्त नकदी संसाधित करते हैं और एटीएम तथा शाखाओं के माध्यम से वितरण के लिए स्वच्छ नोट उपलब्ध कराते हैं.

देशीय भुगतान तथा विप्रेषण सेवाएं (डीपीआरएस)

आपके बैंक के केंद्रीकृत परिचालन विभाग द्वारा त्वरित और समय पर की गयी कारोबार निरंतरता योजना (बीसीपी) व्यवस्था ने कोविद-19 संकटकाल के दौरान सभी महत्वपूर्ण कार्यकलाप जैसे चेक समाशोधन कार्यों, भुगतान और विप्रेषण सेवाओं आदि के निर्बाध परिचालन और निरंतर ग्राहक सेवा सुनिश्चित करने में मदद की. बैंक की देशीय भुगतान और विप्रेषण सेवाएँ (डीपीआरएस) एक दिन में लगभग ₹ 30,000 करोड़ रुपये के लगभग 25 लाख लेन-देन का कार्य संभालती हैं.

कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर)

कंपनी अधिनियम 2013 में दिये गए व्यापक दिशानिर्देशों के संदर्भ में आपके बैंक को समीक्षाधीन वर्ष के दौरान सीएसआर के अंतर्गत किसी भी राशि के व्यय की आवश्यकता नहीं थी. तथापि, एक सक्रिय कॉरपोरेट नागरिक के रूप में आपके बैंक ने समीक्षाधीन वर्ष के दौरान सीएसआर पहल कार्यों के भाग के रूप में सरकारी/नगरपालिका के स्कूलों में छात्रों के लिए पुराने कंप्यूटर दान किए.

Management Discussion and Analysis

BUSINESS ENVIRONMENT

Global economic activity remained subdued in Calendar Year (CY) 2019. Various factors such as prolonged trade tensions, subdued business confidence, lower investments, tightened financial conditions, higher policy uncertainties, muted demand across advanced and emerging market economies, among other factors, led to softening of growth momentum globally.

Even on the domestic front, the growth impulses exhibited signs of weakness in Financial Year (FY) 2019-20. As per the Provisional Estimates of National Income, 2019-20, India's real Gross Domestic Product (GDP) growth is estimated at 4.2% in FY 2019-20 as compared to 6.1% in FY 2018-19. Sector-wise analysis indicates that the slowdown was due to moderation in growth momentum in industries and services sectors, which offset the impact of higher growth in the agriculture sector.

The slowdown in economic activity was brought about by weak consumption and investment demand domestically, especially in the private sector. The government spending during the year was also constrained due to fiscal considerations. The moderating pace of economic activity was further impacted by the outbreak of coronavirus (Covid-19) pandemic globally during the initial months of CY 2020. In India, a nation-wide lockdown was announced in March 2020. To counter the impact of the outbreak, the Government of India (GoI) and Reserve Bank of India (RBI) have announced various fiscal and monetary measures, including a ₹ 20 lakh crore comprehensive stimulus package christened as '*Aatmanirbhar Bharat Abhiyaan*' to contain the impact of this global pandemic on the domestic economy as well as to revive the most affected sectors in the economy.

Going forward, leading international agencies have projected the global growth to decelerate further on the back of economic disruptions caused due to lockdown measures taken to contain the spread of the coronavirus pandemic. Indian economy, being globally integrated, is unlikely to be insulated from this disruption. The intensification of the pandemic since March 2020 is likely to have ramifications for the financial sector as a whole and banks in particular. The banking sector may be impacted in terms of muted deposit and credit growth as well as deterioration in asset quality not only due to exposure to Covid-19 impacted industries but also on account of negative spillovers on various other sectors because of lockdown. However, continuous and wide-ranging measures initiated by the policy makers will be critical in stabilising the economy.

BUSINESS REVIEW

During the year under review, your Bank continued to make progress on its strategic objectives even as the year saw significant challenges. Your Bank, positioning itself as a retail-focussed bank, continued to strategically ramp up its business in retail and priority sector segments, while scaling back its corporate exposure. In consonance with this strategy, your Bank pursued initiatives to expand its Retail, Agri and MSME (RAM) asset book which, due to its granular nature, would help the Bank to achieve a more stable and diversified asset mix. Simultaneously, your Bank focussed on augmenting its low-cost deposit base, i.e. CASA deposits and retail term deposits, while reducing reliance on institutional deposits. This strategy has aided your Bank in progressively reducing its cost of deposits as well as cost of funds during the year. The crux of the Bank's business strategy has been to pave the way for ensuring stable operations in a risk-calibrated and granular manner.

The overarching strategic framework of your Bank has been ably supported by introduction of new offerings as well as revamping existing array of offerings to create value for the customers in an ever-changing business environment. Your Bank highly values the importance of customer-centric approach in order to expand and deepen its customer base. Towards this end, the Bank has not only constantly strived for excellence in customer service but has also put in place a Data Analytics and Customer Relationship Management (CRM) module to gain better insights into customer requirements and to provide customised offerings to drive targeted sales.

Your Bank's strategic initiatives received a further impetus with the Life Insurance Corporation of India (LIC) acquiring a majority stake in the Bank in January 2019 and becoming its promoter. The stake acquisition opened up new business avenues of mutual synergies for both the entities. To identify and tap these areas of synergy, a joint Task Force with members from both your Bank and LIC has been constituted. A Working Group has also been set up to oversee the implementation of the initiatives identified by the Task Force. The synergy initiatives are aimed at serving your Bank's customers and the LIC family under one roof.

Your Bank has established two senior level customer service committees, i.e. Standing Committee on Customer Service (SCCS) and Customer Service Committee of the Board (CSCB), which meet on a quarterly basis. These Committees are entrusted with the task of evaluating feedback on quality of customer service rendered by the various channels of the Bank. The Committees also evaluate complaints and feedback received from customers and provide necessary directions to increase efficiency of resolution.

Corporate Communications

During 2019-20, the intended goal of advertising efforts of your Bank was to enhance the recall value of the Bank's products and services and to maintain and enhance the positive image of your Bank.

The advertising and publicity initiatives undertaken by your Bank focussed on campaigns highlighting the flagship retail products of the Bank. Cost-effective campaigns about Home Loan, Fixed Deposits, Gold Loan, Preferred Banking and mobile banking were undertaken in print, outdoor (OOH), radio and the digital platforms. The campaigns focussed on highlighting the distinguishing features of the products.

As in the advertising arena, several initiatives were undertaken by your Bank in the Public Relations (PR) domain also. The overlying accent of the PR initiatives was aimed at maintaining positive tonality of news and enhancing your Bank's profile in the media, while simultaneously striving to reinforce stakeholder perception. Your Bank found numerous positive mentions of its initiatives in print, electronic and digital media.

The Bank continued to undertake activities on various social media platforms and communicated through its official Facebook page and Twitter handle. During the year, a special Twitter handle–*'@IDBIBankCares'* was also launched, dedicated to addressing customer issues.

Internal Communications

Your Bank's internal communication agenda was focussed on enabling effective exchange of important ideas including but not limited to developments in the field of banking. It ensured permeation across various departments and branches of the Bank and helped to foster a sense of communion among the employees and cultivate relationships of trust in order to work towards a collective goal.

Various initiatives were undertaken to motivate and engage with the employees. These, *inter alia,* included monthly circulation of digital newsletter *'Abhyudaya'* which updated employees about various developments in the Bank, video messages from the Top Management to the employees, employee engagement through online quiz on working Saturdays, etc.

Your Bank also re-launched its quarterly in-house journal *'Shree Vayam'* in a digital avatar. Shree Vayam allows the existing employees as well as retired employees of the Bank to share their experiences and thoughts on diverse topics. Further, with the objective of promoting an overall well-being of its employees, the Bank organised a pan-India activity called *'Step-a-Ton'* that helped in establishing a sustained top-of-mind recall of the brand as well as its core product offerings.

Information Technology

During the year, your Bank continued to invest in technological innovation and upgradation to augment its business while maintaining its focus on customer service and experience. Your Bank covered new grounds during the year such as successful and smooth migration of the Bank's Core Banking Solution from 7.x to 10.x, upgradation of net banking system to the latest system namely Finacle E-Banking Architecture (FEBA), implementation of Early Warning Signals (EWS) Solution, successful roll-out of Analytics and Customer Relationship Management (CRM) Sales modules, developing an Enterprise-wide Data Warehouse (EDW), successful roll-out of Offsite module and Online module with Mobile App of Enterprise-wide Fraud Risk Management Solution (EFRMS), among others. Under EDW project, various analytical/ predictive models were built for NPA prediction for a number of loan products, churn prediction for portfolio of Agri/ MSME, Current/ Saving Account, Cross-sell Up-sell model, customer profiling and segmentation, etc. Further, data-sets for various business functions have been created for the users, enabling them to easily create desired reports. Along with these projects, your Bank has laid special emphasis on upgradation and overhaul of many of its critical IT hardware systems and has also committed long-term investments in the enrichment of its assets like network devices, switches and servers to ensure that the deployed hardware is adequate and state-of-the-art. In addition to the successful execution of projects of regulatory and statutory importance, your Bank has also responded to the industry-wide information security concerns by embarking on various high-end security solutions which are in advanced stage of implementation.

The Centre of Excellence (COE) for Data Analytics set up by your Bank, with the objective of achieving improved customer wallet share by delivering the right product at the right time, has been focussing on segmenting, targeting, acquiring and retaining customers. Additionally, it is improving its risk management and customer understanding to maintain and grow a more profitable customer base. With the help of various propensity models developed by the Data Analytics team, your Bank has launched a number of successful campaigns for Structured Retail Assets, Life Insurance Policies, Mutual Funds, Demat, etc. With the help of the industry insights given by Data Analytics team, your Bank has adopted a focussed and targeted approach for Structured Retail Assets and Priority Sector Lending (PSL). Data Analytics

team, in association with the Digital Banking team, is preparing different models to maximise digital banking penetration and volume.

Your Bank successfully implemented Automated Data Flow (ADF) application and Centralised Information Management System (CIMS) for generation of returns and furnishing to RBI, respectively, through automated process. During the pilot run under the RBI CIMS project, your Bank was the first bank to achieve end-to-end flow of returns for the sample set of returns. Your Bank also implemented Automated Exposure Computation System (AECS) which computes and shares need-based borrower-wise exposure and exposure-related reports. Your Bank made further progress in data cleansing under *'Project Shuchi'* by launching campaign viz. *'Mera Branch Shuchi Branch'* during the period May 01, 2019 to August 14, 2019.

Your Bank made available the NEFT system on 24x7 basis. Your Bank has also moved to an improved version of Aadhaar authentication platform and also made mandatory changes in e-KYC Aadhaar authentication software. The e-KYC application is applicable only for customers desirous of receiving any benefit or subsidy under any scheme notified under Section 7 of the Aadhaar Act 2016 (18 of 2016). Your Bank has also changed its website domain name to India-based domain (www.idbibank.in).

Your Bank continued to leverage on the synergies arising from the majority stake acquisition by LIC in the Bank. It has started accepting LIC premium payment from LIC agents/ merchants through LIC Premium Pay module.

Centralised Operations

Your Bank has a state-of-the-art Central Processing Unit (CPU) where different operational activities like Tax Deducted at Source (TDS) on interest on term deposits, production & delivery of debit cards/ prepaid cards, cheque books, account statements & other deliverables to customers, Demat account opening, Application Supported by Blocked Amount (ASBA), Syndicate ASBA and Loan Against Securities (LAS), etc. are centralised. This centralisation helps in reduction in turnaround time (TAT) and savings in cost and uninterrupted services by the Bank.

Similarly, your Bank has six state-of-the-art Regional Processing Units (RPUs) for processing of savings bank, current account and fixed deposit account opening. The RPUs currently operate out of Mumbai, Delhi, Kolkata, Chennai, Pune and Ahmedabad.

Branch Operations Support and Policy

Your Bank is at the forefront in disseminating knowledge to its staff members on their day-to-day operations by equipping them with the latest information on banking operations, services etc. This ensures that your Bank is able to provide service to all its stakeholders with updated knowledge on products, operations and services.

Your Bank is in compliance with the Clean Note Policy of RBI and has deployed note sorting/ note authentication machines in its branches. During the year under review, the Bank has opened two new Currency Chests (CCs) at Dehradun and Indore. With this, the Bank has 23 CCs across the country. These CCs process cash from all linked branches and provide clean notes for dispensing through ATMs and branches.

Domestic Payment and Remittance Services (DPRS)

The prompt and timely Business Continuity Plan (BCP) arrangements made by your Bank's Centralised Operations Department enabled it to take care of all critical activities such as cheque clearing operations, payment and remittance services, etc. to ensure smooth operations during the Covid-19 crisis period and ensure uninterrupted customer service. The Bank's Domestic Payment and Remittance Services (DPRS) handles about 25 lakh transactions involving around ₹ 30,000 crore in a day.

Corporate Social Responsibility (CSR)

As the Bank suffered a net loss in the preceding three years, in consonance with broad guidelines outlined in the Companies Act, 2013, there was no requirement for your Bank to incur any spends under CSR during the year under review. However, as a conscientious corporate citizen, your Bank has donated used computers to Government/ Municipal schools for the benefit of the students as a part of its CSR initiatives during the reporting year.

कॉरपोरेट अभिशासन पर लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट

के. एस. अय्यर एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफ - 7, लक्ष्मी मिल,
शक्ति मिल लेन,
(डॉ. ई. मोसेस रोड के पास)
महालक्ष्मी,
मुंबई - 400 011

जेएलएन यूएस एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
330/348, तीसरी मंज़िल,
टॉवर ए, अटलांटिस के-10.
वडोदरा सेंट्रल के सामने,
साराभाई मेन रोड
बड़ौदा - 390 023

एम. पी. चितले एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
पहली मंज़िल, हमाम हाउस
अंबालाल दोशी मार्ग,
फोर्ट,
मुंबई - 400 001

प्रति,
आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के सदस्यगण,

1. हमने सेबी (सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 यथा संशोधित (सेबी सूचीबद्धता विनियम) के विनियम 17 से 27 में और विनियम 46 (2) के खंड (बी) से (आई) तथा अनुसूची V के पैराग्राफ सी, डी और ई में निर्दिष्टानुसार 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के लिए बैंक द्वारा कॉरपोरेट अभिशासन की शर्तों के अनुपालन की जांच की है.

प्रबंधन की जिम्मेदारी

2. कॉरपोरेट अभिशासन की शर्तों का अनुपालन प्रबंधन की जिम्मेदारी है. सेबी सूचीबद्धता विनियम में निर्धारित कॉरपोरेट अभिशासन की शर्तों के अनुपालन को सुनिश्चित करने हेतु इस जिम्मेदारी में आंतरिक नियंत्रण और प्रक्रियाओं की रूपरेखा, कार्यान्वयन और अनुरक्षण भी शामिल है.

लेखापरीक्षकों की जिम्मेदारी

3. हमारी जिम्मेदारी कॉरपोरेट अभिशासन की शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए बैंक द्वारा अपनाई गयी प्रक्रियाओं और उनके कार्यान्वयन की समीक्षा तक सीमित है. यह न तो बैंक के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा है और न ही उन पर राय की अभिव्यक्ति है.
4. हमने बैंक द्वारा कॉरपोरेट अभिशासन की अपेक्षाओं के अनुपालन पर समुचित आश्वासन प्रदान करने के उद्देश्य से बैंक के बहीखातों तथा अन्य संबधित अभिलेखों और दस्तावेजों की जांच की है.
5. हमने भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (''आईसीएआई'') द्वारा जारी कॉरपोरेट अभिशासन के प्रमाणन पर मार्गदर्शी नोट, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (10) के अंतर्गत विनिर्दिष्ट लेखा परीक्षा के मानक जो कि इस प्रमाणन के उद्देश्य के लिए लागू हैं तथा रिपोर्टों पर मार्गदर्शी नोट अथवा आईसीएआई द्वारा जारी विशेष उद्देश्यों हेतु प्रमाणपत्र जिसके द्वारा यह अपेक्षित है कि हम आईसीएआई द्वारा जारी नैतिकता आचार संहिता की नैतिक अपेक्षाओं का अनुपालन करें, के अनुसार संबंधित अभिलेखों की जांच की है.
6. हमने गुणवत्ता नियंत्रण मानक (एसक्यूसी) 1, लेखा परीक्षा करने वाली फर्मों के लिए गुणवत्ता नियंत्रण तथा महत्वपूर्ण वित्तीय सूचना की समीक्षा और अन्य आश्वासन व सम्बद्ध सेवा वचनबद्धताओं के लिए लागू आवश्यकताओं का अनुपालन किया है.

अभिमत

7. हमारे अभिमत एवं हमारी सर्वोच्चतम जानकारी में तथा हमें दिये गए स्पष्टीकरणों के अनुसार हम प्रमाणित करते हैं कि बैंक ने 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के लिए ऊपर उल्लिखित सेबी सूचीबद्धता विनियम में यथा निर्धारित रूप में कॉरपोरेट अभिशासन की शर्तों का अनुपालन किया है.

प्रयोग संबंधी अन्य मामले और प्रतिबंध

8. हम आगे उल्लेख करते हैं कि ऐसा अनुपालन न तो बैंक की भावी अर्थक्षमता के बारे में और न ही बैंक के कार्यों को संचालित करने की प्रबंधन की कार्यकुशलता अथवा प्रभावकारिता के बारे में आश्वासन है.
9. यह रिपोर्ट बैंक के सदस्यों को कॉरपोरेट अभिशासन के संबंधित विनियमों के अनुपालन के संदर्भ में सूचीबद्धता विनियम के तहत अपने दायित्वों के अनुपालन करने के एकमात्र उद्देश्य से बैंक के सदस्यों को संबोधित और उपलब्ध कराई गई है तथा इसका प्रयोग किसी भी अन्य व्यक्ति द्वारा किसी भी अन्य उद्देश्य के लिए नहीं किया जा सकता है. तदनुसार हम बिना किसी लिखित पूर्वसहमति के किसी अन्य उद्देश्य के लिए अथवा किसी अन्य पक्ष को यह दिखायी जाने पर अथवा किसी अन्य को उपलब्ध हो जाने पर कोई देयता अथवा सावधानी संबंधी कर्तव्य का दायित्व स्वीकार अथवा मान्य नहीं करते हैं. इस रिपोर्ट की तारीख के बाद घटित होनेवाली घटनाओं और परिस्थितिओं को अद्यतित करने के लिए हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं है.

कृते **के. एस. अय्यर एंड कंपनी**
सनदी लेखाकार
फर्म पं. सं. 100186डब्ल्यू

सतीश केलकर
साझेदार
सदस्यता सं. 038934
यूडीआईएन: 20038934AAAAAT1486

कृते **जेएलएन यूएस एंड कंपनी**
सनदी लेखाकार
फर्म पं. सं. 101543डब्ल्यू

रमाप्रसन्न अग्रवाल
साझेदार
सदस्यता सं. 119693
यूडीआईएन: 20119693AAAAAQ8870

कृते **एम. पी. चितले एंड कंपनी**
सनदी लेखाकार
फर्म पं. सं. 101851डब्ल्यू

आशुतोष पेडणेकर
साझेदार
सदस्यता सं. 041037
यूडीआईएन:
20041037AAAABE9057

स्थान: मुंबई
दिनांक: 30 मई 2020

कॉरपोरेट अभिशासन रिपोर्ट

अभिशासन संहिता पर बैंक के दर्शन का संक्षिप्त विवरण

बैंक अपने परिचालनों में कॉरपोरेट अभिशासन के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है. इसकी नीतियां व पद्धतियां न सिर्फ सांविधिक अपेक्षाओं के अनुरूप हैं, बल्कि अपने अंशधारकों के सर्वोत्तम हित में काम करने की इसकी प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित करती हैं. अभिशासन के उच्च मानकों को बनाये रखने का दायित्व आपके बैंक के निदेशक मंडल तथा बोर्ड की विभिन्न समितियों पर है जिन्हें विधिक एवं विनियामकीय प्रावधानों तथा बैंकिंग परंपराओं के ढांचे के भीतर आवश्यक प्रकटीकरण करने सहित उत्कृष्ट कॉरपोरेट अभिशासन पद्धतियों के कार्यान्वयन पर निगरानी रखने के अधिकार प्राप्त हैं.

इस दिशा में बैंक यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि इसके निदेशक मंडल का गठन निर्धारित मानदंडों के अनुसार होता रहे, निर्धारित अंतराल पर इसकी नियमित बैठकें हों, यह प्रभावी नेतृत्व प्रदान करे, प्रबंधन पर नियंत्रण रखे, कार्यपालकों के कार्य-निष्पादन पर निगरानी रखे तथा समुचित प्रकटीकरण करे. इसके अतिरिक्त, रणनीतिक नियंत्रण ढांचे की स्थापना और इसकी प्रभावशीलता की निरंतर समीक्षा तथा नीति निर्माण, कार्यान्वयन और समीक्षा के लिए स्पष्ट दस्तावेजीकृत तथा पारदर्शी प्रबंध प्रक्रियाओं की स्थापना और निर्णयन, निगरानी, नियंत्रण तथा रिपोर्टिंग बैंक के अन्य नीतिगत दिशा-निर्देश हैं. बैंक बोर्ड को निर्बाध रूप से सभी संबद्ध सूचनाएं तथा संसाधन उपलब्ध कराता है जिससे वे अपनी भूमिका को प्रभावशाली ढंग से निभा सकें.

निदेशक मंडल :

बैंक के निदेशक मंडल का दायरा व्यापक है और इसका गठन बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949, कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों और बैंक के संस्था अन्तर्नियमों और सेबी (सूचीबद्धता (लिस्टिंग) दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएँ) विनियम 2015 [एलओडीआर विनियम] में यथावर्णित कॉरपोरेट अभिशासन की अपेक्षाओं से शासित होता है.

i. विचारार्थ विषय:

- शेयरधारकों से उनके शेयरों पर अप्रदत्त धनराशि के संबंध में मांग करना;
- धारा 68 के तहत प्रतिभूतियों की वापसी खरीद को प्राधिकृत करना;
- भारत में या भारत से बाहर डिबेंचरों सहित प्रतिभूतियों को जारी करना;
- धन उधार लेना;
- बैंक की निधियों का निवेश करना;
- ऋण मंजूर करना या गारंटी देना या ऋणों के संबंध में प्रतिभूति उपलब्ध कराना;
- वित्तीय विवरण और बोर्ड की रिपोर्ट अनुमोदित करना;
- बैंक के कारोबार में विविधता लाना;
- समामेलन, विलयन या पुनर्निर्माण को अनुमोदित करना;
- किसी कंपनी का अधिग्रहण करना या किसी अन्य कंपनी में नियंत्रक या पर्याप्त हिस्सेदारी हासिल करना;
- मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक (केएमपी) को नियुक्त करना या हटाना;
- आंतरिक लेखा-परीक्षकों और सचिवीय लेखा-परीक्षक को नियुक्त करना;
- निदेशकों के हित और शेयरधारिता के प्रकटन को नोट करना;
- बैंक द्वारा धारित निवेशों (व्यापार निवेशों के अलावा) का क्रय-विक्रय जिसमें निवेशक कंपनी की चुकता शेयर पूंजी का पांच प्रतिशत या उससे अधिक चुकता शेयर पूंजी और निर्बंध प्रारक्षित निधियाँ शामिल हैं;
- यथास्थिति तिमाही, छमाही और वार्षिक वित्तीय विवरणों या वित्तीय परिणामों को अनुमोदित करना;
- गैर अनुपालन के मामलों में सुधार करने के लिए बैंक द्वारा की गई कार्रवाई के साथ बैंक पर लागू सभी कानूनों से संबंधित अनुपालन रिपोर्टों की आवधिक समीक्षा करना;
- निदेशक मंडल के सभी सदस्यों और बैंक के वरिष्ठ प्रबंधन के लिए आचार संहिता तैयार करना;
- बैंक के लिए जोखिम प्रबंधन योजना तैयार करना, कार्यान्वयन करना और निगरानी सुनिश्चित करना;
- स्वतंत्र निदेशकों, सभी अन्य निदेशकों, बोर्ड की समितियों और संपूर्ण बोर्ड के कार्य-निष्पादन का मूल्यांकन करना;
- कॉरपोरेट रणनीति, कार्रवाई की प्रमुख योजनाओं, जोखिम नीति, वार्षिक बजटों और कारोबार योजनाओं की समीक्षा और मार्गदर्शन, कार्य-निष्पादन के उद्देश्यों की स्थापना, कार्यान्वयन और कॉरपोरेट कार्य-निष्पादन की निगरानी, और प्रमुख पूंजी व्यय, अधिग्रहण और विनिवेशों का निरीक्षण करना;
- बैंक के अभिशासन वाले कार्यों की प्रभावशीलता की निगरानी और उसमें आवश्यकतानुसार परिवर्तन करना;
- मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों का चयन, मुआवजा, निगरानी, और जब आवश्यक हो, उनका प्रतिस्थापन और उत्तराधिकार योजना का निरीक्षण करना;
- बैंक और उसके शेयरधारकों के दीर्घकालिक हितों के साथ मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों और निदेशकों के पारिश्रमिक को सुमेलित करना;
- निदेशक मंडल में विचार, अनुभव, ज्ञान, परिप्रेक्ष्य और लिंग की विविधता के साथ निदेशक मंडल के लिए पारदर्शी नामांकन प्रक्रिया सुनिश्चित करना;

- कॉरपोरेट आस्तियों के दुरुपयोग और संबंधित पक्ष लेनदेनों के गलत उपयोग के साथ-साथ प्रबंधन, निदेशक मंडल के सदस्य और शेयरधारकों के हितों के संभावित टकरावों की निगरानी और प्रबंध करना;
- स्वतंत्र लेखा-परीक्षा सहित बैंक की लेखांकन और वित्तीय रिपोर्टिंग प्रणाली की सत्यनिष्ठा सुनिश्चित करना और यह देखना कि नियंत्रण की उचित प्रणाली, मुख्य रूप से जोखिम प्रबंधन, वित्तीय और परिचालनगत नियंत्रण प्रणाली सुव्यवस्थित है तथा यह देखना कि कानून और प्रासंगिक मानदंडों के अनुपालन की उपयुक्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई है;
- प्रकटन और संचार प्रक्रिया की देखरेख;
- निदेशक मंडल की मूल्यांकन संरचना की निगरानी और समीक्षा;
- बैंक को रणनीतिक मार्गदर्शन उपलब्ध कराना, प्रबंधन की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करना और बैंक और शेयरधारकों के लिए जवाबदेह होना;
- कॉरपोरेट संस्कृति और मूल्य निर्धारित करना जिसके अनुसार समूह के सभी कार्यपालकों को आचरण करना होगा;
- पूर्ण जानकारी के आधार पर, सद्भावना में, समुचित सावधानी और देखभाल के साथ तथा बैंक और शेयरधारकों के सर्वोत्तम हित में कार्य करना;
- निदेशक मंडल के सदस्यों को अद्यतित जानकारी सुनिश्चित करने हेतु निदेशकों के नियमित प्रशिक्षण को प्रोत्साहित करना;
- सभी शेयरधारकों के साथ न्यायपूर्वक व्यवहार करना;
- उच्च नैतिक मानकों को बनाए रखना और अंशधारकों के हितों का ध्यान रखना;
- कॉरपोरेट मामलों के बारे में वस्तुनिष्ठ स्वतंत्र निर्णय का निष्पादन करना;
- जहां हितों के टकराव की संभावना हो, वहाँ निदेशक मंडल को कार्य करने के लिए स्वतंत्र निर्णय लेने में सक्षम बनाने हेतु पर्याप्त गैर-कार्यपालक सदस्यों को नामित करने पर विचार करना;
- रणनीति, रणनीतिक पहल (जैसे कि अधिग्रहण), जोखिम क्षमता, एक्सपोज़र और सूचीबद्ध संस्था के ध्यान देने योग्य मुख्य क्षेत्रों जैसी अंतर्निहित धारणाओं की चुनौती से कार्यपालक प्रबंधन की सहायता करने के लिए पीछे हटने की क्षमता. निदेशक मंडल की समितियों के अधिदेश, संरचना और कार्य प्रणाली को परिभाषित और प्रकट करना;
- निदेशक मंडल के सदस्य के रूप में और निदेशक मंडल की समिति के सदस्य के रूप में स्वतंत्र निदेशकों को अपनी प्रभावी भूमिका का निर्वहन करने के लिए सुविधा प्रदान करना; और
- विनियामक/ सांविधिक अपेक्षाओं अथवा भारत सरकार (जीओआई)/ भारतीय रिज़र्व बैंक (रिज़र्व बैंक) द्वारा समय-समय पर अधिदेशित किए गए निर्देशों के ज़रिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन करना.

ii. 31 मार्च 2020 को बोर्ड की संरचना

निदेशक का नाम	कार्यपालक/गैर-कार्यपालक निदेशक	स्वतंत्र/गैर-स्वतंत्र निदेशक
अध्यक्ष		
श्री एम.आर. कुमार	गैर-कार्यपालक	गैर-स्वतंत्र
प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी		
श्री राकेश शर्मा	कार्यपालक	गैर-स्वतंत्र
उप प्रबंध निदेशक		
श्री सैम्युअल जोसेफ जेबराज	कार्यपालक	गैर-स्वतंत्र
श्री सुरेश खटनहार	कार्यपालक	गैर-स्वतंत्र
नामिती निदेशक		
सुश्री मीरा स्वरूप (भारत सरकार)	गैर-कार्यपालक	गैर-स्वतंत्र
श्री सुधीर श्याम (भारत सरकार)	गैर-कार्यपालक	गैर-स्वतंत्र
श्री राजेश कंडवाल (एलआईसी)	गैर-कार्यपालक	गैर-स्वतंत्र
स्वतंत्र निदेशक		
श्री ज्ञान प्रकाश जोशी	गैर-कार्यपालक	स्वतंत्र
डॉ. आशिमा गोयल	गैर-कार्यपालक	महिला स्वतंत्र
श्री भुवनचंद्र बी. जोशी	गैर-कार्यपालक	स्वतंत्र
श्री समरेश परिदा	गैर-कार्यपालक	स्वतंत्र
श्री एन. जंबुनाथन	गैर-कार्यपालक	स्वतंत्र
श्री दीपक सिंघल	गैर-कार्यपालक	स्वतंत्र
श्री संजय जी. कल्लापुर	गैर-कार्यपालक	स्वतंत्र

वर्तमान में बोर्ड में 14 (चौदह) निदेशकों की संख्या संस्था अंतर्नियम के अनुच्छेद 114(ए) के अंतर्गत निर्दिष्ट अपेक्षाओं को पूरा करती है.

बोर्ड की राय में स्वतंत्र निदेशक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता (लिस्टिंग)बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 में निर्दिष्ट शर्तों को पूरा करते हैं और प्रबंधन से स्वतंत्र हैं. वर्ष 2019-20 के दौरान बैंक के स्वतंत्र निदेशक सहित किसी भी निदेशक ने त्यागपत्र नहीं दिया है.

iii. निदेशकों के बीच परस्पर संबंध :

(i) बैंक के बोर्ड में किसी भी निदेशक का किसी अन्य निदेशक से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से संबंध नहीं है.

(ii) रिजर्व बैंक द्वारा निजी क्षेत्र के बैंकों के लिए विनिर्दिष्ट ऊपरी आयु सीमा के अनुसार बैंक के किसी भी निदेशक की आयु सत्तर वर्ष नहीं है.

(iii) बैंक के अध्यक्ष गैर-कार्यपालक निदेशक हैं और वे अनुच्छेद 116(1)(i) के निबंधनों के अनुसार कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत परिभाषित 'रिलेटिव' शब्द की परिभाषा के अनुसार बैंक के एमडी एवं सीईओ से संबंधित नहीं हैं.

iv. बोर्ड की बैठकों के लिए कोरम :

बोर्ड की बैठकों के लिए कोरम कुल संख्या का एक तिहाई अथवा तीन (3) निदेशक, इनमें से जो भी अधिक हो, होगा बशर्ते कि इनमें कम से कम एक निदेशक एलआईसी का नामिती और एक स्वतंत्र निदेशक हो.

v. बोर्ड की बैठकों की बारंबारता :

बोर्ड की बैठक आम तौर पर एक वर्ष में कम से कम छह बार और प्रत्येक तिमाही में कम से कम एक बार आयोजित की जाएगी तथा बोर्ड की लगातार दो बोर्ड बैठकों के बीच एक सौ बीस दिनों से ज्यादा का अंतराल नहीं होना चाहिए.

vi. आयोजित बैठकों की संख्या :

समीक्षाधीन अवधि (01 अप्रैल 2019 से 31 मार्च 2020) के दौरान बोर्ड की कुल 14 बैठकें 16 अप्रैल 2019, 13 मई 2019, 30 मई 2019, 28 जून 2019, 14 अगस्त 2019, 20 अगस्त 2019, 19 सितंबर 2019, 27 सितंबर 2019, 22 अक्तूबर 2019, 8 नवंबर 2019, 10 दिसंबर 2019, 15 जनवरी 2020, 23 एवं 24 जनवरी 2020 (जारी) और 11 फरवरी 2020 को संपन्न हुईं.

सभी बैठकें मुंबई में आयोजित की गईं और बैंक के प्रत्येक निदेशक की बोर्ड की बैठकों में उपस्थिति, गत वार्षिक महासभा (एजीएम) में उपस्थिति, अन्य कंपनियों में उनकी निदेशकता और समितियों में सदस्यता का ब्योरा नीचे **तालिका 1** में दिया गया है.

तालिका 1 : निदेशकों की बोर्ड की बैठकों और वार्षिक महासभा में उपस्थिति, अन्य कंपनियों में उनकी निदेशकता और समितियों में सदस्यता

निदेशक का नाम	अपने कार्यकाल में आयोजित बोर्ड की बैठकों में उपस्थिति (आयोजित/ उपस्थित)	20 अगस्त 2019 को संपन्न पिछली वार्षिक महासभा में उपस्थिति	अन्य कंपनियों (अन्य सार्वजनिक कंपनियां) में निदेशकता	अन्य कंपनियों में सदस्यता/अध्यक्षता (केवल एसीबी एवं एसआरसी)	अन्य सूचीबद्ध संस्थाओं का नाम जहां व्यक्ति निदेशक हैं और निदेशकता की श्रेणी
1	2	3	4	5	6
गैर-कार्यपालक अध्यक्ष					
श्री एम. आर. कुमार (डीआईएन-03628755) [13.05.2019 से प्रभावी]	(12/6)	उपस्थित	4	शून्य	1. एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लि. - नामिती निदेशक एवं अध्यक्ष
पूर्णकालिक निदेशक					
श्री राकेश शर्मा (डीआईएन-06846594)	(14/14)	उपस्थित	3	शून्य	शून्य
श्री के.पी. नायर (डीआईएन - 02611496) [31.05.2019 तक]	(3/3)	लागू नहीं	1	शून्य	शून्य
श्री जी.एम. यादवाडकर (डीआईएन - 01432796) [14.09.2019 तक]	(6/6)	उपस्थित	3	शून्य	शून्य
श्री सैम्युअल जोसेफ जेबराज (डीआईएन-02262530) [20.09.2019 से प्रभावी]	(7/7)	लागू नहीं	3	शून्य	शून्य

निदेशक का नाम	अपने कार्यकाल में आयोजित बोर्ड की बैठकों में उपस्थिति (आयोजित/ उपस्थित)	20 अगस्त 2019 को संपन्न पिछली वार्षिक महासभा में उपस्थिति	अन्य कंपनियों (अन्य सार्वजनिक कंपनियां) में निदेशकता	अन्य कंपनियों में सदस्यता/अध्यक्षता (केवल एसीबी एवं एसआरसी)	अन्य सूचीबद्ध संस्थाओं का नाम जहां व्यक्ति निदेशक हैं और निदेशकता की श्रेणी
1	2	3	4	5	6
श्री सुरेश खटनहार (डीआईएन- 03022106) [15.01.2020 से प्रभावी]	(2/2)	लागू नहीं	शून्य	शून्य	शून्य
गैर-कार्यपालक निदेशक					
श्री राजेश कंडवाल (डीआईएन- 02509203)	(14/13)	उपस्थित	शून्य	शून्य	शून्य
श्री सुधीर श्याम (डीआईएन-08135013)	(14/13)	उपस्थित	शून्य	शून्य	शून्य
श्री पंकज जैन (डीआईएन- 00675922) [08.08.2019 तक]	(4/3)	लागू नहीं	4	शून्य	शून्य
सुश्री मीरा स्वरूप (डीआईएन-07459492) [20.08.2019 से प्रभावी]	(8/6)	लागू नहीं	2	शून्य	शून्य
स्वतंत्र निदेशक					
श्री ज्ञान प्रकाश जोशी (डीआईएन - 00603925)	(14/14)	उपस्थित	शून्य	शून्य	शून्य
डॉ. आशिमा गोयल (डीआईएन - 00233635)	(14/13)	उपस्थित	2	शून्य	1. एडलविस फाइनेंशियल सर्विसेस लि. - निदेशक
श्री भुवनचंद्र बी. जोशी (डीआईएन - 06713850)	(14/14)	उपस्थित	शून्य	शून्य	शून्य
श्री समरेश परिदा (डीआईएन - 01853823)	(14/13)	उपस्थित	शून्य	शून्य	शून्य
श्री एन. जंबुनाथन (डीआईएन - 05126421)	(14/13)	उपस्थित	शून्य	शून्य	शून्य
श्री दीपक सिंघल (डीआईएन - 08375146)	(14/14)	उपस्थित	1	शून्य	शून्य
श्री संजय जी. कल्लापुर (डीआईएन - 08377808)	(14/13)	उपस्थित	शून्य	शून्य	शून्य

कंपनी के किसी भी गैर-कार्यपालक निदेशक के पास बैंक द्वारा जारी शेयर या संपरिवर्तनीय लिखत नहीं हैं.

बोर्ड की समितियां

बोर्ड की कुल चौदह समितियां हैं, यथा -

- बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति
- जोखिम प्रबंधन समिति
- स्वतंत्र निदेशक समिति
- कार्यपालक समिति
- धोखाधड़ी निगरानी समिति
- असहयोगी उधारकर्ता समीक्षा समिति
- इरादतन चूककर्ता समीक्षा समिति
- हितधारक संबंध समिति
- नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति
- कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति
- मानव संसाधन संचालन समिति
- वसूली समीक्षा समिति
- ग्राहक सेवा समिति
- सूचना प्रौद्योगिकी रणनीति समिति

ए. बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति (एसीबी)

i. *विचारार्थ विषय*

- संवेदनशील क्षेत्रों को ऋण सहायता, अर्थात् (क) पूंजी बाजार, और (ख) रियल इस्टेट;
- अपने ग्राहक को जानिए/ धन शोधन निवारक (केवाईसी/ एएमएल) दिशा-निर्देश-
  - i. कार्यान्वयन की समीक्षा;
  - ii. शाखाओं में केवाईसी/ एएमएल दिशा-निर्देशों के पालन के संबंध में संगामी लेखा परीक्षा रिपोर्टों के अनुपालन की समीक्षा;
- हाउस कीपिंग की समीक्षा - विशेषकर लंबे समय से बकाया प्रविष्टियों उचंत/ विविध/ देय अथवा प्रदत्त ड्राफ्ट/ मार्गस्थ निधियाँ/ समाशोधन/ सहायक सामान्य खाताबही (एसजीएल)/ संघटक सहायक सामान्य खाताबही (सीएसजीएल) खातों का संतुलन और समाधान;
- रिज़र्व बैंक द्वारा किए गए वार्षिक वित्तीय निरीक्षण के संबंध में अनुपालन की समीक्षा. (जब तक बैंक पूर्ण अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं कर देता, एसीबी को निरंतर आधार पर इसकी समीक्षा करनी चाहिए. एसीबी को रिज़र्व बैंक की निरीक्षण रिपोर्टों में दर्शायी गयी कमियों पर कड़ी निगरानी रखनी चाहिए);
- लेखा-परीक्षा योजना और इसकी उपलब्धियों की स्थिति की समीक्षा;
- महत्वपूर्ण लेखा-परीक्षा निष्कर्षों/निम्नलिखित लेखा-परीक्षाओं में पायी गयी आंतरिक नियंत्रण कमियों की उसके अनुपालन सहित समीक्षा- (i) लांग फॉर्म लेखा परीक्षा रिपोर्ट (एलएफएआर) (ii) संगामी लेखा-परीक्षा (iii) आंतरिक निरीक्षण (iv) डाटा सेंटर और अन्य विभागों की सूचना प्रणाली लेखा-परीक्षा (v) ट्रेज़री और डेरिवेटिव (vi) नियंत्रक कार्यालयों/ प्रधान कार्यालय में प्रबंधन लेखा-परीक्षा (vii) सेवा शाखाओं की लेखा-परीक्षा (viii) करेंसी चेस्ट (ix) विदेशी मुद्रा विनिमय में संव्यवहार करने के लिए प्राधिकृत शाखाओं की विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम (फेमा) लेखा-परीक्षा आदि;
- एसीबी/ बोर्ड/ रिज़र्व बैंक द्वारा जारी निदेशों पर अनुपालन रिपोर्ट;
- समुद्रपारीय शाखाओं के संबंध में मेजबान देशों में विनियामकों की विनियामकीय अपेक्षाओं पर अनुपालन रिपोर्ट;
- प्रबंधन चर्चा, वित्तीय स्थिति का विश्लेषण, सांविधिक लेखा-परीक्षकों द्वारा आंतरिक नियंत्रण की कमियों के बारे में जारी पत्रों/प्रबंधन पत्रों सहित तिमाही के वित्तीय परिणामों की समीक्षा;
- विवेकाधिकार शक्तियों के प्रयोग में विभिन्न पदाधिकारियों द्वारा किए गए उल्लंघन संबंधी जानकारी की समीक्षा;
- उधारकर्ता कंपनियों में उनकी प्रदत्त पूंजी के 30% से अधिक की इक्विटी शेयरधारिता के संबंध में जानकारी;
- मार्च, जून, सितंबर और दिसंबर को समाप्त तिमाहियों के दौरान रिपोर्ट किए गए धोखाधड़ी के सभी मामलों की समीक्षा;
- संबद्ध पक्षों के साथ लेन-देनों और संबंधित पक्ष लेनदेन के लिए पूर्वानुमोदन की समीक्षा,
- (क) जोखिम आधारित आंतरिक लेखा-परीक्षा नीति, (ख) संगामी लेखा-परीक्षा नीति और (ग) आईएस लेखा-परीक्षा नीति की समीक्षा;
- बैंक के लेखों में अधिक पारदर्शिता लाने और लेखांकन मानकों की पर्याप्तता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बैंक की लेखांकन नीतियों/ प्रणालियों की समीक्षा; वर्ष के दौरान किसी भी परिवर्तन और उसके परिणाम की समीक्षा. इस आशय की पुष्टि कि लेखांकन नीतियां, मानकों और रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुपालन में हैं;
- आंतरिक लेखा-परीक्षा विभाग की संरचना, स्टाफ की संख्या तथा विभाग का नेतृत्व करने वाले अधिकारी की वरिष्ठता, रिपोर्टिंग संरचना, कवरेज और आंतरिक लेखा-परीक्षा की बारंबारता सहित आंतरिक लेखा-परीक्षा कार्य की पर्याप्तता की समीक्षा;
- बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की समीक्षा;
- बैंक की जोखिम प्रबंधन प्रणालियों की समीक्षा;
- सांविधिक लेखा-परीक्षकों की नियुक्ति, लेखा परीक्षकों की स्वतंत्रता, कार्य निष्पादन, देशी और समुद्रपारीय परिचालनों दोनों के लिए लेखा-परीक्षा प्रक्रिया की प्रभावशीलता की निगरानी और समीक्षा;
- निदेशक मंडल के अनुमोदन हेतु प्रस्तुति से पूर्व एलओडीआर विनियमावली की अनुसूची II के भाग सी के बिन्दु ए (4) में दर्शाई गयी (क) से (छ) की मदों के विशेष संदर्भ में वार्षिक लेखों/ वित्तीय विवरणों और इन पर लेखा-परीक्षक की रिपोर्ट की समीक्षा;
- सांविधिक लेखा-परीक्षकों द्वारा दी गई अन्य प्रकार की सेवाओं के लिए लेखा-परीक्षकों को किए जाने वाले भुगतान का अनुमोदन करना;
- लेखा-परीक्षा शुरू होने से पूर्व उसके स्वरूप और कार्य-क्षेत्र के बारे में सांविधिक लेखा-परीक्षकों के साथ विचार-विमर्श तथा साथ ही चिंताजनक विषयों का पता लगाने के लिए लेखा-परीक्षा के उपरांत विचार-विमर्श;
- विभिन्न कानूनों और संविधियों के तहत बैंक पर लगाए गए दंडों/ दंडात्मक कार्रवाई और सुधारात्मक उपायों के लिए की गयी कार्रवाई;
- आंतरिक/ बाह्य लेखा-परीक्षकों द्वारा पता लगाई गई राजस्व हानि की रिपोर्ट और इसकी वसूली की स्थिति की समीक्षा- कमतर राजस्व के कारण और राजस्व हानियों को रोकने के लिए की गई कार्रवाई;
- ऑफर दस्तावेज़ों और निधियों के सार्वजनिक निर्गम (सांविधिक लेखा-परीक्षकों द्वारा प्रमाणित) के ज़रिये जुटाई गई निधियों के अंतिम उपयोग पर रिपोर्ट और साथ ही साथ, (i) विनियमावली 32(1) के अनुसार निगरानी एजेंसी रिपोर्ट सहित विचलन(नों) के तिमाही विवरण और (ii) एलओडीआर विनियमावली के विनियम 32(7) के अनुसार ऑफर दस्तावेज में उल्लिखित उद्देश्यों के अलावा अन्य के लिये उपयोग की गई निधियों का वार्षिक विवरण;

- जमाकर्ताओं, डिबेंचर धारकों, शेयरधारकों (घोषित लाभांश का भुगतान न होने के मामले में) और लेनदारों को भुगतान में वास्तविक चूक के कारणों की समीक्षा;
- असूचीबद्ध सहायक कंपनियों द्वारा किए गए विशेष निवेशों सहित वित्तीय विवरणियों की समीक्षा;
- पहली बार हुए एनपीए (एफटीएनपीए) की समीक्षा;
- ₹ 1 करोड़ और उससे अधिक के नकारे गए चेक;
- संगामी लेखा-परीक्षा प्रणाली की वार्षिक समीक्षा;
- वार्षिक लेखा-परीक्षा योजना का अनुमोदन;
- आउटसोर्स वेंडरों की लेखा-परीक्षा की वार्षिक समीक्षा;
- सतर्कता तंत्र की कार्य प्रणाली (पूर्व में विसिल ब्लोअर तंत्र) की समीक्षा;
- (i) मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) (ii) मुख्य आंतरिक लेखा-परीक्षक और (iii) मुख्य अनुपालन अधिकारी की नियुक्ति का अनुमोदन;
- सूचीबद्ध संस्था के उपक्रमों और आस्तियों का मूल्यांकन, जहां कहीं भी आवश्यक हो;
- बैंक के लेखों को प्रभावित करने वाले रिजर्व बैंक के परिपत्र;
- अनुपालन स्थिति सहित पिछली बैठकों में एसीबी/ एसीबी अध्यक्ष द्वारा दिये गए विशेष निदेश;
- अंगीकार करने के उद्देश्य से वसूली समीक्षा समिति (आरआरसी) को रिपोर्ट किए गए एनपीए/वसूली संबंधित मामले;
- होल्डिंग कंपनी द्वारा सहायक संस्था में ₹100 करोड़ से अधिक या सहायक संस्था के आस्ति भाग के 10%, इस प्रावधान के लागू होने की नियत तारीख 01.04.2019 से मौजूदा ऋण/अग्रिम/निवेश सहित जो भी कम हो, के निवेश की ऋण और/या अग्रिमों के उपयोग की समीक्षा,
- विनियामक/ सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय-समय पर अधिदेशित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

ii. *एसीबी की संरचना:*

यथा 31 मार्च 2020 को एसीबी में छह सदस्य शामिल थे, जिनमें से चार सदस्य स्वतंत्र निदेशक हैं, अर्थात् श्री समरेश परिदा, अध्यक्ष के रूप में स्वतंत्र निदेशक, श्री सैम्युअल जोसेफ जेबराज, उप प्रबंध निदेशक, श्री राजेश कंडवाल, एलआईसी के नामिती निदेशक, श्री ज्ञान प्रकाश जोशी, स्वतंत्र निदेशक, डॉ. आशिमा गोयल, स्वतंत्र निदेशक और श्री संजय जी. कल्लापुर, स्वतंत्र निदेशक.

iii. *एसीबी बैठकों के लिए कोरम एवं बारंबारता :*

एसीबी बैठकों के लिए कोरम सदस्यों की कुल संख्या का एक तिहाई अथवा दो सदस्य, इनमें से जो अधिक हो, होगा और इनमें कम से कम दो स्वतंत्र निदेशक होंगे.

iv. *एसीबी बैठकों की बारंबारता*

एसीबी की वर्ष में कम से कम 4 चार बैठकें होंगी और एसीबी की लगातार दो बैठकों के बीच एक सौ बीस दिन से अधिक का अंतराल नहीं होगा.

v. *बैठकें*

31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के दौरान एसीबी की 11 बैठकें 15 अप्रैल 2019, 30 मई 2019, 28 जून 2019, 14 अगस्त 2019, 19 अगस्त 2019, 27 सितंबर 2019, 22 अक्टूबर 2019, 08 नवंबर 2019, 10 दिसंबर 2019, 24 जनवरी 2020 और 11 फरवरी 2020 को संपन्न हुईं.

अप्रैल 2019 से मार्च 2020 के दौरान बैठकों में सदस्यों की उपस्थिति निम्न प्रकार थी:

नाम	पदनाम	अर्हता	कार्यकाल के दौरान बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति की संख्या
श्री समरेश परिदा	अध्यक्ष	सीए, आईसीडब्ल्यूए और पीजीडीएम	11	10
श्री के. पी. नायर, उप प्रबंध निदेशक@	सदस्य	बी.कॉम, एमबीए	2	2
श्री सैम्युअल जोसेफ जेबराज*	सदस्य	बीई (ऑनर्स) और एमबीए	6	6
श्री राजेश कंडवाल	सदस्य	एम.एससी (बॉटनी), भारतीय बीमा संस्थान के एसोसिएट सदस्य और कार्मिक प्रबंधन में डिप्लोमा, इंस्टिट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स, दिल्ली द्वारा प्रमाणित कॉरपोरेट निदेशक.	11	10

नाम	पदनाम	अर्हता	कार्यकाल के दौरान बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति की संख्या
श्री ज्ञान प्रकाश जोशी	सदस्य	बी.एससी. (ऑनर्स) एम.एससी. (फिजिक्स), एमआईडीपी और पीजीडीएफएम	11	11
डॉ. आशिमा गोयल	सदस्य	एम.ए. एवं एम.फिल तथा अर्थशास्त्र में पीएच.डी	11	10
श्री संजय जी. कल्लापुर	सदस्य	बी.कॉम, एम.एम.एस, व्यवसाय अर्थशास्त्र में पीएच.डी. और एसीएमए	11	10

@ - 31.05.2019 को कार्यकाल समाप्त

*- 20.09.2019 से नियुक्त

श्री सुरेश खटनहार, उप प्रबंध निदेशक एवं सुश्री मीरा स्वरूप, भारत सरकार की नामिती निदेशक एसीबी की बैठकों में स्थायी रूप से विशेष आमंत्रिती हैं.

बी. कार्यपालक समिति (ईसी)

i. विचारार्थ विषय

- ₹ 250 करोड़ से अधिक के एक्सपोजर वाले उच्च मूल्य ऋण प्रस्तावों की मंजूरी;
- कार्यपालक समिति द्वारा मंजूरी संबंधी बनाए गए निबंधनों और शर्तों में संशोधन;
- ऋण समितियों के कार्यवृत्त की रिपोर्टिंग;
- एकबारीय निपटान हेतु प्रस्तावों की मंजूरी;
- निम्नलिखित को ₹ 25 लाख से अधिक के एक्सपोजर वाले प्रस्तावों के संबंध में मंजूरी:
  - अन्य बैंकों के निदेशक (अध्यक्ष/प्रबंध निदेशक सहित);
  - कोई फर्म जिसमें अन्य बैंकों के कोई निदेशक साझेदार या गारंटर के रूप में हितबद्ध हों; और
  - कोई कंपनी जिसमें अन्य बैंकों के कोई निदेशक पर्याप्त हित रखते हों या निदेशक या गारंटर के रूप में हितबद्ध हों.
- निम्नलिखित को ₹ 25 लाख से अधिक के एक्सपोजर वाले प्रस्तावों के संबंध में मंजूरी :
  - बैंक के अध्यक्ष/प्रबंध निदेशक या अन्य निदेशकों के कोई संबंधी;
  - अन्य बैंकों के अध्यक्ष/प्रबंध निदेशक या अन्य निदेशकों के कोई संबंधी;
  - कोई फर्म जिसमें ऊपर किए गए उल्लेख के अनुसार उनके कोई संबंधी साझेदार या गारंटर के रूप में हितबद्ध हों, और
  - कोई कंपनी जिसमें ऊपर किए गए उल्लेख के अनुसार उनके कोई संबंधी पर्याप्त हित रखते हों या निदेशक या गारंटर के रूप में हितबद्ध हों.
- प्रतिभूतिकरण पोर्टफोलियो की मंजूरियों की रिपोर्टिंग;
- प्रथम बार एनपीए (एफटीएनपीए) मामलों की समीक्षा और रिपोर्टिंग;
- कार्यपालक समिति द्वारा अनुमोदित मामलों के संबंध में प्रतिभूति सृजन की स्थिति की समीक्षा और रिपोर्टिंग;
- देय और प्राप्य राशियों के निवेश लिखत(तों) में परिवर्तन के लिए प्रस्ताव;
- प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव (आईपीओ) /अनुवर्ती सार्वजनिक प्रस्ताव (एफपीओ)/अर्हताप्राप्त संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) में बोली लगाने के लिए अनुमोदन;
- कंपनियों/आस्ति पुनर्निर्माण कंपनियों (एआरसी) की प्रतिभूति रसीदों/उद्यम एवं निजी इक्विटी फंडों/म्युचुअल फंडों के नए फंड प्रस्तावों (एनएफओ), आदि के इक्विटी/अधिमान्य शेयरों/परिवर्तनीय/गैर परिवर्तनीय डिबेंचरों, बांडों आदि (सममूल्य/प्रीमियम पर) में निवेश;
- विनियामक/ सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय-समय पर अधिदेशित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

. ***ii. ईसी की संरचना:***

यथा 31 मार्च 2020 को ईसी में छह सदस्य शामिल थे, जिनमें से तीन सदस्य स्वतंत्र निदेशक हैं, अर्थात् श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ, श्री सैम्युअल जोसेफ जेबराज, डीएमडी, श्री सुरेश खटनहार, डीएमडी, श्री बी. बी. जोशी, स्वतंत्र निदेशक, श्री एन. जंबुनाथन, स्वतंत्र निदेशक और श्री दीपक सिंघल, स्वतंत्र निदेशक.

iii. *ईसी बैठकों के लिए कोरम*

ईसी बैठकों के लिए कोरम सदस्यों की कुल संख्या का एक तिहाई अथवा ईसी के दो सदस्य, इनमें से जो अधिक हो, होगा.

iv. *ईसी बैठकों की बारंबारता*

ईसी की बैठकें आवश्यकतानुसार और वर्ष में कम से कम चार बार होंगी.

v. *ईसी की बैठकें:*

31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के दौरान कार्यपालक समिति की कुल 25 बैठकें हुईं जो 15 अप्रैल 2019, 02 मई 2019, 13 मई 2019, 17 मई 2019, 29 मई 2019, 15 जून 2019, 28 जून 2019, 16 जुलाई 2019, 1 अगस्त 2019, 19 अगस्त 2019, 30 अगस्त 2019, 16 सितंबर 2019, 26 सितंबर 2019, 14 अक्तूबर 2019, 30 अक्तूबर 2019, 18 नवंबर 2019, 9 दिसंबर 2019, 23 दिसंबर 2019, 09 जनवरी 2020, 23 जनवरी 2020, 10 फरवरी 2020, 28 फरवरी 2020, 16 मार्च 2020, 23 मार्च 2020 और 30 मार्च 2020 को संपन्न हुईं.

अप्रैल 2019 से मार्च 2020 के दौरान बैठकों में सदस्यों की उपस्थिति निम्न प्रकार थी:

नाम	पदनाम	अर्हता	कार्यकाल के दौरान बैठकों की कुल संख्या	बैठकों में उपस्थिति की कुल संख्या
श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ	अध्यक्ष	अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर, सीएआईआईबी	25	25
श्री के. पी. नायर, डीएमडी@	सदस्य	बी.कॉम और एमबीए	5	5
श्री जी.एम. यादवाडकर, डीएमडी#	सदस्य	बीई, एमएमएस, इंटर आईसीडब्ल्यूए और सीएआईआईबी	11	11
श्री सैम्युअल जोसेफ जेबराज, डीएमडी*	सदस्य	बीई (ऑनर्स),एमबीए	13	13
श्री सुरेश खटनहार, डीएमडी$	सदस्य	एम.कॉम, सीएआईआईबी और आईसीडब्ल्यूए	6	6
श्री बी.बी. जोशी	सदस्य	बी.कॉम और सीएआईआईबी	25	23
श्री एन. जंबुनाथन	सदस्य	सांख्यिकी में स्नातकोत्तर, सीएआईआईबी, प्रबंधन में डिप्लोमा	25	24
श्री दीपक सिंघल	सदस्य	बी.ए., एमबीए, सीएआईआईबी, पीजीडीआरएम	25	25

@ - 31.05.2019 को कार्यकाल समाप्त *# - 14.09.2019 को कार्यकाल समाप्त*
** - 20.09.2019 से नियुक्त* *$ - 15.01.2020 से नियुक्त*

सी. हितधारक संबंध समिति (एसआरसी)

i. *विचारार्थ विषय*

एसआरसी का गठन शेयरधारकों, बॉण्डधारकों और निवेशकों सहित अन्य प्रतिभूतिधारकों के हित संबंधी विभिन्न पहलुओं पर ध्यान देने और शेयर अंतरण, वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त न होने, घोषित लाभांश प्राप्त न होने आदि संबंधी शिकायतों का निवारण करने के लिए किया गया है. एसआरसी समिति कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 178 तथा एलओडीआर विनियमावली की अनुसूची II के भाग डी के साथ पठित विनियम 20 के अंतर्गत उपबंधित विचारार्थ विषयों के अनुसार कार्य करती है.

एसआरसी की व्यापक भूमिका एवं उत्तरदायित्व निम्नलिखित हैं :

- शेयरों के अंतरण/पारेषण, वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त न होने, घोषित लाभांश प्राप्त न होने, नए /डुप्लीकेट प्रमाणपत्र जारी करने, महासभा आदि से संबंधित शिकायतों सहित शेयरधारकों, बांडधारकों और अन्य प्रतिभूतिधारकों की शिकायतों का समाधान;
- उपर्युक्त में दिए गए अधिदेश को पूरा करने के लिए एसआरसी अपनी प्रत्येक बैठक में इक्विटी सर्विसिंग और बॉण्ड सर्विसिंग रिपोर्टों पर विचार तथा उनकी समीक्षा करेगी और जरूरी होने पर इस संबंध में निदेश जारी करेगी;
- इक्विटी सर्विसिंग संबंधित रिपोर्ट की समीक्षा;
- फ्लेक्सी बॉण्डों की सर्विसिंग संबंधी रिपोर्ट की समीक्षा;
- शेयर पूँजी लेखा परीक्षा रिपोर्ट के समाधान विवरण की रिपोर्टिंग;
- स्टॉक एक्सचेंजों को प्रस्तुत निवेशकों की शिकायतों की रिपोर्टिंग;
- शेयरधारकों द्वारा वोटिंग अधिकार के प्रभावी प्रयोग के लिए किए गए उपायों की समीक्षा;
- रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट द्वारा दी गई विभिन्न सेवाओं के संदर्भ में बैंक द्वारा अपनाए गए सेवा मानकों के अनुपालन की समीक्षा;
- अदावी लाभांश की मात्रा को कम करने और कंपनी के शेयरधारकों को लाभांश वारंट /वार्षिक रिपोर्ट/सांविधिक नोटिस की समयबद्ध प्राप्ति को सुनिश्चित करने के लिए बैंक द्वारा किए गए विभिन्न उपायों और पहल कार्यों की समीक्षा;
- सेबी (इनसाइडर ट्रेडिंग का निषेध) विनियम, 2015 के प्रावधानों के अनुपालन की वार्षिक समीक्षा.
- विनियामक/ सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय-समय पर अधिदेशित किए गए निर्देशों के ज़रिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

ii. एसआरसी की संरचना

यथा 31 मार्च 2020 को एसआरसी में चार सदस्य शामिल थे, जिनमें से दो सदस्य स्वतंत्र निदेशक हैं. समिति की अध्यक्ष डॉ. आशिमा गोयल, स्वतंत्र निदेशक हैं और अन्य सदस्य हैं - श्री सैम्युअल जोसेफ जेबराज, डीएमडी, श्री सुरेश खटनहार, डीएमडी और श्री एन. जंबुनाथन, स्वतंत्र निदेशक. श्री पवन अग्रवाल, बैंक के कंपनी सचिव बैंक के अनुपालन अधिकारी के रूप में भी कार्य करते हैं.

iii. एसआरसी बैठक के लिए कोरम

एसआरसी बैठकों के लिए कोरम सदस्यों की कुल संख्या का एक तिहाई अथवा एसआरसी के दो सदस्य, इनमें से जो अधिक हो, होगा.

iv. एसआरसी बैठकों की बारंबारता

एसआरसी की बैठकें तिमाही आधार पर आयोजित की जाएंगी.

v. बैठकें

31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के दौरान एसआरसी की चार बैठकें दिनांक 29 मई 2019, 27 सितंबर 2019, 18 नवंबर 2019 और 16 मार्च 2020 को संपन्न हुईं.

अप्रैल 2019 से मार्च 2020 के दौरान बैठकों में सदस्यों की उपस्थिति निम्न प्रकार थी:

नाम	पदनाम	अर्हता	कार्यकाल के दौरान बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थित संख्या
डॉ. आशिमा गोयल	अध्यक्ष	एम.ए. एवं एम.फिल और अर्थशास्त्र में पीएच.डी	4	4
श्री के. पी. नायर, डीएमडी[@]	सदस्य	बी.कॉम और एमबीए	1	1
श्री जी.एम. यादवाडकर, डीएमडी[#]	सदस्य	बीई, एमएमएस, इंटर आईसीडब्ल्यूए और सीएआईआईबी	1	1
श्री सैम्युअल जोसेफ जेबराज, डीएमडी[*]	सदस्य	बीई (ऑनर्स), एमबीए	3	3
श्री सुरेश खटनहार, डीएमडी[$]	सदस्य	एम.कॉम, सीएआईआईबी और आईसीडब्ल्यूए	1	1
श्री एन. जंबुनाथन	सदस्य	सांख्यिकी में स्नातकोत्तर, सीएआईआईबी, प्रबंधन में डिप्लोमा	4	4

[@] - 31.05.2019 को कार्यकाल समाप्त
[#] - 14.09.2019 को कार्यकाल समाप्त
[*] - 20.09.2019 से नियुक्त
[$] - 15.01.2020 से नियुक्त

vi. अनुरोध/शिकायतों की संख्या

वित्तीय वर्ष 2019-20 में प्राप्त शेयरधारकों की शिकायतों की संख्या	1,699
जिन शिकायतों का समाधान शेयरधारकों की संतुष्टि के अनुसार नहीं किया गया उनकी संख्या	शून्य
लंबित शिकायतों की संख्या	01

डी. धोखाधड़ी निगरानी समिति (एफएमसी)

i. विचारार्थ विषय

₹ 1 करोड़ तथा इससे अधिक की राशि के धोखाधड़ी मामलों की निगरानी तथा उनका अनुवर्तन करने के लिए विशेष समिति के रूप में धोखाधड़ी निगरानी समिति (एफएमसी) का गठन किया गया है. इसका गठन धोखाधड़ी का पता लगाने, उन पर निगरानी रखने और उनसे निपटने के लिए किया गया है.

एफएमसी की व्यापक भूमिका एवं उसके उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं :

- प्रणालीगत कमी, यदि कोई है, जिससे धोखाधड़ी संभव हुई हो, की पहचान करना तथा उसे रोकने के लिए उपाय सुझाना;
- धोखाधड़ी, यदि कोई है, का पता लगाने में विलंब के कारणों की पहचान करना तथा बैंक के शीर्ष प्रबंधन और भारतीय रिज़र्व बैंक (रिज़र्व बैंक) को रिपोर्ट करना;
- केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई)/पुलिस द्वारा जांच पड़ताल में प्रगति और वसूली स्थिति की निगरानी करना;
- सुनिश्चित करना कि धोखाधड़ी के सभी मामलों में सभी स्तरों पर स्टाफ जवाबदेही की जांच हो तथा बिना समय गँवाए तत्काल कार्रवाई, यदि अपेक्षित हो, पूरी हो;
- धोखाधड़ी की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए उपचारात्मक कार्रवाई की प्रभावोत्पादकता, जैसे आंतरिक नियंत्रण को मजबूत करना, की समीक्षा करना;
- रेड फ्लैग खातों तथा बकाया रेड फ्लैग खातों के बारे में की गई उपचारात्मक कार्रवाई/दिए गए जांच आदेश की स्थिति की समीक्षा करना;
- धोखाधड़ी के मामलों में स्टाफ जवाबदेही प्रक्रिया के पूरा होने और उस पर की गई कार्रवाई को नोट करना;

- सीबीआई/पुलिस आदि द्वारा जांच किए जा रहे मामलों से वसूली सहित धोखाधड़ी मामलों में वसूली की स्थिति;
- बैंक में सतर्कता कार्यकलापों की समीक्षा; और
- विनियामक/ सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय-समय पर अधिदेशित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

ii. एफएमसी की संरचना

यथा दिनांक 31 मार्च 2020 को एफएमसी में छह सदस्य शामिल थे, जिनमें से तीन सदस्य स्वतंत्र निदेशक हैं, अर्थात् श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ, श्री सैम्युअल जोसेफ जेबराज, डीएमडी, श्री सुरेश खटनहार, डीएमडी, श्री ज्ञान प्रकाश जोशी, स्वतंत्र निदेशक, श्री दीपक सिंघल, स्वतंत्र निदेशक और श्री संजय जी. कल्लापुर, स्वतंत्र निदेशक.

iii. एफएमसी बैठकों के लिए कोरम

एफएमसी बैठकों के लिए कोरम सदस्यों की कुल संख्या का एक तिहाई अथवा एसआरसी के दो सदस्य, इनमें से जो अधिक हो, होगा.

iv. एफएमसी बैठकों की बारंबारता

₹ 1 करोड़ और उससे अधिक राशि की धोखाधड़ी के मामले प्रकाश में आने पर धोखाधड़ी निगरानी समिति की बैठक आयोजित करना अपेक्षित होता है और उसमें मामले की समीक्षा की जाती है.

v. एफएमसी की बैठकें

31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के दौरान एफएमसी की चार बैठकें दिनांक 15 अप्रैल 2019, 26 सितंबर 2019, 9 दिसंबर 2019 और 16 मार्च 2020 को संपन्न हुईं.

अप्रैल 2019 से मार्च 2020 के दौरान बैठकों में सदस्यों की उपस्थिति निम्न प्रकार थी:

नाम	पदनाम	अर्हता	कार्यकाल के दौरान बैठकों की कुल संख्या	बैठकों में उपस्थिति संख्या
श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ	अध्यक्ष	अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर, सीएआईआईबी	4	4
श्री के. पी. नायर, डीएमडी[@]	सदस्य	बी.कॉम और एमबीए	1	1
श्री जी.एम. यादवाडकर, डीएमडी[#]	सदस्य	बीई, एमएमएस, इंटर आईसीडब्ल्यूए और सीएआईआईबी	1	1
श्री सैम्युअल जोसेफ जेबराज, डीएमडी[*]	सदस्य	बीई (ऑनर्स), एमबीए	3	3
श्री सुरेश खटनहार, डीएमडी[$]	सदस्य	एम.कॉम, सीएआईआईबी और आईसीडब्ल्यूए	1	1
श्री ज्ञान पी. जोशी	सदस्य	बी.एससी. (ऑनर्स), एम.एससी. (फिजिक्स), एमआईडीपी एवं पीजीडीएफएम	4	4
श्री दीपक सिंघल	सदस्य	बी.ए., एमबीए, सीएआईआईबी, पीजीडीआरएम	4	4
श्री संजय जी. कल्लापुर	सदस्य	बी.कॉम, एम.एम.एस, व्यवसाय अर्थशास्त्र में पीएचडी एवं एसीएमए.	4	4

[@] - 31.05.2019 को कार्यकाल समाप्त *[#] - 14.09.2019 को कार्यकाल समाप्त*

[*] - 20.09.2019 से नियुक्त *[$] - 15.01.2020 से नियुक्त*

ई. जोखिम प्रबंध समिति (आरएमसी)

i. विचारार्थ विषय

बैंक के कारोबार से जुड़े विभिन्न जोखिमों का आकलन करने, उनमें कमी लाने का प्रयास करने, आस्ति देयता असंतुलन से जुड़े मुद्दों का समाधान करने और साथ ही बैंक की जोखिम प्रबंधन योजना की निगरानी एवं समीक्षा करने के लिए जोखिम प्रबंध समिति (आरएमसी) का गठन किया गया है.

आरएमसी की व्यापक भूमिका एवं उत्तरदायित्व निम्नानुसार है:

- चलनिधि जोखिम सहित बैंक के समक्ष आने वाले सभी जोखिमों का मूल्यांकन करना;
- अन्य जोखिमों के साथ चलनिधि जोखिम के संभाव्य प्रभाव को आरएमसी द्वारा निवारण किए जा रहे जोखिमों में भी शामिल किया जाए;

- नकदी प्रवाह के अनुमानों की रिपोर्टिंग, और चलनिधि जोखिम, प्रयुक्त धारणाओं का मापन;
- बोर्ड को नीतियों यथा-ऋण नीति, वसूली नीति, निधि प्रबंधन नीति, जोखिम प्रबंधन नीति, आस्ति देयता नीति, परिचालनगत जोखिम तथा कारोबार निरंतरता प्रबंधन (ओआर एवं बीसीएम) नीति, डीआईएफसी शाखा एएलएम नीति, आंतरिक पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया (आईसीएएपी) नीति, बाजार जोखिम तथा डेरिवेटिव नीति, देशी जोखिम प्रबंधन नीति एवं देशी जोखिम सीमाएं, निवेश नीति आदि की सिफारिश करना;
- जोखिम प्रबंधन प्रणाली/ एएलएम एवं जोखिम आधारित पर्यवेक्षण के कार्यान्वयन में प्रगति की समीक्षा;
- परिचालनगत जोखिम एवं कारोबार निरंतरता प्रबंधन पर प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा;
- जोखिम आधारित आंतरिक लेखा परीक्षा के कार्यान्वयन में प्रगति की समीक्षा;
- ट्रेडिंग पोर्टफोलियो की बाजार जोखिम रिपोर्ट की समीक्षा;
- दबाव परीक्षण के परिणामों की समीक्षा;
- जोखिम प्रबंधन विभाग द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा;
- आंतरिक रेटिंग के मायग्रेशन और चूक का विश्लेषण;
- आस्ति देयता प्रबंधन समीक्षा;
- बासेल III कार्यान्वयन तथा जोखिम प्रबंधन विभाग के अन्य कार्यकलापों की समीक्षा;
- संपार्श्विक प्रबंधन तथा ग्राहक संबंध प्रबंधन (सीआरएम) तकनीक पर नीति;
- प्रणाली, उत्पाद अनुमोदन एवं समीक्षा समिति (स्पार्क) I एवं II के कार्यवृत्त की रिपोर्टिंग;
- बासेल II तथा III के लिए तैयारी की स्थिति की समीक्षा;
- प्रतिपक्षकार बैंक सीमाओं एवं घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय बैंकों के लिए सीमाओं के आबंटन पर नीति;
- ऋण एक्सपोजर - मानदंडों की समीक्षा तथा उनका अनुपालन;
- पारिश्रमिक और जोखिम के बीच प्रभावी सुयोजन को प्राप्त करने के उद्देश्य से नामांकन और पारिश्रमिक समिति के साथ समन्वय में कार्य करना;
- बैंक में साइबर सुरक्षा कार्य की निगरानी; और
- विनियामक/ सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय-समय पर अधिदेशित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

ii. आरएमसी की संरचना

यथा दिनांक 31 मार्च 2020 को आरएमसी में छह सदस्य शामिल थे, जिनमें से दो सदस्य स्वतंत्र निदेशक थे, अर्थात् श्री संजय जी. कल्लापुर, अध्यक्ष के रूप में स्वतंत्र निदेशक, श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ, सैम्युअल जोसेफ जेबराज, डीएमडी, श्री सुरेश खटनहार, डीएमडी, श्री सुधीर श्याम, सरकार के नामिती निदेशक और श्री बी. बी. जोशी, स्वतंत्र निदेशक.

iii. आरएमसी बैठकों के लिए कोरम

आरएमसी बैठकों के लिए कोरम सदस्यों की कुल संख्या का एक तिहाई अथवा आरएमसी के दो सदस्य, इनमें से जो अधिक हो, होगा.

iv. आरएमसी बैठकों की बारंबारता

आरएमसी की बैठकें तिमाही आधार पर आयोजित की जाएंगी.

v. आरएमसी की बैठकें

31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के दौरान आरएमसी की 8 बैठकें दिनांक 13 मई 2019, 15 जून 2019, 30 अगस्त 2019, 14 अक्टूबर 2019, 9 दिसंबर 2019, 10 फरवरी 2020, 28 फरवरी 2020 और 16 मार्च 2020 को संपन्न हुईं.

अप्रैल 2019 से मार्च 2020 के दौरान बैठकों में सदस्यों की उपस्थिति निम्न प्रकार थी:

नाम	पदनाम	अर्हता	कार्यकाल के दौरान बैठकों की कुल संख्या	बैठकों में उपस्थिति संख्या
श्री संजय जी. कल्लापुर	अध्यक्ष	बी.कॉम, एम.एम.एस, व्यवसाय अर्थशास्त्र में पीएचडी एवं एसीएमए.	8	7
श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ	सदस्य	अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर, सीएआईआईबी	8	8
श्री के. पी. नायर, डीएमडी@	सदस्य	बी.कॉम और एमबीए	1	1
श्री जी. एम. यादवाडकर, डीएमडी#	सदस्य	बीई, एमएमएस, इंटर आईसीडब्ल्यूए और सीएआईआईबी	3	3

नाम	पदनाम	अर्हता	कार्यकाल के दौरान बैठकों की कुल संख्या	बैठकों में उपस्थिति संख्या
श्री सैम्युअल जोसेफ जेबराज, डीएमडी*	सदस्य	बीई (ऑनर्स), एमबीए	5	5
श्री सुरेश खटनहार, डीएमडी$	सदस्य	एम.कॉम, सीएआईआईबी और आईसीडब्ल्यूए	3	3
श्री सुधीर श्याम	सदस्य	बीए अर्थशास्त्र एवं मास्टर ऑफ फिलॉसफी	8	7
श्री बी.बी. जोशी	सदस्य	बी.कॉम और सीएआईआईबी	8	8

@ - 31.05.2019 को कार्यकाल समाप्त *# - 14.09.2019 को कार्यकाल समाप्त*

** - 20.09.2019 से नियुक्त* *$ - 15.01.2020 से नियुक्त*

एफ. कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति (सीएसआरसी)

i. *विचारार्थ विषय*

- कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व नीति तैयार कर बोर्ड को उसकी सिफारिश करना जिसमें कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII में दिये गए अनुसार बैंक द्वारा किए जाने वाले कार्यकलापों की जानकारी दी गई हो;
- उपर्युक्त खंड में दिए गए कार्यकलापों पर होने वाले व्यय की राशि की सिफारिश करना;
- बैंक की कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व नीति की समय-समय पर की निगरानी करना; और
- विनियामक/ सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय-समय पर अधिदेशित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

ii. *सीएसआरसी की संरचना*

यथा दिनांक 31 मार्च 2020 को सीएसआरसी में पांच सदस्य शामिल थे, जिनमें से एक सदस्य स्वतंत्र निदेशक थे, अर्थात् श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ, श्री सैम्युअल जोसेफ जेबराज, डीएमडी, श्री सुरेश खटनहार, डीएमडी, श्री सुधीर श्याम, सरकार के नामिती निदेशक और डॉ. आशिमा गोयल, स्वतंत्र निदेशक.

iii. *सीएसआरसी बैठकों के लिए कोरम*

सीएसआरसी बैठकों के लिए कोरम सदस्यों की कुल संख्या का एक तिहाई अथवा सीएसआरसी के दो सदस्य, इनमें से जो अधिक हो, होगा.

iv. *सीएसआरसी बैठकों की बारंबारता*

सीएसआरसी की बैठकें छमाही आधार पर आयोजित की जाएंगी.

v. *सीएसआरसी की बैठकें*

31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के दौरान सीएसआरसी की 2 बैठकें दिनांक 15 अप्रैल 2019 और 14 अक्टूबर 2019 को संपन्न हुईं.

अप्रैल 2019 से मार्च 2020 के दौरान बैठकों में सदस्यों की उपस्थिति निम्न प्रकार थी:

नाम	पदनाम	अर्हता	कार्यकाल के दौरान बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति संख्या
श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ	अध्यक्ष	अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर, सीएआईआईबी	2	2
श्री के. पी. नायर, डीएमडी@	सदस्य	बी.कॉम और एमबीए	1	1
श्री जी. एम. यादवाडकर, डीएमडी#	सदस्य	बीई, एमएमएस, इंटर आईसीडब्ल्यूए और सीएआईआईबी	1	1
श्री सैम्युअल जोसेफ जेबराज, डीएमडी*	सदस्य	बीई (ऑनर्स), एमबीए	1	1
श्री सुरेश खटनहार, डीएमडी$	सदस्य	एम.कॉम, सीएआईआईबी और आईसीडब्ल्यूए	0	0
श्री सुधीर श्याम	सदस्य	बीए अर्थशास्त्र एवं मास्टर ऑफ फिलॉसफी	2	2
डॉ. आशिमा गोयल	सदस्य	एम.ए. एवं एम.फिल और अर्थशास्त्र में पीएचडी	2	1

@ - 31.05.2019 को कार्यकाल समाप्त *# - 14.09.2019 को कार्यकाल समाप्त*

** - 20.09.2019 से नियुक्त* *$ - 15.02.2020 से नियुक्त*

जी. ग्राहक सेवा समिति (सीएससी)

i. *विचारार्थ विषय*

बैंकिंग प्रणाली में ग्राहक संरक्षण तथा सेवाओं के लिए अभिशासन संरचना को मजबूत बनाने और साथ ही बैंक द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने के उद्देश्य से नीतियां बनाने और उनके आंतरिक अनुपालन का आकलन करने के लिए ग्राहक सेवा समिति (सीएससी) का गठन किया गया है.

सीएससी की व्यापक भूमिका तथा उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं:

- रिटेल बैंकिंग खंड में ग्राहक शिकायतों पर ध्यान देना तथा ग्राहकों को प्रभावी ढंग से सेवा प्रदान करना;
- व्यापक जमा नीति तैयार करना;
- जमाकर्ता की मृत्यु होने पर उनके खाते के परिचालन जैसे मुद्दों का समाधान;
- उपयुक्तता तथा सटीकता के उद्देश्य से उत्पाद अनुमोदन प्रक्रिया;
- जमाकर्ता संतुष्टि का वार्षिक सर्वेक्षण;
- ऐसी सेवाओं की त्रैवार्षिक लेखा परीक्षा;
- विभिन्न राज्यों के बैंकिंग लोकपाल द्वारा समाधान की जा चुकी शिकायतों के संबंध में और अधिक सक्रिय भूमिका निभाना;
- बैंकिंग लोकपाल द्वारा दिए गए सभी निर्णयों को नोट करना;
- तीन माह से अधिक समय तक कार्यान्वित नहीं किए गए सभी निर्णयों की कारणों सहित समीक्षा करना;
- बैंक में ग्राहक सुरक्षा एवं सेवा के लिए किए गए उपायों की समीक्षा;
- भारतीय बैंकिंग संहिता एवं मानक बोर्ड (बीसीएसबीआई) संहिता अनुपालन रेटिंग;
- शिकायत निवारण नीति का संशोधन;
- प्रदान की गई ग्राहक सेवा की गुणवत्ता को प्रभावित करने वाले किन्हीं अन्य मुद्दों की जांच करना;
- आंतरिक लोकपाल की गतिविधियों की समीक्षा; और
- विनियामक/ सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय-समय पर अधिदेशित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

ii. *सीएससी की संरचना*

यथा दिनांक 31 मार्च 2020 को सीएससी में छह सदस्य शामिल थे, जिनमें से दो सदस्य स्वतंत्र निदेशक थे, श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ, श्री सैम्युअल जोसेफ जेबराज, डीएमडी, श्री सुरेश खटनहार, डीएमडी, सुश्री मीरा स्वरूप, सरकार की नामिती निदेशक श्री ज्ञान प्रकाश जोशी, स्वतंत्र निदेशक और श्री संजय जी. कल्लापुर, स्वतंत्र निदेशक.

iii. *सीएससी बैठकों के लिए कोरम*

सीएससी बैठकों के लिए कोरम सदस्यों की कुल संख्या का एक तिहाई अथवा सीएससी के दो सदस्य, इनमें से जो अधिक हो, होगा.

iv. *सीएससी बैठकों की बारंबारता*

सीएससी की बैठकें तिमाही आधार पर आयोजित की जाएंगी.

v. *सीएससी की बैठकें*

31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के दौरान सीएससी की 4 बैठकें दिनांक 28 जून 2019, 19 अगस्त 2019, 10 दिसंबर 2019 और 30 मार्च 2020 को संपन्न हुईं.

अप्रैल 2019 से मार्च 2020 के दौरान बैठकों में सदस्यों की उपस्थिति निम्न प्रकार थी:

नाम	समिति पदनाम	अर्हता	कार्यकाल के दौरान बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति संख्या
श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ	अध्यक्ष	अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर, सीएआईआईबी	4	4
श्री जी.एम. यादवाडकर, डीएमडी#	सदस्य	बी.ई, इंटर आईसीडब्ल्यूए, एमएमएस एवं सीएआईआईबी	2	2
श्री पंकज जैन^	सदस्य	बी.कॉम, एमबीए एवं एआईसीडब्ल्यूए	1	0
श्री सैम्युअल जोसेफ जेबराज, डीएमडी*	सदस्य	बीई (ऑनर्स), एमबीए	2	2
श्री सुरेश खटनहार, डीएमडी@	सदस्य	एम.कॉम, सीएआईआईबी और आईसीडब्ल्यूए	1	1

नाम	समिति पदनाम	अर्हता	कार्यकाल के दौरान बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति संख्या
सुश्री मीरा स्वरूप	सदस्य	एम.ए. (राजनीति शास्त्र)	2	1
श्री ज्ञान पी. जोशी	सदस्य	बी.एससी. (ऑनर्स), एम.एससी. (फिजिक्स), एमआईडीपी एवं पीजीडीएफएम	4	4
श्री संजय जी. कल्लापुर	सदस्य	बी.कॉम, एम.एम.एस, व्यवसाय अर्थशास्त्र में पीएचडी और एसीएमए.	4	4

^ - 08.08.2019 को कार्यकाल समाप्त
 # - 14.09.2019 को कार्यकाल समाप्त
**- 20.09.2019 से नियुक्त*
$ - 15.01.2020 से नियुक्त

एच. सूचना प्रौद्योगिकी रणनीति समिति (आईटीएससी)

i. *विचारार्थ विषय*

बैंक में प्रभावी प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने के लिए आईटीएससी का गठन किया गया है. इसका उद्देश्य ग्राहकों को विभिन्न आईटी समर्थकारी सेवाएं प्रदान करना, दृष्टिकोण को सुसंगत बनाने में मदद करना तथा नए आईटी उत्पाद लांच करने में सहायता देना और तत्संबंधी सेवाएं प्रदान करना और साइबर सुरक्षा प्रबंधन योजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी करना और साइबर सुरक्षा नीतियों की निगरानी करना है.

आईटीएससी की व्यापक भूमिका और उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं:

- बोर्ड को प्रस्तावित आईटी बजट की संस्तुति;
- आईटी बजट के उपयोग की समीक्षा;
- बैंक के ग्राहकों के लिए विभिन्न उत्पादों तथा आईटी आधारित सेवाओं के प्रारंभ की समीक्षा;
- आंतरिक अथवा बाहर से खरीदे गए विभिन्न प्रकार के सॉफ्टवेयर/हार्डवेयर के विकास, अधिप्राप्ति और परिचालनों की समीक्षा करना और प्रौद्योगिकी के चयन के लिए निविदाएँ आमंत्रित करने अथवा अन्य क्रियाविधि के लिए प्रक्रियाएँ तैयार करना;
- सिस्टम और प्रक्रियाओं के निष्पादन, कार्यान्वयन और परिचालन की देखरेख करना;
- प्रौद्योगिकी के जरिए शाखाओं के एकीकरण और बैंक के लिए एमआईएस के विकास का निरीक्षण करना;
- प्रौद्योगिकी आर्किटेक्चर की अद्यतन स्थिति और की गईं प्रमुख आईटी पहलों की समीक्षा करना;
- सूचना सुरक्षा संबंधी घटनाओं की समीक्षा;
- डिजिटल बैंकिंग और अभिनव भुगतान प्रणालियों के कार्य-निष्पादन की समीक्षा;
- सूचना सुरक्षा नीति की समीक्षा;
- आईटी नीति की समीक्षा;
- साइबर सुरक्षा संबंधी तैयारी का मूल्यांकन;
- साइबर सुरक्षा प्रबंधन योजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी;
- साइबर सुरक्षा नीतियों की निगरानी; और
- विनियामक/ सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय-समय पर अधिदेशित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

ii. *आईटीएससी की संरचना*

यथा दिनांक 31 मार्च 2020 को आईटीएससी में सात सदस्य शामिल थे, जिनमें से तीन सदस्य स्वतंत्र निदेशक हैं, श्री एन. जंबुनाथन, अध्यक्ष के रूप में स्वतंत्र निदेशक, श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ, श्री सैम्युअल जोसेफ जेबराज, डीएमडी, श्री सुरेश खटनहार, डीएमडी, श्री सुधीर श्याम, सरकार के नामिती निदेशक, श्री ज्ञान प्रकाश जोशी, स्वतंत्र निदेशक, श्री समरेश परिदा, स्वतंत्र निदेशक.

iii. *आईटीएससी बैठकों के लिए कोरम*

आईटीएससी बैठकों के लिए कोरम सदस्यों की कुल संख्या का एक तिहाई अथवा आईटीएससी के दो सदस्य, इनमें से जो अधिक हो, होगा.

iv. *आईटीएससी बैठकों की बारंबारता*

आईटीएससी की बैठकें तिमाही आधार पर आयोजित की जाएंगी.

v. *आईटीएससी की बैठकें*

31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के दौरान आईटीएससी की 6 बैठकें दिनांक 29 मई 2019, 16 जुलाई 2019, 16 सितंबर 2019, 18 नवंबर 2019, 23 दिसंबर 2019 और 10 फरवरी 2020 को संपन्न हुईं.

अप्रैल 2019 से मार्च 2020 तक बैठकों में सदस्यों की उपस्थिति निम्न प्रकार थी:

नाम	समिति पदनाम	अर्हता	कार्यकाल के दौरान बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति संख्या
श्री एन.जंबुनाथन	अध्यक्ष	सांख्यिकी में स्नातकोत्तर, सीएआईआईबी, प्रबंधन में डिप्लोमा	6	6
श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ	सदस्य	अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर, सीएआईआईबी	6	6
श्री के. पी. नायर, डीएमडी@	सदस्य	बी.कॉम और एमबीए	1	1
श्री जी.एम. यादवाडकर, डीएमडी#	सदस्य	बीई, एमएमएस, इंटर आईसीडब्ल्यूए और सीएआईआईबी	2	2
श्री सैम्युअल जोसेफ जेबराज, डीएमडी*	सदस्य	बीई (ऑनर्स), एमबीए	3	3
श्री सुरेश खटनहार, डीएमडी$	सदस्य	एम.कॉम, सीएआईआईबी और आईसीडब्ल्यूए	1	1
श्री सुधीर श्याम	सदस्य	बीए अर्थशास्त्र एवं मास्टर ऑफ फिलॉसफी	6	3
श्री ज्ञान पी. जोशी	सदस्य	बी.एससी. (ऑनर्स), एम.एससी. (फिजिक्स), एमआईडीपी एवं पीजीडीएफएम	6	6
श्री समरेश परिदा	सदस्य	सीए, आईसीडब्ल्यूए एवं पीजीडीएम	6	6

@ - 31.05.2019 को कार्यकाल समाप्त *# - 14.09.2019 को कार्यकाल समाप्त*

** - 20.09.2019 से नियुक्त* *$ - 15.01.2020 से नियुक्त*

आई. नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति (एनआरसी)

i. *विचारार्थ विषय*

नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति की व्यापक भूमिका और उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं:

- निदेशक के लिए अर्हताओं, सकारात्मक गुणों और स्वतंत्रता के निर्धारण के लिए मानदंड तैयार करना और निदेशक मंडल को निदेशकों की नियुक्ति तथा मूल्यांकन से संबंधित नीति की सिफारिश करना;
- बोर्ड, उसकी समितियों और वैयक्तिक निदेशकों के कार्यनिष्पादन के प्रभावी मूल्यांकन के लिए, या तो बोर्ड द्वारा, एनआरसी द्वारा, अथवा स्वतंत्र बाह्य एजेंसी द्वारा निष्पादन की रीति को निर्दिष्ट करना और उनके कार्यान्वयन और अनुपालन की समीक्षा करना;
- स्वतंत्र निदेशकों तथा निदेशक मंडल के कार्य-निष्पादन के मूल्यांकन के लिए मानदंड तैयार करना;
- निदेशक मंडल की विविधता पर नीति तैयार करना;
- ऐसे व्यक्तियों की पहचान करना जो निदेशक नियुक्ति एवं मूल्यांकन नीति के अनुसार स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किए जाने हेतु अर्हता प्राप्त हैं;
- निदेशकों की नियुक्ति एवं मूल्यांकन नीति में निर्धारित मानदंडों के अनुसार बोर्ड को निदेशकों की नियुक्ति और पृथक्करण की संस्तुति करना;
- अर्हता, विशेषज्ञता, ट्रैक रिकॉर्ड, सत्यनिष्ठा, *'उपयुक्त और उचित'* मानदंड, सकारात्मक गुणों और स्वतंत्रता (यदि लागू हो) तथा स्वतंत्र निदेशक सहित निदेशकों के कार्यनिष्पादन मूल्यांकन की रिपोर्ट के आधार पर बोर्ड में निदेशक के रूप में किसी व्यक्ति की नियुक्ति/नियुक्ति को जारी रखने की योग्यता को निर्धारित करने के लिए समुचित सावधानी की प्रक्रिया पर कार्य करना तथा उससे संबंधित मानदंड को तैयार करना;
- निदेशकों, मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों, आदि के लिए पारिश्रमिक नीति बनाना;
- बोर्ड को वरिष्ठ प्रबंधन को भुगतान किए जाने वाले सभी पारिश्रमिकों, चाहे वे किसी भी रूप में हों, की सिफारिश करना;
- पारिश्रमिक और जोखिम के बीच प्रभावी सुयोजन प्राप्त करने के जोखिम प्रबंधन समिति के साथ समन्वय बनाकर कार्य करना; और
- विनियामक/ सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय-समय पर अधिदेशित किए गए निर्देशों के ज़रिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

ii. *एनआरसी की संरचना*

यथा दिनांक 31 मार्च 2020 को एनआरसी में पांच सदस्य शामिल थे. सभी सदस्य गैर-कार्यपालक निदेशक हैं, जिसमें तीन स्वतंत्र निदेशक शामिल हैं, अर्थात् श्री ज्ञान प्रकाश जोशी, अध्यक्ष के रूप में स्वतंत्र निदेशक, सुश्री मीरा स्वरूप, सरकार की नामिती निदेशक, श्री राजेश कंडवाल, एलआईसी के नामिती निदेशक, श्री बी. बी. जोशी, स्वतंत्र निदेशक, और श्री एन. जंबुनाथन, स्वतंत्र निदेशक.

iii. एनआरसी बैठकों के लिए कोरम

एनआरसी बैठकों के लिए कोरम तीन सदस्यों का होगा.

iv. एनआरसी बैठकों की बारंबारता :

वर्ष में कम से कम एक बार एनआरसी की बैठक आयोजित की जाएगी.

v. एनआरसी की बैठकें

31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के दौरान एनआरसी की 3 बैठकें दिनांक 13 मई 2019, 20 अगस्त 2019 और 16 मार्च 2020 को संपन्न हुईं.

बैठकों में सदस्यों की उपस्थिति निम्न प्रकार थी:

नाम	समिति पदनाम	अर्हता	कार्यकाल के दौरान बैठकों की कुल संख्या	बैठकों में उपस्थिति संख्या
श्री ज्ञान पी. जोशी	अध्यक्ष	बी.एससी. (ऑनर्स), एम.एससी. (फिजिक्स), एमआईडीपी एवं पीजीडीएफएम	3	3
श्री राजेश कंडवाल	सदस्य	एम.एससी (बॉटनी), भारतीय बीमा संस्थान के असोशिएट सदस्य और कार्मिक प्रबंधन में डिप्लोमा, इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स दिल्ली द्वारा अधिप्रमाणित कॉरपोरेट निदेशक	3	3
श्री पंकज जैन^	सदस्य	बी.कॉम, एमबीए एवं एआईसीडब्ल्यूए	1	1
सुश्री मीरा स्वरूप+	सदस्य	एम.ए. (राजनीति शास्त्र)	1	0
श्री एन.जंबुनाथन	सदस्य	सांख्यिकी में स्नातकोत्तर, सीएआईआईबी, प्रबंधन में डिप्लोमा	3	3
श्री बी.बी. जोशी	सदस्य	बी.कॉम और सीएआईआईबी	3	3

^ - 08.08.2019 को कार्यकाल समाप्त + - 20.08.2019 से नियुक्त

vi. स्वतंत्र निदेशकों के लिए कार्य-निष्पादन मूल्यांकन मानदंड

स्वतंत्र निदेशकों सहित सभी निदेशकों का कार्य-निष्पादन मूल्यांकन एक तैयार की गई प्रश्नावली के आधार पर किया जाता है जिसमें बोर्ड में उपस्थिति, बैठक के दौरान भागीदारी, निदेशकों के योगदान का स्तर, ज्ञान की गुणवत्ता और विषय की समझ, पारदर्शिता का स्तर आदि कॉर्पोरेट अभिशासन मानदंड शामिल हैं. इसकी प्रश्नावली पहले ही निदेशकों को विचार करने और मूल्यांकन के बारे में अपनी राय बनाने के लिए परिचालित कर दी जाती है. स्वतंत्र निदेशकों का मूल्यांकन, जिस निदेशक का मूल्यांकन किया जा रहा है, उन्हें छोड़कर पूरे निदेशक मंडल द्वारा किया जाता है. मूल्यांकन में निदेशकों का कार्य-निष्पादन उपर्युक्त मानदंडों और स्वतंत्र मानदंडों को पूरा करना शामिल है. इसके अलावा मूल्यांकन के परिणामों के आधार पर स्वतंत्र निदेशक का कार्यकाल बढ़ाने का निर्णय लिया जाता है.

जे. मानव संसाधन संचालन समिति (एचआरएससी)

i. विचारार्थ विषय

मानव संसाधन संबधी मामलों को देखने और मानव संसाधन संबंधी महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श करने हेतु एचआरएससी का गठन किया गया है.

एचआरएससी की व्यापक भूमिका और उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं:

- भर्ती और प्रशिक्षण से संबंधित नीतियां बनाना;
- कार्य-निष्पादन प्रबंधन, प्रतिकर और कैरियर विकास पहलों की समीक्षा;
- प्रबंधन विकास और उत्तराधिकार नियोजन पर विचार करना;
- एचआर रणनीति को कारोबार रणनीति व योजना के अनुकूल बनाना;
- कार्मिक की नियुक्ति, मानवशक्ति मूल्यांकन, पदोन्नति आदि सहित विभिन्न एचआर मामलों पर विचार और अनुमोदन प्रदान करना; और
- विनियामक/सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय-समय पर अधिदेशित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

ii. एचआरएससी की संरचना

यथा दिनांक 31 मार्च 2020 को एचआरएससी में सात सदस्य शामिल थे, जिसमें से दो स्वतंत्र निदेशक हैं, अर्थात् श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ, श्री सैम्युअल जोसेफ जेबराज, डीएमडी, श्री सुरेश खटनहार, डीएमडी, सुश्री मीरा स्वरूप, सरकार की नामिती निदेशक, श्री राजेश कंडवाल, एलआईसी के नामिती निदेशक, श्री समरेश परिदा, स्वतंत्र निदेशक और श्री दीपक सिंघल, स्वतंत्र निदेशक.

iii. एचआरएससी समिति की बैठकों के लिए कोरम :

एचआरएससी बैठकों के लिए कोरम एचआरएससी के कुल सदस्यों की संख्या का एक-तिहाई अथवा एचआरएससी के दो सदस्य, इनमें से जो भी अधिक हो, होगा.

iv. एचआरएससी बैठकों की बारंबारता

एचआरएससी की बैठक आवश्यकता के अनुसार आयोजित की जाएगी.

v. एचआरएससी की बैठकें

31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के दौरान एचआरएससी की 6 बैठकें दिनांक 16 अप्रैल 2019, 27 सितंबर 2019, 22 अक्टूबर 2019, 8 नवंबर 2019, 10 दिसंबर 2019 और 23 जनवरी 2020 को संपन्न हुईं.

अप्रैल 2019 से मार्च 2020 के दौरान बैठकों में सदस्यों की उपस्थिति निम्न प्रकार थी:

नाम	पदनाम	अर्हता	कार्यकाल के दौरान बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति संख्या
श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ	अध्यक्ष	अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर, सीएआईआईबी	6	6
श्री के. पी. नायर, डीएमडी[@]	सदस्य	बी.कॉम और एमबीए	1	1
श्री जी.एम. यादवाडकर, डीएमडी[#]	सदस्य	बीई, एमएमएस, इंटर आईसीडब्ल्यूए और सीएआईआईबी	1	1
श्री सैम्युअल जोसेफ जेबराज, डीएमडी[*]	सदस्य	बीई (ऑनर्स), एमबीए	5	5
श्री सुरेश खटनहार, डीएमडी[$]	सदस्य	एम.कॉम, सीएआईआईबी और आईसीडब्ल्यूए	1	1
श्री पंकज जैन[^]	सदस्य	बी.कॉम, एमबीए एवं एआईसीडब्ल्यूए	1	1
सुश्री मीरा स्वरूप[+]	सदस्य	एम.ए. (राजनीति शास्त्र)	5	4
श्री राजेश कंडवाल	सदस्य	एम.एससी (बॉटनी), भारतीय बीमा संस्थान के असोशिएट सदस्य और कार्मिक प्रबंधन में डिप्लोमा, इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स, दिल्ली द्वारा अधिप्रमाणित कॉर्पोरेट निदेशक.	6	6
श्री समरेश परिदा	सदस्य	सीए, आईसीडब्ल्यूए एवं पीजीडीएम	6	5
श्री दीपक सिंघल	सदस्य	बी.ए., एमबीए, सीएआईआईबी, पीजीडीआरएम	6	6

[@] - 31.05.2019 को कार्यकाल समाप्त *[#] - 14.09.2019 को कार्यकाल समाप्त* *[^] - 08.08.2019 को कार्यकाल समाप्त*
[+] - 20.08.2019 से नियुक्त *[*]- 20.09.2019 से नियुक्त* *[$] - 15.01.2020 से नियुक्त*

के. वसूली समीक्षा समिति (आरआरसी)

i. विचारार्थ विषय

भारत सरकार के दिशानिर्देशों/ बोर्ड की सिफारिशों के अनुसार एनपीए, दबावग्रस्त खातों, बट्टे खाते डाले गए मामलों, सरकारी परिसमापक (ओएल) मामलों, ऋण वसूली प्राधिकरण (डीआरटी) मामलों आदि से वसूली की समीक्षा करने के लिए और वसूली की प्रगति पर निगरानी रखने तथा अन्य संबंधित प्रयोजनों के लिए आरआरसी का गठन किया गया है.

आरआरसी की व्यापक भूमिका और उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं:

- अनर्जक आस्तियों (एनपीए)/ बट्टे खाते डाले गए खातों के वसूली कार्यनिष्पादन की समीक्षा;
- दबावग्रस्त संरचित रिटेल आस्तियों (एसआरए) और शीघ्र अनर्जक होने वाली आस्तियों वाले मामलों की समीक्षा;
- बैंक की शीर्ष 100 अनर्जक आस्तियों की समीक्षा;
- कॉरपोरेट वर्टिकलों के दबावग्रस्त खातों की समीक्षा;
- वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी) अधिनियम, 2002 के संबंध में स्थिति रिपोर्ट;

- विशेष उल्लेखवाले खातों (एसएमए) की समीक्षा;
- वाद दायर किए गए मामलों की समीक्षा;
- प्रथम बारीय एनपीए (एफटीएनपीए)/ इरादतन चूककर्ताओं की समीक्षा;
- अनर्जक आस्तियों (एनपीए) की तिमाही समीक्षा; और
- विनियामक/ सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय-समय पर अधिदेशित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

ii. आरआरसी की संरचना

यथा दिनांक 31 मार्च 2020 को आरआरसी में छह सदस्य शामिल थे, जिसमें से दो स्वतंत्र निदेशक हैं, अर्थात् श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ, श्री सैम्युअल जोसेफ जेबराज, डीएमडी, श्री सुरेश खटनहार, डीएमडी, सुश्री मीरा स्वरूप, सरकार की नामिती निदेशक, डॉ. आशिमा गोयल, स्वतंत्र निदेशक और श्री समरेश परिदा, स्वतंत्र निदेशक.

iii. आरआरसी बैठकों के लिए कोरम

आरआरसी बैठकों के लिए कोरम कुल सदस्यों की संख्या का एक-तिहाई अथवा आरआरसी के दो सदस्य, इनमें से जो भी अधिक हो, होगा.

iv. आरआरसी बैठकों की बारंबारता

आरआरसी की बैठक वर्ष में कम से कम चार बैठकों के साथ आवश्यकताओं के अनुसार होगी.

v. आरआरसी की बैठकें

यथा 31 मार्च 2020 के अनुसार आरआरसी की 4 बैठकें दिनांक 29 मई 2019, 1 अगस्त 2019, 22 अक्टूबर 2019 और 28 फरवरी 2020 को संपन्न हुईं.

बैठकों में सदस्यों की उपस्थिति निम्न प्रकार थी:

नाम	पदनाम	समिति अर्हता	कार्यकाल के दौरान बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति संख्या
श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ	अध्यक्ष	अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर, सीएआईआईबी	4	4
श्री के. पी. नायर, डीएमडी[@]	सदस्य	बी.कॉम और एमबीए	1	1
श्री जी.एम. यादवाडकर, डीएमडी[#]	सदस्य	बीई, एमएमएस, इंटर आईसीडब्ल्यूए और सीएआईआईबी	2	2
श्री सैम्युअल जोसेफ जेबराज, डीएमडी[*]	सदस्य	बीई (ऑनर्स), एमबीए	2	2
श्री सुरेश खटनहार, डीएमडी[$]	सदस्य	एम.कॉम, सीएआईआईबी और आईसीडब्ल्यूए	1	1
श्री पंकज जैन[^]	सदस्य	बीकॉम, एमबीए और एआईसीडब्ल्यूए	2	1
सुश्री मीरा स्वरूप[+]	सदस्य	एम.ए. (राजनीति शास्त्र)	2	1
डॉ. आशिमा गोयल	सदस्य	एम.ए., एम.फिल और अर्थशास्त्र में पीएचडी	4	4
श्री समरेश परिदा	सदस्य	सीए, आईसीडब्ल्यूए एवं पीजीडीएम	4	3

[@] - 31.05.2019 को कार्यकाल समाप्त *[#] - 14.09.2019 को कार्यकाल समाप्त* *[^] - 08.08.2019 को कार्यकाल समाप्त*

[+] - 20.08.2019 से नियुक्त *[*]- 20.09.2019 से नियुक्त* *[$] - 15.01.2020 से नियुक्त*

एल. स्वतंत्र निदेशकों की समिति (आईडीसी)

i. विचारार्थ विषय

कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची IV तथा एलओडीआर विनियमावली के विनियम 25 के निबंधनों के अनुसार आईडीसी गठित की गई है.

आईडीसी की व्यापक भूमिका और उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं :

- गैर-स्वतंत्र निदेशकों की और समग्र रूप से बोर्ड के कार्य निष्पादन की समीक्षा;
- कार्यपालक निदेशकों तथा गैर-कार्यपालक निदेशकों के विचारों को ध्यान में रखते हुए बैंक के अध्यक्ष के कार्य निष्पादन की समीक्षा;
- बैंक के प्रबंधन और बोर्ड के बीच सूचना के प्रवाह की गुणवत्ता, मात्रा और समयबद्धता का मूल्यांकन करना जो बोर्ड के कर्तव्यों के प्रभावी और तर्कसंगत कार्य-निष्पादन के लिए आवश्यक है; और
- विनियामक / सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय-समय पर अधिदेशित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

ii. आईडीसी की संरचना

31 मार्च 2020 को स्वतंत्र निदेशकों की समिति में सात सदस्य अर्थात् श्री ज्ञान प्रकाश जोशी, डॉ. आशिमा गोयल, श्री भुवनचंद्र बी जोशी, श्री समरेश परिदा, श्री एन. जंबुनाथन, श्री दीपक सिंघल और श्री संजय जी. कल्लापुर, स्वतंत्र निदेशक शामिल थे.

iii. आईडीसी बैठकों के लिए कोरम

आईडीसी बैठकों के लिए कोरम आईडीसी के कुल सदस्यों की संख्या का एक तिहाई अथवा दो सदस्य, इनमें से जो भी अधिक हो, होगा. तथापि कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची IV के अनुसार सभी स्वतंत्र निदेशक आईडीसी की बैठकों में उपस्थित होने का प्रयास करेंगे.

iv. आईडीसी बैठकों की बारंबारता

आईडीसी बैठकें वर्ष में कम से कम एक बार आयोजित होंगी.

v. आईडीसी की बैठकें

यथा दिनांक 31 मार्च 2020 के अनुसार आईडीसी की 2 बैठकें दिनांक 15 अप्रैल 2019 और 19 अगस्त 2019 को संपन्न हुईं.

आईडीसी सदस्य प्रत्येक बैठक में अपने में से एक को अध्यक्ष के रूप में चुनते हैं.

अप्रैल 2019 से मार्च 2020 के दौरान बैठकों में सदस्यों की उपस्थिति इस प्रकार थी:

नाम	समिति पदनाम	अर्हता	कार्यकाल के दौरान बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति संख्या
श्री जी. पी. जोशी	सदस्य	बी.एससी. (ऑनर्स), एम.एससी. (फिजिक्स), एमआईडीपी एवं पीजीडीएफएम	2	2
डॉ. आशिमा गोयल	सदस्य	एम.ए. एवं एम.फिल और अर्थशास्त्र में पीएचडी	2	2
श्री बी.बी. जोशी	सदस्य	बी.कॉम और सीएआईआईबी	2	2
श्री समरेश परिदा	सदस्य	सीए, आईसीडब्ल्यूए एवं पीजीडीएम	2	1
श्री एन.जंबुनाथन	सदस्य	सांख्यिकी में स्नातकोत्तर, सीएआईआईबी, प्रबंधन में डिप्लोमा	2	2
श्री दीपक सिंघल	सदस्य	बी.ए., एमबीए, सीएआईआईबी, पीजीडीआरएम	2	2
श्री संजय जी. कल्लापुर	सदस्य	बी.कॉम, एम.एम.एस, कारोबार अर्थशास्त्र में पीएचडी और एसीएमए.	2	2

एम. असहयोगी ऋणकर्ता समीक्षा समिति (एनसीबीआरसी)

i. विचारार्थ विषय

एनसीबीआरसी की व्यापक भूमिका एवं उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं :

- ऋणकर्ता को असहयोगी ऋणकर्ता के रूप में वर्गीकृत करने से संबंधित आंतरिक असहयोगी ऋणकर्ता समिति के आदेशों/निर्णयों की समीक्षा करना; और
- इस समिति को विनियामक/ सांविधिक अपेक्षाओं अथवा भारत सरकार (जीओआई) / भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा समय-समय पर अधिदेशित किए गए निदेशों के ज़रिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन करना.

ii. एनसीबीआरसी की संरचना

एनसीबीआरसी का गठन एमडी एवं सीईओ तथा दो स्वतंत्र निदेशकों के साथ किया गया. 31 मार्च 2020 को इस समिति में अध्यक्ष के रूप में श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ तथा सदस्यों के रूप में श्री भुवनचन्द्र बी. जोशी और श्री दीपक सिंघल, स्वतंत्र निदेशक शामिल थे.

iii. एनसीबीआरसी की बैठकों के लिए कोरम

एनसीबीआरसी बैठकों के लिए कोरम सभी सदस्यों की उपस्थिति होगा.

iv. एनसीबीआरसी बैठकों की बारंबारता

बैंक की आंतरिक असहयोगी उधारकर्ता समिति द्वारा जब भी किसी उधारकर्ता को *'असहयोगी उधारकर्ता'* के रूप में वर्गीकृत करने का निर्णय लिया जाता है तो एनसीबीआरसी को बैठक आयोजित करना और समीक्षा करना आवश्यक होगा.

v. *एनसीबीआरसी की बैठकें*

यथा दिनांक 31 मार्च 2020 के अनुसार एनसीबीआरसी की बैठक होनी अपेक्षित नहीं थी.

एन. इरादतन चूककर्ता समीक्षा समिति (डब्ल्यूडीआरसी)

i. *विचारार्थ विषय*

डब्ल्यूडीआरसी की व्यापक भूमिका एवं उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं:

- ऋणकर्ता को इरादतन चूककर्ता के रूप में वर्गीकृत करने के संबंध में आंतरिक इरादतन चूककर्ता समिति के आदेशों/ निर्णयों की समीक्षा करना; और
- विनियामक/ सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय-समय पर अधिदेशित किए गए निर्देशों के ज़रिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन करना.

ii. *डब्ल्यूडीआरसी की संरचना*

डब्ल्यूडीआरसी का गठन एमडी एवं सीईओ तथा दो स्वतंत्र निदेशकों के साथ किया गया. 31 मार्च 2020 को इस समिति में श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ, अध्यक्ष के रूप में और श्री एन. जंबुनाथन तथा श्री भुवनचंद्र बी जोशी, स्वतंत्र निदेशक, सदस्य के रूप में शामिल थे.

iii. *डब्ल्यूडीआरसी की बैठकों के लिए कोरम*

डब्ल्यूडीआरसी बैठकों के लिए कोरम सभी सदस्यों की उपस्थिति होगा.

iv. *डब्ल्यूडीआरसी बैठकों की बारंबारता*

बैंक की इरादतन चूककर्ता संबंधी आंतरिक समिति द्वारा जब भी किसी उधारकर्ता को 'इरादतन चूककर्ता' के रूप में वर्गीकृत करने का निर्णय लिया जाता है तो डब्ल्यूडीआरसी के लिए बैठक आयोजित करना और समीक्षा करना आवश्यक होगा.

v. *डब्ल्यूडीआरसी की बैठकें*

यथा दिनांक 31 मार्च 2020 को डब्ल्यूडीआरसी की 3 बैठकें दिनांक 26 सितंबर 2019, 18 नवंबर 2019 और 16 मार्च 2020 को संपन्न हुई.

अप्रैल 2019 से मार्च 2020 के दौरान बैठकों में सदस्यों की उपस्थिति इस प्रकार थी:

नाम	समिति पदनाम	अर्हता	कार्यकाल के दौरान बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति संख्या
श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ	अध्यक्ष	अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर, सीएआईआईबी	3	3
श्री बी.बी. जोशी	सदस्य	बी.कॉम और सीएआईआईबी	3	3
श्री एन.जंबुनाथन	सदस्य	सांख्यिकी में स्नातकोत्तर, सीएआईआईबी, प्रबंधन में डिप्लोमा	3	3

निदेशक मंडल के कौशल/विशेषज्ञता/क्षमता के निर्धारण की मैट्रिक्स और ऐसे कौशल रखने वाले निदेशकों के नाम नीचे तालिका में दिए गए हैं:

	लेखा शास्त्र	कृषि तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था	बैंकिंग	सहयोग	अर्थशास्त्र	वित्त	विधि	लघु उद्योग	मानव संसाधन	जोखिम	सूचना प्रौद्योगिकी	भुगतान और निपटान	व्यापार प्रबंधन	प्रशासन	कॉरपोरेट अभिशासन
श्री एम. आर. कुमार									√						
श्री राकेश शर्मा	√	√	√		√			√	√				√	√	√
श्री जे. सैम्युअल जोसेफ	√		√			√			√		√		√		
श्री सुरेश खटनहार	√	√	√			√		√		√			√	√	√
सुश्री मीरा स्वरूप	√					√								√	
श्री सुधीर श्याम		√	√		√				√					√	
श्री राजेश कंडवाल	√					√			√	√			√	√	√
श्री जी. पी. जोशी		√				√		√		√				√	√
डॉ. आशिमा गोयल		√	√	√	√	√	√			√	√	√			
श्री बी.बी. जोशी		√	√			√		√							
श्री समरेश परिदा	√	√				√					√		√		
श्री एन. जंबुनाथन		√	√					√			√	√		√	√
श्री दीपक सिंघल		√	√						√				√	√	
श्री संजय कल्लापुर	√				√	√				√				√	

वार्षिक विवरणी का सारांश

फॉर्म सं. एमजीटी 9 में वार्षिक विवरणी का सारांश रिपोर्ट के अनुबंध-ए के रूप में संलग्न है. वार्षिक विवरणी के सारांश को बैंक की वेबसाइट https://www.idbibank.in/secretarial-disclosures.asp पर भी रखा जाएगा.

स्वतंत्र निदेशकों द्वारा की गई घोषणा पर प्रकथन

आईडीबीआई बैंक लि. के स्वतंत्र निदेशकों श्री ज्ञान प्रकाश जोशी, डॉ. आशिमा गोयल, श्री भुवनचन्द्र बी जोशी, श्री समरेश परिदा, श्री एन. जंबुनाथन, श्री दीपक सिंघल और श्री संजय कल्लापुर ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(7) के अनुसार 1 अप्रैल 2020 को यह घोषणा की है कि वे कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(6) में और विनियम 16 के उप-विनियम (1) के खंड (बी), एलओडीआर विनियम के उप-विनियम 17(10) तथा बैंकिंग विनियम अधिनियम, 1949 की धारा 10ए में उल्लिखित स्वतंत्रता मानदंडों को पूरा करते हैं और वे किसी भी ऐसी परिस्थिति या स्थिति से अवगत नहीं हैं जो मौजूद है या यथोचित रूप से प्रत्याशित है, जो वस्तुनिष्ठ स्वतंत्र निर्णय के साथ और किसी भी बाहरी प्रभाव के बिना उनके कर्तव्यों के निर्वहन की क्षमता को हासित करते हैं या प्रभावित कर सकते हैं. वार्षिक प्रकटीकरण के साथ निदेशकों ने यह भी पुष्टि की कि उन्होंने कंपनी (निदेशकों की नियुक्ति और योग्यता) नियम, 2019 के पांचवें संशोधन के नियम 6 के उप नियम 1 और 2 के प्रावधानों का अनुपालन किया है. उक्त को निदेशक मंडल द्वारा 18 मई 2020 को नोट किया गया था और इसकी सत्यता का सही आकलन करने के बाद इस पर बोर्ड की राय थी कि स्वतंत्र निदेशक इन विनियमों में निर्दिष्ट शर्तों को पूरा करते हैं और प्रबंधन से स्वतंत्र हैं.

निदेशकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक के संबंध में कंपनी की नीति

निदेशकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक के संबंध में बैंक की नीति लिंक https://www.idbi.in/secretarial-disclosures.asp के अंतर्गत इसकी वेबसाइट (www.idbi.in) पर उपलब्ध है.

कंपनी की लाभांश वितरण नीति

लाभांश वितरण पर बैंक की नीति लिंक https://www.idbi.in/secretarial-disclosures.asp के अंतर्गत इसकी वेबसाइट (www.idbi.in) पर उपलब्ध है.

सचिवीय मानकों का अनुपालन

बैंक ने कंपनी अधिनियम 2013 के अंतर्गत अधिदेशित और भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) द्वारा जारी सचिवीय मानकों यथा एसएस-1 (बोर्ड बैठकों पर सचिवीय मानक) और एसएस-2 (सामान्य बैठकों पर सचिवीय मानक) को अंगीकृत किया है. बैंक ने अपनी बोर्ड, समिति और सामान्य बैठकों का आयोजन इन मानकों के अनुसार तथा इनका अनुपालन करते हुए किया है.

आंतरिक लेखापरीक्षक

बैंक का अपना एक आंतरिक लेखा-परीक्षा विभाग है जो आंतरिक लेखा-परीक्षा का कार्य करता है. कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 138 के अनुसार श्री एम. वी. फडके, कार्यपालक निदेशक, आईडीबीआई बैंक को मुख्य लेखा-परीक्षा अधिकारी नामित किया गया है.

दिवाला एवं शोधन अक्षमता, 2016 (आईबीसी) के अंतर्गत शुरू की गई कॉरपोरेट दिवालियापन समाधान प्रक्रिया पर प्रकटीकरण

बैंकिंग कंपनियों के लिए प्रावधान लागू नहीं है.

सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 33(3)(डी) में विनिर्दिष्ट किए अनुसार लेखापरीक्षा संप्रेक्षणों के प्रभाव संबंधी विवरण और लेखापरीक्षकों अथवा सचिवीय लेखापरीक्षकों द्वारा उनकी रिपोर्ट में किए गए प्रत्येक संप्रेक्षण, दुराव (रिजर्वेशन) अथवा प्रतिकूल अभ्युक्ति अथवा दावात्याग पर बोर्ड की टिप्पणियां

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(एफ) के अनुसार सांविधिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट अथवा सचिवीय लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट में से किसी में भी कोई ऐसे संप्रेक्षण, दुराव (रिजर्वेशन) अथवा प्रतिकूल अभ्युक्ति अथवा दावात्याग नहीं है जिस पर बोर्ड की टिप्पणियों की आवश्यकता हो. इसके अलावा, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(12) के अनुसार, बैंक के सांविधिक लेखापरीक्षकों ने बैंक में उसके अधिकारियों या कर्मचारियों द्वारा बैंक में की गई धोखाधड़ी की किसी घटना की रिपोर्ट नहीं की है.

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के अंतर्गत ऋणों, गारंटियों अथवा निवेशों के विवरण

उप-धारा (1) को छोड़कर, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के प्रावधान, सामान्य कारोबार के दौरान बैंकिंग कंपनी द्वारा प्रदान किए गए ऋण, गारंटी अथवा प्रतिभूति पर लागू नहीं होते हैं. बैंकिंग विनियम अधिनियम, 1949 के लागू प्रावधानों के अनुसार, बैंक द्वारा किए गए निवेश के ब्योरे वित्तीय विवरणों की अनुसूची 8 में प्रकट किए गए हैं.

निर्धारित फॉर्म पर संबंधित पक्षकारों के साथ संविदा अथवा करार के विवरण

कंपनी (लेखा) नियमावली, 2014 के नियम 8 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(एच) के अनुसार संबंधित पक्षकारों के साथ संविदा अथवा करार, यदि कोई हो, के विवरण निर्धारित फॉर्म एओसी-2 में रिपोर्ट के साथ **अनुबंध-बी** के रूप में संलग्न किए गए हैं.

कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व पर रिपोर्ट

बैंक की सीएसआर नीति की रूपरेखा https://www.idbibank.in/corporate-social-responsibility.asp.पर उपलब्ध हैं. बैंक द्वारा की गई सीएसआर गतिविधि की वार्षिक रिपोर्ट **अनुबंध-सी** के रूप में इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है.

जोखिम प्रबंधन नीति

बैंक एक विस्तृत एवं व्यापक जोखिम प्रबंधन प्रणाली का पालन करता है जिसे भारतीय रिज़र्व बैंक के समय-समय पर इस संबंध में जारी विनियामक दिशानिर्देशों के अनुसार अद्यतित किया जाता है. बोर्ड की एक समर्पित जोखिम प्रबंधन समिति बासेल III मानदंडों के कार्यान्वयन सहित बैंक के जोखिम से संबंधित पहलुओं की नियमित रूप से समेकित समीक्षा करती है. बैंक का निदेशक मंडल भी आवधिक रूप से जोखिम मूल्यांकन तथा बैंक द्वारा अनुसरण की जा रही न्यूनीकरण प्रक्रियाओं और साथ ही बासेल III मानदंडों के अंतर्गत बैंक की पूंजी अपेक्षाओं की समीक्षा करता है.

बोर्ड, इसकी समितियों और वैयक्तिक निदेशकों के औपचारिक वार्षिक मूल्यांकन के तरीके की सूचना का विवरण

कंपनी (लेखा) विनियमावली, 2014 के नियम 8(4) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3) (पी) के अनुसार उपर्युक्त विषय पर ब्योरे नीचे प्रस्तुत किए गए हैं:

(i) स्वतंत्र निदेशकों की समिति (आईडीसी) ने दिनांक 29 अप्रैल 2020 को संपन्न अपनी बैठक में और दिनांक 15 मई 2020 को सम्पन्न स्थगित बैठक में बोर्ड की बैठकों के अध्यक्ष सहित सभी गैर-स्वतंत्र निदेशकों के कार्य-निष्पादन और समग्र रूप से बोर्ड के कार्य निष्पादन का मूल्यांकन किया.

(ii) बोर्ड ने दिनांक 18 मई 2020 को संपन्न अपनी बैठक में बोर्ड के स्वतंत्र निदेशकों सहित सभी निदेशकों के कार्य निष्पादन का मूल्यांकन किया, स्वयं के कार्य-निष्पादन का तथा साथ ही बोर्ड की समितियों के कार्यनिष्पादन का भी मूल्यांकन किया. सभी वैयक्तिक निदेशकों का मूल्यांकन संपूर्ण बोर्ड द्वारा किया गया, जिसमें कॉर्पोरेट अभिशासन मानदंडों के अतिरिक्त स्वतंत्र निदेशकों के मूल्यांकन के संबंध में (क) बैठकों में उनके कार्यनिष्पादन की समीक्षा और (ख) कंपनी अधिनियम 2013 और सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 में विनिर्दिष्ट स्वतंत्रता मानदंडों को पूरा करना तथा उनकी प्रबंधन से स्वतंत्रता के आधार पर मूल्यांकन भी शामिल है. बोर्ड द्वारा मूल्यांकन किए जा रहे ऐसे संबंधित निदेशकों ने अपने मूल्यांकन की प्रक्रिया के दौरान बैठक में भाग नहीं लिया.

आईडीसी और बोर्ड द्वारा वार्षिक मूल्यांकन के प्रयोजनार्थ वैयक्तिक निदेशकों, बोर्ड की समितियों और बोर्ड के संबंध में खाली मूल्यांकन शीटें ईमेल के माध्यम से वैयक्तिक निदेशकों को अग्रिम रूप में प्रेषित की गईं ताकि वे पहले से ही अपना अभिमत बना सकें और संबंधित बैठकों में मूल्यांकन प्रक्रिया को अंतिम रूप देने में सहायता मिल सके. आईडीसी के अध्यक्ष और एमडी एवं सीईओ ने मूल्यांकन को अंतिम रूप देने के पश्चात् क्रमशः आईडीसी और बोर्ड की ओर से मूल्यांकन शीटों पर हस्ताक्षर किए.

कारोबार के स्वरूप में परिवर्तन, यदि कोई हो

समीक्षाधीन अवधि के दौरान बैंक ने बैंकिंग के कारोबार को जारी रखा और इसके कारोबार के स्वरूप में कोई परिवर्तन नहीं हुआ. बैंक त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई के अंतर्गत दिये गए आरबीआई के निदेशों का अनुपालन कर रहा है.

निदेशकों / प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों में परिवर्तन

निदेशक का नाम	पदनाम	परिवर्तन का स्वरूप	दिनांक
श्री एम. आर. कुमार	गैर-कार्यपालक, गैर पूर्णकालिक अध्यक्ष	नियुक्ति	13.05.2019
श्री के. पी. नायर	डीएमडी	सेवा समाप्ति	31.05.2019
श्री पंकज जैन	सरकारी नामिती निदेशक	सेवा समाप्ति	08.08.2019
सुश्री मीरा स्वरूप	सरकारी नामिती निदेशक	नियुक्ति	20.08.2019
श्री जी.एम. यादवाडकर	डीएमडी	सेवा समाप्ति	14.09.2019
श्री सैम्युअल जोसेफ जेबराज	डीएमडी	नियुक्ति	20.09.2019
श्री सुरेश खटनहार	डीएमडी	नियुक्ति	15.01.2020

निदेशकों के पारिश्रमिक

आईडीबीआई बैंक 21 जनवरी 2019 से निजी क्षेत्र का बैंक बन जाने से बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35बी के अनुसार प्रबंध निदेशक एवं सीईओ तथा उप प्रबंध निदेशक का पारिश्रमिक एवं परिलब्धियाँ भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अनुमोदित की गई हैं. एमडी एवं सीईओ और उप प्रबंध निदेशकों को प्रदत्त पारिश्रमिक का विवरण तालिका में दिया गया है. समीक्षाधीन अवधि के दौरान गैर-कार्यपालक निदेशकों के बैंक के साथ कोई आर्थिक संबंध/लेनदेन नहीं रहे हैं.

	एमडी एवं सीईओ तथा उप प्रबंध निदेशक के पारिश्रमिक के घटक
वेतन और भत्ते	**श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ** - वेतन ₹ 2,24,400/- प्रति माह और लागू महंगाई भत्ता (वर्तमान 9%) ₹20,196/- कुल ₹ 2,44,596/- **श्री के. पी. नायर, डीएमडी [31.05.2019 तक]** - वेतन ₹ 1,87,600/- प्रति माह और लागू महंगाई भत्ता 9% की दर से ₹ 16,884/- कुल ₹ 2,04,484/- **श्री जी.एम. यादवाडकर, डीएमडी [14.09.2019 तक]** - वेतन ₹ 1,87,600/- प्रति माह और लागू महंगाई भत्ता 9% की दर से ₹ 16,884/- कुल ₹ 2,04,484/- **श्री सैम्युअल जोसेफ जेबराज, डीएमडी [20.09.2019 से]** - वेतन ₹ 1,87,600/- प्रति माह और लागू महंगाई भत्ता 9% की दर से ₹ 16,884/- कुल ₹ 2,04,484/- **श्री सुरेश खटनहार [15.01.2020 से]** - वेतन ₹ 1,87,600/- प्रति माह और लागू महंगाई भत्ता 9% की दर से ₹ 16,884/- कुल ₹ 2,04,484/-
आतिथ्य	एमडी एवं सीईओ और उप प्रबंध निदेशक, दोनों के संबंध में प्रत्येक के लिए ₹ 6,000 प्रति वर्ष की अधिकतम सीमा के अधीन वास्तविक आतिथ्य (क्लब की सदस्यता उपर्युक्त अधिकतम सीमा के भीतर समायोज्य).
आवास	एमडी एवं सीईओ और उप प्रबंध निदेशक दोनों को किराया-मुक्त सुसज्जित आवास.
वाहन व्यय	कार्यालयीन उद्देश्यों के लिए बैंक की कार का निःशुल्क उपयोग.
छुट्टी यात्रा रियायत	एमडी एवं सीईओ और डीएमडी दोनों के लिए आधिकारिक दौरे हेतु लागू पात्रता श्रेणी के अनुसार स्वयं एवं परिवार के लिए भारत में किसी भी स्थान की यात्रा के लिए 2 वर्षों के ब्लॉक में एक बार.
पेंशन	बैंक, जहां वे कैरियर पद पर रहे हैं, के नियमों और विनियमों के अनुसार कैरियर पद में (बोर्ड स्तर से नीचे) स्वीकार्य पेंशन, यदि कोई है, प्राप्त करने के लिए पात्र हैं.
ग्रेच्युटी	एमडी एवं सीईओ / डीएमडी के रूप में सेवा के प्रत्येक पूर्ण किए वर्ष अथवा 6 माह से अधिक की सेवा के लिए आधे माह के वेतन की दर से.
कार्यकाल	**श्री राकेश शर्मा** - पूर्व में भारत सरकार की दिनांक 5 अक्तूबर 2018 की अधिसूचना सं. एफ.सं. 4/2/2015-बीओ.आई द्वारा पदभार ग्रहण करने की तारीख से 6 माह की अवधि के लिए या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, एमडी एवं सीईओ के रूप में नियुक्त हुए. श्री राकेश शर्मा ने आईडीबीआई बैंक के एमडी एवं सीईओ के रूप में 10 अक्तूबर 2018 को पदभार ग्रहण किया था. एलआईसी ने 51% हिस्सेदारी के अर्जन के परिणामस्वरूप दिनांक 18 जनवरी 2019 के अपने पत्र द्वारा यह बताया कि श्री राकेश शर्मा एमडी एवं सीईओ के रूप में तब तक बने रहेंगे जब तक एलआईसी आईडीबीआई बैंक के बोर्ड में नए एमडी एवं सीईओ को नामित नहीं करती है. इसके बाद, एलआईसी ने 13 फरवरी 2019 के अपने पत्र द्वारा श्री राकेश शर्मा को बैंक के अंतर्नियमों के अनुच्छेद 116(1)(ii) के अंतर्गत 3 वर्षों के नए कार्यकाल के लिए आईडीबीआई बैंक के एमडी एवं सीईओ के रूप में नामित किया है. आरबीआई अनुमोदन प्राप्ति के बाद बोर्ड ने श्री राकेश शर्मा की नियुक्ति को 19 मार्च 2019 से अनुमोदित किया है. 20 अगस्त 2019 को संपन्न वार्षिक महासभा में शेयरधारकों से स्वीकृति प्राप्त की गई थी.
	श्री सैम्युअल जोसेफ जेबराज - बोर्ड द्वारा 19 सितंबर 2019 को आयोजित अपनी बैठक में 4 सितंबर 2019 के आरबीआई के पत्र में निर्दिष्ट पारिश्रमिक तथा नियमों और शर्तों पर पदभार ग्रहण करने की तारीख से 3 वर्ष की अवधि के लिए डीएमडी के रूप में नियुक्त किया गया. श्री सैम्युअल जोसेफ जेबराज ने 20 सितंबर 2020 को कार्यभार ग्रहण किया. 17 अगस्त 2020 को होने वाली आगामी वार्षिक महासभा में शेयरधारकों से स्वीकृति प्राप्त की जा रही है.
	श्री सुरेश खटनहार - बोर्ड द्वारा 15 जनवरी 2020 को आयोजित अपनी बैठक में 9 जनवरी 2020 के आरबीआई के पत्र में निर्दिष्ट पारिश्रमिक तथा नियमों और शर्तों पर पदभार ग्रहण करने की तारीख से 3 वर्ष की अवधि के लिए डीएमडी के रूप में नियुक्त किया गया. श्री सुरेश खटनहार ने 15 जनवरी 2020 को कार्यभार ग्रहण किया. 17 अगस्त 2020 को होने वाली आगामी वार्षिक महासभा में शेयरधारकों से स्वीकृति प्राप्त की जा रही है.

गैर-कार्यपालक निदेशकों को भुगतान करने के लिए मानदंड:

सरकार के नामिती निदेशकों को छोड़कर सभी गैर-कार्यपालक निदेशकों को बैठक शुल्क का भुगतान किया गया था. बोर्ड की बैठकों के लिए प्रति बैठक ₹ 40,000/- (बैठकों की अध्यक्षता करने के लिए ₹ 10,000 प्रति बैठक अतिरिक्त) और बोर्ड समिति बैठकों के लिए ₹ 20,000 प्रति बैठक (बैठकों की अध्यक्षता करने के लिए ₹ 5,000 प्रति बैठक अतिरिक्त) की दर से बैठक शुल्क अदा किया गया. एमडी एवं सीईओ तथा उप प्रबंध निदेशकों को उपर्युक्त पारिश्रमिक और स्वतंत्र निदेशकों को बैठक फीस के अलावा आपके बैंक द्वारा निदेशकों को उनकी यात्रा, रहने तथा परिवहन पर हुए खर्च को छोड़कर और कोई पारिश्रमिक अदा नहीं किया गया.

वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए स्वतंत्र निदेशकों सहित गैर-कार्यपालक निदेशकों को प्रदत्त बैठक शुल्क की कुल राशि का विवरण:

गैर-कार्यपालक निदेशक का नाम	वित्तीय वर्ष 2019-20 में प्रदत्त बैठक शुल्क (₹)
श्री एम. आर. कुमार, गैर कार्यपालक अध्यक्ष	3,00,000/-
श्री राजेश कंडवाल, एलआईसी के नामिती निदेशक	9,00,000/-
श्री ज्ञान प्रकाश जोशी, स्वतंत्र निदेशक	11,80,000/-
डॉ. आशिमा गोयल, स्वतंत्र निदेशक	9,60,000/-
श्री बी.बी. जोशी, स्वतंत्र निदेशक	13,45,000/-
श्री समरेश परिदा, स्वतंत्र निदेशक	10,75,000/-
श्री एन. जंबुनाथन, स्वतंत्र निदेशक	13,90,000/-
श्री दीपक सिंघल, स्वतंत्र निदेशक	13,05,000/-
श्री संजय कल्लापुर, स्वतंत्र निदेशक,	10,95,000/-

कंपनी (प्रबंधकीय अधिकारी की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के नियम 5 के अधीन प्रकटन

प्रबंध निदेशक एवं सीईओ तथा उप प्रबंध निदेशकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक का निर्धारण, नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति द्वारा अनुशंसित और बोर्ड द्वारा अनुमोदन के बाद बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35बी के तहत आरबीआई द्वारा अनुमोदित किया जाता है. बैंक ने प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, उप प्रबंध निदेशकों तथा अन्य कर्मचारियों के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के लिए लागू वेतनमान को जारी रखा है.उपर्युक्त पैरा में उल्लेख किए अनुसार बोर्ड के अन्य निदेशकों को बैठक शुल्क के अलावा कोई अन्य पारिश्रमिक नहीं मिलता है. मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों (केएमपी) अर्थात् मुख्य वित्तीय अधिकारी और कंपनी सचिव को बैंक के समान ग्रेड के अधिकारियों के लिए लागू पारिश्रमिक मिलता है. मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों सहित कर्मचारियों के वेतनमान में आवधिक संशोधन बैंक के कार्यनिष्पादन सहित कई कारकों पर निर्भर है. बैंक ने कोई अनुवर्ती सार्वजनिक प्रस्ताव (एफपीओ) जारी नहीं किया है, अतः बैंक के शेयरों के बाजार कोटेशन की कोई तुलना संभव नहीं है. तथापि, वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए बैंक के शेयरों के बाजार मूल्य, वित्तीय अनुपात आदि का प्रकटन वार्षिक रिपोर्ट में किया गया है. मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों तथा एमडी एवं सीईओ/ डीएमडी सहित कर्मचारियों के पारिश्रमिक के संबंध में कोई परिवर्ती वेतन अवधारणा लागू नहीं है. 31 मार्च 2020 को बैंक के रोल पर कर्मचारियों की संख्या 17,723 थी जिसमें 1,055 कर्मचारी संविदा आधार पर थे तथा अन्य सभी कर्मचारी नियमित थे. इस बात की भी पुष्टि की जाती है कि पारिश्रमिक बैंक की पारिश्रमिक नीति के अनुसार है और प्रत्येक निदेशक के पारिश्रमिक तथा माध्यिका कर्मचारी के पारिश्रमिक का अनुपात और अन्य विवरण ऊपर किए गए प्रकटन के आधार पर हैं तथा ये कंपनी (प्रबंधकीय अधिकारी की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के नियम 5 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 197(12) के अनुपालन में हैं.

कंपनी (प्रबंधकीय अधिकारी की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के नियम 5(1) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 197(12) के अनुसार अन्य विवरण नीचे दिये गए हैं:

बैंक के रोल पर नियमित कर्मचारियों की संख्या	**16,668**	
वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के कर्मचारियों के माध्यिका पारिश्रमिक और प्रत्येक निदेशक के पारिश्रमिक का अनुपात;	**कार्यपालक निदेशक का नाम**	**सभी कर्मचारियों की माध्यिका में पारिश्रमिक का अनुपात**
	श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ	3.33
	श्री के. पी. नायर, डीएमडी [31.5. 2019 तक]	2.38
	श्री जी एम यादवाडकर, डीएमडी [14.09.2019 तक]	2.50
	श्री सैम्युअल जोसेफ जेबराज, डीएमडी [20.09.2019 से]	1.60
	श्री सुरेश खटनहार, डीएमडी [15.01.2020 से]	0.61

बैंक के रोल पर नियमित कर्मचारियों की संख्या	16,668	
वित्तीय वर्ष में प्रत्येक निदेशक, मुख्य वित्तीय अधिकारी, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, कंपनी सचिव या प्रबंधक के पारिश्रमिक में वृद्धि प्रतिशत, यदि कोई हो;	**पदनाम**	**प्रतिशत वृद्धि**
	एमडी एवं सीईओ	15.11
	डीएमडी	लागू नहीं, क्योंकि डीएमडी की नियुक्ती वर्ष के दौरान की गई थी.
	सीएफओ	28.65
	सीएस	32.47
वित्तीय वर्ष में कर्मचारियों के माध्यिका पारिश्रमिक में वृद्धि प्रतिशत;	(-) 5.04% यह स्पष्ट किया जाता है कि प्रबंधकीय कार्मिक की पारिश्रमिक के वृद्धि मुख्यत: वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान लागू वेतन में संशोधन के कारण हुई है, जबकि कर्मचारियों के वेतन में संशोधन वित्तीय वर्ष 2018-19 के शुरू में लागू हुआ था.	
पिछले वित्तीय वर्ष में प्रबंधकीय कार्मिकों के अलावा अन्य कर्मचारियों के वेतन में पहले से ही हुई औसत वृद्धि तथा प्रबंधकीय पारिश्रमिक में प्रतिशत वृद्धि के साथ इसकी तुलना एवं इसका औचित्य तथा प्रबंधकीय पारिश्रमिक में वृद्धि के लिए असाधारण परिस्थितियों यदि कोई हों का उल्लेख;	वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान बैंक के गैर-प्रबंधकीय कार्मिक के लिए औसत पारिश्रमिक वृद्धि (-) 5.04% (जैसाकि ऊपर स्पष्ट किया गया है) थी और बैंक के प्रबंधकीय कार्मिक के लिए औसत पारिश्रमिक वृद्धि 25.41% थी.	
पुष्टिकरण कि पारिश्रमिक बैंक की पारिश्रमिक नीति के अनुसार है.	हाँ	

महासभा की बैठकें

ए. बैंक की पिछली तीन वार्षिक महासभाओं का आयोजन निम्नानुसार हुआ है:-

आईडीबीआई बैंक लिमिटेड की वार्षिक महासभाओं का विवरण		
पिछली तीन वार्षिक महासभाओं के आयोजन का स्थान और समय	1)	18 जुलाई 2017 को अपराह्न 3.30 बजे यशवंतराव चव्हाण सेंटर ऑडिटोरियम, जनरल जगन्नाथराव भोंसले मार्ग, मुंबई - 400 021 (बैंक की 13वीं वार्षिक महासभा).
	2)	13 अगस्त 2018 को अपराह्न 3.30 बजे यशवंतराव चव्हाण सेंटर ऑडिटोरियम, जन. जगन्नाथराव भोंसले मार्ग, मुंबई - 400 021 (बैंक की 14वीं वार्षिक महासभा).
	3)	20 अगस्त 2019 को अपराह्न 3.30 बजे यशवंतराव चव्हाण सेंटर ऑडिटोरियम, जन. जगन्नाथराव भोंसले मार्ग, मुंबई - 400 021 (बैंक की 15वीं वार्षिक महासभा).
क्या पिछली तीन वार्षिक महासभाओं में विशेष संकल्प पारित किए गए थे.	➢	**13वीं वार्षिक महासभा के लिए** (i) बैंक द्वारा ₹ 5,000/- करोड़ (प्रीमियम राशि सहित) तक की पूंजी जुटाने और इस संबंध में विशिष्ट निर्णय लेने के लिए बोर्ड को अधिकार प्रदान करने के प्रस्ताव के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 62(1)(सी) के अधीन शेयरधारकों से अनुमोदन प्राप्त करने, (ii) निजी नियोजन/ सार्वजनिक निर्गम के जरिए एकल या एक से अधिक श्रृंखला में सीनियर/ इन्फ्रास्ट्रक्चर बॉण्ड, बासेल III अनुपालित टीयर II बॉण्ड/ अतिरिक्त टीयर I बॉण्ड के रूप में ₹ 5,000 करोड़ तक जुटाने के लिए निदेशक मंडल को अधिकार प्रदान करने हेतु कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 42 के अधीन शेयरधारकों का अनुमोदन प्राप्त करने, (iii) बैंक के संस्था अंतर्नियम में परिवर्तन करने के लिए विशेष संकल्प पारित किए गए.
	➢	**14वीं वार्षिक महासभा के लिए** बैंक की 13 अगस्त 2018 को संपन्न 14वीं वार्षिक महासभा में (i) बैंक को ₹ 5,000 करोड़ (प्रीमियम राशि सहित) तक बैंक की पूंजी जुटाने और इस संबंध में विनिर्दिष्ट निर्णय लेने के लिए बोर्ड को अधिकार प्रदान करने के प्रस्ताव के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 62(1)(सी) के अधीन शेयरधारकों से अनुमोदन प्राप्त करने, (ii) निजी नियोजन/ सार्वजनिक निर्गम के जरिए एकल या एक से अधिक श्रृंखला में सीनियर/ इन्फ्रास्ट्रक्चर बॉण्ड, बासेल III अनुपालित टीयर II बॉण्ड/ अतिरिक्त टीयर I बॉण्ड के रूप में ₹ 5,000 करोड़ तक जुटाने के लिए निदेशक मंडल को अधिकार प्रदान करने हेतु कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 42 के अधीन शेयरधारकों का अनुमोदन प्राप्त करने के लिए विशेष संकल्प पारित किए गए.

आईडीबीआई बैंक लिमिटेड की वार्षिक महासभाओं का विवरण

	➢ **15वीं वार्षिक महासभा के लिए** बैंक की 20 अगस्त 2019 को संपन्न 15वीं वार्षिक महासभा में (i) बैंक को ₹ 11,000/- करोड़ (प्रीमियम राशि सहित) तक बैंक की पूंजी जुटाने और इस संबंध में विशिष्ट निर्णय लेने के लिए बोर्ड को अधिकार प्रदान करने के प्रस्ताव के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 62(1)(सी) के अधीन शेयरधारकों से अनुमोदन प्राप्त करने, (ii) श्री ज्ञान पी जोशी (डीआईएन:00603925) को 28 अगस्त 2019 से चार वर्षों की दूसरी पारी के लिए बैंक के स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त करने हेतु कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 के अधीन शेयरधारकों का अनुमोदन प्राप्त करने के लिए विशेष संकल्प पारित किए गए.
क्या गत वर्ष डाक मतपत्र के जरिए कोई विशेष संकल्प पारित किया गया था - मतदान पद्धति का ब्योरा	हाँ, 22 अक्टूबर 2019 को निम्नलिखित विशेष संकल्प डाक मतपत्र के माध्यम से निम्न के लिए पारित किए गए थे: i. भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और भारत सरकार को क्रमशः कुल ₹ 4,743 करोड़ और कुल ₹ 4,557 करोड़ के अधिमान्य इक्विटी शेयरों का अधिमानी आबंटन; ii. बैंक की प्राधिकृत शेयर पूंजी में वृद्धि करते हुए इसे ₹ 15,000 करोड़ (प्रति ₹ 10/- के 1,500 करोड़ इक्विटी शेयरों में विभाजित) से ₹ 25,000 करोड़ (प्रति ₹ 10/- के 2,500 करोड़ इक्विटी शेयरों में विभाजित) तक करना और इसके परिणामस्वरूप आईडीबीआई बैंक लि. संस्था के बहिर्नियम के खंड V और संस्था के अंतर्नियम नियम 3 में संशोधन करना.
व्यक्ति, जिसने डाक मतदान का कार्य संचालित किया	श्रीमती अपर्णा गाडगिल तथा उनकी अनुपस्थिति में मेसर्स एस. एन. अनंतसुब्रमणियन एंड कंपनी, कंपनी सचिव के अन्य कोई भागीदार
क्या कोई विशेष संकल्प डाक मतदान के माध्यम से पारित करने का प्रस्ताव है.	नहीं

डाक मतदान की प्रक्रिया

नोटिस की तारीख	19 सितंबर 2019		
डाक मतपत्र फॉर्म प्राप्त करने की अंतिम तारीख	22 अक्टूबर 2019 (शाम 5:00 बजे)		
संवीक्षक की रिपोर्ट का संक्षिप्त विवरण	मद सं.	वृद्धि	कमी
	(i)	3,17,44,54,994 (99.9996%)	12,097 (0.0004%)
	(ii)	3,17,44,51,521 (99.9995%)	15,474 (0.0005%)
	दिनांक 23 अक्टूबर 2019 की संवीक्षक की रिपोर्ट के अनुसार, संकल्प को अपेक्षित बहुमत के साथ पारित किया गया था. डाक मतपत्र के परिणाम को, दिनांक 23 अक्टूबर 2019 को अध्यक्ष द्वारा घोषित किया गया था और बैंक की वेबसाइट तथा रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट आरटीए, अर्थात् केफिन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया गया था. इसे बीएसई और एनएसई जैसे उन स्टॉक एक्स्चेंजों में प्रदर्शित भी किया गया था, जहां बैंक के शेयर सूचीबद्ध हैं.		
ई-वोटिंग सुविधा	बैंक ने उपर्युक्त दोनों ही डाक मतपत्र के लिए सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से मतदान करने के लिए वैकल्पिक विकल्प के रूप में ई-वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई थी.		
डाक मतदान के परिणाम की घोषणा की तारीख	22 अक्टूबर 2019		

सूचना के साधन

बैंक के कामकाज पर विस्तृत वार्षिक रिपोर्ट, जिसमें कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 के अधीन अपेक्षित निदेशक-मंडल की रिपोर्ट और वार्षिक लेखे शामिल हैं, उपलब्ध कराने के अलावा बैंक अपने शेयरधारकों की जानकारी के लिए नियमित रूप से तिमाही परिणाम प्रकाशित करता है, इन्हें राष्ट्रव्यापी प्रसार वाले एक अंग्रेजी समाचार पत्र अर्थात् फाइनेंशियल एक्सप्रेस में और एक क्षेत्रीय भाषा के समाचार पत्र अर्थात् लोकसत्ता में प्रकाशित किया जाता है और यह विज्ञापन शेयर बाजार को सूचित किए जाते हैं. उपर्युक्त जानकारी आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति तथा संस्थागत निवेशकों और विश्लेषकों के समक्ष की गई प्रस्तुतियों के साथ बैंक की वेबसाइट https://www.idbibank.in/index.asp पर भी उपलब्ध कराई गई है.

आम शेयरधारकों के लिए सूचना

आम शेयरधारकों के लिए सूचना		
i.	एजीएम की तारीख, समय और स्थान	सोमवार, 17 अगस्त 2020 को अपराह्न 3.30 बजे. यह केवल वीसी/ओएवीएम के माध्यम से होगी.
ii.	वित्तीय वर्ष	01 अप्रैल 2019 से 31 मार्च 2020
iii.	कंपनी (प्रबंध और प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 20 के साथ पठित एलओडीआर विनयमावली के विनियम 44 और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के अनुसार ई-वोटिंग अवधि.	ई-वोटिंग अवधि बुधवार, 12 अगस्त 2020 को (भारतीय मानक समय के अनुसार पूर्वाह्न 9 बजे से) प्रारंभ होगी और रविवार, 16 अगस्त 2020 को (भारतीय मानक समय के अनुसार शाम 05 बजे) समाप्त होगी.
iv.	लेखाबहियों के बंद रहने की तारीख	मंगलवार, 11 अगस्त 2020 से सोमवार, 17 अगस्त 2020 (दोनों दिन शामिल)
v.	स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्धता और वार्षिक सूचीबद्धता शुल्क के भुगतान की पुष्टि	**1. बीएसई लि. (बीएसई)** पता : 25वीं मंजिल, फिरोज जीजीभॉय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, फोर्ट, मुंबई - 400001. **2. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि.** पता: एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल, प्लॉट नं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू.), मुंबई-400051. देशीय बाजार में जारी किए गए बॉण्डों में निजी रूप से नियोजित बॉण्ड शामिल हैं जो बीएसई/ एनएसई में सूचीबद्ध है. लागू सूचीबद्धता शुल्क का भुगतान किया गया है.
vi.	स्टॉक कोड/ प्रतीक	बीएसई - 500116, एनएसई - आईडीबीआई
vii.	रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट	केफिन टेक्नोलॉजीस प्रा.लि., यूनिट : आईडीबीआई इक्विटी, सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट 31-32, गच्चीबौली फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुड़ा, हैदराबाद - 500032
viii.	शेयर अंतरण प्रणाली एवं निवेशक शिकायत निपटान	शेयर अंतरण कार्यपालक निदेशक/ मुख्य महा प्रबंधक की आंतरिक समिति द्वारा साप्ताहिक आधार पर अनुमोदित किए जाते हैं. शेयर अंतरण की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए, साप्ताहिक आधार पर अंतरण ज्ञापन (मेमोरेंडम ऑफ ट्रांसफर) को अनुमोदित करने के लिए कार्यपालक निदेशक / मुख्य महाप्रबंधक की एक आंतरिक समिति का गठन किया गया है. 1 अप्रैल 2019 तक, दो निवेशक शिकायतें निवारण के लिए लंबित थीं और 1 अप्रैल 2019 से 31 मार्च, 2020 तक, बैंक के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंटों को शेयरधारकों / निवेशकों से 5068 निवेशक शिकायतें प्राप्त हुई थीं. वर्ष के दौरान, 5068 शिकायतों का निवारण किया गया और 31 मार्च 2020 को निवारण के लिए 2 निवेशक शिकायतें लंबित थीं. शेयरों के संबंध में, 1 अप्रैल 2019 को अंतरण के कोई भी मामले लंबित नहीं थे. बैंक के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंटों को 1 अप्रैल 2019 और 31 मार्च 2020 के बीच शेयरों के अंतरण के लिए 300 अनुरोध प्राप्त हुए (जो 1 अप्रैल 2019 से पहले के अस्वीकृत मामले थे और सुधार के बाद प्राप्त हुए थे). इनमें से, शेयरों के अंतरण के लिए 300 अनुरोधों पर कार्रवाई की गई और 31 मार्च 2020 तक कोई अनुरोध लंबित नहीं था.
ix.	वित्तीय कैलेंडर	01 अप्रैल 2019 से 31 मार्च 2020 तिमाही के परिणाम निम्नानुसार अनुमोदित किए गए:

यथा तारीख के परिणाम	बोर्ड बैठक
जून 2019	14 अगस्त 2019
सितंबर 2019	08 नवंबर 2019
दिसंबर 2019	11 फरवरी 2020
मार्च 2020	30 मई 2020

आम शेयरधारकों के लिए सूचना

x.	शेयरों और चलनिधि का डिमटेरियलाइजेशन	बैंक के शेयरों को अनिवार्य रूप से स्टॉक एक्सचेंजों में डिमैट रूप में ट्रेड करने की आवश्यकता होती है. 31 मार्च 2020 तक डीमैट और भौतिक रूप में रखे गए शेयरों की संख्या निम्नानुसार है:

	शेयरों की संख्या	कुल जारी पूंजी का प्रतिशत
एनएसडीएल में डिमटेरियलाइज्ड रूप में धारित	5425327213	52.26
सीडीएसएल में डिमटेरियलाइज्ड रूप में धारित	4945240885	47.64
भौतिक रूप में	10025900	0.10
कुल	**10380593998**	**100.00**

xi.	ऋण प्रतिभूतियों को सूचीबद्ध करना	बैंक द्वारा जारी ऋण प्रतिभूतियों को बीएसई और एनएसई लिमिटेड में सूचीबद्ध किया जाता है.
xii.	डिबेंचर न्यासी का विवरण	➢ **एक्सिस ट्रस्टी सर्विसेज लिमिटेड,** दूसरी मंज़िल, एक्सिस हाउस, वाडिया इंटरनेशनल सेंटर, बाम्बे डाइंग मिल्स कंपाउंड, पांडुरंग बुधकर मार्ग, वरली, मुंबई- 400025, टेलीफोन : 022-62300429. ट्रस्टी के प्रमुख अधिकारी का ईमेल आईडी rohit.jhamnani@axistrustee.com
		➢ **एसबीआईकैप ट्रस्टी सर्विसेज लिमिटेड,** एपीजे हाउस, 6ठवीं मंज़िल, 3 दिनशा वाच्छा रोड चर्चगेट, मुंबई -400020 टेलीफोन: 022-43025572. ट्रस्टी के प्रमुख अधिकारी का ईमेल आईडी savitri.yadav@sbicaptrustee.com
		➢ **विस्तारा आईटीसीएल (इंडिया) लि. (पूर्व में आईएल एंड एफएस ट्रस्ट कंपनी लिमिटेड),** दि आईएल एंड एफएस फाईनैंशियल सेंटर, प्लॉट सी-22, ब्लॉक, 7वीं मंज़िल, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई 400051. टेलीफोन : 022-26593455. ट्रस्टी के प्रमुख अधिकारी का ईमेल आईडी Poojan.Baxi@vistra.com
xiii.	बकाया जीडीआर / एडीआर / वारंट या परिवर्तनीय लिखत, संपरिवर्तन की तारीख और इक्विटी पर संभावित प्रभाव	आईडीबीआई बैंक ने जीडीआर/एडीआर/वारंट , आदि जारी नहीं किए हैं.
xiv.	प्लांट लोकेशन	**लागू नहीं.** तथापि, बैंक की शाखाओं के स्थान के बारे में जानकारी बैंक की वेबसाइट (www.idbibank.in) पर उपलब्ध है.
xv.	पत्राचार के लिए पता	**आईडीबीआई बैंक लिमिटेड** **सीआईएन- L65190MH2004GOI148838** इक्विटी कक्ष- बोर्ड विभाग, आईडीबीआई बैंक लिमिटेड, 22वीं मंज़िल, आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई - 400005 टेलीफोन - (022) 66553062, 2711/3147/3336 ई-मेल - idbiequity@idbi.co.in वेबसाइट: - www.idbibank.in **रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट** **केफिन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड** सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट 31-32, गच्चीबौली फायनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुड़ा, हैदराबाद - 500 032 टेलीफोन: (040) 67162222 टोल फ्री नंबर: 1-800-3454001 फैक्स नं.: (040) 23420814 ई-मेल : einward.ris@kfintech.com


आम शेयरधारकों के लिए सूचना		
xvi.	बैंक द्वारा प्राप्त क्रेडिट रेटिंग की सूची	क्रेडिट रेटिंग विवरण रिपोर्ट के प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण खंड में दिए गए हैं.
xvii.	बाजार मूल्य डेटा	तालिका i देखें
xviii.	व्यापक आधार सूचकांक जैसे बीएसई सेंसेक्स, आदि की तुलना में प्रदर्शन	तालिका ii देखें
xix.	शेयरधारिता का स्वरूप	तालिका iii देखें

तालिका i - नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि. (एनएसई) और बीएसई लि. (बीएसई) में आईडीबीआई बैंक लि. के शेयर मूल्य में उतार-चढ़ाव : अप्रैल 2019 - मार्च 2020

(₹)

	एनएसई		बीएसई			एनएसई		बीएसई	
माह	उच्च	निम्न	उच्च	निम्न	माह	उच्च	निम्न	उच्च	निम्न
अप्रैल 2019	46.25	39.35	46.25	39.40	अक्टू 2019	33.25	28.95	33.25	29.00
मई 2019	40.05	34.40	40.05	34.40	नवं 2019	38.70	31.85	38.75	31.85
जून 2019	39.70	34.00	39.70	34.00	दिसं 2019	38.45	33.55	38.50	33.50
viii. वर्ष के दौरान अचल आस्तियों के परिवर्धन / बिक्री पर मूल्यह्रास आस्तियों के वास्तव में धारित करने की अविध के लिए लगाया जाता है.
Depreciation on additions/ sale of fixed assets during the year is provided for the period for which assets were actually held.

ix. अचल आस्तियों का उपयोगी जीवनकाल निम्नानुसार है:
The useful lives of Fixed assets are as follows:

आस्ति / Asset	उपयोगी जीवनकाल (वर्ष में) Useful Life (in Years)
स्वामित्व वाले परिसर / Owned Premises	60
फर्नीचर और जुड़नार / Furniture and Fixtures	10
बिजली संस्थापना एवं मशीनरी Electrical Installation and Machinery	10
मोटर वाहन /Motor vehicles	8
कंप्यूटर (आंतरिक सॉफ्टवेयर सहित) Computers (including integral software)	3
स्वचालित टेलर मशीन / Automated Teller Machines	8
वीसैट उपकरण / VSAT Equipment	6
कर्मचारियों के पास टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुएं Consumer Durables with Employees	
क) फर्नीचर और जुड़नार a) Furniture and Fixtures	10
ख) पर्सनल कंप्यूटर b) Personal Computers	3

x. लीज वाली भूमि को लीज की अवधि में परिशोधित किया जाता है.
Leasehold land is amortized over the period of lease.

xi. ₹ 2.50 लाख से अधिक राशि वाले कंप्यूटर सॉफ्टवेयर (नॉन-इंटिग्रल) को पूंजीकृत किया जाता है और इसे इसके उपयोगी जीवनकाल में मूल्यह्रासित किया जाता है जिसकी अवधि अधिकतम 6 वर्ष होती है.
Computer Software (non-integral) individually costing more than ₹ 2.50 Lacs is capitalised and depreciated over its useful life, not exceeding 6 years.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

आ. आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के मामले में
B. In case of IDBI Assets Management Limited

i. संपत्ति, सयंत्र एवं उपकरणों को संचित मूल्यह्रास तथा ह्रास, यदि कोई हो, को घटाकर अर्जन/ संस्थापन लागत पर दर्शाया जाता है. लागत में क्रय मूल्य, पंजीकरण मानदंड पूरा होने पर उधार लागत तथा आशयित प्रयोजन के लिए आस्ति को कार्यशील स्थिति में लाने के लिए प्रत्यक्ष स्रोतजन्य लागत शामिल है. प्रयोग में लाई जा रही आस्तियों पर उपगत अनुवर्ती व्यय को तभी पूंजीकृत किया जाता है जब इन आस्तियों से भविष्य में लाभ/ कार्य निष्पादन क्षमता में वृद्धि की संभावना हो. मौजूदा अचल आस्तियों की मरम्मत एवं रखरखाव और कलपुर्जों के बदलाव की लागत सहित कुल खर्च को जिस अवधि में वे उपगत होते हैं उस अवधि में राजस्व के रूप में प्रभारित किया जाता है. अमूर्त आस्तियों को उनके उपयोग में लाये जाने के वर्ष में लागत आधार पर निर्धारित किया जाता है. अमूर्त आस्तियों को संचित परिशोधन तथा ह्रास हानि, यदि कोई हो, को घटाकर लागत आधार पर दर्शाया जाता है.

Property, plant and equipment are stated at cost of acquisition/ installation less accumulated depreciation and impairment loss, if any. Cost includes purchase price, borrowing costs if capitalisation criteria are met and directly attributable cost of bringing the asset to its working condition for the intended use. Subsequent expenditure incurred on assets put to use is capitalized only when it increases the future benefit/functioning capability from/of such assets. All expenses on existing fixed assets, including repairs and maintenance and cost of replacement of parts are charged as revenue in the period in which they are incurred. Intangible assets are recognised in the year it is put to use at cost. Intangible assets are carried at cost less accumulated amortisation and impairment loss if any.

ii. मूल्यह्रास का प्रावधान कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची II में निर्धारित रूप में सीधी रेखा पद्धति (एसएलएम) द्वारा किया जाता है. आस्तियों के मूल्यह्रास की दरें कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची II के अनुसार आस्ति के उपयोगी जीवनकाल को विचार में लेने के बाद तय की गई हैं. प्रबंधन के अनुमान के अनुसार यदि आस्तियों के अर्जन के समय अचल आस्तियों का उपयोगी जीवनकाल या इसके बाद की जाने वाली समीक्षा के आधार पर शेष उपयोगी जीवनकाल कम है तो मूल्यह्रास का निर्धारण उपयोगी जीवनकाल/ शेष जीवनकाल पर प्रबंधन के अनुमान के आधार पर उच्च दर पर किया जाता है. इस नीति के अनुसरण में निम्नलिखित दरों के अनुसार मूल्यह्रास का प्रावधान किया गया है:

Depreciation is provided on Straight Line Method (SLM) as prescribed in Schedule II to the Companies Act, 2013. The rates of depreciation of assets have been arrived at after considering the useful life of the asset as per Schedule II of the Companies Act 2013. If the Management's estimate of the useful life of a fixed asset, at the time of acquisition of the asset or of the remaining useful life on a subsequent review is shorter, depreciation is provided at a higher rate based on management's estimates of the useful life/remaining useful life. Pursuant to this policy, depreciation has been provided using the following rates:

अचल आस्तियों की श्रेणी / Class of Fixed Assets	मूल्यह्रास की दर (% में) - एसएलएम आधार पर (1 अप्रैल 2015 से लागू) Rate of Depreciation (In%)- SLM basis (applicable from April 01, 2015)
फर्नीचर एवं जुड़नार / Furniture & Fixtures	9.50
कार्यालय उपकरण / Office Equipment	19.00
आईटी हार्डवेयर /IT Hardware	33.33
कर्मचारियों के पास टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुएं Consumer Durables with Employees	33.33

iii. एकल रूप से ₹ 2.50 लाख से अधिक की लागत वाले कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर को 5 वर्ष की अवधि के दौरान पूंजीकृत तथा मूल्यह्रासित किया जाता है, एकल रूप से ₹ 2.50 लाख से कम की लागत वाले कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर को क्रय / अर्जन के वर्ष में पूर्णतः मूल्यह्रासित किया जाता है.

Computer software individually costing more than ₹ 2.50 lakhs is capitalized and depreciated over a period of 5 years, computer software individually costing less than ₹ 2.50 lakhs is fully depreciated in the year of purchase/ acquisition.

iv. कंपनी आस्ति के उपयोग में लाये जाने की तारीख से तथा बेची गई किसी आस्ति के लिए उसकी बिक्री तारीख तक आनुपातिक आधार पर मूल्यह्रास का प्रावधान करती है.

The Company provides pro-rata depreciation from the date the asset is put to use and for any asset sold until the date of sale.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

v. एकल रूप से ₹ 5,000 या उससे कम की लागत वाली अचल आस्तियों को क्रय/ अर्जन के वर्ष में पूर्णतः मूल्यह्रासित किया जाता है.
Fixed assets, other than software, individually costing ₹ 5,000 or less are fully depreciated in the year of purchase/ acquisition.

इ. आईडीबीआई इंटेक लिमिटेड के मामले में
C. In case of IDBI Intech Limited

अचल आस्ति को उनकी संचित मूल्यह्रास/ परिशोधन और ह्रासित हानि, यदि कोई हो, को घटाकर अधिग्रहण की लागत को दर्शाया जाता है. लागत में लक्षित प्रयोग के लिए कार्यशील परिस्थितियों में लाने हेतु आस्ति के अधिग्रहण में हुए सभी व्यय शामिल होते हैं. अमूर्त आस्तियां जैसे सॉफ्टवेयर, जिस पर कंपनी के अधिकार जारी रहते हैं उसे लागत पर पूंजीकृत किया जाता है. तुलन पत्र तारीख के अनुसार संस्थापन या निर्माणाधीन के अंतर्गत आस्ति को चालू कार्य हेतु पूंजी के रूप में दिखाया जाता है. अचल आस्तियों पर मूल्यह्रास और परिशोधन अधिनियम की अनुसूची II के विशेषज्ञ तकनीकी सूचना / शर्तों पर आधारित प्रबंधन द्वारा निर्धारित अनुसार आस्तियों के आकलित उपयोगी जीवनकाल पर आधारित सीधी रेखा पद्धति पर किया जाता है. ₹ 5000 से कम मूल्य की एकल आस्तियों को उनके अर्जन के वर्ष में पूर्णतः मूल्यह्रासित कर दिया जाता है.
Fixed assets are stated at cost of acquisition less accumulated depreciation / amortization and impairment loss, if any. Cost includes all expenses incurred for acquisition of assets to bring these to working conditions for intended use. The intangible assets like software, on which propriety rights continue with the company, are capitalized at costs. Asset under installation or under construction as at Balance Sheet date are shown as capital work-in progress. Depreciation and amortization on fixed assets is provided on Straight-Line Method based on the estimated useful lives of the assets as determined by the management based on the expert technical advice/stipulations of Schedule II to the Act. Assets individually costing less than ₹ 5,000/- are fully depreciated in the year of addition.

आस्ति श्रेणी / Asset class	आकलित उपयोगी जीवनकाल Estimated useful life
कम्प्यूटर एवं सहायक साधन / Computer & Accessories	
सर्वर एवं नेटवर्क / Servers & Networks	6 वर्ष / 6 years
डेस्कटॉप एवं लैपटाप / Desktops & Laptops	3 वर्ष / 3 years
कार्यालय उपकरण / Office Equipments	
मोबाइल हैंडसेट / Mobile Handsets	3 वर्ष / 3 years
अन्य उपकरण / Other Equipments	5 वर्ष / 5 years
विद्युत उपकरण / Power Equipments	10 वर्ष / 10 years
फर्नीचर एवं जुड़नार / Furniture & Fixtures	10 वर्ष / 10 years
मोटर कार / Motor Car	8 वर्ष / 8 years
बिजली संस्थापना / Electrical Installations	10 वर्ष / 10 years
अमूर्त आस्तियां / Intangible Assets	5 वर्ष / 5 years

जब तक निर्माण और संस्थापन का कार्य पूरा नहीं हो जाता और आस्ति लक्षित प्रयोग हेतु तैयार नहीं हो जाती तब तक चालू कार्य हेतु पूंजी पर मूल्यह्रास दर्ज नहीं किया जाता है.
Depreciation is not recorded on capital work-in-progress until construction and installation are complete and the asset is ready for its intended use.

ई. आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ लिमिटेड के मामले में
D. In case of IDBI Trusteeship Services Limited

i. अचल आस्तियों को अर्जन की मूल लागत तथा उनके अर्जन के संबंध में उपगत संस्थापना प्रभार पर दर्शाया जाता है. लागत में खरीद मूल्य और आस्तियों को उनके आशयित उपयोग के लिए कार्य करने लायक स्थिति में लाने से संबंधित लागत शामिल है. कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II के अंतर्गत निर्धारित किए गए अनुसार मूल्यह्रास निर्धारित दर पर अवलिखित आधार पर प्रभारित किया जाता है. आस्ति के परिवर्धन पर मूल्यह्रास का प्रावधान ऐसे परिवर्धन की तारीख से और निपटान के लिए ऐसे निपटानों की तारीख तक किया जाता है. कम लागत वाली अलग-अलग आस्तियों (₹ 5,000/- से कम राशि में अर्जित) को उनके अर्जन के वर्ष में मूल्यह्रासित किया जाता है
Fixed assets are stated at original cost of acquisition plus installation charges incurred in connection with the acquisition. Cost comprises of purchase price and attributable cost of bringing the assets to its working condition for its intended use. The depreciation is charged on Written Down Value basis as prescribed in Schedule II of the

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

Companies Act 2013. The depreciation on the addition of the asset is provided from the date of such addition and for disposals up to the date of such disposals. Individual low cost assets (acquired for less than ₹ 5,000/- are depreciated in the year of acquisition).

ii. लेखांकन मानक एएस-26 के अनुसरण में आस्तियों को संचित परिशोधन घटाकर अर्जन की लागत पर दर्शाया जाता है. अमूर्त आस्तियों का परिशोधन आस्ति के अनुमानित उपयोगी जीवनकाल के आधार पर अवलिखित मूल्य पद्धति पर किया जाता है.
In accordance with Accounting Standards AS-26, Intangible Assets are stated at cost of acquisition less accumulated amortization. Amortization of intangible assets is provided on Written Down Value method on the basis of estimated useful life of the asset.

उ. आईडीबीआई कैपिटल मार्केट एंड सिक्युरिटीज लिमिटेड लिमिटेड के मामले में
E. In case of IDBI Capital Market Securities Limited

मूर्त आस्तियों के मामले में संपत्ति की मदें, संयंत्र और उपकरण की पहचान आरंभ में लागत पर की जाती है और तत्पश्चात संचित मूल्यह्रास तथा हानि को घटाकर मूल लागत पर की जाती है. संपत्ति की मदों, संयंत्र और उपकरणों के मूल्यह्रास की गणना कंपनी अधिनियम की अनुसूची II में निर्दिष्ट किए अनुसार उनके आकलित उपयोगी जीवनकाल पर मूल्य ह्रासित राशि पर सीधी रेखा पद्धति के द्वारा निम्नानुसार की जाती है:
In case of Tangible Assets, items of property, plant and equipment are initially recognized at cost and subsequently carried at cost less accumulated depreciation and accumulated impairment losses. Depreciation on items of property, plant and equipment is calculated using the Straight-Line Method to allocate their depreciable amounts over their estimated useful lives as specified in Schedule II to the Companies Act as follows:

भवन - 60 वर्ष
Buildings - 60 years

कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर - 3 वर्ष
Computers - 3 years.

फर्नीचर एवं जुड़नार - 10 वर्ष
Furniture& Fixtures - 10 years

कार्यालय उपकरण - 5 वर्ष
Office Equipments - 5 years

सभी मूर्त आस्तियों को अर्जन के वर्ष में ₹ 5,000 से कम मूल्य की एकल आस्तियों तथा सक्रिय रूप से उपयोग में न रही आस्तियों को पूर्णतः मूल्यह्रासित कर दिया जाता है.
All Tangible Assets having individual value of less than ₹ 5,000, in the year of acquisition and assets retired from active use are fully depreciated.

अमूर्त आस्तियों के मामले में अर्जित कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर लाइसेंसों को आरंभ में लागत पर पूंजीकृत किया जाता है जिसमें खरीदी मूल्य (किसी भी छूट अथवा रिबेट को घटाकर) और आस्ति को उसके नियत प्रयोग के लिए तैयार करने हेतु लगे अन्य प्रत्यक्ष रोप्य लागत को शामिल किया जाता है. सॉफ्टवेयर की मूल लागत में प्रत्यक्ष व्यय जो कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर के कार्य निष्पादन को बढ़ाता और विस्तारित करता हो और जिसे उसके ब्योरे से आगे और विश्वसनीय रूप से आँका जा सकता है, को शामिल किया जा सकता है. कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर के रखरखाव से संबंधित खर्च वहन किए जाने पर उसे व्यय के रूप में निर्धारित किया जाता है.
In case of Intangible Assets, acquired computer software licenses are initially capitalised at cost, which includes the purchase price (net of any discounts and rebates) and other directly attributable cost of preparing the asset for its intended use. Direct expenditure which enhances or extends the performance of computer software beyond its specifications and which can be reliably measured is added to the original cost of the software. Costs associated with maintaining the computer software are recognized as an expense when incurred.

पूंजीकरण हेतु पात्र सॉफ्टवेयर विकास पर व्यय को विकास के अधीन अमूर्त आस्तियों के रूप में लिया जाता है जहां पर कि ऐसी आस्तियां उनके नियत उपयोग हेतु तैयार नहीं हैं.
Expenditure on software development eligible for capitalisation are carried as Intangible assets under development where such assets are not yet ready for their intended use.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

अमूर्त आस्तियों को सीधी रेखा पद्धति के आधार पर उनके अनुमानित उपयोगी मूल्य पर परिशोधित किया जाता है. परिशोधन हेतु प्रयोग अमूर्त आस्तियों का अनुमानित उपयोगी मूल्य है:
Intangible assets are amortized on a Straight Line Basis over their estimated useful lives. The estimated useful lives of intangible assets used for amortization are:

कम्प्यूटर सॉफ्टवेर - 3 वर्ष
Computer Software - 3 years

वेब ट्रेडिंग पोर्टल - 3 वर्ष
Web Trading Portal - 3 years

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज कार्ड - 21 वर्ष
Bombay Stock Exchange Card - 21 years

प्रबंधन बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ट्रेडिंग राइट के आर्थिक मूल्य का अनुमान उसके उपयोग मूल्य के आधार पर लगाता है.
Management estimates the economic value of Bombay Stock Exchange Trading Rights based on the value in use.

सभी अमूर्त आस्तियों को अर्जन के वर्ष में ₹ 5,000, से कम मूल्य की एकल आस्तियों तथा सक्रिय रूप से उपयोग में न रही आस्तियों को पूर्णतः मूल्यह्रासित कर दिया जाता है.
All Intangible Assets having individual value of less than ₹ 5,000, in the year of acquisition and assets retired from active use are fully depreciated.

संपत्ति, संयत्र और उपकरण, जिनकी एकल लागत ₹ 5000/- अथवा कम हो, को खरीदी/ अधिग्रहण के वर्ष में पूर्णतः मूल्यह्रासित किया जाता है.
Property, Plant and Equipment, individually costing ₹ 5000/ or less are fully depreciated in the year of purchase/ acquisition.

संपत्ति, संयंत्र और उपकरणों का आकलित उपयोगी जीवनकाल और अवशिष्ट मूल्यों की समीक्षा और समायोजन यथा उपयुक्त रूप से प्रत्येक तुलन-पत्र की तारीख को की जाती है. किसी भी प्रकार के संशोधन के प्रभावों को परिवर्तनों के उत्पन्न होने पर लाभ व हानि लेखे में दर्शाया जाता है.
The residual values and estimated useful lives of property, plant and equipment are reviewed, and adjusted as appropriate, at each Balance Sheet date. The effects of any revision are recognised in Profit or Loss Accounts when the changes arise.

ऊ. आईडीबीआई फ़ेडरल लाइफ इंश्योरेस कंपनी लि. के मामले में
F. In case of IDBI Federal Life Insurance Company Limited

i. अचल आस्तियों को संचित मूल्यह्रास घटाकर लागत पर दर्शाया जाता है. लागत में खरीद मूल्य और उस आस्ति को उसके उपयोग के लिए कार्य करने लायक स्थिति में लाने के लिए प्रत्यक्ष रूप से उपगत कोई भी लागत शामिल हैं. मूल्यह्रास को कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची II में निर्धारित रूप में आस्ति की प्रत्येक श्रेणी के न्यूनतम उपयोगी जीवनकाल के आधार पर अर्जन की तारीख से / बिक्री की तारीख तक आनुपातिक रूप में सीधी रेखा पद्धति ('एसएलएम') का प्रयोग करते हुए मूल्यह्रास का प्रावधान किया जाता है, जो नीचे दर्शाया गया है :
Property, Plant & Equipment is stated at cost less accumulated depreciation. Cost includes the purchase price and any cost directly attributable to bringing the asset to its working condition for its intended use. The Depreciation is provided using Straight Line Method ('SLM') prorated from the date of acquisition/up to the date of sale, based on estimated useful life for each class of asset in the manner specified in Schedule II of the Companies Act, 2013, as stated below:

आस्ति / Asset	उपयोगी जीवनकाल (वर्ष में) /Useful Life (in Years)
भवन / Building	60
पट्टाधृत उन्नयन / Leasehold Improvements	3
संचार नेटवर्क और सर्वर Communication Networks and Servers	6
कंप्यूटर तथा पेरिफेरल उपकरण Computers and Peripheral Equipments	3
कार्यालय उपकरण / Office Equipment	5
फर्नीचर एवं जुड़नार / Furniture & Fixtures	10
मोटर वाहन / Motor Vehicles	8
बिजली संस्थापना एवं उपकरण Electrical Installations and Equipments	10

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

ii. सॉफ्टवेयर युक्त अमूर्त आस्तियों को परिशोधन घटाकर लागत पर दर्शाया जाता है. इन्हें इनके उपयोग की तारीख से 3 वर्ष की अवधि में सीधी रेखा पद्धति का प्रयोग करते हुए परिशोधित किया जाता है. सॉफ्टवेयर में महत्वपूर्ण उन्नयनों को तब पूंजीकृत किया जाता है जब यह संभावित होता है कि इस प्रकार का उन्नयन आस्ति को उसके मूल रूप से निर्धारित मानकों से अधिक भावी आर्थिक लाभ उत्पन्न करने में समर्थ बनाएगी और इस प्रकार का व्यय विश्वसनीय ढंग से आंका और आस्ति पर जोड़ा जा सकता है. अनुवर्ती व्ययों का परिशोधन सॉफ्टवेयर के शेष उपयोगी जीवनकाल के दौरान किया जाता है. सॉफ्टवेयर के सपोर्ट तथा रख-रखाव के व्ययों को उस अवधि के राजस्व खाते में प्रभारित किया जाता है जिसमें वे उपगत होते हैं.

Intangible assets comprising software are stated at cost less amortization. These are amortized using Straight Line Method over a period of 3 years from the date of being put to use. Significant improvements to software are capitalized when it is probable that such improvement will enable the asset to generate future economic benefits in excess of its originally assessed standards of performance and such expenditure can be measured and attributed to the asset reliably. Subsequent expenditures are amortized over the remaining useful life of the software. The expenses for support and maintenance of software are charged to Revenue Account or Profit & Loss Account in the period in which they are incurred.

ए. आईडीबीआई म्यूचुअल फ़ंड ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड के मामले में,
G. In case of IDBI Mutual Fund Trustee Company Limited

i) स्वामित्व वाली आस्ति :

Owned Asset:

स्वयं के उपयोग के लिए ली गई आस्ति पर उनके संचित मूल्यह्रास और ह्रासित हानि, यदि कोई हो, को घटाकर मूल लागत पर दर्शाया जाता है. संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की लागत में क्रय मूल्य, शुल्क, कर और आस्तियों को उनके आशयित उपयोग के लिए कार्य करने की स्थिति में लाने से संबंधित अन्य प्रत्यक्ष लागत शामिल है.

Assets held for own uses are stated at original cost less accumulated depreciation and impairment loss, if any. Cost of Property, plant and equipment comprises purchase price, duties, levies and any directly attributable costs of bringing the assets to its working condition of the intended use.

आस्ति हेतु मूल्यह्रास राशि आस्ति की लागत या लागत के लिए प्रतिस्थापित अन्य राशि, आकलित अवशिष्ट मूल्य घटाकर है.

Depreciable amount for asset is the cost of an asset, or other amount substituted for cost, less its estimated residual value.

संपत्ति, संयंत्र और उपकरण आकलित उपयोगी जीवनकाल जो कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची II के अनुरूप है और मूल्यह्रास की पद्धति निम्नानुसार उल्लिखित की गई है:

The estimated useful life of Property, Plant and Equipment which is in line with Schedule II to the Companies Act 2013 and the method of depreciation is set out herein below:

आस्ति Assets	उपयोगी जीवनकाल Useful Life	मूल्यह्रास की पद्धति Method of Depreciation
संयंत्र एवं उपकरण / Plant & Equipments	15 वर्ष / 15 Years	सीधी रेखा पद्धति / Straight Line Method
फर्नीचर एवं जुड़नार / Furniture and Fittings	10 वर्ष / 10 Years	सीधी रेखा पद्धति / Straight Line Method
विद्युत उपकरण / Electrical Equipments	10 वर्ष / 10 Years	सीधी रेखा पद्धति / Straight Line Method
वाहन / Vehicles	8 वर्ष / 8 Years	सीधी रेखा पद्धति / Straight Line Method
कार्यालय उपकरण / Office Equipments	5 वर्ष / 5 Years	सीधी रेखा पद्धति / Straight Line Method
कम्प्यूटर / Computers	3 वर्ष / 3 Years	सीधी रेखा पद्धति / Straight Line Method
मोबाइल फोन / Mobile Phones	3 वर्ष / 3 Years	सीधी रेखा पद्धति / Straight Line Method

ii) अमूर्त आस्तियां
Intangible Assets

अमूर्त आस्तियों को संचित परिशोधन और ह्रसित हानियों से घटाकर अर्जन की लागत पर दर्शाया जाता है. अमूर्त आस्ति की पहचान, जहां यह संभावित होता है कि आस्ति के कारण भविष्य के आर्थिक लाभ उद्यम के लिए प्रवाहित होंगे और जहां उसकी लागत विश्वसनीय ढंग से आंकी गयी हो, की जाती है. अमूर्त आस्तियों की परिशोधन राशि सीधी रेखा पद्धति पर उसके उपयोगी जीवनकाल के सर्वश्रेष्ठ आकलन पर आबंटित की जाती है.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

Intangible Assets are stated at cost of acquisition, less accumulated amortization and impairment losses. An intangible asset is recognized, where it is probable that the future economic benefits attributable to the asset will flow to the enterprise and where its cost can be reliably measured. The amortizable amount of intangible assets is allocated over the best estimate of its useful life on a Straight-Line basis.

10. प्रतिभूतिकरण लेन-देन:
Securitization Transactions:

विभिन्न ऋणों के प्रतिभूतिकरण से इन आस्तियों की विशेष प्रयोजन वाली संस्थाओं ('एसपीवी') को बिक्री की जाती है, जो इसके बदले में निवेशकों को प्रतिभूतियां जारी करती हैं. प्रतिभूतिकृत आस्तियों वाले अनुबंधित अधिकारों पर जब नियंत्रण नहीं रहता है तो ऐसी वित्तीय आस्तियों को आंशिक अथवा पूर्णतः अमान्य कर दिया जाता है. बैंक खातों को बिक्री के समय ही होने वाली किसी भी हानि के लिए और बिक्री से होने वाले लाभ/प्रीमियम को एसपीवी द्वारा, जिन्हें आस्तियां बेची गयी हैं, जारी की गयी या जारी की जाने वाली प्रतिभूतियों के जीवन काल में परिशोधित किया जाता है.
Securitisation of various loans results in sale of these assets to Special Purpose Vehicles ('SPVs'), which, in turn issue securities to investors. Financial assets are partially or wholly derecognized when the control of the contractual rights in the securitized assets is lost. The Bank accounts for any loss arising on sale immediately at the time of sale and the profit/ premium arising on account of sale is amortised over the life of the securities issued or to be issued by the SPV to which the assets are sold.

11. प्रतिभूतिकरण कंपनियों/पुनर्संरचना कंपनियों को वित्तीय आस्तियों की बिक्री:
Sale of financial assets to Securitization Companies/Reconstruction Companies:

प्रतिभूतिकरण कंपनी (एससी)/पुनर्संरचना कंपनी (आरसी) को वित्तीय आस्तियों की बिक्री की गणना प्रतिभूति रसीद (एसआर)/ प्रभाव अंतरण प्रमाणपत्र (पीटीसी) के भुनाई मूल्य और वित्तीय आस्ति के निवल बही मूल्य में से निम्नतर आधार पर की गई है.
Sale of financial assets to Securitisation Companies (SCs) / Reconstruction Companies (RCs) is reckoned at the lower of the redemption value of Security Receipts (SRs)/ Pass Through Certificates (PTCs) received and the Net Book Value of the financial asset.

पूरी तरह से प्रावधान की गई आस्तियों अर्थात संदिग्ध आस्तियां-3 की बिक्री और तकनीकी रूप से बट्टे खाते डाले गए मामलों में प्रतिभूति रसीदों (एसआर) की बैंक की निवेश बही में एक रुपए के रूप में गणना की जाती है.
In case of sale of assets which are fully provided i.e. Doubtful Assets-3 and Technically Written Off cases, the Security Receipts (SRs) are reckoned at Rupee one in the investment book of the Bank.

यदि विक्रय मूल्य निवल बही मूल्य(एनबीवी) (अर्थात बही मूल्य धारित प्रावधान हटाकर) से कम मूल्य पर किया जाता है तो कमी को उस वर्ष के लाभ-हानि खाते में डेबिट किया जाना चाहिए. बैंक अनर्जक आस्तियों की बिक्री में किसी भी कमी अर्थात् जब बिक्री एनबीवी से कम हो, को पूरा करने के लिए प्रतिचक्रीय/ अस्थायी प्रावधानों का प्रयोग कर सकते हैं.
In case the sale value is at a price below the Net Book Value (NBV) (i.e., book value less provision held), the shortfall should be debited to the Profit and Loss Account of that year. Banks can also use countercyclical/floating provisions for meeting any shortfall on sale of NPAs i.e. when the sale is at a price below the NBV.

यदि विक्रय मूल्य निवल बही मूल्य से अधिक मूल्य पर किया जाता है तो अतिरिक्त प्रावधान को राशि के प्राप्त होने वाले वर्ष में ही प्रत्यावर्तित कर दिया जाता है. तथापि, आधिक्य प्रावधान का ऐसा प्रत्यावर्तन आस्ति के एनबीवी से अधिक प्राप्त नकद राशि तक सीमित है.
In case, sale value is higher than the NBV, the excess provision is reversed to the Profit and Loss Account in the year in which cash amounts are received. However, such reversal of excess provision is limited to the extent to which cash received exceeds the NBV of the asset.

12. विदेशी मुद्रा लेन-देन:
Foreign Currency Transactions:

अ. आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के मामले में,
A. In case of IDBI Bank Limited,

i. विदेशी मुद्रा लेन-देन को आरंभिक अभिनिर्धारण होने पर लेन-देन की तारीख को प्रचलित विनिमय दर पर दर्ज किया जाता है. मौद्रिक विदेशी मुद्रा आस्तियों और देयताओं को भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापार संघ (फेडाई) द्वारा निर्धारित बंद दरों पर रूपांतरित किया जाता है और इसके फलस्वरूप होने वाले लाभ या हानि को लाभ-हानि लेखे में दर्शाया जाता है. मौद्रिक मदों के निपटान से उत्पन्न होने वाले विनिमय अंतरों को उस अवधि की आय या व्यय के रूप में माना जाता है जिसमें वे उत्पन्न होते हैं.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

Foreign currency transactions, on initial recognition are recorded at the exchange rate prevailing on the date of transaction. Monetary foreign currency assets and liabilities are translated at the closing rates prescribed by Foreign Exchange Dealers Association of India (FEDAI) and the resultant gain or loss is recognized in the Profit and Loss Account. Exchange differences arising on the settlement of monetary items are recognized as income or expense in the period in which they arise.

ii. ऐसी वायदा विनिमय संविदाओं, जो व्यापार के लिए नहीं की गई हैं, की शुरुआत में प्राप्त प्रीमियम या बट्टे को संविदा के जीवनकाल में व्यय या आय के रूप में परिशोधित किया जाता है. अन्य वायदा विनिमय संविदाओं पर प्रीमियम या छूट को हिसाब में नहीं लिया जाता है.
Premium or discount arising at the inception of Forward Exchange Contracts which are not intended for trading is amortized as expense or income over the life of the contract. Premium or discount on other Forward Exchange Contracts is not recognised.

iii. ऐसी बकाया वायदा विनिमय संविदाओं, जो व्यापार के लिए नहीं हैं, का अंतिम फेडाई दरों पर पुनर्मूल्यन किया जाता है. अन्य बकाया वायदा विनिमय संविदाओं का पुनर्मूल्यन फेडाई द्वारा विर्निदिष्ट परिपक्वताओं के लिए अधिसूचित विनिमय दरों या बीच की परिपक्वताओं की अंतर्वेशित दरों पर किया जाता है. इससे होने वाले लाभ/हानि को लाभ-हानि लेखे में शामिल किया जाता है.
Outstanding Forward Exchange Contracts which are not intended for trading are revalued at closing FEDAI rates. Other outstanding Forward Exchange Contracts are valued at rates of exchange notified by FEDAI for specified maturities or at interpolated rates for in-between maturities. The resultant profit/ losses are recognized in the Profit and Loss Account.

iv. वायदा विनिमय संविदाओं की परिपक्वता पूर्व समाप्ति से होने वाले लाभ/हानियों, साथ ही अपरिशोधित प्रीमियम या छूट, यदि कोई हो, को समाप्ति की तारीख पर हिसाब में लिया जाता है.
Profit/ losses arising on premature termination of Forward Exchange Contracts, together with unamortized premium or discount, if any, is recognised on the date of termination.

v. बकाया वायदा विनिमय संविदाओं के संबंध में आकस्मिक देयता की गणना विनिमय की अनुबंधित दरों पर की जाती है और गारंटियों, स्वीकृतियों, पृष्ठांकनों एवं अन्य दायित्वों की गणना फेडाई की अंतिम दरों पर की जाती है.
Contingent liability in respect of outstanding forward exchange contracts is calculated at the contracted rates of exchange and in respect of guarantees, acceptances, endorsements and other obligations are calculated at the closing FEDAI rates.

vi. विदेशी शाखा के परिचालनों को 'एकीकृत विदेशी परिचालनों' के रूप में वर्गीकृत किया जाता है. आस्तियों व देयताओं को भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापार संघ (फेडाई) द्वारा निर्धारित औसत तिमाही बंद दरों पर रूपांतरित किया जाता है. इसके फलस्वरूप होने वाले लाभ या हानि को लाभ-हानि लेखे में दर्शाया जाता है.
Operations of foreign branch are classified as `Integral Foreign Operations'. Assets and Liabilities are translated at the closing rates prescribed by Foreign Exchange Dealers Association of India (FEDAI) Income and Expenditure items are translated at quarterly average rates. The resultant gain or loss is recognised in the Profit and Loss Account.

आ. आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के मामले में,
B. In case of IDBI Assets Management Limited,

विदेशी मुद्रा लेनदेन को लेनदेन की तारीख को प्रचलित विनिमय दर पर दर्ज किया जाता है. वर्ष के दौरान निपटान किए गए विदेशी मुद्रा लेनदेन के कारण होने वाले विनिमय अंतर, यदि कोई हो, को लाभ-हानि लेखे में दर्शाया जाता है.
Foreign currency transactions are recorded at the rates of exchange prevailing on the date of the transactions. Exchange difference, if any, arising out of the foreign exchange transactions settled during the year are recognized in the statement of Profit and Loss Account.

इ. आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के मामले में
C. In case of IDBI Federal Life Insurance Company Limited,

विदेशी मुद्राओं में लेनदेन को लेनदेन की तारीख को प्रचलित विनिमय दर पर दर्ज किया किया जाता है. विदेशी मुद्रा में मौद्रिक आस्तियों और देयताओं, यदि कोई हों, का रूपान्तरण वर्ष के अंत में समाप्त दर पर किया जाता है. निपटान/रूपान्तरण पर होने वाले परिणामी विनिमय लाभ या हानि को राजस्व या लाभ-हानि लेखे, जैसा लागू हो, में दर्शाया जाता है.
Transactions in foreign currencies are recorded at the exchange rates prevailing at the date of the transaction. Monetary assets and liabilities in foreign currency, if any, are translated at the year-end closing rates. The resultant exchange gain or loss arising on settlement/translation is recognized in the Revenue or Profit and Loss Account as applicable.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

ई. आईडीबीआई कैपिटल मार्केट एंड सिक्युरिटीज लिमिटेड के मामले में,
D. In case of IDBI Capital Market & Securities Limited,

विदेशी मुद्रा लेनदेन को लेनदेन की तारीख को प्रचलित विनिमय दर पर दर्ज किया जाता है. वर्ष के अंत में, विदेशी मुद्रा में मूल्यवर्गित मौद्रिक मदों की रिपोर्टिंग अंतिम विनिमय दर का प्रयोग करते हुए की जाती है. उन पर उत्पन्न होने वाले तथा विदेशी मुद्रा वसूली/भुगतान पर होने वाले विनिमय अंतर को संबंधित वर्ष के दौरान आय या व्यय के हिसाब में लिया जाता है.
Foreign currency transactions are recorded at the rates of exchange prevailing on the date of the transaction. At the year end, monetary items denominated in foreign currency are reported using the closing rate of exchange. Exchange difference arising thereon and on realization / payments of foreign exchange are accounted as income or expenses in the relevant year.

उ. आईडीबीआई इंटेक लिमिटेड के मामले में,
E. In case of IDBI Intech Limited,

विदेशी मुद्रा में संव्यवहार, संव्यवहार के समय प्रभावी विनिमय की मूल दर पर दर्ज किए जाते हैं. विदेशी मुद्रा संव्यवहार के निपटान से उत्पन्न विनिमय अंतर को लाभ और हानि लेखे में शामिल किया जाता है. विदेशी मुद्रा में मूल्यवर्गित मौद्रिक वस्तुएं तुलन पत्र की तारीख को प्रचलित विनिमय दर का प्रयोग कर पुनःस्थापित किया जाता है और इसके परिणामस्वरूप होने वाले निवल विनिमय अंतर को लाभ और हानि लेखे में दर्शाया जाता है,
Transactions in foreign currency are recorded at the original rate of exchange in force at the time transactions are effected. Exchange differences arising on settlement of foreign currency transactions are recognized in the Profit and Loss Account. Monetary items denominated in foreign currency are restated using the exchange rate prevailing at the date of the Balance Sheet and the resulting net exchange difference is recognized in the Profit and Loss Account.

ऊ. आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेस लिमिटेड के मामले में,
F. In case of IDBI Trusteeship Services Limited

विदेशी मुद्रा में लेनदेन को लेनदेन की तारीख को प्रचलित विनिमय दर पर बहियों में दर्ज किया जाता है. विदेशी मुद्रा आस्तियों और देयताओं में मूल्यवर्गित सभी मौद्रिक मदों को वर्ष के अंत में प्रचलित विनिमय दर पर पुनः दर्शाया जाता है. निपटान या लेनदेन पर विनिमय अंतर के कारण आय या व्यय को लाभ-हानि लेखे में दर्शाया जाता है.
Transactions in foreign currencies are recorded in the books by applying the exchange rates prevailing on the date of the transaction. All monetary items denominated in foreign currency assets and liabilities are restated at the exchange rate prevailing at the year end. Any income or expense on account of the exchange difference either on settlement or on transaction is recognized in the Profit & Loss Account.

ए. आईडीबीआई म्यूचुअल फ़ंड ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड के मामले में,
G. In case of IDBI Mutual Fund Trustee Company Limited

विदेशी मुद्राओं में लेनदेन का लेखांकन, लेनदेन की तारीख को विनिमय की प्रचलित दरों पर किया जाता है. विदेशी मुद्रा मौद्रिक मदों को तुलन पत्र की तारीख के अनुसार विनिमय के प्रचलित दर पर पुनः दर्शाया जाता है. विनिमय दर में उतार-चढ़ाव से होने वाले सभी लाभ और हानियों का लेखांकन लाभ और हानि लेखे में दर्शाया जाता है.
Transactions in foreign currencies are accounted for at the prevailing rates of exchange on the date of transaction. Foreign currency monetary items are restated at the prevailing rates of exchange as at the Balance Sheet date. All gains and losses arising out of fluctuations in exchange rates are accounted for in the Profit and Loss Account.

13. कर्मचारी लाभ:
Employee Benefits:

अ. आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के मामले में,
A. In case of IDBI Bank Limited,

i. अंशदान के देय होने पर निर्दिष्ट अंशदान योजनाओं में किए गए भुगतान को वर्ष के लाभ-हानि खाते में प्रभारित किया जाता है.
Payments to defined contribution schemes are charged to Profit and Loss Account of the year when contribution are due.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

ii. निर्दिष्ट लाभ योजनाओं के लिए, लाभ प्रदान करने की लागत का निर्धारण पूर्वलक्षित इकाई ऋण पद्धति का प्रयोग कर किया जाता है तथा बीमांकिक मूल्यांकन प्रत्येक तुलन-पत्र की तारीख को किया जाता है. बीमांकिक लाभ या हानि को उस अवधि के लाभ-हानि लेखे में दिखाया जाता है जिसमें लाभ या हानि होती है.
For defined benefit schemes, the cost of providing benefits is determined using the Projected Unit Credit Method, with actuarial valuations being carried out at each Balance Sheet date. Actuarial gains or losses are recognized in the Profit and Loss Account for the period in which they occur.

iii. कर्मचारी द्वारा प्रदत्त सेवाओं के बदले अदा किये जाने वाले अल्पकालिक कर्मचारी लाभों की अबट्टाकृत राशि को उस अवधि के दौरान हिसाब में लिया जाता है जब कर्मचारी सेवा प्रदान करता है.
The undiscounted amount of short-term employee benefits expected to be paid in exchange for the services rendered by employees is recognized during the period when the employee renders the service.

आ. आईडीबीआई इंटेक लिमिटेड के मामले,
B. In case of IDBI Intech Limited,

I. नियोजन पश्चात् सुविधाएं और अन्य दीर्घावधि लाभ योजनाएं:
Post-employment benefits and other long term benefit plans:

निर्दिष्ट अंशदान योजनाओं के भुगतानों को व्यय माना जाता है. निर्दिष्ट लाभ योजनाओं और अन्य दीर्घावधि लाभ योजनाओं के लिए,लाभ प्रदान करने की लागत का निर्धारण पूर्व लक्षित ईकाई ऋण पद्धति का प्रयोग कर किया जाता है तथा बीमांकिक लाभ या हानि को उस अवधि के लाभ-हानि लेखे में दिखाया जाता है जिसमें लाभ या हानि होती है. पिछली सेवा लागत को उस सीमा तक शीघ्र ही हिसाब में लिया जाता है जिससे लाभ पहले ही निहित होते हैं और अन्यथा लाभ के निहित होने तक औसत अवधि में सीधी रेखा के आधार पर परिशोधित किए जाते है. तुलन पत्र में हिसाब में ली गई सेवानिवृत्ति सुविधा देयता परिभाषित सुविधा दायित्व को दर्शाती है जो कि हिसाब में न की गई सेवा हेतु समायोजित, योजना आस्तियों के उचित मूल्य से घटाकर किया जाता है. इस गणना के परिणामस्वरूप कोई भी आस्ति निर्दिष्ट लाभ देयता के रूप में निर्धारित राशि से कम है और उपलब्ध प्रतिदान के वर्तमान मूल्य और/ अथवा योजना में भविष्य के अंशदान तक सीमित होती है.
Payments to defined contribution schemes are expensed as incurred. For defined benefit schemes and other long term benefit plans, the cost of providing benefits is determined using the Projected Unit Credit Method, with actuarial valuations being carried out at each Balance Sheet date. Actuarial gains and losses are recognized in full in the Profit and Loss Account for the period in which they occur. Past service cost is recognized immediately to the extent that the benefits are already vested, and otherwise is amortized on a Straight Line Basis over the average period until the benefits become vested. The retirement benefit liability recognized in the Balance Sheet represents the present value of the defined benefit obligation as adjusted for unrecognized past service cost, as reduced by the fair value of scheme assets. Any asset resulting from this calculation is limited to the lower of the amount determined as the defined benefit liability and the present value of available refunds and /or reduction in future contributions to the scheme.

II. अल्पावधि कर्मचारी लाभ:
Short term employee benefits:

अल्पावधि कर्मचारी लाभ को कर्मचारियों द्वारा दी गई सेवाओं के बदले में अदा किए जाने वाले अल्पकालिक कर्मचारी लाभों की अबट्टाकृत राशि को उस वर्ष के दौरान व्यय के रूप में दर्शाया जाता है जिस वर्ष कर्मचारी ने सेवा प्रदान की है. इन लाभों में एक वर्ष के भीतर ली जानेवाली छुट्टी के लिए प्रतिपूरित अनुपस्थिति और देय बोनस शामिल हैं.
The undiscounted amount of short term employee benefits expected to be paid in exchange for the services rendered by employees is recognized as an expense during the year when the employee renders those services. These benefits include compensated absences such as leave expected to be availed within a year and bonus payable.

इ. आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ लिमिटेड के मामले में,
C. In case of IDBI Trusteeship Services Limited,

नियोजन की शर्तों के अनुसार देय वर्तमान एवं भूतपूर्व सेवाओं के लिए कर्मचारी लाभ, अल्पावधि एवं दीर्घावधि दोनों, के लिए देयता ''भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई)'' द्वारा जारी लेखांकन मानक - 15 (संशोधित 2005) ''कर्मचारी लाभ'' के अनुसार दर्ज की जाती है.
Liability for employee benefits, both short and long term, for present and past services which are due as per the terms of employment are recorded in accordance with Accounting Standard - 15 (Revised 2005) "Employee Benefits" issued by the "Institute of Chartered Accountants of India (ICAI)" .

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

निर्धारित अंशदान योजनाएं
Defined Contribution Schemes

क) **भविष्य निधि**
a) **Provident Fund**

कंपनी कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 के उपबंधों और उसके अंतर्गत बनाई गई योजनाओं के अधीन पंजीकृत है. तदनुसार, कंपनी सरकारी प्राधिकरणों के लिए अधिनियम के अंतर्गत स्थापित निधियों/ योजनाओं में कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे न्यूनतम अंशदान के बराबर अंशदान कर रही है. पात्र कर्मचारियों को सरकारी प्राधिकरणों से लाभ मिलता है. वर्ष के लिए देय अंशदान को लाभ और हानि लेखे में प्रभारित किया जाता है.
The Company is registered under the provisions of Employee's Provident Funds and Miscellaneous Provisions Act, 1952 and schemes framed thereunder. Accordingly, the Company is contributing, in equal share of minimum contribution as those of employees, to the funds/ schemes established under the Act to Government Authorities. The eligible employees receive benefits from Government Authorities. The contribution due for the year is charged to Profit and Loss Account.

ख) **उपदान**
b) **Gratuity**

कंपनी रिपोर्टिंग की तारीख यथा 31 मार्च 2020 तक बीमांकिक मूल्यांकन पर आधारित ''द ट्रस्टीज़ आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेस लि. एम्प्लॉईस ग्रुप ग्रैच्युटी स्कीम'' नाम से उपदान प्रदान करती है. कंपनी को वार्षिक प्रीमियम अंशदान का भुगतान करना होता है. वर्ष के लिए इस प्रकार प्रदत्त/ भुगतान-योग्य प्रीमियम को लाभ और हानि लेखे में दर्शाया जाता है.
The Company provides for gratuity, known as "The Trustees IDBI Trusteeship Services Limited Employee's Group Gratuity Scheme" based on actuarial valuation as on reporting date March 31, 2020. The Company is required to pay annual premium contributions. The premium so paid / payable for the year is recognised in Profit and Loss Account.

ग) **छुट्टी नकदीकरण**
c) **Leave Encashment**

वार्षिक छुट्टी नकदीकरण की गणना भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखांकन मानक - 15 (संशोधित 2005) ''कर्मचारी लाभ'' के अनुसार बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर की जाती है.
Annual Leave encashment is accounted on Actuarial valuation as per Accounting Standard - 15 (Revised 2005) "Employee Benefits" issued by the ICAI.

ई. आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के मामले में,
D. In case of IDBI Asset Management Limited,

क) **उपदान:**
a) **Gratuity:**

उपदान देयता एक निर्धारित लाभ दायित्व है और इसका निधियन उपदान निधि के माध्यम से किया जाता है जिसका प्रशासन एवं प्रबंधन भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा किया जाता है. कंपनी, बीमांकिक मूल्यांकन पर आधारित भावी उपदान लाभ हेतु देयता की गणना परिलक्षित इकाई ऋण पद्धति के प्रयोग द्वारा प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में करती है.
Gratuity liability is a defined benefit obligation and is funded through a Gratuity Fund administered and managed by the Life Insurance Corporation of India. The Company accounts for liability for future gratuity benefits based on the actuarial valuation using Projected Unit Credit Method carried out as at the end of each financial year.

ख) **भविष्य निधि:**
b) **Provident fund:**

कंपनी मान्यता प्राप्त भविष्य निधि में अंशदान करती है. अंशदान की गणना उपचय आधार पर की जाती है और इसे लाभ एवं हानि लेखे में व्यय के रूप में दर्शाया जाता है.
The Company contributes to a recognized provident fund. The contributions are accounted for on an accrual basis and are recognized as an expense in the Profit and Loss Account.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

ग) अल्पावधि कर्मचारी लाभ:
c) Short term employee benefits:

अल्पावधि कर्मचारी लाभ को सेवा प्रदान किए जाने वाले वर्ष के लाभ एवं हानि खाते के विवरण में व्यय के रूप में दर्शाया जाता है.
Short term employee benefits are recognized as an expense in the Profit and Loss Account of the year in which the services are rendered.

घ) प्रतिपूरित अनुपस्थिति:
d) Compensated absences:

कंपनी कुछ नियमों के अधीन विशेष छुट्टी नकदीकरण की व्यवस्था प्रदान करती है. कर्मचारियों को भावी नकदीकरण और छुट्टी लेने के लिए एक निर्धारित सीमा तक छुट्टी संचय करने का अधिकार है. यह देयता प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में किए जाने वाले स्वतंत्र बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर प्रत्येक तुलन-पत्र तारीख में अप्रयुक्त छुट्टी के दिनों की संख्या के आधार पर प्रदान की जाती है.
The Company provides for Privilege Leave Encashment subject to certain rules. The employees are entitled to accumulate leave subject to certain limits for future encashment as well as availment. The liability is provided based on the number of days of unutilized leave at each Balance Sheet date on the basis of an independent actuarial valuation carried out as at the end of each financial year.

ङ) संचित प्रतिपूरित अनुपस्थिति :
e) Accumulated Compensated Absences:

कंपनी तुलन-पत्र की तारीख को संचित प्रतिपूरित अनुपस्थितियों के लिए परिलक्षित इकाई क्रेडिट पद्धति का प्रयोग करते हुए प्रावधान करती है. यह पद्धति छुट्टी प्राप्त करने की तारीख को प्राप्त करने की रीति और गणनायोग्य वेतन को हिसाब में लेती है.
The Company provides for accumulated compensated absences as at Balance Sheet date using projected unit credit method. This method takes into account the pattern of availment and quantifying salary as on the date of availment of leave.

उ. आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के मामले में,
E. In case of IDBI Federal Life Insurance Company Limited,

i. उपदान के प्रति देयता को निर्धारित लाभ योजना के रूप में माना जाता है और इसे तुलन-पत्र तारीख को ''पूर्वानुमानित यूनिट क्रेडिट पद्धति'' पर स्वतंत्र बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर दर्शाया जाता है.
Liability towards Gratuity is considered as the defined benefit plan and is recognized on the basis of independent actuarial valuation on "Projected Unit Credit Method" at Balance Sheet date.

ii. नकदीकरण योग्य अर्जित छुट्टी को दीर्घावधि लाभ के रूप में माना जाता है और इसे तुलन-पत्र तारीख को ''पूर्वानुमानित यूनिट क्रेडिट पद्धति'' पर स्वतंत्र बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर प्रावधान किया जाता है.
Earned Leave which is encashable is considered as long term benefit and is provided on the basis of independent actuarial valuation on "Projected Unit Credit Method" at Balance Sheet date.

iii. बीमारी छुट्टी को अल्पकालिक प्रतिपूरक अनुपस्थिति माना जाता है जो कि गैर-निहित होती हैऔर तुलन-पत्र की तारीख को ''पूर्वानुमानित यूनिट क्रेडिट पद्धति'' के अनुसार स्वतंत्र बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर प्रदान की जाती है.
Sick Leave is considered as short term compensated absences which are non-vesting and is provided on the basis of independent actuarial valuation on "Projected Unit Credit Method" at Balance Sheet date.

iv. सांविधिक भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा, समूह मीयादी बीमा और कर्मचारी श्रम कल्याण निधि में अंशदान के रूप में लाभ को निर्धारित अंशदान योजना के रूप में माना जाता है और इसे कर्मचारियों द्वारा सेवा प्रदान किए जाने की अवधि के लिए प्रदत्त अथवा भुगतान-योग्य राशि के आधार पर दर्शाया जाता है.
The benefit in the form of contribution to the Statutory Provident Fund, Employee State Insurance, Group Term Insurance and Employee Labour Welfare Fund are considered as the defined contribution plans and are recognized on the basis of the amount paid or payable for the period during which services are rendered by the employees.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

ऊ. आईडीबीआई कैपिटल मार्केट एंड सिक्युरिटीज लिमिटेड के मामले में,
F. In case of IDBI Capital Market Securities Limited,

निर्दिष्ट लाभ योजना
Defined contribution plans

कंपनी की भारत में भविष्य निधि, पेंशन निधि (एनपीएस) और अधिवर्षिता निधि के रूप में नियोजन पश्चात के लाभों के लिए निर्धारित योजनाएं हैं जिसका प्रशासन भारत सरकार और/ अथवा भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के द्वारा किया जाता है. जब संबंधित निधियों में अंशदान देय होता है तब इसे वर्ष के लाभ व हानि लेखे में प्रभारित किया जाता है.
The Company has defined contribution plans for post-employment benefits in the form of provident fund, pension fund (NPS) and superannuation fund in India which are administered through Government of India and/or Life Insurance Corporation of India (LIC). Contributions are charged to the Profit & Loss Account of the year when the contributions to the respective funds are due.

निर्दिष्ट लाभ योजना
Defined benefit plans

